निदेशक
सहकारी समितियाँ एवं पंचायत
लेखा परीक्षा निदेशालय उ०प्र० लखनऊ।



त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं का
वार्षिक प्रतिवेदन
वर्ष 2021-2022
भाग-1

निदेशक, सहकारी समितियां एवं पंचायत लेखा परीक्षा, उ0प्र0 लखनऊ का त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2021–22 (भाग 1 से 13 तक) को मा0 राज्य विधान मण्डल के समक्ष प्रस्तुत किये जाने में विलम्ब का कारण।

उत्तर प्रदेश पंचायत राज (सत्रहवाँ संशोधन) नियमावली, 2011 के नियम–186 एवं उत्तर प्रदेश जिला पंचायत तथा क्षेत्र पंचायत (बजट तथा सामान्य लेखा) (छठवॉ संशोधन) नियमावली, 2011 के नियम–176 में संशोधन दिनांक 30 मार्च 2011 के अनुसार निदेशक, सहकारी समितियां एवं पंचायत लेखा परीक्षा, उ0प्र0 द्वारा त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं का प्रत्येक वर्ष लेखा परीक्षा प्रतिवेदन तैयार कराया जायेगा और उसे मा0 राज्य विधान मण्डल के प्रत्येक सदन के समक्ष रखे जाने के लिए राज्य सरकार को प्रतिवर्ष भेजा जायेगा।

त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2021–22 (भाग 1 से 13 तक) को मा0 राज्य विधान मण्डल के समक्ष विलम्ब से प्रस्तुत किये जाने के सम्बन्ध में निदेशक, सहकारी समितियां एवं पंचायत लेखा परीक्षा, उ0प्र0 द्वारा निम्नवत् अवगत कराते हुये इस प्रतिवेदन को सदन में रखने का अनुरोध किया गया है–

(क) मा0 पंचायती राज समिति का गठन 24 मार्च, 2014 को हुआ था। तत्पश्चात त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं का वार्षिक लेखा परीक्षा प्रतिवेदन मा0 राज्य विधान मण्डल के पटल पर रखे जाने की कार्यवाही प्रारम्भ हुई।

(ख) प्रमुख सचिव, पंचायती राज द्वारा प्रथम वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2010–11 दिनांक 25.11.2014 को एवं द्वितीय वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2011–12 दिनांक 20.12.2017 को लगभग तीन वर्ष बाद मा0 राज्य विधान मण्डल के पटल पर रखा गया।

(ग) वित्त विभाग द्वारा वर्ष 2012–13 का वार्षिक प्रतिवेदन दिनांक 19.02.2020 को, वर्ष 2013–14 का वार्षिक प्रतिवेदन दिनांक 16.12.2021 को, वर्ष 2014–15 का वार्षिक प्रतिवेदन दिनांक 24.05.2022 को, वर्ष 2015–16 का वार्षिक प्रतिवेदन दिनांक 20.02.2023, वर्ष 2016–17 का वार्षिक प्रतिवेदन दिनांक 29.11.2023, वर्ष 2017–18 का वार्षिक प्रतिवेदन दिनांक 29.07.2024, वर्ष 2018–19 का वार्षिक प्रतिवेदन दिनांक 16.12.2024, **वर्ष 2019–20 का वार्षिक प्रतिवेदन दिनांक 22.12.2025, वर्ष 2020–21 का वार्षिक प्रतिवेदन दिनांक 11.02.2026 को** मा0 राज्य विधान मण्डल के पटल पर रखा गया।

तत्क्रम में वित्त विभाग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं पर आधारित वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2021–22 (भाग 1 से 13 तक) को मा0 राज्य विधान मण्डल के पटल पर प्रस्तुत किया जा रहा है। इस प्रकरण में वित्त विभाग के स्तर पर कोई विलम्ब नहीं हुआ है।

(सुरेश कुमार खन्ना)
वित्त मंत्री

त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं का वार्षिक प्रतिवेदन

वर्ष 2021-22

वार्षिक प्रतिवेदन 2021-22

विषय सूची

प्राक्कथन

अध्याय-1

प्रस्तावना

क्र0 सं0	विवरण	प्रस्तर संख्या	पृष्ठ संख्या
1	इस प्रतिवेदन के संबंध में	1.1	6
2	लेखा परीक्षित इकाइयों की रूपरेखा	1.2	7
3	लेखा परीक्षा का प्राधिकार	1.3	7
4	निदेशक, सहकारी समितियां एवं पंचायत, लेखा परीक्षा, उ0 प्र0 के कार्यालय के संगठन की संरचना	1.4	7
5	लेखा परीक्षा की योजना एवं संचालन	1.5	8
6	लेखा परीक्षा आपत्तियों के प्रति विभाग का रूझान	1.6	8
7	लेखा परीक्षा प्रतिवेदन के बाद की कार्यवाही	1.7	9

अध्याय-2

त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के कार्य,आय/प्राप्ति के स्त्रोत,क्रियाकलापों के संदर्भ में संक्षिप्त विवरण

1	सामान्य विवरण	2.1	9
2	जिला पंचायत	2.2	10
3	क्षेत्र पंचायत	2.3	11
4	ग्राम पंचायत	2.4	13

अध्याय-3

त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं की लेखा परीक्षा प्रगति

1	जिला पंचायत	3.1	17
2	क्षेत्र पंचायत	3.2	17
3	ग्राम पंचायत	3.3	17

अध्याय-4

अधिभार प्रतिवेदन एवं उनमें उद्घाटित महत्वपूर्ण लेखा परीक्षा आपत्तियॉ

क्र0 सं0	**जिला पंचायत**	**4.1**	**पृष्ठ संख्या**
1	आगरा मण्डल		**19-26(1)**
2	अलीगढ़ मण्डल		**27-156(1)**
3	अयोध्या मण्डल		**157-206(1)**
4	आजमगढ़ मण्डल		**206-234(1)**
5	बरेली मण्डल		**234-365(1)**
6	बस्ती मण्डल		**366-397(1)**
7	चित्रकूटधाम मण्डल		**397-404(1)**
8	देवीपाटन मण्डल		**405-430(1)**
9	गोरखपुर मण्डल		**431-518(1)**
10	झाँसी मण्डल		**519-551(2)**
11	कानपुर मण्डल		**551-637(2)**
12	लखनऊ मण्डल		**638-759(2)**
13	मेरठ मण्डल		**759-886(2)**
14	मुरादाबाद मण्डल		**887-913(2)**
15	प्रयागराज मण्डल		**914-936(2)**
16	सहारनपुर मण्डल		**936-946(2)**
17	वाराणसी मण्डल		**946-991(2)**
18	विन्ध्याचल मण्डल		**991-999(2)**

क्र0 सं0	**क्षेत्र पंचायत**	**4.2**	**पृष्ठसंख्या**
1	आगरा मण्डल		**1000-1028(3)**
2	अलीगढ़ मण्डल		**1028-1146(3)**
3	अयोध्या मण्डल		**1147-1220(3)**
4	आजमगढ़ मण्डल		**1220-1262(3**
5	बरेली मण्डल		**1262-1305(3)**
6	बस्ती मण्डल		**1306-1353(3)**
7	चित्रकूटधाम मण्डल		**1353-1355(3)**

8	देवीपाटन मण्डल		**1356-1414(3)**
9	गोरखपुर मण्डल		**1414-1428(3)**
10	झाँसी मण्डल		**1429-1453(3)**
11	कानपुर मण्डल		**1453-1551(3)**
12	लखनऊ मण्डल		**1552-1659(4)**
13	मेरठ मण्डल		**1659-1708(4)**
14	मुरादाबाद मण्डल		**1708-1812(4)**
15	प्रयागराज मण्डल		**1812-1914(4)**
16	सहारनपुर मण्डल		**1914-1975(4)**
17	वाराणसी मण्डल		**1976-2063(4)**
18	विन्ध्याचल मण्डल		**2063-2103(4)**

क्र0 सं0	**ग्राम पंचायत**	**4.3**	**पृष्ठसंख्या**
1	आगरा मण्डल		**2104-2229(5)**
2	अलीगढ़ मण्डल		**2229-2366(5)**
3	अयोध्या मण्डल		**2366-2689(5)**
4	आजमगढ़ मण्डल		**2690-2847(6)**
5	बरेली मण्डल		**2847-2962(6)**
6	बस्ती मण्डल		**2962-3078(6)**
7	चित्रकूटधाम मण्डल		**3079-3125(6)**
8	देवीपाटन मण्डल		**3126-3376(7)**
9	गोरखपुर मण्डल		**3376-3581(7)**
10	झाँसी मण्डल		**3581-3595(7)**
11	कानपुर मण्डल		**3596-4096(8)** **4097-4344(9)**
12	लखनऊ मण्डल		**4345-4856(10)**
13	मेरठ मण्डल		**4857-4903(11)**
14	मुरादाबाद मण्डल		**4903-5374(11)** **5375-5487(12)**
15	प्रयागराज मण्डल		**5487-5676(12)**
16	सहारनपुर मण्डल		**5677-5744(12)**
17	वाराणसी मण्डल		**5744-5837(12)** **5838-5993(13)**
18	विन्ध्याचल मण्डल		**5993-6130(13)**

अध्याय-5

निर्गत लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों/अधिभार प्रतिवेदनों का अनुपालन, समीक्षा व नास्ति संग्रह का विवरण

1	जिला पंचायत	5.1	6130
2	क्षेत्र पंचायत	5.2	6130
3	ग्राम पंचायत	5.3	6130

अध्याय-6

निष्कर्ष व सुझाव

1	निष्कर्ष		6.1	6131
2	सुझाव		6.2	6131

पंचायती राज त्रिस्तरीय व्यवस्था

जिला पंचायत

⇧

क्षेत्र पंचायत

⇧

ग्राम पंचायत

पंचायती राज संस्थागत ढांचा

केन्द्र सरकार

⇩

राज्य सरकार

⇩

पंचायती संस्थाएं

⇩

जिला पंचायत

⇩

अध्यक्ष　　उपाध्यक्ष　　सदस्य



प्राक्कथन

निदेशालय सहकारी समितियाँ एवं पंचायत लेखापरीक्षा उ0प्र0(पूर्व में सहकारी समितियाँ एवं पंचायत लेखापरीक्षा संगठन, उ0प्र0) वित्त विभाग उ0प्र0 शासन के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 1951-52 से कार्यरत है। इस विभाग द्वारा उ0प्र0 सहकारी अधिनियम 1965 एवं नियमावली 1968 में निहित व्यवस्थान्तर्गत प्रदेश की सहकारी संस्थाओं की लेखापरीक्षा की जाती है। उ0प्र0 पंचायती राज अधिनियम एवं नियमावली 1947 एवं उ0प्र0 जिला पंचायत तथा क्षेत्र पंचायत(बजट एवं सामान्य लेखा) अधिनियम 1961 एवं नियमावली 1965 में दी गयी व्यवस्थानुसार इस विभाग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं की लेखापरीक्षा सम्पादित की जाती है।

केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा अनुदानित प्रदेश की त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं यथा जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत एवं ग्राम पंचायत के लेखों की लेखापरीक्षा राज्य सरकार के अधीन निदेशक, सहकारी समितियाँ एवं पंचायत लेखापरीक्षा, उ0प्र0 द्वारा सम्पन्न कराते हुए लेखापरीक्षा प्रतिवेदन व अधिभार प्रतिवेदन जारी किया जाता है। अनिस्तारित प्रस्तरों को सम्मिलित करते हुए त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं से सम्बन्धित निदेशक, सहकारी समितियाँ एवं पंचायत लेखापरीक्षा, उ0प्र0 का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2021-22 तैयार करके उ0प्र0 पंचायती राज (सत्रहवां संशोधन) नियमावली 2011 के नियम- 186 एवं उ0प्र0 जिला पंचायत तथा क्षेत्र पंचायत(बजट एवं सामान्य लेखा)(छठवां संशोधन) नियमावली, 2011 के नियम- 176 के अन्तर्गत मा0 राज्य विधान मण्डल के समक्ष प्रस्तुत किया जाना है।

जिला लेखापरीक्षा अधिकारी द्वारा जारी संस्थावार लेखापरीक्षा प्रतिवेदन/अधिभार प्रतिवेदन में सम्मिलित गम्भीर प्रकृति की ऐसी आपत्तियाँ(यथा अपहरण, दुर्विनियोग/गम्भीर अनियमितिता से सम्बन्धित), जिनका अनुपालन प्रशासनिक विभागों द्वारा नहीं किया जाता है अथवा अनुपालन संतोषजनक नहीं होता है, उन्हें निदेशालय द्वारा संकलित करके त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं से सम्बन्धित निदेशक, सहकारी समितियाँ एवं पंचायत लेखापरीक्षा उ0प्र0 का वार्षिक प्रतिवेदन तैयार किया जाता है। वार्षिक प्रतिवेदन में वर्ष 2022-23 की अवधि के दौरान लेखापरीक्षित पंचायती राज संस्थाओं के वर्ष 2021-22 के लेखों की लेखापरीक्षा के दौरान संज्ञान में आये गम्भीर प्रकरणों के साथ-साथ विगत वर्षों के प्रकरणों, जिनके लेखों की लेखापरीक्षा वर्ष 2022-23 में सम्पादित की गयी है, को भी सम्मिलित किया गया है। इस प्रतिवेदन में उद्घाटित आपत्तियों में सन्निहित धनराशि अपहरण/अपक्षय इत्यादि का संस्थावार विवरण निम्नानुसार हैः-

क्र0	संस्था का नाम	गबन, अनियमित भुगतान, अग्राह्य भुगतान, अधिक भुगतान, अनानुमोदित भुगतान, राजकीय राजस्व क्षति व अन्य विविध अनियमितताएं(सम्मिलित प्रस्तर)	सन्निहित धनराशि (करोड़ रु0 में)
1. 2. 3.	जिलापंचायत क्षेत्र पंचायत ग्राम पंचायत	1208 1789 6326	1261.29 714.20 661.12
	योग	**9323**	**2636.61**

वर्ष 2022-23 के दौरान 2021-22 के उपलब्ध अभिलेखों के सापेक्ष लेखापरीक्षित लेखों का विवरण निम्नवत् हैः-

क्रमांक	संस्था का नाम	कुल संस्थाओं की संख्या	लेखापरीक्षित संस्थाओं की संख्या
1. 2. 3.	जिला पंचायत क्षेत्र पंचायत ग्राम पंचायत	75 826 58194	75 826 58189
	योग	**59095**	**59090**

इस वार्षिक प्रतिवेदन में कुल छः अध्याय सम्मिलित हैं तथा तेरह भागों (भाग एक, दो, तीन, चार, पांच, छः, सात, आठ, नौ, दस, ग्यारह, बारह तेरह) में तैयार किया गया है।-

अध्याय- 1. प्रस्तावना से सम्बन्धित इस अध्याय में विभाग का परिचय व संगठनात्मक ढांचा का वर्णन है।

अध्याय- 2. इस अध्याय में त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के कार्यों, आय/प्रप्ति के स्त्रोत, एवं क्रिया-कलापों का संक्षिप्त विवरण है।

अध्याय-3. इस अध्याय में त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं की लेखापरीक्षा प्रगति संबन्धी विवरण है।

अध्याय-4. इस अध्याय में क्रमशः जिला पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों व ग्राम पंचायतों की लेखापरीक्षा के उपरान्त जारी लेखापरीक्षा प्रतिवेदन/अधिभार प्रतिवेदन में उद्घाटित गंभीर प्रकृति की आपत्तियों का विवरण है।

अध्याय-5. इस अध्याय में निर्गत लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों के अनुपालन, समीक्षा व नास्ति संग्रह का विवरण है।

अध्याय-6. इस अध्याय में निष्कर्ष व सुझावों का उल्लेख है। इसमें आपत्तियों व वित्तीय अनियमितताओं की पुनरावृत्ति रोकने तथा इनमें सुधार करने हेतु महत्वपूर्ण संस्तुतियाँ भी की गयी है।

त्रिस्तरीय पंचायतीराज संस्थाओं से सम्बन्धित वार्षिक प्रतिवेदन पटल पर रखे जाने के पश्चात मा0 विधान सभा की पंचायती राज समिति द्वारा साक्ष्य बैठकों में प्रशासनिक विभाग द्वारा प्रस्तुत अनुपालन की समीक्षा करके अग्रिम कार्यवाही सम्पादित करने हेतु निर्देशित किया जाता है

अध्याय-1

प्रस्तावना

1.1-इस प्रतिवेदन के संबंध में रूपरेखा-

1. निदेशक, सहकारी समितियाँ एवं पंचायत, लेखा परीक्षा, उत्तर प्रदेश का यह प्रतिवेदन राज्य की त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं की यथा जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत एवं ग्राम पंचायतों को सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं में दिए गये अनुदान, योजनाओं के क्रियान्वयन व संचालन में हुए व्यय, इन संस्थाओं द्वारा विभिन्न मदों में प्राप्त आय की लेखा परीक्षा से सम्बन्धित है।

2. इस प्रतिवेदन का प्राथमिक उद्देश्य लेखा परीक्षा परिणामों को राज्य विधायिका के संज्ञान में लाना है। यह अपेक्षा की जाती है कि लेखा परीक्षा परिणाम, कार्यपालिका द्वारा सुधारात्मक कार्यवाही, संस्थाओं हेतु नीति निर्धारण व भविष्य की नीति निर्माण में सहायक होगा तथा एक जन उपयोगी शासन व्यवस्था के निर्माण में सहयोगी होगा।

3. लेखा परीक्षा के अंतर्गत संस्था की प्राप्तियों, व्ययों, परिसम्पतियों और दायित्वों की जाँच की जाती है जिसमें यह निश्चित किया जाता है कि संस्था केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा विभिन्न मदों व योजनाओं में अनुदानित धन का उपयोग किस प्रकार कर रही है। सक्षम अधिकारी द्वारा जारी विभिन्न आदेशों, दिशा निर्देशों का पालन किस प्रकार किया गया है। व्ययों, योजना के उद्देश्यों की पूर्ति कहाँ तक हुई है। किस सीमा तक मितव्ययिता, दक्षता, प्रभावकारिता के साथ संस्था द्वारा योजनाओं का क्रियान्वयन तथा संचालन किया गया है।

4. इस अध्याय में लेखा परीक्षित इकाइयों की रूपरेखा, लेखा परीक्षा का प्राधिकार, लेखा परीक्षा संगठन की संरचना, लेखा परीक्षा की योजना एवं संचालन का उल्लेख किया गया है।

5. इस प्रतिवेदन में वर्ष 2022-23 की अवधि के दौरान लेखा परीक्षित इन संस्थाओं के वित्तीय वर्ष 2021-22 के लेखों की लेखा परीक्षा में, संज्ञान में आये प्रकरणों के साथ-साथ संस्थाओं के विगत वर्षों के प्रकरणों, जिनके लेखो की लेखा परीक्षा वर्ष 2022-23 की अवधि में संपादित की गयी, को भी लिया गया है।

1.2-लेखा परीक्षित इकाईयों की रूपरेखा-

लेखा परीक्षा वर्ष 2022-23 के दौरान उत्तर प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में जिला स्तर पर कुल 75 जिला पंचायते थी। जो जिला पंचायत अध्यक्ष के नियंत्रणाधीन है। अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत का कार्यकारी अधिकारी होता है।

विकास खंड स्तर पर राज्य में कुल 826 क्षेत्र पंचायते थी। जो ब्लाक प्रमुख के नियंत्रणाधीन है। खण्ड विकास अधिकारी क्षेत्र पंचायत का कार्यकारी अधिकारी होता है।

ग्राम पंचायत स्तर पर राज्य में कुल 58194 ग्राम पंचायतें थी। जो ग्राम प्रधान के नियंत्रणाधीन है। ग्राम्य विकास अधिकारी/ग्राम पंचायत अधिकारी ग्राम पंचायतों का कार्यकारी अधिकारी होता है।

इस प्रकार तत्समय मुख्य लेखा परीक्षा अधिकारी, सहकारी समितियाँ एवं पंचायतें उत्तर प्रदेश की लेखा परीक्षा की परिधि में उपरोक्त तीनों स्तर के कुल 59095 पंचायती राज संस्थायें थी।

1.3-लेखा परीक्षा का प्राधिकार-

त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में जिला पंचायत एवं क्षेत्र पंचायतों की लेखा परीक्षा हेतु उ0प्र0 जिला पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत अधिनियम 1961 एवं उ0प्र0 जिला पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत (बजट एवं सामान्य लेखा नियमावली) 1965 के नियम- 2 व नियम- 174 से 180 के प्रावधानों के अन्तर्गत तथा उ0प्र0 पंचायती राज अधिनियम की धारा 40 एवं उ0प्र0 पंचायती राज नियमावली-1947 के नियम 186 के प्राविधानों के अन्तर्गत मुख्य लेखा परीक्षा अधिकारी, सहकारी समितियॉ एवं पंचायतें उ0प्र0 में ग्राम पंचायतों की लेखा परीक्षा का प्राधिकार निहित है।

1.4- निदेशक, सहकारी समितियाँ एवं पंचायत, लेखा परीक्षा, उत्तर प्रदेश के कार्यालय के संगठन की संरचना

उत्तर प्रदेश में सहकारी और पंचायत संस्थाओं की लेखा परीक्षा का कार्य निदेशक, सहकारी समितियाँ एवं पंचायत लेखा परीक्षा, उत्तर प्रदेश द्वारा संपादित कराया जाता है।

जनपद स्तर पर जिला लेखा परीक्षा अधिकारी के नियंत्रणाधीन लेखा परीक्षा कार्मिकों (यथा-लेखा परीक्षक, ज्येष्ठ लेखा परीक्षक, सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी) की नियुक्ति रहती है। जिनके द्वारा जनपद स्तर पर समस्त पंचायती राज संस्थाओं यथा- जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत एवं ग्राम पंचायत की लेखा परीक्षा सम्पादित/निष्पादित की जाती है। मंडल स्तर पर उप निदेशक की नियुक्ति रहती है। जिसके द्वारा जनपद स्तर पर होने वाले लेखा परीक्षा कार्य की गुणवत्ता नियंत्रण, लेखा परीक्षा कार्य का नियोजन एवं प्रशासनिक नियंत्रण किया जाता है। विभाग का ढाँचा निम्न प्रकार है-

(अ) मुख्यालय स्तरीय



(ब) मंडल स्तरीय



(स) जनपद स्तरीय



1.5-लेखा परीक्षा की योजना एवं संचालन-

लेखा परीक्षा की प्रक्रिया वित्तीय वर्ष के प्रारम्भ में जनपद स्तर पर लेखा परीक्षा कार्मिकों को पूरे वर्ष के लिए लेखा परीक्षा कार्य के आवंटन से प्रारम्भ होती है। तत्पश्चात सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप निर्मित विभागीय नीति के तहत तद्नुसार वर्ष पर्यन्त लेखा परीक्षा कार्य का संचालन किया जाता है।

प्रशासनिक विभागों के अधिनियम व नियमावली में निर्धारित सीमा, प्रशासनिक विभागों द्वारा निर्धारित परिक्षेत्र के तहत संस्था के क्रिया कलाप, उनके द्वारा किये गये व्यय, वित्तीय अधिकारों की सीमा आदि का परीक्षण कर लेखा परीक्षा परिणाम निर्धारित किये जाते है।

प्रत्येक इकाई की लेखा परीक्षा की समाप्ति पर लेखा परीक्षा प्रतिवेदन संस्था के प्रमुख व अन्य संबंधित पक्षों को इस आग्रह के साथ प्रेषित किया जाता है कि लेखा परीक्षा आपत्तियों का अनुपालन प्रतिवेदन की प्राप्ति के पश्चात अधिनियम एवं नियमावली में निर्धारित अवधि के अंदर प्रेषित करें।

लेखा परीक्षा प्रतिवेदन में निहित मुख्य बिंदु जो अपहरण, दुर्विनियोग एवं गंभीर वित्तीय अनियमितताओं से संबंधित रहते हैं। उन्हें अधिभार प्रतिवेदन में सम्मिलित करने की प्रक्रिया अपनायी जाती है तथा अधिभार की कार्यवाही निर्धारित की जाती है।

पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार वित्तीय वर्ष 2021-22 के पंचायती राज संस्थाओं के लेखों की लेखा परीक्षा भारत सरकार द्वारा विकसित ऑडिट ऑनलाइन पोर्टल पर विभाग द्वारा सम्पादित की जा रही है। वित्तीय वर्ष 2021-22 से शत प्रतिशत लेखापरीक्षा आंडिट आनलाइन पोर्टल पर सम्पादित की जा रही है।

1.6-निष्पादित लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों के प्रति विभाग का रूझान

लेखा परीक्षा प्रतिवेदन एवं लेखा परीक्षा आपत्तियाँ संबंधित संस्थाओं के प्रमुखों एवं प्रशासनिक विभाग के अधिकारियों को इस आशय से अग्रसारित किया जाता है कि निर्धारित अवधि (एक माह) के अंदर अनुपालन आख्या प्रशासनिक विभाग के माध्यम से लेखा परीक्षा विभाग को प्रेषित कर दिया जाए। जैसा कि प्रशासनिक विभाग में संगत अधिनियमों/नियमावली में प्रख्यापित है।

प्रशासनिक विभागों के माध्यम से अनुपालन आख्या मांगे जाने का औचित्य यह है, कि लेखा परीक्षा आपत्तियों का समुचित अनुपालन नियमानुसार हुआ है अथवा नहीं ? इसका सम्पूर्ण संज्ञान प्रशासनिक विभाग को रहे तथा संस्था की लेखा परीक्षा में इंगित कमियों का निराकरण प्रभावी रूप से करा कर योजना के उद्देश्यों की प्राप्ति संभव हो सके। इसके साथ ही संगत अधिनियम एवं नियमावली में निहित अधिकारों के तहत आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुए संबंधित पक्षों पर प्रशासनिक कार्यवाही, ब्याज सहित वसूली आदि करायी जा सके एवं लेखा परीक्षा आपत्तियों में निहित सुधारात्मक पक्ष के साथ-साथ दण्डात्मक पक्ष का भी प्रभावी रूप से पालन सुनिश्चित किया जा सके। जिससे संस्था में वित्तीय अनुशासन बनाये रखा जा सके एवं लोक धन पर प्रभावी नियंत्रण द्वारा विभिन्न योजनाओं के उद्देश्यों की प्राप्ति संभव हो सके।

1.7-लेखा परीक्षा प्रतिवेदन के बाद की कार्यवाही-

वर्ष 2010-11 (पूर्ववर्ती वर्षों को सम्मिलित करते हुए) वर्ष 2011-12, 2012-2013, 2013-14, 2014-15, 2015-16, 2016-17, 2017-18, 2018-19, 2019-20 एवं 2020-21 वार्षिक प्रतिवेदन को चर्चा हेतु सदन के पटल पर रखा जा चुका है। जिस पर विधान मण्डल की उच्च स्तरीय पंचायती राज समिति के समक्ष वार्षिक प्रतिवेदन में शामिल अपहरण, दुर्विनियोग व अन्य गम्भीर प्रकृति की अनियमितताओं से सम्बन्धित प्रस्तरों पर चर्चा करते हुए आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया जाता है।

अध्याय-2

त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के कार्यों आय/प्राप्ति के स्रोत, व क्रियाकलापो के संदर्भ में

2.1- सामान्य विवरण-

वैदिक काल से ही भारत वर्ष में किसी न किसी रूप में ग्राम पंचायत और ग्राम सभाएं विद्यमान रही है। मगर अंग्रेजों के शासनकाल में ये संस्थाएं लुप्त हो गयीं। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद राज्य सरकारों ने ग्राम पंचायत के विकास को प्रोत्साहित किया तथा आजादी के बाद संविधान के अन्तर्गत राज्य के नीति निदेशक तत्वों के अधीन अनुच्छेद 40 के प्राविधान से इनकी गतिविधियों को अधिक बल मिला। उत्तर प्रदेश में पंचायती राज संस्थाएं स्वतंत्रता के पूर्व से ही कार्यरत रही हैं। पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा प्रदान करने वाला तिहत्तरवां संविधान संशोधन अधिनियम 1992 दिनांक 24.04.1993 से लागू हो जाने पर राज्य सरकारों के लिए यह आवश्यक हो गया था कि राज्यों के पंचायती राज कानूनों को भी एक वर्ष के अन्दर अर्थात् 23 अप्रैल 1994 तक संविधान संशोधन के अनुरूप संशोधित कर दिया जाये। तत्समय उत्तर प्रदेश में ग्राम पंचायतों के लिए उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 तथा क्षेत्र समितियों तथा जिला परिषदों के लिए उत्तर प्रदेश क्षेत्र परिषद समिति एवं जिला परिषद अधिनियम 1961 अस्तित्व में थे, अतः इन दोनों अधिनियमों में संविधान (तिहत्तरवां संशोधन) अधिनियम 1992 के अनुरूप संशोधन करने के लिए उत्तर प्रदेश पंचायत विधि (संशोधन) अधिनियम 1994 पारित किया गया, जो संपूर्ण प्रदेश में दिनांक- 22 अप्रैल 1994 से लागू हो गया।

उत्तर प्रदेश विधि (संशोधन) अधिनियम 1994 में मुख्यतः उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 तथा उत्तर प्रदेश क्षेत्र समिति एवं जिला परिषद अधिनियम 1961 के उन्ही प्रावधानों को संशोधित किया गया, जो संविधान (तिहत्तरवां संशोधन) अधिनियम 1992 से प्रभावित थे, किन्तु कुछ ऐसे प्रावधानों को भी संशोधित किया गया,

जिसे लागू करने में व्यावहारिक कठिनाइयाँ उत्पन्न हो रही थी। संशोधन के पूर्व ग्राम स्तर की संस्थाओं को गांव सभा तथा गांव पंचायत कहा जाता था। जो कि अब ग्राम सभा तथा ग्राम पंचायत कहलायेगा। इसी प्रकार पूर्व में क्षेत्र समिति के नाम से पहचानी जाने वाली मध्य स्तर की संस्था संशोधन के पश्चात् क्षेत्र पंचायत तथा जिला स्तर की संस्था जिला परिषद संशोधन के बाद जिला पंचायत कहलाती है तथा उत्तर प्रदेश क्षेत्र समिति एवं जिला परिषद अधिनियम 1961 का नाम बदलकर उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत अधिनियम 1961 हो गया।

भारतीय संविधान के तिहत्तरवे संशोधन में ग्राम पंचायत को न सिर्फ संवैधानिक संस्था का दर्जा दिया है, अपितु विकास का केन्द्र भी बना दिया है। मनरेगा, केन्द्र एवं राज्य वित्त आयोग, मध्यान्ह भोजन, छात्रवृत्ति आदि विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन ग्राम पंचायत के माध्यम से किया जा रहा है। जिसके द्वारा गांव स्तर पर आधारभूत सुविधाओं के विकास, ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत ग्रामीण परिवारों के वयस्क व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध कराकर आजीविका सुनिश्चित कराने, छात्रवृत्ति एवं पौष्टिक भोजन द्वारा बच्चों में शिक्षा ग्रहण करने की प्रवृत्ति एवं क्षमता विकसित करने, उनमें अच्छी समझ एवं भाईचारे के लिए भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा प्रदेश की 58194 ग्राम पंचायतों को विभिन्न मदों में अरबो रूपये की धनराशि वित्तीय वर्ष 2021-22 में उपलब्ध करायी गई। जिसमें से कुल 58189 ग्राम पंचायतों की लेखा परीक्षा वित्तीय वर्ष 2022-23 में सम्पन्न करायी गयी।

2.2-जिला पंचायत

त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था के अन्तर्गत जिला पंचायत शीर्षस्थ संस्था है। प्रत्येक जिला में एक जिला पंचायत स्थापित है। जिला पंचायत के गठन, इनके अधिकार, कार्य, दायित्व, निधियाँ, कार्य प्रणाली लेखा परीक्षा आदि उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत अधिनियम 1961 के अन्तर्गत परिभाषित है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में कुल 75 जिला पंचायतें हैं। जिला पंचायत के कार्यों का सुचारू रूप से संपादन के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष, तथा जिला पंचायत के सदस्यों का चुनाव पाँच वर्ष के अन्तराल पर किया जाता है। जिला पंचायत के दिन प्रतिदिन के कार्यों के सुचारू रूप से क्रियान्वयन के लिए अपर मुख्य अधिकारी की तैनाती की जाती है। जिसकी सहायता के लिए वितीय परामर्शदाता, कार्याधिकारी, स्टोर इंचार्ज, लेखाकार, अवर अभियन्ता/अभियंता टैक्स आफीसर, लिपिक आदि की नियुक्ति की जाती है।

(क) जिला पंचायत के अधिकार एवं कृत्य-

त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं में जिला पंचायत जनपद की शीर्ष संस्था है। जिला पंचायत के गठन, इनके अधिकार, कार्य, दायित्व, निधियाँ, कार्य प्रणाली, लेखा परीक्षा आदि उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत अधिनियम 1961के अन्तर्गत परिभाषित है। अधिनियम के धारा 33 के अनुसार जिला पंचायत के सामान्य अधिकार और कृत्य निम्नवत् होंगे।

1 जिन मेलों तथा उत्सवों का प्रबंध राज्य सरकार करती है या आगे करें, उससे भिन्न मेलों तथा उत्सवों का ग्राम पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों तथा जिला पंचायतों द्वारा प्रबंध और नियंत्रण के प्रयोजन के लिए वर्गीकरण करना।

2 ग्राम पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों तथा जिला पंचायतों द्वारा प्रबंध के प्रयोजनों के लिए सड़कों का क्रमशः ग्राम सड़कों, अन्तरग्रामित सड़कों तथा जिला सड़कों के रूप में वर्गीकरण।

3 जिले की ग्राम पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों के कार्यकलापों का तदर्थ बनाये गये नियमों के अनुसार सामान्य रूप से पर्यवेक्षण।

4 तदर्थ बनाये गये नियमों के अधीन रहते हुए एक ओर राज्य सरकार तथा दूसरी ओर क्षेत्र पंचायतों तथा ग्राम पंचायतों के बीच पत्र व्यवहार के लिए मुख्य माध्यम के रूप में कार्य करना।

5 ग्रामीण क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए आधारभूत सुविधाओं का विकास।

6 ऐसे अन्य कृत्यों का सम्पादन करना जो सरकार द्वारा नियत किये जाये।

जिला पंचायत के आय/प्राप्तियों के स्त्रोत -

ग्रामीण क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए जिला पंचायत की महत्वपूर्ण भूमिका है। उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत अधिनियम 1961 के प्रावधानानुसार जिला पंचायत की अनेकों मदों में कर लगाने, कर का निर्धारण करने तथा ब्याज सहित वसूली का अधिकार है। जिला पंचायतों को अपनी सम्पत्ति से भी किराये आदि के रूप में आय प्राप्त होती है। इसके अतिरिक्त राज्य वित्त आयोग, केन्द्रीय वित्त आयोग, मनरेगा, सांसद निधि, विधायक निधि आदि मदों में भी जिला पंचायत को अनुदान प्राप्त होता है। जिसका उपयोग जनपद के ग्रामीण क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए किया जाता है।

(1) निजी स्त्रोत से आय-

1-उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत अधिनियम की धारा 119-145 में जिला पंचायतों को स्थानीय स्तर पर कर लगाने का अधिकार दिया गया है। जिनसे उन्हें आय प्राप्त होती है।

जिला पंचायतों के निजी आय के मुख्य स्त्रोत है- लाइसेंस शुल्क, तहबाजारी, सम्पत्ति व विभव कर, मृत पशु शव निस्तारण शुल्क, सम्पत्तियों(दुकान व भवन) से प्राप्त किराया, मेला प्रदर्शनी आदि से प्राप्त कर, जिला निधि में उपलब्ध धनराशि पर अर्जित ब्याज, अन्य मदों से प्राप्तियाँ आदि।

(2) वाह्य स्त्रोतों से आय-जिला पंचायतों को निजी स्त्रोतों से आय के अतिरिक्त अन्य वाह्य स्त्रोतों से भी धनराशि अनुदान के रूप मे प्राप्त होती है। जिसका उपयोग विभिन्न विकास कार्यों के लिए किया जाता है। जिला पंचायतों को सामान्यतया राज्य एवं केन्द्रीय वाहन स्त्रोत की आय, वित्त आयोग, मनरेगा, सांसद/विधायक निधि, आंचलिक निधि, सरकार से प्राप्त अनुदान आदि से प्राप्त होती है।

मनरेगा के संदर्भ में जिला पंचायत की भूमिका-

1 जिला योजना एवं श्रमिक बजट (लेबर बजट) को अन्तिम रूप देना तथा जनपद के अंदर मनरेगा के कार्यों का पर्यवेक्षण एवं मानीटरिंग करना जिला पंचायत की जिम्मेदारी है।

2 जिला पंचायत खण्ड विकास वार मनरेगा के अंतर्गत आगामी वर्षों में कराये जाने वाले कार्यों का अनुमोदन 31 दिसम्बर तक करेगी

2.3-क्षेत्र पंचायत

विकास कार्यों एवं प्रशासनिक कार्यों के निमित्त राज्य सरकार द्वारा जनपद को विकास खण्डों में विभक्त किया गया है। उ0प्र0 क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायत अधिनियम-1961 की विभिन्न धाराओं के तहत एक निगमित निकाय के रूप में लेखा परीक्षा वर्ष के दौरान 826 क्षेत्र पंचायत गठित थी। प्रत्येक क्षेत्र पंचायत का कार्यकाल उसकी प्रथम बैठक के लिए नियत तिथि से पॉच वर्ष की अवधि तक के लिए रहेगा। क्षेत्र पंचायत हेतु निर्वाचित सदस्यों द्वारा अपने में से ही चुना हुआ व्यक्ति क्षेत्र पंचायत का प्रमुख होगा। कार्य सम्पादन के लिए प्रति दो मास में कम से कम एक बैठक किये जाने की व्यवस्था दी गयी है। खण्ड विकास अधिकारी को क्षेत्र पंचायत का मुख्य कार्यपालक अधिकारी बनाया गया है। अधिनियम की धारा-99 से 101 के तहत प्रत्येक क्षेत्र पंचायत के लिए एक निधि की स्थापना की जायेगी। जिसे क्षेत्र पंचायत निधि कहा जायेगा। क्षेत्र पंचायत निधि में से धन का समस्त आहरण और उसका वितरण प्रमुख एवं खण्ड विकास अधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से किया जाता है।

क्षेत्र पंचायत की बैठक एवं कृत्य-

अधिनियम की धारा-84 के अनुसार प्रत्येक दो मास में क्षेत्र पंचायत की कम से कम एक बैठक होगी। इसके अतिरिक्त प्रमुख जब कभी भी उचित समझे क्षेत्र पंचायत की बैठक बुला सकता है तथा प्रमुख निर्वाचित

सदस्यों के 1/5 के लिखित अधियाचन पर अधियाचन की तारीख या प्राप्ति के दिनांक से एक माह के अंदर बैठक अवश्य बुलायेगा। क्षेत्र पंचायत निम्नलिखित धारा-86 मामलों पर विचार करेगी तथा योजना तैयार करेगी।
1 क्षेत्र पंचायत विकास खंड की ग्राम पंचायतों की विकास योजनाओं को सम्मिलित करने के पश्चात् विकास खण्ड के लिए प्रत्येक वर्ष एक विकास योजना तैयार करेगी।
2 यह योजना खण्ड विकास अधिकारी, कार्यसमिति, वित्त एवं विकास समिति और समता समिति की सहायता से नियत तिथि से तैयार की जाएगी।
3 विकास खण्ड के भीतर शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक विकास, सामुदायिक कल्याण आदि से संबंधित कार्यक्रम।
4 ऐसे अन्य कार्य जो नियमों में उल्लिखित है।

क्षेत्र पंचायत के आय/प्राप्तियों के स्त्रोत -

ग्रामीण क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए क्षेत्र पंचायत की महत्वपूर्ण भूमिका है। उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत अधिनियम 1961 के प्रावधानानुसार क्षेत्र पंचायत की कुछ मदों में कर लगाने, कर का निर्धारण करने तथा ब्याज सहित वसूली का अधिकार है। इसके अतिरिक्त राज्य वित्त आयोग, केन्द्रीय वित्त आयोग, मनरेगा, सांसद निधि, विधायक निधि आदि मदों में भी क्षेत्र पंचायत को अनुदान प्राप्त होता है। जिसका उपयोग जनपद के ग्रामीण क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए किया जाता है।

(1) निजी स्त्रोत से आय-

1-उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत अधिनियम की धारा 131-क में क्षेत्र पंचायतों को निम्न कर लगाने का अधिकार दिया गया है। जिनसे उन्हें आय प्राप्त होती है।
1.लाइसेंस शुल्क
2.दुकानों एवं हाट बाजारो में कर लगाना
3.सम्पत्ति व विभव कर
4.कॉजी हाउस पर कर
5.अन्य मदों से प्राप्तियॉ

(2) वाह्य स्त्रोतों से आय-

क्षेत्र पंचायतों को निजी स्रोतों से आय के अतिरिक्त अन्य वाह्य स्त्रोतों से भी धनराशि अनुदान के रूप मे प्राप्त होती है। जिसका उपयोग विभिन्न विकास कार्यों के लिए किया जाता है। क्षेत्र पंचायतों को सामान्यतया निम्न मदों में धनराशि प्राप्त होती है।
1.भू-राजस्व अनुदान
2.राज्य वित्त आयोग
3.केन्द्रीय वित्त आयोग
4.डी0आर0डी0ए0 से प्राप्त अनुदान
5.मनरेगा
6.सांसद निधि
7.विधायक निधि
8.आंचलिक निधि
9.अन्य विभिन्न मदों से

क्षेत्र पंचायत के अधिकार एवं कृत्य-

अधिनियम की धारा-35 एवं 79 तथा संलग्न अनुसूची-3 व 6 में क्षेत्र पंचायत के अधिकार तथा कृत्य निर्धारित किये गये हैं।

अधिनियम की धारा-32 के अनुसार ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए, जैसा राज्य सरकार समय - समय पर विनिर्दिष्ट करें। प्रत्येक क्षेत्र पंचायत उसमें उल्लिखित कृत्यों का सम्पादन करेगी।

2.4 ग्राम पंचायत

ग्राम पंचायत, त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं की सबसे छोटी इकाई है। एक या अधिक राजस्व गांव को मिलाकर ग्राम पंचायत का गठन होता है। एक ग्राम पंचायत के गठन की व्यवस्था यथासंम्भव एक हजार या उससे अधिक की जनसंख्या पर की गयी है। लेखा परीक्षा काल में उ0प्र0 में कुल 58194 ग्राम पंचायते कार्यरत है। ग्राम पंचायत के कार्यों का सुचारू रूप से संचालन के लिये प्रत्येक ग्राम सभा हेतु प्रधान व सदस्यों का चुनाव प्रत्येक पांच वर्षों के अन्तराल पर किया जाता है। उ0प्र0 पंचायती राज अधिनियम 1947 के अनुसार ग्राम पंचायत की बैठक सामान्यतः प्रत्येक मास में कम से कम एक बार होनी चाहिए किन्तु दो लगातार बैठकों के मध्य दो मास से अधिक का अन्तराल नही होना चाहिए। ग्राम प्रधान की प्रति दिन के कार्यों के सुचारू रूप से चलाने हेतु ग्राम्य विकास अधिकारी/ग्राम पंचायत अधिकारी की तैनाती शासन द्वारा की गयी है। ग्राम पंचायत के समस्त खातों का संचालन ग्राम प्रधान एवं ग्राम्य विकास अधिकारी/ग्राम पंचायत अधिकारी के संयुक्त हस्ताक्षर से संचालन किया जाता है।

ग्राम सभा की बैठक तथा कृत्य

उ0प्र0 पंचायत राज अधिनियम की धारा 11 के अनुसार प्रतिवर्ष ग्राम सभा की दो सामान्य बैठक होगी, (खरीफ की बैठक तथा रबी की बैठक), इसके अतिरिक्त विहित अधिकारी की लिखित मांग अथवा सदस्यों की कुल संख्या का कम से कम 1/5 की मांग पर मांग की दिनांक से 30 दिन के अन्दर प्रधान ग्राम सभा की असाधारण सामान्य बैठक अवश्य बुलाएगा। प्रधान किसी भी समय असाधारण बैठक बुला सकता है, किन्तु ग्राम सभा निम्नलिखित मामलें पर विचार करेगी तथा ग्राम पंचायत की सिफारिश व सुझाव दे सकती है।

1- ग्राम पंचायत के खातो का वार्षिक विवरण, पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष की प्रशासन को रिपोर्ट और अन्तिम लेखा परीक्षा टिप्पणी और उन पर दिये गये उत्तर यदि कोई हो।

2- पूर्ववर्ती वर्ष से सम्बन्धित ग्राम पंचायत के विकास कार्यक्रमों और चालू वित्तीय वर्ष के दौरान लिए जाने के लिये प्रस्तावित विकास कार्यों की रिपोर्ट।

3- ग्राम में समाज के सभी वर्गो के बीच एकता और समन्वय की अभिवृद्धि।

4- ग्राम के भीतर प्रौढ शिक्षा का कार्यक्रम।

5- ऐसे अन्य कार्य जो नियत किये जाये

ग्राम सभा निम्नलिखित कृत्यों का सम्पादन करेगीः-

क- सामुदायिक कल्याण कार्यक्रमों के लिये स्वैच्छिक जन और अंशदान जुटाना।

ख- ग्राम से सम्बन्धित विकास योजनाओं के कार्यान्वयन के लिये हितकारी की पहचान।

ग- ग्राम से सम्बन्धित विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में सहायता पहुंचाना।

ग्राम पंचायतों के अधिकार व कर्तव्य कृत्य

उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा 15 के अनुसार ऐसी शर्तो के अधीन रहते हुए, जैसा राज्य सरकार समय-समय पर विनिर्दिष्ट करें। प्रत्येक ग्राम पंचायत उसमें उल्लिखित कृत्यों का सम्पादन करेगी।

उक्त के अतिरिक्त ग्राम पंचायत प्रतिवर्ष पंचायत क्षेत्र के लिये एक विकास योजना तैयार करेगी और उसे सम्बन्धित क्षेत्र पंचायत की ऐसे दिनांक के पूर्व और ऐसे प्रारूप और रीति में जैसी नियत की जाये, प्रेषित

करेगी तथा राज्य सरकार अधिसूचना द्वारा निम्नलिखित में से किसी एक या सभी कृत्यों की ग्राम पंचायत को समानुदेशित कर सकती है।

1- पंचायत क्षेत्र में स्थित किसी वन की व्यवस्था तथा अनुरक्षण।

2- पंचायत क्षेत्र के भीतर स्थित सरकार की बंजर भूमि, चारागाह भूमि या खाली पडी भूमि की व्यवस्था।

3-किसी कर या भू राजस्व का संग्रह और संबन्धित अभिलेखों का अनुरक्षण।

कर तथा शुल्क का आरोपणः-

उ0प्र0 पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा 37 के प्रावधानानुसार ग्राम पंचायत निम्नांकित कर लगायेगी

क- उन क्षेत्रों में जहां उ0प्र0 जमीदारी विनाश और भूमि व्यवस्था अधिनियम 1950 जौनसार वाबर जमीदारी-विनाश तथा भूमि-व्यवस्था अधिनियम 1956 के अधीन मध्यवर्तियों के अधिकार, आगम और स्वत्व अर्जित कर लिये गये हो, भूमि पर उसके लिये देय अथवा देय समझे जाने वाली भू-राजस्व की धनराशि पर प्रति रूपया (कम से कम पच्चीस पैसे किन्तु पचास पैसे से अनधिक) का कर लगा सकती है।

ख- उक्त खण्ड क में अभिदिष्ट क्षेत्रों से भिन्न क्षेत्रों में भौमिक अधिकार से सम्बन्धित प्रवृत्त विधि के अधीन किसी काश्तकार द्वारा, वह कुछ भी कहलाता हो, देय भू-राजस्व की धनराशि पर प्रति रूपया (कम से कम पच्चीस पैसे किन्तु पचास पैसे से अनधिक) कर लगा सकती है।

उक्त के अतिरिक्त ग्राम पंचायत निम्नवत् सभी या कोई कर, फीस और शुल्क लगा सकती है।

ग- प्रेक्षागृह, चलचित्र अथवा इसी प्रकार के मनोरंजन कार्य, जो अस्थायी रूप से ग्राम पंचायत के क्षेत्र में आया हुआ है।

घ- ग्राम पंचायत के क्षेत्र में रखे हुए और किराये पर चलाने जाने वाले यन्त्र चलित वाहनो से भिन्न वाहनों तथा पशुओं पर उसके स्वामियों द्वारा देय कर लगा सकती है।

ड.- उन व्यक्तियों से जिन पर खण्ड-ग के अधीन केाई कर लगाया गया हो, भिन्न व्यक्तियों पर लगा सकती है। जो ऐसे बाजारों, हाटों अथवा मेलों में बिक्री के लिये सामान प्रदर्शित करें। जो सम्बन्धित ग्राम पंचायत के स्वामित्व या नियन्त्रण में हो।

च- उन पशुओं की रजिस्ट्री पर शुल्क सभा लगा सकती है, जो ऐसे बाजार अथवा भूमि पर बेचे गये हो, जो ग्राम पंचायत के स्वामित्व में या उसके नियन्त्रण में हो।

छ- वधशालाओ और पडाव की भूमि के लिये शुल्क लगा सकती है।

ज- जल शुल्क- जहां ग्राम सभा द्वारा घर के उपयोग के लिये जल सम्भारित किया जाता है।

झ- यदि सफाई ग्राम पंचायत द्वारा की जाती हो, तो निजी शौचालयों और नालियों केा साफ करने के लिये कर लगा सकती है, जो उन मकानों के जिनमें वे निजी शौचालय या नालियां संलग्न हो, स्वामियों अथवा अध्यासियों द्वारा देय होगा।

ञ- सडकों की सफाई और उन पर रोशनी की व्यवस्था के लिये कर।

ट- जहां ग्राम पंचायत द्वारा सिचाई के प्रयोजनार्थ छोटी सिंचाई की परियोजनाओं जल सम्भरण हेतु बनायी गयी या अनुरक्षित की गयी हो, की कोई सिचाई दर।

ठ- कोई ऐसा अन्य कर जिसे राज्य में आरोपित करने का अधिकार राज्य विधान मण्डल को संविधान के अधीन, उनके अनुच्छेद 277 को सम्मिलित करते हुये, हो और जिनका ग्राम पंचायत द्वारा आरोपण राज्य सरकार ने प्राधिकृत किया है।

ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिये ग्राम पंचायतों द्वारा अनेक योजनाओं/ परियोजनाओं का संचालन किया जाता है। विकास के कार्यों के क्रियान्वयन के लिये उ0प्र0 पंचायती राज अधिनियम 1947 के अनुसार कर लगाने व वसूलने का अधिकार है तथा राज्य सरकार / भारत सरकार द्वारा विकास के कार्यों के लिये धनराशि उपलब्ध करायी जाती है। वर्तमान में ग्राम पंचायत द्वारा मूलतः चार महत्वपूर्ण परियोजनाओं / कार्यों का संचालन किया जा रहा है, जिनका विवरण निम्नवत् हैः-

1 -महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी अधिनियम-2005 (मनरेगा)

ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार चाहने वाले प्रत्येक परिवार को वर्ष में न्यूनतम 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा इस महत्वाकांक्षी योजना की शुरूआत की गयी, इस अधिनियम के अन्तर्गत प्रत्येक गृहस्थी को जिसके वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक कार्य करने के लिये स्वेच्छा से आगे आते है। इस अधिनियम के अधीन बनायी गयी स्कीम के अनुसार किसी वित्तीय वर्ष में 100 दिनों के अन्यून के लिये ऐसा कार्य उपलब्ध करायेगा तथा प्रत्येक व्यक्ति जिसने ऐसा कार्य किया है, प्रत्येक कार्य दिवस के लिये निर्धारित मजदूरी की दर से मजदूरी प्राप्त करने का हकदार होगा तथा ऐसी मजदूरी का भुगतान कार्य करने के पन्द्रह दिन के अन्दर किया जायेगा, अधिनियम की धारा 7(1) के अनुसार यदि स्कीम के अन्तर्गत नियोजन चाहने वाले आवेदक को निर्धारित समय (आवेदन के पन्द्रह दिन) के अन्दर रोजगार उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो वह निर्धारित दर से बेरोजगारी भत्ता पाने का हकदार होता है।

1-मनरेगा का उद्देष्य

ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक गृहस्थी को जिसके वयस्क सदस्य अकुशल कार्य करने के लिये उत्सुक है, को एक वित्तीय वर्ष में न्यूनतम 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराकर, जीवन सुरक्षा को बढाना है।

2-मनरेगा का लक्ष्यः-

1- जहां अन्य रोजगार की सुविधा कम है। ऐसी ग्रामीण क्षेत्रों में कमजोर लोगो को रोजगार मुहैया कराकर मजबूत सामाजिक सुरक्षा तन्त्र का निर्माण करना है।

2- ऐसे क्षेत्रों में रोजगार मुहैया कराकर, (जो गरीबी के मूल कारण है) जैसे बाढ, सूखा, जंगलों का कटान, भूमि कटान, कृषि प्रधान आर्थिक संरचना के विकास के लिये सुविधा प्रदान करना।

3- अधिनियम, ग्रामीण, जीविकोपार्जन, हेतु राष्ट्रीय रिसोर्स आधार को मजबूत करता है, तथा ग्रामीण क्षेत्रों में मजबूत व टिकाऊ सम्पत्ति का निर्माण करता है, मनरेगा में गरीबी के कारणों को पूर्णरूप से बदलने की क्षमता है।

4- ग्रामीण गरीबों को कानूनी अधिकार के अन्तर्गत रोजगार उपलब्ध कराना।

5- सबसे निचले स्तर पर अपने क्षेत्र के समन्वित विकास के लिये स्वयं कार्य का निर्धारण करना तथा पारदर्शिता के साथ इसे पूर्ण करना।

मनरेगा के अन्तर्गत अनुमन्य कार्य

1- जल संचयन व जल प्रबन्धन।

2- वानिकी व वृक्षारोपण।

3-सिंचाई हेतु नहरें, जिसमें छोटे व अति छोटे सिंचाई की व्यवस्था सम्मिलित हो।

4- सिंचाई के साधन की व्यवस्था, वृक्षारोपण, हार्टीकल्चर।

5- अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के परिवारों, भूमि सुधार के अन्तर्गत सहायता प्राप्त परिवार, इन्दिरा आवास योजना/गरीबी रेखा के नीचे के परिवार के भूमि का भूमि विकास।

6- परम्परागत जल सुविधाओं का जीर्णोद्धार, जिसमें टैकों की सफाई भी सम्मिलित है।

7- भूमि सुधार/विकास।

8- बाढ़ नियन्त्रण जिसमें जल भराव क्षेत्रों को संरक्षित करना भी सम्मिलित है।

9- ग्रामीण क्षेत्रों को जोडना, सडक का निर्माण, आवश्यकतानुसार ग्राम क्षेत्र में नाली का निर्माण, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत आने वाले सड़कों पर मनरेगा के अन्तर्गत कार्य नहीं कराया जाना चाहिये, मनरेगा के अन्तर्गत सीमेन्ट सड़क का निर्माण प्रतिबन्धित है तथा ऐसी सड़कों को प्राथमिकता दी जायेगी जो अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के निवास से जोड़ती है।

10- कोई अन्य कार्य जो भारत सरकार, राज्य सरकार से विचार विमर्श कर अधिसूचित करे।
11-अन्य योजनाओं के अन्तर्गत निर्मित सम्पत्ति का रख रखाव का कार्य मनरेगा के अन्तगत अनुमन्य है।
12- मनरेगा के अन्तर्गत भूमि क्रय अनुमन्य नही है।

2-छात्रवृत्ति योजना:-

समाज के सभी वर्गों के बच्चों की पढाई के लिये प्रेरित करने तथा उन्हे आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ग्रामीण क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालयों/ उच्च प्राथमिक विद्यालयों के छात्रों को राज्य सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों के माध्यम से छात्रवृत्ति उपलब्ध कराया जाता है। विभिन्न वर्गों के छात्रों के लिये अलग-अलग विभागों से छात्रवृत्ति प्राप्त होती है। जैसे विकलांग बच्चों के लिये विकलांग कल्याण विभाग, अल्पसंख्यक छात्रों के लिये अल्पसंख्यक विकास विभाग आदि से धनराशि ग्राम पंचायत को प्राप्त होती है। जिससे ग्राम पंचायत द्वारा संबन्धित वर्ग के छात्रों को प्राप्त कराया जाता है।

3- राज्य वित्त आयोग/केन्द्रीय वित्त आयोग/अन्य स्त्रोतो से प्राप्त अनुदानः-

ग्रामीण क्षेत्रों के सम्बन्धित विकास के लिये राज्य वित्त आयोग तथा केन्द्रीय वित्त आयोग से अनुदान प्राप्त होती है। इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1947 तथा उ0प्र0 पंचायती राज नियमावली 1947 के अनुसार ग्राम पंचायते कर आरोपित कर सकती है उक्त समस्त धनराशि का उपयोग ग्राम पंचायतों द्वारा विभिन्न विकास के कार्यों, वृक्षारोपण, सडक निर्माण, नाली निर्माण, जलाशयों/नलकूपों का निर्माण, पुराने जलाशयों का जीर्णोद्धार, भूमि संरक्षण आदि कार्यों का निर्धारण ग्राम सभा की खुली बैठक में किया जाता है। समिति द्वारा कार्य एवं क्रय की आन्तरिक लेखा परीक्षा की व्यवस्था भी की गयी है।

4- मध्यान्ह भोजन योजना

प्रदेश के राजकीय परिषदीय तथा राज्य सरकार द्वारा सहायता प्राप्त प्राथमिक विद्यालयों एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराकर शिक्षा ग्रहण करने की क्षमता को विकसित करने के उद्देश्य से ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों के माध्यम से मध्यान्ह भोजन योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। योजनान्तर्गत प्रत्येक छात्र को सप्ताह में शासन द्वारा निर्धारित भोज्य पदार्थ दिये जाने की व्यवस्था की गयी है। इस योजनान्तर्गत भारत सरकार द्वारा प्राथमिक स्तर एवं उच्च प्राथमिक स्तर पर शासनादेशों द्वारा निर्धारित दर से खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाता है। खाद्यान्न में भोजन पकाने के लिए परिवर्तन लागत की व्यवस्था की गयी है। परिवर्तन लागत में सब्जी, तेल, मसाले एवं गैस अन्य सामग्रियों की व्यवस्था की जाती है। शासनादेशों द्वारा निर्धारित परिवर्तन लागत विद्यालय को उपलब्ध करायी जाती है। ग्रामीण क्षेत्रों में मध्यान्ह भोजन योजना के क्रियान्वयन अर्थात भोजन निर्माण कार्य मुख्यतः ग्राम पंचायतों की देख-रेख में किया जाता है। भोजन बनाने हेतु आवश्यक खाद्यान्न निःशुल्क प्रदान किया जाता है। जो अपने देख-रेख में विद्यालय परिसर में बने किचन शेड में भोजन तैयार कराते है। भोजन बनाने हेतु लगने वाली अन्य आवश्यक सामग्री की व्यवस्था करने का दायित्व भी ग्राम प्रधान का ही है। इस हेतु उन्हें परिवर्तन लागत उपलब्ध कराया जाता है।

विद्यालयों में पके पकाए भोजन की व्यवस्था की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर योजना के अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण हेतु मंडलीय सहायक निदेशक (बेसिक शिक्षा) को दायित्व सौपा गया है तथा विकास खण्ड स्तर पर उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में टास्क फोर्स गठित की गयी है। जिसमें सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी/प्रति उप विद्यालय निरीक्षक को सदस्य सचिव के रूप में नियुक्त किया गया है।

योजना के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन के लिए निम्नवत् व्यवस्था की गयी है।

1.मेनू को विद्यालयों की दीवारों पर 6'/8' साइज में चस्पा कराया जाएगा ताकि पारदर्शिता बनी रहे एवं परोसा जा रहा भोजन मेनू के अनुरूप है कि नहीं, यह सर्वविदित रह सके।

2.भोजन वितरण के माह से पूर्व माह में खाद्यान्न को विद्यालय तक पहुँचाये जाने की व्यवस्था की गयी है।

ख-संगठनात्मक ढॉचा- विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव/ग्राम्य विकास अधिकारी उत्तरदायी है। मनरेगा के क्रियान्वयन के लिए विकास खण्ड स्तर पर खण्ड विकास अधिकारी, जिला स्तर पर मुख्य विकास अधिकारी व जिलाधिकारी , राज्य स्तर पर निदेशक, ग्राम्य विकास व शासन स्तर पर प्रमुख सचिव ग्राम्य विकास, वित्त आयोग के क्रियान्वयन के लिए ब्लाक स्तर पर सहायक विकास अधिकारी, पंचायती राज व शासन स्तर पर प्रमुख सचिव पंचायती राज, मध्यान्ह भोजन योजना के लिए ब्लाक स्तर पर सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी/उप विद्यालय निरीक्षक, जिला स्तर पर बेसिक शिक्षा अधिकारी, राज्य स्तर पर निदेशक, बेसिक शिक्षा व शासन स्तर पर प्रमुख सचिव, बेसिक शिक्षा को उत्तरदायी बनाया गया है। इसी प्रकार अन्य योजनाओं के लिए संबंधित विभागों के विभिन्न स्तरों के अधिकारी उत्तरदायी हैं।

अध्याय-3

त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं की लेखा परीक्षा प्रगति

3.1-जिला पंचायतें -

वर्ष 2022-23 में राज्य की कुल 75 जिला पंचायतों में से 75 जिला पंचायतों की वित्तीय वर्ष 2021-22 की लेखा परीक्षा सम्पन्न की गयी। लेखा परीक्षित जिला पंचायतों की जनपदवार सूची परिशिष्ट 1 पर संलग्न है। लेखा उपलब्धता अपेक्षित सहयोग न मिलने पर लेखा परीक्षा में अपेक्षित प्रगति न हो सकी।

3.2-क्षेत्र पंचायतें-

वर्ष 2022-23 में राज्य की कुल 826 क्षेत्र पंचायतों में से 826 क्षेत्र पंचायतों की वित्तीय वर्ष 2021-22 की लेखा परीक्षा सम्पन्न की गयी। लेखा परीक्षित क्षेत्र पंचायतों की जनपदवार सूची परिशिष्ट 2 पर संलग्न है।

3.3-ग्राम पंचायतें-

वर्ष 2022-23 में राज्य की कुल 58194 ग्राम पंचायतों में से 58189 ग्राम पंचायतों की वित्तीय वर्ष 2021-22 की लेखा परीक्षा सम्पन्न की गयी। लेखा परीक्षित ग्राम पंचायतों की जनपदवार सूची परिशिष्ट 3 पर संलग्न है। तकनीकी कारणों से 05 ग्राम पंचायतों की ऑडिट रिपोर्ट ऑडिट ऑनलाइन पोर्टल पर जनरेट नहीं हो पायी थी । पंचायती राज मंत्रालय भारत सरकार की अपेक्षानुसार वित्तीय वर्ष 2021-22 से त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं की शत-प्रतिशत लेखापरीक्षा ऑडिट ऑनलाइन पोर्टल पर सम्पादित की जा रही है।

अध्याय-4

लेखा परीक्षा में उद्घाटित महत्वपूर्ण लेखा परीक्षा आपत्तियों का विवरण

लेखा परीक्षा के उद्देश्य- निष्पादित लेखा परीक्षा का उद्देश्य यह देखना था कि क्या-

1 संस्था द्वारा अपनायी गयी प्रक्रिया नियमावली के किसी नियम अथवा संविधान के किसी अनुच्छेद के विपरीत नहीं है।

2 किये गये व्यय में नियमों/मार्गदर्शी सिद्धान्तों का अनुपालन किया गया है तथा वित्तीय औचित्य के सिद्धान्तों का उल्लंघन नहीं हुआ है।

3 न्यूनतम मूल्य में उच्च गुणवत्ता की सामग्री का क्रय किया गया है तथा न्यूनतम लागत में अधिकतम हित प्राप्त किया गया है।

4 संस्था द्वारा प्रभावी ढंग से योजना का अनुश्रवण करते हुए भौतिक लक्ष्य को समय से पूरा कर लिया गया है।

5 बैंक खातों का मिलान कर लिया गया है।

6 सृजित परिसम्पत्तियों का लेखांकन किया गया है।

7 निर्धारित समस्त अभिलेखों का लेखांकन, रख रखाव एवं प्रस्तुतिकरण समुचित रूप से किया गया है।

<u>लेखा परीक्षा का कार्यक्षेत्र एवं कार्यविधि</u>

त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं की वित्तीय वर्ष 2021-22 की अवधि की लेखा परीक्षा अप्रैल 2022 से मार्च 2023 के मध्य की गयी। जिसमें राज्य के सभी जनपदों के 59095 में से 59090 पंचायती राज संस्थाओं के उपलब्ध अभिलेखों की जॉच की गयी। योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए उत्तरदायी प्रशासनिक विभागों द्वारा निर्धारित किये गए उद्देश्यों, लेखा नियमों, सक्षम प्राधिकारियों द्वारा उपलब्ध कराये गये अभिलेखों के आधार पर जनपद के जिला लेखा परीक्षा अधिकारी द्वारा जनपद में तैनात लेखा परीक्षा कर्मियों के माध्यम से लेखा परीक्षा कार्य संपादित कराया गया।

पंचायती राज संस्थाओं की लेखा परीक्षा में उपलब्ध अभिलेखों (ऑनलाइन / ऑफलाइन) का परीक्षणोपरान्त लेखा परीक्षक द्वारा रिकॉर्ड किए गए ऑब्जर्वेशन को लेखा परीक्षा प्रतिवेदन/अधिभार प्रतिवेदन के माध्यम से संबंधित पक्षों को निर्गत किया जाता है।

जनपद- आगरा मण्डल -आगरा

वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2021-22

जिला पंचायत आगरा

प्रस्तर सं०- 01 .वित्तीय वर्ष 2021-22 की लेखा परीक्षा दौरान पाया गया कि निर्माण/मरम्मत कार्य में दर्शित व्यय के सापेक्ष उ०प्र० क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत निर्माण कार्य नियमावली 1984 के अध्याय 2 विन्दु 3(1) (क) में उल्लिखित किसी भी परियोजना का निर्माण कार्य प्रारम्भ करने का प्रस्ताव सार्वजनिक निर्माण कार्य समिति को प्रस्तुत किया जाना था। सार्वजनिक निर्माण कार्य समिति द्वारा उक्त प्रस्ताव की जाँचोपरांत प्रस्ताव कार्य समिति को प्रेषित किया जाना था। कार्य समिति से अनुमोदन उपरान्त ही उक्त कार्य जिला पंचायत द्वारा कराया जाना चाहिये। लेखा परीक्षा दौरान किसी भी पत्रावली की जाँच में उक्त प्रक्रिया का पालन नही कर सभी कार्य स्वेच्छापूर्वक कराकर धनराशि रुपया 620157423.00 का भुगतान कर दिया गया जो गम्भीर वित्तीय अनिमियतता है। उक्त व्यय अनियमित व्यय की श्रेणी में आता है जिस हेतु जिला पंचायत आगरा के अपर मुख्य अधिकारी श्री प्रदीप कुमार, वित्तीय परामर्शदाता श्री पंकज कुमार सिंह एवं अभियंता अनिल कुमार मिश्र उत्तरदायी हैं, अतः आवश्यक कार्यवाही की जानी अपेक्षित है |

प्रस्तर सं०- 02.पन्द्रहवां वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि रु 110457057.40 को नियमानुसार उपयोग -प्रत्यावर्तित न करके बैंक खातों में अवरुद्ध कर रखनाः-
ग्रामीण क्षेत्रों में विकास हेतु केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा धनराशियां अवमुक्त की जाती हैं। अवमुक्त धनराधियों का उपयोग नियमतः उसी वित्तीय वर्ष में सुनिश्चित कर लेना चाहिए जिससे क्षेत्रीय जनता को विकास कार्यों का यथासम्भव त्वरित लाभ हो सके। जिला पंचायत आगरा की रोकड बही एवं बैंक खातों की लेखा परीक्षा में आलोच्य वर्ष 2021-22 के अन्त तक पन्द्रहवां वित्त आयोग का कुल रू० 110457057.40 अवशेष था। जिसका उपयोग मार्च 2022 तक सुनिश्चित नहीं किया गया था जिससे उक्त धनराशि का लाभ जनता को नहीं मिला, क्योंकि किसी योजना हेतु प्राप्त किसी वर्ष की धनराशि उसी वित्तीय वर्ष में उपयोग कर लेनी चाहिए जिससे उसका लाभ क्षेत्रीय जनता को उसी वर्ष प्राप्त हो सके। साथ ही उ०प्र० बजट मैनुअल के प्रस्तर 107 (5) के अनुसार नियंत्रक अधिकारी का यह दायित्व है, कि विनियोजन की धनराशि या उसके अंश को जिसकी वर्ष के दौरान आवश्यकता न हो, जैसे ही उसके बचत या व्ययगत होने का पूर्वाभास हो तो उसे समर्पित कर दिया जाना चाहिए, का स्पष्ट उल्लंघन किया गया है, जो गंभीर आपत्तिजनक है। रू0 110457057.40 अवशेष था जिसका उपयोग मार्च 2022 तक सुनिश्चित नही किया गया था जिससे उक्त धनराशि का लाभ जनता को नहीं मिला क्योकि किसी योजना हेतु प्राप्त किसी वर्ष की धनराशि उसी वित्तीय वर्ष में उपभोग कर लेनी चाहिए| उक्त हेतु जिला पंचायत आगरा के अपर मुख्य

अधिकारी श्री प्रदीप कुमार एवं वित्तीय परामर्शदाता श्री पंकज कुमार सिंह उत्तरदायी हैं, अतः आवश्यक कार्यवाही की जानी अपेक्षित है |

प्रस्तर सं०- 03.प्रिंट पब्लिसिटी आगरा को निम्न विवरण के अनुसार जिला पंचायत द्वारा विज्ञापन लगाने के लिए भुगतान किया गया -

क्रमांक	नाम संस्था	वाउचर संख्या व दिनांक	धनराशि	विवरण
1	प्रिंट पब्लिसिटी आगरा	01/10-12-21	94400.00	विज्ञापन/फ्लेक्स एवं डिस्प्ले बोर्ड
2	प्रिंट पब्लिसिटी आगरा	02/10-12-21	94400.00	विज्ञापन/फ्लेक्स एवं डिस्प्ले बोर्ड
3	प्रिंट पब्लिसिटी आगरा	03/10-12-21	80240.00	विज्ञापन/फ्लेक्स एवं डिस्प्ले बोर्ड
4	प्रिंट पब्लिसिटी आगरा	04/10-12-21	66080.00	विज्ञापन/फ्लेक्स एवं डिस्प्ले बोर्ड
5	प्रिंट पब्लिसिटी आगरा	05/10-12-21	79650.00	विज्ञापन/फ्लेक्स एवं डिस्प्ले बोर्ड
6	प्रिंट पब्लिसिटी आगरा	06/10-12-21	79650.00	विज्ञापन/फ्लेक्स एवं डिस्प्ले बोर्ड
7	प्रिंट पब्लिसिटी आगरा	07/10-12-21	53100.00	विज्ञापन/फ्लेक्स एवं डिस्प्ले बोर्ड
			547520.00	

उक्त व्यय में निम्न आपत्तियाँ लेखा परीक्षा में प्रकाश में आयी-

1.उक्त कार्यों हेतु कोई कार्यादेश पत्रावली में संलग्न नहीं पाया गया

2. वे स्थान जहाँ फ्लेक्स एवं डिस्पले बोर्ड लगाये गये उनकी सूचि संलग्न नहीं पायी गयी

3. जिला पंचायत द्वारा भुगतान से पूर्व कार्य का सत्यापन नहीं कराया गया

4. उक्त सभी कार्यों पर कुल व्यय रुपया 547520.00 किया गया है उक्त व्यय एक ही स्वरुप के हैं एवं एक ही समय पर किये गये हैं अतः उक्त कार्य टेंडर द्वारा भी कराये जा सकते थे जिससे संस्था को प्रतिस्पर्धात्मक दरों का लाभ मिलता टेंडर न कराने से उक का लाभ नहीं मिला अतः संस्था को हानि होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है उक्त व्यय गंभीर अनियमितता की श्रेणी में आता है उक्त हेत उक्त हेतु जिला पंचायत आगरा के अपर मुख्य अधिकारी श्री प्रदीप कुमार एवं वित्तीय परामर्शदाता श्री पंकज कुमार सिंह उत्तरदायी हैं, अतः आवश्यक कार्यवाही की जानी अपेक्षित है |

प्रस्तर सं०- 04 जिला पंचायत आगरा द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 में पन्द्रहवां वित्त आयोग के अंतर्गत टाइड ग्रांट से संलग्न सूची के अनुसार पानी की टंकी एवं पेयजल योजना निर्मित कराई गयी है पन्द्रहवां वित्त आयोग के अंतर्गत जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत एवं ग्राम पंचायत को आवंटित अनुदान की धनराशि के उपभोग हेतु मार्गदर्शी नियमों के सम्बन्ध में शासनादेश संख्या 34/2020/1817/33-03-2020-33/2020 के द्वारा प्रस्तर संख्या 3.1 टाईड ग्रान्ट में

कराए जाने वाले कार्यों का विवरण के बिंदु संख्या (1) पाईप्ड पेयजल की योजनाएं ग्राम पंचायतों की सहमति से क्षेत्र पंचायतों एवं जिला पंचायत द्वारा बनाई व संचालित की जा सकती है। उक्तयोजनाये बनाते समयग्राम पंचायतों की सहमति प्राप्त नहीं की गयी अतः धनराशि रुपया 2612400.00 का व्यय शासनादेश के विपरीत अनियमित रहा उक्त हेतु जिला पंचायत आगरा के अपर मुख्य अधिकारी श्री प्रदीप कुमार अभियंता श्री अनिल कुमार मिश्र एवं वित्तीय परामर्शदाता श्री पंकज कुमार सिंह उत्तरदायी हैं, अतः आवश्यक कार्यवाही की जानी अपेक्षित है |

क्रमांक	विवरण	धनराशि
1	ग्राम बाबरपुर में सार्वजनिक स्थल पर पानी की टंकी	127680.00
2	ग्राम फूलपुर में सार्वजनिक स्थल मंदिर के पास पानी की टंकी	127680.00
3	शमशाबाद में परमार हॉस्पिटल के सामने सार्वजनिक स्थल पर पानी की टंकी	127680.00
4	ग्राम कूमपुर में सार्वजनिक स्थल पर पानी की टंकी	131040.00
5	ग्राम धनोलाकलां में सार्वजनिक स्थल पर पानी की टंकी	128016.00
6	ग्राम हिंगोट खेरिया में सार्वजनिक स्थल पर पानी की टंकी	128128.00
7	ग्राम कुतुकपुर गुज्जर में सार्वजनिक स्थल पर पानी की टंकी	127680.00
8	ग्राम तारोली गुज्जर में सार्वजनिक स्थल पर पानी की टंकी	127680.00
9	ग्राम शाहवेद में सार्वजनिक स्थल पर पानी की टंकी	127680.00
10	ग्राम रसूलपुर में सार्वजनिक स्थल पर पानी की टंकी	127680.00
11	ग्राम जयनगर में सार्वजनिक स्थल पर पानी की टंकी	131040.00
12	ग्राम मणि में सार्वजनिक स्थल पर पानी की टंकी	131040.00
13	ग्राम डौकी में सार्वजनिक स्थल पर पानी की टंकी	131040.00
14	ग्राम थाप खरगा में सार्वजनिक स्थल पर पानी की टंकी	133168.00
15	ग्राम थाप रसूलपुर में सार्वजनिक स्थल पर पानी की टंकी	127680.00
16	ग्राम टीकतपुरा में सार्वजनिक स्थल पर पानी की टंकी	128128.00
17	ग्राम राबर में सार्वजनिक स्थल पर पानी की टंकी	128128.00
18	ग्राम फतेहाबाद ग्रामीण में सार्वजनिक स्थल पर पानी की टंकी	133056.00
19	ग्राम फूलपुर में सार्वजनिक स्थल पर पानी की टंकी	133280.00
20	ग्राम चमरोली में सार्वजनिक स्थल पर पानी की टंकी	154896.00
		2612400.00

प्रस्तर सं०- 05 जिला पंचायत आगरा की वित्तीय वर्ष 2021-22 की लेखा परीक्षा में यह तथ्य प्रकाश में आया कि कराये गये निर्माण कार्यों में ग्राम पंचायतों के अन्दर भी कार्य कराये गये है जबकि उपर्युक्त विषयक शासनादेश सं: 5/-866/33-2-14-93जी/2004 280 सी० पंचायतीराज अनुभाग-2 लखनऊः दिनांक 24 जून, 2014 के द्वारा निम्नलिखित परिस्थियों/ तथ्यो का उल्लेख करते हुए तीनों पंचायतीराज संस्थाओं यथा ग्राम पंचायत

पंचायत एवं जिला पंचायत द्वारा निर्माण कार्य कराये जाने के लिए मार्गदर्शी सिद्धान्त निर्धारण किया गया है–

प्रत्येक विकास खण्ड के एक ही रजिस्टर में वर्ष 2019-20 से लेकर 2021-22 तक का दर्शाया गया है। किस वित्तीय वर्ष में कितनी फर्में नई बनी या चालू हुईं, से सम्बन्धित कोई उल्लेख कहीं नही किया गया है। नियमानुसार प्रत्येक वर्ष के अन्त में सम्बन्धित क्षेत्र के कर निरीक्षक को बन्द व चालू होने वाली फर्मों का उल्लेख स्पष्ट रूप से किया जाना चाहिए था। किसी भी रजिस्टर में कर निरीक्षक, कर अधिकारी, कार्य अधिकारी व अपर मुख्य अधिकारी के हस्ताक्षर नही पाये गये। वर्ष 2018-19 के अन्त में क्रमांक संख्या 164 के बाद अपर मुख्य अधिकारी के हस्ताक्षर पाये गये हैं लेकिन उनके द्वारा भी किसी भी प्रकार की कोई टिप्पणी नही की गयी है, जो कि गम्भीर रूप से आपत्ति जनक है। यहाॅ यह भी उल्लेखनीय है कि रजिस्टर में जो फर्में दर्शित हैं उनके सम्मुख भी प्रत्येक वर्ष लाइसेन्स शुल्क की वसूली नही दर्शित है। अर्थात लाइसेन्स शुल्क की नियमित वसूली नही की गयी है। सम्बन्धित क्षेत्र के कर-निरीक्षक की स्वेच्छाचारिता पर निर्भर है कि वह किससे लाइसेन्स वसूल करे या किससे न वसूल करे। या फिर यह कहा जा सकता है कि फर्म की मर्जी है कि वह किस वित्तीय वर्ष का लाइसेन्स ले या फिर ना ले। यह दोनो ही स्थितियाॅं जिला पंचायत के लिए आर्थिक क्षति का मुख्य कारण बनी हैं। किसी भी कर अधिकारी, कार्य अधिकारी व अपर मुख्य अधिकारी द्वारा संस्था की क्षति को गम्भीरता से नही लिया गया है केवल अपना कार्य-काल पूरा किया गया है। सरकारों से प्राप्त होने वाले अनुदानों पर निर्भरता बढायी गयी है। संस्था अपने

अधिकतम ब्ययों को सरकारों से प्राप्त अनुदानों से पूरा कर रही है। संस्था अपनी मूल आय में लगातार गिरावट ला रही हैं। सारांश यह है कि संस्था के उत्तरदायी अधिकारी, संस्था की मूल आय की वसूली में बृद्वि के प्रति रूचि नही ले रहे अथवा उदासीन हैं। तथा इस प्रति संस्था में नियुक्त संचालक मंडल द्वारा भी कोई कार्यवाही व नीति निर्धारण नही किया गया है। स्थिति लगातार बदतर होती जा रही है।

लाइसेन्स रजिस्टरों की जांच से स्पष्ट है कि रजिस्टर में जो फर्में दर्शायी गयीं हैं उनकी संख्या वास्तविकता से बहुत कम हैं। फर्मों के नाम व उनकी संख्या छिपाकर लगातार संस्था को भारी आर्थिक क्षति पहुचाईं जा रही है और इस कृत में संस्था के उत्तरदायी अधिकारियों की सहभागिता से इन्कार नही किया जा सकता है। विवरण निम्न प्रकार है:--

1-विकास खण्ड- लोधा

क्र0 सं0	फर्म का प्रकार एवं लाइसेन्स शुल्क की दर	रजि0 में दर्ज सं0	अपेक्षित लाइसेन्स शुल्क	लाइसेन्स शुल्क वसूली	अन्तर
01	आटा चक्की- 1000/1500 प्रतिवर्ष	16	17000	16800	200
2	स्पेलर 1500/2000	0	0	0	0
3	पशु पैठ 15000	06	90000	34100	55900
4	मुशी पैठ 1500	0	0	0	0
5	हाट बाजार/पैठ 2500 व 4000 ,,	0	0	0	0
6	पेट्रौल पम्प 10000 ,,	14	140000	111100	28900
7	कोल्ड स्टोरेज 25000 ,,	5	125000	81000	44000
8	ईंट भट्टा 10000 ,,	14	140000	82100	57900
9	फैक्टरीज 5000 से लेकर 5 लाख तक	34	950000	851400	98600
10	तहबाजारी 500 से लेकर 10000 तक	60	90000	80250	9750
11	गैस एजेन्सीज5000 प्रति गोदाम,	15	75000	71100	3900
12	अंग्रेजी शराब की दुकान 5000 प्रति वर्ष		जो रजिस्टर में	दर्शायी ही	नही गयी हैं।

13	देशी शराब की दुकान 5000		जो रजिस्टर में	दर्शायी ही	नही गयी हैं।
14	वीयर की दुकान 3000		जो रजिस्टर में	दर्शायी ही	नही गयी हैं।
15	उक्त के अलावा अन्य मदों की फर्में जिन्हे रजिस्टर	में दर्शाया	ही नही गया है,	का विवरण	अज्ञात है।
		योग-			299150

<u>विकास खण्ड- खैर---</u>

क्र0 सं0	फर्म का प्रकार एवं लाइसेन्स शुल्क की दर	रजि0 में दर्ज सं0	अपेक्षितलाइसेन्सशुल्क	लाइसेन्स शुल्क वसूली	अन्तर
01	आटा चक्की- 1000/1500 प्रति वर्ष	432	42000	21500	20500
2	पशु पैठ 15000 ,,	02	30000	5500	24500
3	मुशी पैठ 1500 ,,	0	0	0	0
4	हाट बाजार/पैठ 2500 व 4000 ,,	0	0	0	0
5	पेट्रौल पम्प 10000 ,,	08	80000	73300	6700
6	कोल्ड स्टोरेज 25000 ,,	09	225000	100000	125000
7	ईंट भट्टा 1000 0 ,,	26	260000	97500	162500
9	फैक्टरीज 5000 से लेकर 5 लाख तक	03	55000	30000	25000
10	तहबाजारी 500 से लेकर 10000 तक	90	450000	34080	415920
11	गैस एजेन्सीज5000 प्रति गोदाम,		जो रजिस्टर में	दर्शायी ही	नही गयी हैं।
12	अंग्रेजी शराब की दुकान 5000 प्रति वर्ष		जो रजिस्टर में	दर्शायी ही	नही गयी हैं।
13	देशी शराब की दुकान 5000		जो रजिस्टर में	दर्शायी ही	नही गयी हैं।
14	वीयर की दुकान 3000		जो रजिस्टर में	दर्शायी ही	नही गयी हैं।

15	उक्त के अलावा अन्य मदों की फर्में जिन्हे रजिस्टर	01	5000	5000	--
		योग-			780120

विकास खण्ड-इगलास

क्र0 सं0	फर्म का प्रकार एवं लाइसेन्स शुल्क की दर	रजि0 में दर्ज सं0	अपेक्षित लाइसेन्स शुल्क	लाइसेन्स शुल्क वसूली	अन्तर
01	आटा चक्की- 1000/1500 प्रति वर्ष	01	1000	1000	0
2	पशु पैठ 15000 ,,	2	30000	16500	13500
3	मुशी पैठ 1500 ,,	0	0	0	0
4	हाट बाजार/पैठ 2500 व 4000 ,,	0	0	0	0
5	पेट्रौल पम्प 10000	01	10000	10300	0
6	कोल्ड स्टोरेज 25000	13	325000	351000	--
7	ईंट भट्टा 10000	37	370000	249500	120500
8	फैक्टरीज 5000 से लेकर 5 लाख तक	01	0	0	0
9	तहबाजारी 500 से लेकर 10000 तक	03	3600	2780	820
10	गैस एजेन्सीज5000 प्रति गोदाम,		जो रजिस्टर में	दर्शायी ही	नही गयी हैं।
11	शराब की दुकान 5000 प्रति वर्ष	02	10000	8000	2000
12	देशी शराब की दुकान 5000		जो रजिस्टर में	दर्शायी ही	नही गयी हैं।
14	वीयर की दुकान 3000		जो रजिस्टर में	दर्शायी ही	नही गयी हैं।
15	उक्त के अलावा अन्य मदों की फर्में जिन्हे रजिस्टर	में दर्शाया	ही नही गया है,	का विवरण	अज्ञात है।
		योग-			136820

विकास खण्ड-अतरौली

क्र0 सं0	फर्म का प्रकार एवं लाइसेन्स शुल्क की दर	रजि0 में दर्ज सं0	अपेक्षित लाइसेन्स शुल्क	लाइसेन्स शुल्क वसूली	अन्तर
01	आटा चक्की- 1000/1500 प्रति वर्ष	05	6000	5500	500
2	स्पेलर 1500/2000 ,,	0	0	0	0
3	पशु पैठ 15000 ,,	12	180000	83000	97000
4	मुशी पैठ 1500 ,,	0	0	0	0
5	हाट बाजार/पैठ 2500 व 4000 ,,	0	0	0	0
6	पेट्रौल पम्प 10000	03	30000	10000	20000
7	कोल्ड स्टोरेज 25000	01	25000	25000	0
8	ईंट भट्टा 10000	31	310000	230500	79500
9	फैक्टरीज 5000 से लेकर 5 लाख तक	03	505000	505000	0
10	तहबाजारी 500 से लेकर 10000 तक	33	42900	30190	12710
11	गैस एजेन्सीज5000 प्रति गोदाम,		जो रजिस्टर में	दर्शायी ही	नही गयी हैं।
12	अंग्रेजी शराब की दुकान 5000 प्रति वर्ष	01	5000	5000	0
13	देशी शराब की दुकान 5000		जो रजिस्टर में	दर्शायी ही	नही गयी हैं।
14	वीयर की दुकान 3000		जो रजिस्टर में	दर्शायी ही	नही गयी हैं।
15	आरा मशीन	04	36000	24600	11400
15	उक्त के अलावा अन्य मदों की फर्में जिन्हे रजिस्टर	में दर्शाया	ही नही गया है,	का विवरण	अज्ञात है।
		योग-			221110

<u>विकास खण्ड-धनीपुर</u>

क्र0	फर्म का प्रकार एवं लाइसेन्स	रजि0 में	अपेक्षित	लाइसेन्स शुल्क	अन्तर

सं0	शुल्क की दर	दर्ज सं0	लाइसेन्स शुल्क	वसूली	
01	आटा चक्की- 1000/1500 प्रति वर्ष	09	13500	6500	7000
2	स्पेलर 1500/2000 ,,	0	0	0	0
3	पशु पैठ 15000 ,,	08	120000	21000	99000
4	मुशी पैठ 1500 ,,	0	0	0	0
5	हाट बाजार/पैठ 2500 व 4000 ,,	0	0	0	0
6	पेट्रौल पम्प 10000 ,,	06	60000	40500	19500
7	कोल्ड स्टोरेज 25000 ,,	05	125000	0	125000
8	ईंट भट्टा 10000 ,,	35	350000	291500	58500
9	फैक्टरीज 5000 से लेकर 5 लाख तक	01	आंकडे अस्पष्ट	--	अस्पष्ट
10	तहबाजारी 500 से लेकर 10000 तक	26	130000	21710	108290
11	गैस एजेन्सीज5000 प्रति गोदाम,		जो रजिस्टर में	दर्शायी ही	नही गयी हैं।
12	अंग्रेजी शराब की दुकान 5000 प्रति वर्ष	02	10000	10000	0
13	देशी शराब की दुकान 5000		जो रजिस्टर में	दर्शायी ही	नही गयी हैं।
14	वीयर की दुकान 3000		जो रजिस्टर में	दर्शायी ही	नही गयी हैं।
15	उक्त के अलावा अन्य मदों की फर्में जिन्हे रजिस्टर	में दर्शाया	ही नही गया है,	का विवरण	अज्ञात है।
		योग-			417290

विकास खण्ड-गंगीरी

क्र0 सं0	फर्म का प्रकार एवं लाइसेन्स शुल्क की दर	रजि0 में दर्ज सं0	अपेक्षित लाइसेन्स शुल्क	लाइसेन्स शुल्क वसूली	अन्तर
01	आटा चक्की- 1000/1500 प्रति वर्ष	04	4000	2400	1600
2	स्पेलर 1500/2000 ,,	03	0	0	0
3	पशु पैठ 15000 ,,	08	22500	23700	0
4	मुशी पैठ 1500 ,,	03	4500	4500	0
5	हाट बाजार/पैठ 2500 व 4000 ,,	0	0	0	0
6	पेट्रौल पम्प 10000 ,,	03	30000	31600	0
7	कोल्ड स्टोरेज 25000 ,,	02	50000	55000	0
8	ईंट भट्टा 10000 ,,	74	740000	574500	165500
9	फैक्टरीज 5000 से लेकर 5 लाख तक	30	आंकडे अस्पष्ट	--	अस्पष्ट
10	तहबाजारी 500 से लेकर 10000 तक	21	25200	23570	1630
11	गैस एजेन्सीज5000 प्रति गोदाम,		जो रजिस्टर में	दर्शायी ही	नही गयी हैं।
12	अंग्रेजी शराब की दुकान 5000 प्रति वर्ष	01	5000	5000	0
13	देशी शराब की दुकान 5000		जो रजिस्टर में	दर्शायी ही	नही गयी हैं।
14	वीयर की दुकान 3000		जो रजिस्टर में	दर्शायी ही	नही गयी हैं।
15	उक्त के अलावा अन्य मदों की फर्में जिन्हे रजिस्टर	में दर्शाया	ही नही गया है,	का विवरण	अज्ञात है।
		योग-			168730

विकास खण्ड-चन्दौस

क्र0 सं0	फर्म का प्रकार एवं लाइसेन्स शुल्क की दर	रजि0 में दर्ज सं0	अपेक्षित लाइसेन्स शुल्क	लाइसेन्स शुल्क वसूली	अन्तर
01	आटा चक्की- 1000/1500 प्रति वर्ष	27	27000	11000	16000
2	स्पेलर 1500/2000 ,,	0	0	0	0
3	पशु पैठ 15000 ,,	02	30000	17600	12400
4	मुशी पैठ 1500 ,,	0	0	0	0
5	हाट बाजार/पैठ 2500 व 4000 ,,	0	0	0	0
6	पेट्रौल पम्प 10000 ,,	07	70000	31300	38700
7	कोल्ड स्टोरेज 25000 ,,	01	25000	25000	0
8	ईंट भट्टा 10000 ,,	34	340000	265000	75000
9	फैक्टरीज 5000 से लेकर 5 लाख तक	0	आंकडे अस्पष्ट	--	अस्पष्ट
10	तहबाजारी 500 से लेकर 10000 तक	6	30000	5750	24250
11	गैस एजेन्सीज5000 प्रति गोदाम,		जो रजिस्टर में	दर्शायी ही	नही गयी हैं।
12	आरा मशीन 6000	01	6000	6000	0
12	अंग्रेजी शराब की दुकान 5000 प्रति वर्ष		जो रजिस्टर में	दर्शायी ही	नही गयी हैं।
13	देशी शराब की दुकान 5000		जो रजिस्टर में	दर्शायी ही	नही गयी हैं।
14	वीयर की दुकान 3000		जो रजिस्टर में	दर्शायी ही	नही गयी हैं।
15	उक्त के अलावा अन्य मदों की फर्में जिन्हे रजिस्टर	में दर्शाया	ही नही गया है,	का विवरण	अज्ञात है।

		योग-			166350

विकास खण्ड-जवा

क्र0 सं0	फर्म का प्रकार एवं लाइसेन्स शुल्क की दर	रजि0 में दर्ज सं0	अपेक्षित लाइसेन्स शुल्क	लाइसेन्स शुल्क वसूली	अन्तर
01	आटा चक्की- 1000/1500 प्रति वर्ष	19	28500	22800	5700
2	स्पेलर 1500/2000 ,,	0	0	0	0
3	पशु पैठ 15000 ,,	08	120000	45100	74900
4	मुशी पैठ 1500 ,,	0	0	0	0
5	हाट बाजार/पैठ 2500 व 4000 ,,	0	0	0	0
6	पेट्रौल पम्प 10000 ,,	06	60000	15400	44600
7	कोल्ड स्टोरेज 25000 ,,	01	28000	28000	0
8	ईंट भट्टा 10000 ,,	26	260000	242000	18000
9	फैक्टरीज 5000 से लेकर 5 लाख तक	12	900000	828300	71700
10	तहबाजारी 500 से लेकर 10000 तक	45	225000	25080	199920
11	गैस एजेन्सीज5000 प्रति गोदाम,		जो रजिस्टर में	दर्शायी ही	नही गयी हैं।
12	अंग्रेजी शराब की दुकान 5000 प्रति वर्ष		जो रजिस्टर में	दर्शायी ही	नही गयी हैं।
13	देशी शराब की दुकान 5000		जो रजिस्टर में	दर्शायी ही	नही गयी हैं।
14	वीयर की दुकान 3000		जो रजिस्टर में	दर्शायी ही	नही गयी हैं।
15	लाज	04	20000	20000	0
15	आरा मशीन	01	6000	6000	0
		योग-			414820

विकास खण्ड-गोण्डा

क्र0 सं0	फर्म का प्रकार एवं लाइसेन्स शुल्क की दर	रजि0 में दर्ज सं0	अपेक्षित लाइसेन्स शुल्क	लाइसेन्स शुल्क वसूली	अन्तर
01	आटा चक्की- 1000/1500 प्रति वर्ष	09	11000	10300	700
2	स्पेलर 1500/2000 ,,	0	0	0	0
3	पशु पैठ 15000 ,,	02	30000	5500	24500
4	मुशी पैठ 1500 ,,	0	0	0	0
5	हाट बाजार/पैठ 2500 व 4000 ,,	0	0	0	0
6	पेट्रौल पम्प 10000	04	40000	41800	0
7	कोल्ड स्टोरेज 25000	05	125000	128000	0
8	ईंट भट्टा 10000	25	250000	208400	41600
9	फैक्टरीज 5000 से लेकर 5 लाख तक	30	आंकडे अस्पष्ट	--	अस्पष्ट
10	तहबाजारी 500 से लेकर 10000 तक	40	60000	43390	16610
11	गैस एजेन्सीज 5000 प्रति गोदाम,	--	जो रजिस्टर में	दर्शायी ही	नही गयी हैं।
12	अंग्रेजी शराब की दुकान 5000 प्रति वर्ष		जो रजिस्टर में	दर्शायी ही	नही गयी हैं।
13	देशी शराब की दुकान 5000		जो रजिस्टर में	दर्शायी ही	नही गयी हैं।
14	वीयर की दुकान 3000		जो रजिस्टर में	दर्शायी ही	नही गयी हैं।
15	उक्त के अलावा अन्य मदों की फर्में जिन्हे रजिस्टर	में दर्शाया	ही नही गया है,	का विवरण	अज्ञात है।
		योग-			83410

विकास खण्ड-बिजौली

क्र0 सं0	फर्म का प्रकार एवं लाइसेन्स शुल्क की दर	रजि0 में दर्ज सं0	अपेक्षित लाइसेन्स शुल्क	लाइसेन्स शुल्क वसूली	अन्तर
01	आटा चक्की- 1000/1500 प्रति वर्ष	05	5000	5500	0
2	स्पेलर 1500/2000 ,,	0	0	0	0
3	पशु पैठ 15000 ,,	04	60000	25000	35000
4	मुशी पैठ 1500 ,,	0	0	0	0
5	हाट बाजार/पैठ 2500 व 4000 ,,	0	0	0	0
6	पेट्रौल पम्प 10000 ,	06	60000	53000	7000
7	कोल्ड स्टोरेज 25000	0	0	0	0
8	ईंट भट्टा 10000	19	190000	94500	95500
9	फैक्टरीज 5000 से लेकर 5 लाख तक	30	आंकडे अस्पष्ट	--	अस्पष्ट
10	तहबाजारी 500 से लेकर 10000 तक	42	50400	35280	15120
11	आरा मशीन	01	6000	6000	0
12	अंग्रेजी शराब की दुकान 5000 प्रति वर्ष		जो रजिस्टर में	दर्शायी ही	नही गयी हैं।
13	देशी शराब की दुकान 5000		जो रजिस्टर में	दर्शायी ही	नही गयी हैं।
14	वीयर की दुकान 3000		जो रजिस्टर में	दर्शायी ही	नही गयी हैं।
15	उक्त के अलावा अन्य मदों की फर्में जिन्हे रजिस्टर	में दर्शाया	ही नही गया है,	का विवरण	अज्ञात है।
		योग-			152620

विकास खण्ड-टप्पल

क्र0	फर्म का प्रकार एवं लाइसेन्स	रजि0 में	अपेक्षित	लाइसेन्स शुल्क	अन्तर

सं0	शुल्क की दर	दर्ज सं0	लाइसेन्स शुल्क	वसूली	
01	आटा चक्की- 1000/1500 प्रति वर्ष	24	24000	5000	19000
2	स्पेलर 1500/2000 ,,	0	0	0	0
3	पशु पैठ 15000 ,,	0	0	0	0
4	मुशी पैठ 1500 ,,	0	0	0	0
5	हाट बाजार/पैठ 2500 व 4000 ,,	0	0	0	0
6	पेट्रौल पम्प 10000	06	60000	42000	18000
7	कोल्ड स्टोरेज 25000	01	25000	25000	0
8	ईंट भट्टा 10000 ,	76	760000	444600	315400
9	फैक्टरीज 5000 से लेकर 5 लाख तक	17 दर्शित हैं।	आंकडे अस्पष्ट	मात्र 5 से वसूली हुई है।	अस्पष्ट
10	तहबाजारी 500 से लेकर 10000 तक	05	10000	2950	7050
11	गैस एजेन्सीज5000 प्रति गोदाम,		जो रजिस्टर में	दर्शायी ही	नही गयी हैं।
12	अंग्रेजी शराब की दुकान 5000 प्रति वर्ष		जो रजिस्टर में	दर्शायी ही	नही गयी हैं।
13	देशी शराब की दुकान 5000		जो रजिस्टर में	दर्शायी ही	नही गयी हैं।
14	वीयर की दुकान 3000		जो रजिस्टर में	दर्शायी ही	नही गयी हैं।
15	उक्त के अलावा अन्य मदों की फर्में जिन्हे रजिस्टर	में दर्शाया	ही नही गया है,	का विवरण	अज्ञात है।
		योग-			359450

<u>विकास खण्ड-अकराबाद</u>

क्र0 सं0	फर्म का प्रकार एवं लाइसेन्स शुल्क की दर	रजि0 में दर्ज सं0	अपेक्षित लाइसेन्स शुल्क	लाइसेन्स शुल्क वसूली	अन्तर
01	आटा चक्की- 1000/1500	02	3000	1500	1500

	प्रति वर्ष				
2	स्पेलर 1500/2000 ,,	0	0	0	0
3	पशु पैठ 15000 ,,	04	60000	39600	20400
4	मुशी पैठ 1500 ,,	0	0	0	0
5	हाट बाजार/पैठ 2500 व 4000 ,,	0	0	0	0
6	पेट्रौल पम्प 10000 ,	04	40000	31100	8900
7	कोल्ड स्टोरेज 25000	01	25000	25000	0
8	ईंट भट्टा 10000	94	94000	793800	146200
9	फैक्टरीज 5000 से लेकर 5 लाख तक	0	आंकडे अस्पष्ट	--	अस्पष्ट
10	तहबाजारी 500 से लेकर 10000 तक	28	33600	28800	4800
11	गैस एजेन्सीज5000 प्रति गोदाम,		जो रजिस्टर में	दर्शायी ही	नही गयी हैं।
12	अंग्रेजी शराब की दुकान 5000 प्रति वर्ष		जो रजिस्टर में	दर्शायी ही	नही गयी हैं।
13	देशी शराब की दुकान 5000		जो रजिस्टर में	दर्शायी ही	नही गयी हैं।
14	वीयर की दुकान 3000		जो रजिस्टर में	दर्शायी ही	नही गयी हैं।
15	उक्त के अलावा अन्य मदों की फर्में जिन्हे रजिस्टर	में दर्शाया	ही नही गया है,	का विवरण	अज्ञात है।
		योग-			181800

उक्त विवरण/आंकडों से स्पष्ट है किजिला पंचायत के लाइसेन्स रजिस्टरों में जिन फर्मों/संस्थाओं को दर्शाया गया है उनमें से अधिकांशतः की लाइसेन्स शुल्क वसूली नही की जा सकी है। जिससे संस्था को रु 3145640-00 की क्षति हुई है। जिसके लिए तत्कालीन सम्बन्धित क्षेत्र के कर निरीक्षक, कर अधिकारी, कार्य अधिकारी व तत्कालीन अपर मुख्य अधिकारी दोषी व उत्तरदायी हैं

आपत्ति संख्या-15

प्रस्तर -40-लाइसेन्स रजिस्टरों में दर्शित फर्मों की संख्या वास्तविक संख्या से बहुत कम है बहुत सारी फर्मों को रजिस्टर में दर्शाया ही नही गया है। उदाहरण के तौर पर कुछ प्रमुख तरह की फर्मों की वास्तविक स्थिति निम्न प्रकार है।

1-कोल्ड स्टोरेज/शीत ग्रह- उक्त विवरण के अनुसार कुल 12 विकास खण्डों में से 04 विकास खण्डों में कोल्ड स्टोरेज की संख्या शून्य दर्शायी गयी है शेष 8 विकास खण्डों में कुल 54 कोल्ड स्टोरेज दर्शाये गये हैं। जिला उघान विभाग अलीगढ़ से प्राप्त सूची के अनुसार वर्ष 2017 में नवीनीकृत निजी शीत गृहों की संख्या 95 है। इस प्रकार स्पष्ट है कि 41 शीतगृहों को तों रजिस्टर में दर्शाया ही नही गया है। और ऐसा विगत कई वर्षों से हो रहा है। केवल एक वर्ष के आंकडों के आधार पर 41 शीतगृहों का लाइसेन्स शुल्क रु 25000.00 प्रति शीतगृह की दर से रु 10,25,000.00 होता है। इसके अलावा उक्त विवरण में दर्शित कुल 53 कोल्ड स्टोरेज में से 39 से ही शुल्क वसूला गया है। इस प्रकार 14 शीतगृहों से शुल्क वसूला नही गया है। इस प्रकार केवल कोल्ड स्टोरेज/शीतगृहों को रजिस्टर में दर्ज न कर कुल रु 10,25,000.00 की क्षति एक वर्ष में हुई है।

2-पेट्रोल पम्प- उक्त विवरण के अनुसार कुल 12 विकास खण्डों में कुल 71 पेट्रोल पम्प दर्शाये गये हैं। जिला आपूर्ति विभाग अलीगढ़ से प्राप्त सूची के अनुसार कुल पेट्रोल पम्पों की संख्या 157 है जिसमें से शहरी क्षेत्र में 22 पम्प हैं। इस प्रकार जनपद अलीगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में 135 पेट्रोल पम्प थे जबकि उक्त विवरण के अनुसार रजिस्टरों में कुल 68 पम्प ही दर्शित हैं। इस तरह स्पष्ट है कि 64 पेट्रोल पम्पों को तों रजिस्टर में दर्शाया ही नही गया है। और ऐसा विगत कई वर्षों से हो रहा है। केवल एक वर्ष के आंकडों के आधार पर 64 पेट्रोल पम्पों का लाइसेन्स शुल्क रु 10000.00 प्रति पेट्रोल पम्प की दर से रु 6,40,000.00 होता है। इसके अलावा उक्त विवरण में दर्शित कुल 71 पेट्रोल पम्पों में से 51 से ही शुल्क वसूला गया है। इस प्रकार 20 पेट्रोल पम्पों से शुल्क वसूला नही गया है0 । इस प्रकार केवल पेट्रोल पम्पों को रजि0 में न दर्शाकर कुल रु 6,40,000.00 की क्षति एक वर्ष में हुई है।

3-गैस एजेन्सी/गोदाम- उक्त विवरण के अनुसार कुल12 विकास खण्डों में से किसी भी विकास खण्ड में गैस एजेन्सी/गोदाम के मद का उल्लेख नही किया गया है अर्थात गैस गोदाम, लाइसेन्स रजिस्टर में दर्शाये ही नही गये हैं। जबकि जिला आपूर्ति विभाग अलीगढ़ से प्राप्त सूची के अनुसार कुल गैस एजेन्सियों/गोदामों की संख्या 42 है जिसमें से शहरी क्षेत्र में 18 गैस एजेन्सी हैं। इस प्रकार जनपद अलीगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में 24 गैस एजेन्सी थीं जबकि उक्त विवरण के अनुसार लाइसेन्स रजिस्टरों में कोई गैस एजेन्सी दर्शित नही हैं। और ऐसा विगत कई वर्षों से हो रहा है। केवल एक वर्ष के आंकडों के आधार पर 24 गैस एजेन्सियों का लाइसेन्स शुल्क रु 5000.00 प्रति गैस एजेन्सी की दर से रु 1,20,000.00 होता है। इस प्रकार केवल गैस एजेन्सी/गोदाम के मद में कुल रु 1,20,000.00 की क्षति एक वर्ष में हुई है।

4-देशी शराब की दुकान- उक्त विवरण के अनुसार कुल 12 विकास खण्डों में से किसी भी विकास खण्ड में देशी शराब की दुकान का उल्लेख नही किया गया है अर्थात देशी शराब की दुकान, लाइसेन्स रजिस्टर में दर्शाया ही नही गया है। कुछ विकास खण्डों में तहबाजारी में एक या दो देशी शराब की दुकानों का लाइसेन्स शुल्क वसूलना दर्शाया गया है कुल 05 देशी शराब की दुकानों की लाइसेन्स शुल्क की वसूली की गयी है। जबकि जिला आबकारी अधिकारी अलीगढ़ से प्राप्त सूची के अनुसार कुल देशी शराब की दुकानों की संख्या 194 है जिसमें से शहरी क्षेत्र में 44 दुकाने हैं। इस प्रकार जनपद अलीगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में कुल150 देशी शराब की दुकानें थीं जबकि उक्त विवरण के अनुसार लाइसेन्स रजिस्टरों में देशी शराब की दुकानें दर्शित नही हैं। और ऐसा विगत वर्षों से हो रहा है। केवल एक वर्ष के आंकडों के आधार पर 150-05 देशी शराब की दुकानों का लाइसेन्स शुल्क रु

5000 प्रति दुकान की दर से रु 7,25,000.00 होता है। इस प्रकार देशी शराब की दुकान के मद में कुल रु 7,25,000.00 की क्षति एक वर्ष में हुई है।

5-अंग्रेजी शराब की दुकान- उक्त विवरण के अनुसार कुल 12 विकास खण्डों में से किसी भी विकास खण्ड में अंगेजी शराब की दुकान का उल्लेख नही किया गया है अर्थात अंग्रेजी शराब की दुकान, लाइसेन्स रजिस्टर में दर्शाया ही नही गया है। कुछ विकास खण्डों में तहबाजारी में एक या दो अंग्रेजी शराब की दुकानों का लाइसेन्स शुल्क वसूलना दर्शाया गया है कुल 04 अंग्रेजी शराब की दुकानों की लाइसेन्स शुल्क की वसूली की गयी है। जबकि जिला आबकारी अधिकारी अलीगढ़ से प्राप्त सूची के अनुसार कुल अंग्रेजी शराब की दुकानों की संख्या 102 हैं जिसमें से शहरी क्षेत्र में 42 दुकाने हैं। इस प्रकार जनपद अलीगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 60 अंग्रेजी शराब की दुकानें थीं जबकि उक्त विवरण के अनुसार लाइसेन्स रजिस्टरों में अंग्रेजी शराब की दुकानें दर्शित नही हैं। और ऐसा विगत कई वर्षों से हो रहा है। केवल एक वर्ष के आंकडों के आधार पर 60-04 अंग्रेजी शराब की दुकानों का लाइसेन्स शुल्क रु 5000 प्रति दुकान की दर से रु 2,80,000.00 होता है। इस प्रकार केवल अंग्रेजी शराब की दुकान के मद में कुल रु 2,80,000.00 की क्षति एक वर्ष में हुई है।

6-वियर की दुकान- उक्त विवरण के अनुसार कुल 12 विकास खण्डों में से किसी भी विकास खण्ड में वियर की दुकान का उल्लेख नही किया गया है अर्थात वियर की दुकान, लाइसेन्स रजिस्टर में दर्शायी ही नही गयी है। कुछ विकास खण्डों में तहबाजारी में एक या दो वियर की दुकान का लाइसेन्स शुल्क वसूलना दर्शाया गया है कुल 02 वियर की दुकानों की लाइसेन्स शुल्क की वसूली की गयी है। जबकि जिला आबकारी अधिकारी अलीगढ़ से प्राप्त सूची के अनुसार कुल वियर की दुकानों की संख्या 105 है जिसमें से शहरी क्षेत्र में 50 दुकाने हैं। इस प्रकार जनपद अलीगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 55 वियर की दुकानें थीं जबकि उक्त विवरण के अनुसार लाइसेन्स रजिस्टरों में वियर की दुकानें दर्शित नही हैं। और ऐसा विगत कई वर्षों से हो रहा है। केवल एक वर्ष के आंकडों के आधार पर 105-50 =55-2 =53वियर की दुकानों का लाइसेन्स शुल्क रु 3000 प्रति दुकान की दर से रु 1,59,000.00 होता है। इस प्रकार केवल वियर की दुकान के मद में कुल रु 1,59,000.00 की क्षति एक वर्ष में हुई है।

इस प्रकार उक्त क्रमांक 01 से 06 तक में कुल 29,49,000.00 की क्षति जिला पंचायत को हुई है। जिसके लिए तत्कालीन सम्बन्धित क्षेत्र के कर निरीक्षक, कर अधिकारी, कार्य अधिकारी व तत्कालीन अपर मुख्य अधिकारी दोषी व उत्तरदायी हैं। तालिका-5 में विवरण प्रस्तुत है।

<u>तालिका -8 (लाइसेन्स शुल्क के सम्बन्ध में)</u>

लाइसेन्स शुल्क हेतु वास्तविक रूप से कार्यरत प्रतिष्ठानों को लाइसेन्स रजिस्टर में अंकित न कर शुल्क की क्षति का प्रकरण:--

क्र0 सं0	प्रतिष्ठान का प्रकार	लाइसेंस रजिस्टर के अनुसार कुल संख्या	सक्षम प्राधिकारी के अनुसार संख्या	वास्तविक अन्तर	अन्तरके आधार पर आगणित लाइसेंस शुल्क कीकुल धनराशि	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5	6	7
1	कोल्ड स्टोरेज/शीत ग्रह	54	जिला उघान विभाग 95	41	1025000	
2	पेट्रोल पम्प	71	जिला आपूर्ति	64	640000	

			विभाग 135			
3	गैस एजेन्सी/गोदाम	शून्य	जिला आपूर्ति विभाग 24	24	120000	
4	देसी शराब की दुकान	दर्शित नही, वसूली 05 से की गई।	जिला आबकारी विभाग-150	145	725000	
5	अंग्रेजी शराब की दुकान	दर्शित नही, वसूली 04 से की गई।	जिला आबकारी विभाग-60	56	280000	
6	बीयर की दुकान	दर्शित नही, वसूली 02 से की गई।	जिला आबकारी विभाग- 55	53	1.59,000	
7	सकल योग-				29,49,000	

आपत्ति संख्या-16

प्रस्तर -41-वर्ष 2021-22 में राज्य वित्त आयोग से जनपद के सभी 12 विकास खण्डों में एलईडी लाइटें लगाये जाने हेतु जेम पोर्टल पर निविदा प्रक्रिया सम्पन्न की गई | इसमें ठेकेदार को लाइटों की आपूर्ति एवं स्थापना का कार्य करना था | इस निविदा की प्राक्क्लन धनराशि रु०80817688-00 की तथा मै० आर० के० एंटरप्राइज की निविदा (मूल्य रु०80799000) स्वीकृत हुई | आपूर्ति के विरुद्ध टेकेदार को दिनांक- 31.01.2022 रु०61887075-00 का भुगतान कर दिया गया दिनांक- 07.01.2022 को कार्यादेश जरी हुआ था एवम इसी दिनांक से लाइट की आपूर्ति भी प्रारंभ कर दी गयी | स्टॉक रजिस्टर के आवलोकन से यह ज्ञात हुआ की इन तिथियों में (दिनांक - 07.01.2022 से 27.01.2022 तक) आपूर्ति की गयी उसी दिन इन तिथियों में यह लाइटें ठेकेदार को स्थापना हेतु निर्गत कर दी गयी | यह प्रक्रिया अनियमित रहा | पहले निर्गत लाइटों की स्थापना के बाद ही आगला लोट निर्गमित करना था, परन्तु दिनांक- 27.01.2022 तक समस्त आपूर्ति था आपूर्ति की तिथि से ही समस्त निर्गमन कर दिनांक- 31.01.2022 को इसका समस्त आपूर्ति का भुगतान कर दिया गया | यह स्थिति गंभीर रूप से आपत्तिजनक रही परिणाम स्वरूप दिनांक- 31.01.2022 के पश्चात् आपनी समस्त आपूर्ति का भुगतान एवं आपूर्ति की गई समस्त सामग्री ठेकेदार के पास ही पहुँच गई | निविदा की शर्त के अनुसार आपूर्ति एवं स्थापना का कार्य दिनांक- 06.04.2022 तक कराया जाना था | परन्तु यह कार्य लगभग 19 माह व्यतीत हो जाने के बाद भी अधतन (लेखा परीक्षा की तिथि 07.11.2023 तक) नहीं कराया गया है | कार्य कराये जाने हेतु समय की सीमा समाप्त होने के पश्चात् संस्था द्वारा चार नोटिस क्रमशः 124 / 21.04.2022 , 1694 /24.03.2023,268/25.05.2023 एवं 663/ 18.07.2023 भी निर्गत किये गये, जिसमें जमानत धनराशि जप्त किये जाने ठेका निरस्त कार्य अन्य एजेंसी से कराया तथा उसमें होने वाले आतिथि व्यय को इनके देयकों या चल अचल सम्पति से वसूल करना एवम फर्म को ब्लैकलिस्टेड किये जाने आदि का उल्लेख है परन्तु इस सम्बन्ध में कोई निर्णय नहीं लिया गया इस पुरी निविदा प्रक्रिया एवम आपूर्ति के भुगतान के सम्बन्ध में लेखा परीक्षा में निम्न आपत्तियों दृष्टिगोचर हुई |

1-उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत निर्माण कार्य नियमावली 1984 के ठेका की शर्तें के खण्ड-5 एवम खण्ड- 2 का (भुगतान से कटौती) के अनुसार प्रव्कलन की धनराशि का 10 प्रतिशत

विलंभ शुल्क काटना था जो नहीं काटा गया | यह संस्था का राजस्व है इसे काटकर (रु० 8081769) संस्था का राजस्व वसूल किया जाना अपेक्षित है |

क -2% धरोहर धनराशि को समिलित करते हुए कुल 10% जमानत धनराशि जमा किये जाने के पश्चात् ही निम्विदा स्वीकृत की जानी थी परन्तु (उ०प्र० क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत निर्माण नियमावली 1984 के अध्याय 2 के नियम संख्या-23) यहाँ मात्र 5.46% जमानत धनराशि (2% धरोहर धनराशि सहित) जमा किये जाने पर ही निविदा स्वीकृत कर ली गई जो अनियमित था |

ख-निविदा की विज्ञप्ति एवम इसके जमा किये जाने के मध्य तीन सप्ताह (21 दिन) का समय दिया जाना था | परन्तु मात्र 10 दिन ही दिए गये जो अनियमित था |

निविदा के साथ संलग्न शर्तों में से अधिकांश शर्तों की पूर्ति हेतु आवश्यक प्रपत्र (जैसे शर्त 4 ,8 ,21 ,27 ,28 ,29,30,31,33 आदि) पत्रावली में संलग्न नहीं थे |

अतः उपरोक्त आपत्तियों के दृष्टिगत लेखा परीक्षा के निम्न निष्कर्ष रहे -

(1). लगभग 19 महीने तक शासकीय अनुदान से हुए भुगतान की धनराशि **रु० 61887075-00** एवं आपूर्ति सामग्री भी ठेकेदार के पास रहना वित्तीय औचित्य के सिधान्त का गंभीर उल्लंघन है | 19 महीने तक बीना कार्य के इस धनराशि का स्टेटस अपहरण की श्रेणी में है | अतः यह धनराशि ठेकेदार से ब्याज सहित आविलम्भ वसूल की जानी आपेक्षित है | अन्यथा की स्थिति में यह जिम्मेदारी अपर मुख्य अधिकारी एवं वित्तीय परामर्श दाता की होगी |

(2) 10% विलंभ शुल्क की कटौती अविलिम्भ की जानी अपेक्षित है |

(3) आपूर्ति वापस किये जाने की स्थिति में लाइटों की गारंटी/वारंटी स्थापना के दिन से 2 सवर्ष आगे के लिए प्राप्त की जानी अपेक्षित है | क्यूंकि जनवरी 2022 की पुरानी आपूर्ति की गारंटी जनवरी2024 समाप्त हो जाएगी आपत्ति का अविलंब परिपालन किया जाना अपेक्षित है |

आपत्ति संख्या-17

प्रस्तर -42- आलोच्य वर्ष में 15वें वित्त आयोग की टाइड ग्रांट से जो कार्य कराये गये है उसकी 2 सूचियाँ निम्नवत है :-

क्र०सं०	कार्य का नाम	व्यय की धनराशि
1	गाँव पिठौल से स्व०विजय पाल सिंह के प्लाट से रोड के किनारे होते हुए तालाब तक नाली निर्माण कार्य	925800
2	गाँव दताचौली भुजुर्ग में बाईपास रोड पर हामिद जर्राह दवाखान होते हुए तालाब तक नाली निर्माण कार्य	826800
3	गाँव जवां में पुलिया से मुख्य मार्ग होकर तालाब तक नाली निर्माण कार्य	5640000
4	गाँव राईट में नौसेखान के घेर से तालाब तक नाली निर्माण कार्य	1099164
5	गाँव मोरथल में लल्लो के घर से तालाब तक नाली निर्माण कार्य	536000
	कुल धनराशि	9027764

उपरोक्त 05 कर्यो में तालाब तक नाली निर्माण कार्य कराये गये हैं परन्तु 15वें वित्त आयोग के मार्ग दर्शन सिधान्तों के अनुसार अनुलग्नक-3सी में उल्लेखित (ब्लॉक और जिला स्तर पर संबंधित कार्य/गतिविधियों की सांकेतिक सूची) कार्य के शीर्षक "तरल अपशिष्ट प्रबंधन

के कार्य गांव के एक समूह से सामान्य उपचार इकाई तक अपशिष्ट के परिवहन के लिए जल निकासी व्यवस्था, जहां गांव के बीच की दूरी बहुत अधिक नहीं है और सामान्य उपचार सुविधा ही एकमात्र व्यवहार्य समाधान है"के अंतर्गत मानी जा सकती है परन्तु यहाँ निम्न आपातियाँ पाई गयी - 1 यहाँ गाँव समूह की शर्त पुरी नहीं हो रही है जल उपचार प्रक्रिया में स्थिरीकरण / ऑक्सीकरण तालाब माने जाते है जो इस प्रकार के होते हैं उनकी विशिष्ट डिजायन, लम्बाई, चौड़ाई एवम गहराई, क्षमता आदि अलग अलग होती है | लेखा परीक्षा में तालाबों की सूचि (जियोटैगिंग) में तथा अनुपलब्ध रहने से यह ज्ञात ना हो सका की क्या वास्तव में यह तालाब जल उपचार इकाई का कर रहें है

अतः **<u>गाँव के समूह की शर्त</u>** एवं इन तालाबों की सूचि एवं उपर उल्लेखित तथ्यों की अनुपलब्धता के कारण इस अनुदान के समुचित उपयोग की पुष्टि ना हो सकी | अतः इन तथ्यों की उपलब्धता कराए जाने तक पुष्टि के आभाव में ये सभी कार्य अनियमित रहे | अविलम्भ परिपालन किया जाना अपेक्षित है |

क्र०सं०	कार्य का नाम	व्यय की धनराशि
1	गाँव दताचौली खुर्द में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज के सामने ग्राम समाज की भूमि / गड्ढा तक नाली निर्माण कार्य	1424000
2	बरौली के माजरा नगला बाग़ से खारिजा नाला तक नाली निर्माण कार्य	916640
3	गाँव जवां में सत्यवीर के मकान से बूढ़े बाबा की पुलिया तक नाली निर्माण कार्य	1690849
4	पडकी ट्रांसफार्मर से नाले तक नाली निर्माण कार्य	789500
5	तलासपुर सी०सी से रामघाट रोड तक दोनों तरफ तक नाली निर्माण कार्य	1625300
6	तलासपुर मार्ग से रामघाट रोड मार्ग के नाले तक नाली निर्माण कार्य	1090000
7	खुशाली राम के माकन से कासिमपुर माइनर तक गाँव जरौठी में नाली निर्माण कार्य	971250
	कुल धनराशि	8507539

इन समस्त कार्यों के ग्राम समाज की भूमि / माइनर नाला, पुलिया या रोड के दोनों तरफ नाली (रामघाट रोड तक) आदि वाटर ट्रीटमेंट यूनिट नहीं है | साथ ही यहाँ भी **<u>गाँव के समूह</u>** की शर्त भी नहीं लागू है | अतः धनराशि **<u>रु०8507539-00</u>** के ये कार्य दुरूपयोग की श्रेणी में है |

कार्यालय माइनर तक नाली बनाना के सम्बन्ध में इस ग्रांट के मैन्युअल (15वें वित्त आयोग) के बिंदु 5.2 में स्पष्ट उल्लेख है कि <u>"ग्राम पंचायत को ग्रे वाटर के उपचार, पुनः उपयोग पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अनुपचारित ग्रे वाटर को जल निकायों या नदियों में नहीं छोड़ा जाए।</u> साथ ही इस मैन्युअल के बिंदु 5.1 के अनुसार "निर्धारित अनुदान का उपयोग क.) पेयजल आपूर्ति, वर्षा जल संचयन और जल पुनर्चक्रण; और ख.) स्वच्छता, खुले में शौच से मुक्ति की स्थिति बनाए रखने, और"----- के लिए किया जा सकता है। आरएलबी, जहाँ तक संभव हो, इन दोनों महत्वपूर्ण सेवाओं में से प्रत्येक के लिए निर्धारित अनुदान का आधा-आधा हिस्सा निर्धारित करेंगे। हालाँकि, यदि किसी आरएलबी ने एक श्रेणी के अंतर्गत आवश्यकता को

पूरी तरह से पूरा कर लिया है और उसे उस उद्देश्य के लिए धन की आवश्यकता नहीं है, तो वह दूसरी श्रेणी के लिए धन का उपयोग कर सकता है। उदाहरण के लिए, यदि किसी स्थानीय निकाय ने अपने अधिकार क्षेत्र के प्रत्येक घर को पेयजल आपूर्ति प्रदान की है, तो वह स्वच्छता के लिए धन का उपयोग कर सकता है और इसके विपरीत। संबंधित ग्राम सभा/ग्राम सभा इसकी पुष्टि करेगी, और पंचायत या राज्य सरकार के पर्यवेक्षी प्राधिकारी द्वारा इसकी विधिवत पुष्टि की जाएगी। परन्तु यहाँ बिना ऐसे किसी प्रमाण पत्र के ही 100% कार्य नाली निर्माण के कराये गये हैं, दोनों कार्य 50-50 प्रतिशत नहीं, उपरोक्त उल्लेखित इन्ही आपत्तियों के कारण सूचि (a) की धनराशि रु० 9027764-00 के कार्य अनियमित एवं सूचि (B) की धनराशि रु० 8507539-00 के कार्य दुरूपयोग की श्रेणी के है | इसके लिए संस्था की कार्यवाही में उपस्थित सदस्य, अपर मुख्य अधिकारी अभियंता एवं वित्तीय परामर्शदाता जिम्मेदार है | इस सम्बन्ध में इनके विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही एवं इस आपति का अविलम्भ परिपालन किया जाना अपेक्षित आपत्ति संख्या-18

जनपद:- एटा मण्डल -अलीगढ़

वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2021-2022 :- जिला पंचायत एटा

1- संस्था का नाम – जिला पंचायत, एटा जनपद – एटा मण्डल – अलीगढ़

आपत्तियों का विस्तरित विवरण है।

1. जिला पंचायत- एटा **2**.लेखा परीक्षा वर्ष- 2021-22 **3**. जिला - एटा

प्रस्तर 1**- भट्टों से लाइसेन्स शुल्क न वसूल कर संस्था को हानि पंहुचाना**

वित्तीय वर्ष 2021-22 में जिला पंचायत के अभिलेखों के अनुसार **1**28 भट्टे संचालित थे। जिनमें से 15 भट्टों से लाइसेंस शुल्क वसूल नही किया जा सका। विवरण निम्न प्रकार हैं-

क्र0सं0	ईंट भट्टे का नाम	विकास खण्ड	बकाया वसूली का वर्ष	वकाया धनराषि
1.	मै0 माधों सिंह ईंट उद्योग गढी बरौली	शीतलपुर	2020-21 एवं 2021-22	8100.00
2.	मै0 घिरामई ब्रिक वर्क घिरामई	मारहरा	2021-22 से	4050.00
3.	मै0 गंगाश्री ईंट भट्टा ,त्रलोकपुर	मारहरा	2020-21 एवं 2021-22	8100.00
4.	मै0 माँ अम्बे ईट भट्टा ,मझराऊ	निधौंली कलां	2021-22 से	4050.00
5.	मै0 ओम ईट भट्टा , किशनपुर जावड़ा	निधौंली कलां	2020-21 एवं 2021-22	8100.00
6.	मै0 माँ गायत्री ईट भट्टा , मझराऊ	निधौंली कलां	2021-22 से	4050.00
7.	मै0 अलका ईट उद्योग भदवास	निधौंली कलां	2020-21 एवं 2021-22	8100.00
8.	मै0 जय माँ शेरावाली ईट उद्योग, लालपुर होर्ची	निधौंली कलां	2020-21 एवं 2021-22	8100.00
9.	मै0 एस0के0 ब्रिक फील्ड न0 पुड़ियार	निधौंली कलां	2020-21 एवं 2021-22	8100.00
10.	मै0 सत्यमेव ब्रिक फील्ड सिकरारी	अवागढ़	2021-22 से	4050.00

	लालपुर			
11.	मै0 जय शिव ब्रीक फील्ड बराभौड़ेला अवागढ़	अवागढ़	2021-22 से	4050.00
12.	मै0 ठा0 केशव देव ईट भट्टा अम्बरपुर सकरा	अवागढ़	2020-21 एवं 2021-22	8100.00
13.	मै0 जय शिव ईट भट्टा मोरचा अंगरईया	अलीगंज	2021-22 से	4050.00
14.	मै0 श्री साईराम ईट भट्टा नगला गजपति	अलीगंज	2020-21 एवं 2021-22	8100.00
15.	मै**0** एस0 पी0 एस0 ब्रिक फील्ड ,तरगवाँ	जैथरा	2021-22 से	4050.00
	योग			**93150.00**

उपर्युक्त 15 भट्टों से लाइसेंस शुल्क की वसूली न हो पाने के कारण जिला पंचायत को रू**0** 93150**.00** की आर्थिक क्षति हुई है। शासन द्वारा निर्धारित उपविधियॉ तथा उ**0**प्र**0**क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायत अधिनियम **1961** यथा संशोधित **1994** की धारा **242(2)** के अन्तर्गत आयुक्त आगरा, मण्डल आगरा द्वारा प्रकाशित विज्ञप्ति संख्या- **4210**/इक्कीस-**77(4)75-76** दिनांक-**18** जून **2014 (**सरकारी गजट उ**0**प्र**0** प्रकाशन तिथि **31**मार्च **2014)** के अन्तर्गत वार्षिक शुल्क प्रतिभट्टा रू**0** 4**050.00** तथा संशोधित अर्थदण्ड समय के अन्तर्गत लाइसेंस फीस जमा न करने के कारण **1000.00** वर्षिक की दर से सम्बन्धित भट्टा मालिकों से वसूल किया जाना अपेक्षित है। यदि ऐसा उल्लघंन जारी रहे तो उ**0**प्र**0**क्षेत्र पंचातय एंव जिला पंचायत अधिनियम **1961** तथा संशोधित **1984** की धारा **240** के अधीन अतिरिक्त अर्थदण्ड दिया जा सकेगा जो **50.00** रू**0** प्रतिदिन होगा और अर्थदण्ड का भुगतान न किया जाए तो कारावास का दण्ड दिया जायेगा जो तीन माह तक हो सकेगा।

उक्त धनराशि सम्बन्धित भट्टों से न वसूल होने के सम्बन्ध में इंगित किए जाने पर इकाई द्वारा वताया गया कि उक्त भट्टों को उ**0**प्र**0**क्षेत्र पंचातय एंव जिला पंचायत अधिनियम **1961** तथा संसोधित **1984** की धारा **240** के अन्तर्गत नोटिस दिए गए हैं। लेखा परीक्षा के दौरान जिला पंचायत द्वारा धारा 240 के अन्तर्गत दिए गए नोटिस की प्रति प्रस्तुत नहीं की गई। इसलिए जिला पंचायत का उत्तर मान्य नहीं है। अतः रू0 93150.00 की वसूली दण्ड सहित किए जाने हेतु उ**0**प्र**0**क्षेत्र पंचातय एंव जिला पंचायत अधिनियम **1961** तथा संशोधित **1984** की धारा **240** के अन्तर्गत कार्यवाही किए जाने हेतु प्रकरण उ0प्र0 शासन के संज्ञान में लाया जाता है।

उत्तरदायी अधिकारी –राहुल सिंह अपर मुख्य अधिकारी

उत्तरदायी कार्मिक- पटल प्रभारी

आपत्ति सं0-1

प्रस्तर 2- औद्योगिक संस्थानों/ व्यवसायिक संस्थानों से लाइसेन्स शुल्क वसूल न कर जिला पंचायत को आर्थिक हानि पहुचाना।

वित्तीय वर्ष **2021-22** में जिला पंचायत के अभिलेखों के अनुसार जनपद एटा के ग्रामीण क्षेत्रों में निम्नलिखित व्यवसायिक/आद्यौगिक संस्थान थे।

जिनसे लाइसेंस शुल्क की वसूली नही की गयी। विवरण निम्न प्रकार है-

क्र**0**सं**0**	व्यवसाय	औद्यौगिक संस्थान का नाम	विकास खण्ड	बकाया वसूली का वर्ष	वकाया धनराषि
1	पेट्रोल पम्प	मै0 हमारा पम्प रतनधारा	जलेसर	2021-22	500.00

2	पेट्रोल पम्प	बलरदेव फिलिंग स्टेशन	जलेसर	2021-22	500.00
3	पेट्रोल पम्प	अंजलि फिलिंग स्टेशन	जलेसर	2021-22	500.00
4	पेट्रोल पम्प	मै0 माँ दात्री फिलिंग स्टेशन	अवागढ़	2021-22	500.00
5	पेट्रोल पम्प	मै0 जयपाल फिलिंग स्टेशन	मारहरा	2021-22	500.00
6	पेट्रोल पम्प	मै0 प्रेमदत्त फिलिंग स्टेशन	मारहरा	2021-22	500.00
7	पेट्रोल पम्प	बजरंग फिलिंग स्टेशन	जैथरा	2021-22	500.00
8	पेट्रोल पम्प	हमारा फिलिंग स्टेशन	जैथरा	2021-22	500.00
9	पेट्रोल पम्प	मै0 आर0 के0 शुक्ला फिलिंग स्टेशन	निधौली कलाँ	2021-22	500.00
10	पेट्रोल पम्प	गंगा फिलिंग स्टेशन	निधौली कलाँ	2021-22	500.00
11	पेट्रोल पम्प	चौहान फिलिंग स्टेशन	शीतलपुर	2021-22	500.00
12	पेट्रोल पम्प	अंकित फिलिंग स्टेशन	शीतलपुर	2021-22	500.00
13	परचूनी	रिंकू किराना स्टोर	जलेसर	2021-22	100.00
14	परचूनी	अरमान किराना स्टोर	जलेसर	2021-22	100.00
15	परचूनी	शिव किराना स्टोर	जलेसर	2021-22	100.00
16.	परचूनी	नितिन किराना स्टोर	जलेसर	2021-22	100.00
17.	परचूनी	रनवीर किराना स्टोर	अवागढ़	2021-22	100.00
18.	परचूनी	शहजाद किराना स्टोर	अवागढ़	2021-22	100.00
19.	परचूनी	इब्राहिम किराना स्टोर	अवागढ़	2021-22	100.00
20.	परचूनी	जहीर किराना स्टोर	अवागढ़	2021-22	100.00
21.	परचूनी	मुशर्रफ किराना स्टोर	अवागढ़	2021-22	100.00
22.	परचूनी	सुमन किराना स्टोर	अलीगंज	2021-22	100.00
23.	परचूनी	अजय किराना स्टोर	अलीगंज	2021-22	100.00
24.	परचूनी	उमेश किराना स्टोर	जैथरा	2021-22	100.00
25.	परचूनी	शाक्य किराना स्टोर	जैथरा	2021-22	100.00
26.	परचूनी	दयालु किराना स्टोर	सकीट	2021-22	100.00
27.	परचूनी	सत्यवीर किराना स्टोर	सकीट	2021-22	100.00
28.	परचूनी	जाहर सिंह किराना स्टोर	सकीट	2021-22	100.00
29.	परचूनी	विनोद किराना स्टोर	सकीट	2021-22	100.00
30.	परचूनी	सुखराम किराना स्टोर	सकीट	2021-22	100.00
31.	दु0 खाद	कुशवाह खाद भंडार	जलेसर	2021-22	100.00
32.	फैक्ट्री	जय हनुमान कैमिकल्स	जलेसर	2021-22	500.00
33.	कोल्ड	कनिका शीत ग्रह	जलेसर	2021-22	2000.00
34.	गैस	नारायणी गैस सर्विस	अवागढ़	2021-22	1000.00
35.	गैस	निरंजन गैस सर्विस	अवागढ़	2021-22	1000.00
36.	मेडिकल	मां वैष्णों देवी मेडिकल	अवागढ़	2021-22	200.00

37.	मेडिकल	संदीप मेडिकल	मारहरा	2021-22	200.00
38.	मेडिकल	राजकुमार मेडिकल	मारहरा	2021-22	200.00
39.	मेडिकल	रनवीर मेडिकल	अलीगंज	2021-22	200.00
40.	मेडिकल	केशव मेडिकल	जैथरा	2021-22	200.00
41.	मेडिकल	रामनिवास मेडिकल	सकीट	2021-22	200.00
42.	मेडिकल	एस0एस0 मेडिकल	निधौली कलाँ	2021-22	200.00
43.	मेडिकल	जय श्री राम मेडिकल स्टोर	निधौली कलाँ	2021-22	200.00
44.	मेडिकल	अरूणिमा मेडिकल	शीतलपुर	2021-22	**200.00**
45.	मेडिकल	गौरव मेडिकल	शीतलपुर	2021-22	200.00
46.	मेडिकल	रतनेश मेडिकल	शीतलपुर	2021-22	200.00
47.	मेडिकल	गणेश मेडिकल	शीतलपुर	2021-22	200.00
48.	कपड़ा	उमेश वस्त्र भण्डार	अवागढ़	2021-22	100.00
49.	कपड़ा	ओम क्लाथ सेंटर	अलीगंज	2021-22	100.00
50.	कपड़ा	संदीप क्लाथ सेंटर	अलीगंज	2021-22	100.00
51.	कपड़ा	एस0के0 गारमेंटस	निधौली कलाँ	2021-22	100.00
52.	कपड़ा	हरे कृष्णा गारमेंटस	निधौली कलाँ	2021-22	100.00
53.	कपड़ा	शिव शक्ति गारमेंटस	निधौली कलाँ	2021-22	100.00
54.	मोबाइल	सूरज मोबाइल	अवागढ़	2021-22	100.00
55.	मोबाइल	विक्रम मोबाइल	शीतलपुर	2021-22	100.00
56.	मोबाइल	गौरी मोबाइल	शीतलपुर	2021-22	100.00
57.	दु0 मिठाई	चरन सिंह	मारहरा	2021-22	100.00
58.	दु0 मिठाई	कृष्णा स्वीटस्	निधौली कलाँ	2021-22	100.00
59.	दु0 मिठाई	राम लड़ैते मिठाई	सकीट	2021-22	100.00
60.	सब्जी पैठ	शारिक अली	अलीगंज	2021-22	1000.00
61.	ज्वैलर्स	किसान ज्वैलर्स	जैथरा	2021-22	100.00
62.	ज्वैलर्स	उपदेश ज्वैलर्स	जैथरा	2021-22	100.00
63.	ज्वैलर्स	कंचन ज्वैलर्स	सकीट	2021-22	100.00
64.	ज्वैलर्स	पशुपतिनाथ ज्वैलर्स	सकीट	2021-22	100.00
65.	ज्वैलर्स	गणेश ज्वैलर्स	शीतलपुर	2021-22	100.00
66.	आटा चक्की	सुनील आटा चक्की	जैथरा	2021-22	150.00
67.	आटा चक्की	मलिखान आटा चक्की	सकीट	2021-22	150.00
68.	ट्रेडर्स	बालाजी ट्रेडर्स	जैथरा	2021-22	100.00
69.	बर्तन	हरिओम बर्तन भंडार	जैथरा	2021-22	100.00
70.	मशीनरी	प्रदीप मशीनरी	जैथरा	2021-22	150.00
71.	टेंट	शांति टेंट हाउस	निधौली कलाँ	2021-22	100.00
72.	टेंट	बौद्ध टेंट हाउस	शीतलपुर	2021-22	100.00

73.	टायर	सोहिल टायर हाउस	निधौली कलाँ	2021-22	200.00
74.	इलैक्ट्रोनिक्स	गोविंद इलैक्ट्रोनिक्स	शीतलपुर	2021-22	200.00
75.	डेयरी	ओमप्रकाश सिंह	शीतलपुर	2021-22	500.00
76.	डेयरी	ओमकार सिंह	शीतलपुर	2021-22	500.00
77.	बिल्डिंग मटेरियल	विनोद बिल्डिंग मटेरियल	शीतलपुर	2021-22	100.00
78.	बिल्डिंग मटेरियल	ओम साई नाथ बिल्डिंग मटेरियल	शीतलपुर	2021-22	100.00
79.	सिलाई	अजय सिलाई	शीतलपुर	2021-22	100.00
		योग			**20050**.00

उपर्यक्त 79 व्यवसायिक/औद्यौगिक संस्थानों/प्रतिष्ठानों इत्यादि से लाइसेंस शुल्क की वसूली न कर जिला पंचायत को रू**0 20050**.00 **(**बीस हजार पचास) की राजस्व हानि हुई है। शासन द्वारा निर्धारित उपविधियों तथा उ**0**प्र**0** क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायत अधिनियम **1961** की धारा **2**42**(2)** के अन्तर्गत आयुक्त आगरा मण्डल आगरा द्वारा प्रकाशित विज्ञप्ति संख्या- **16**/इक्कीस-**07.09.1975-76** दिनांक **07** अक्टूबर **1998 (**सरकारी गजट उत्तर प्रदेश प्रकाशन तिथि **07** नबम्बर **1998)** के अर्न्तगत व्यवसायों के सम्मुख अंकित धनराशियॉ तथा संसोधित अर्थ दण्ड रू**0 1000.00** प्रति संस्थान की दर से समय के अर्न्तगत लाइसेन्स फीस जमा न करने के कारण उपरोक्त प्रतिष्ठानों से वसूल किया जाना अपेक्षित है। यदि ऐसा उल्लघंन जारी रहे तो उ**0**प्र**0**क्षेत्र पंचातय एंव जिला पंचायत अधिनियम **1961** तथा संसोधित **1984** की धारा **249** के अधीन अतिरिक्त अर्थदण्ड दिया जा सकेगा जो **100.00** रू**0** प्रतिदिन होगा और अर्थदण्ड का भुगतान न किया जाए तो कारावास का दण्ड दिया जायेगा जो तीन माह तक हो सकेगा।

उक्त धनराशि सम्बन्धित व्यवसायिक संस्थान से न वसूल होने के सम्बन्ध में इंगित किए जाने पर इकाई द्वारा वताया गया कि उक्त व्यवसायिक संस्थान को उ**0**प्र**0**क्षेत्र पंचातय एंव जिला पंचायत अधिनियम **1961** तथा संशोधित **1984** की धारा **240** के अन्तर्गत नोटिस दिए गए हैं। लेखा परीक्षा के दौरान जिला पंचायत द्वारा धारा 240 के अन्तर्गत दिए गए नोटिस की प्रति प्रस्तुत नहीं की गई। इसलिए जिला पंचायत का उत्तर मान्य नहीं है। अतः रू0 **20050**.00 की वसूली दण्ड सहित किए जाने हेतु उ**0**प्र**0**क्षेत्र पंचातय एंव जिला पंचायत अधिनियम **1961** तथा संशोधित **1984** की धारा **240** के अन्तर्गत कार्यवाही किए जाने हेतु प्रकरण उ0प्र0 शासन के संज्ञान में लाया जाता है।

उत्तरदायी अधिकारी –राहुल सिंह अपर मुख्य अधिकारी
उत्तरदायी कार्मिक- पटल प्रभारी **आपत्ति सं0-2**

प्रस्तर 3- नियमों की अनदेखी कर अपने अधिकार क्षेत्र के बाहर निर्माण कार्यों का कराया जाना।

उ**0**प्र**0** क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत अधिनियम **1961** के अध्याय-**3** सेक्शन-**33(2)** तथा शासनादेश संख्या **1838/33-3-2015-03/2015** दिनांक **31.7.2015** का अतिक्रमण कर सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव द्वारा स्वीकृति देकर पंचम राज्यवित्त आयोग/**15**वॉ वित्त आयोग से सक्रमित धनराशि से निम्नलिखित कार्य कराये गये हैं।

क्र0सं0	निर्माण कार्य का नाम	व्यय

		धनराषि
1.	20 नगला बरी शिकोहाबाद रोड़ से आवादी तक सी0 सी0 लं080 मी0	559807
2.	21 घमुरिया सी0 सी0 रोड़ से अब्बल सिंह के मकान तक सी0सी0 लं0 140	1215612
3.	19 ग्राम पीपल खेरिया डाबर रोड़ से प्रा0 वि0 बाईपास तक सी0सी0 लं0 150 मी0	1059994
4.	27 पिपहरा डाबर रौड़ से याकूब खान की दुकान तकसी0 सी0 लं0100 मी0	841442
5.	39 सरपट्टी मरहरा रौड़ से सिरव रोड़ तकसी0 सी0 लं0 100 मी0	929934
6.	37 बानी मन्दिर से ग्राम की सी0सी0 राजकुमार के घर तक सी0 सी0 लं0 150 मी0	1209713
7.	60 लालदन्डवारा शंकर आश्रम पर नाला निर्माण लं0 132 मी0	1433173
8.	1 नगला रनुआ नहर से विजय सिंह के घऱ तक सी0 सी0 लं0 118 मी0	815360
9.	शिकोहाबाद रोड़ से सिन्हापुर तक सी0 सी0 मार्ग के अवशेष भाग पर सी0सी0	1277940
		9342975

उपरोक्त अधिनियम एवं शासनादेश की व्यवस्थानुसार जिला पंचायत एक से अधिक राजस्व ग्रामों को लाभान्वित करने के लिए कार्य कराने हेतु अधिकृत है। उपरोक्त कार्यों के विवरण से स्पष्ट है कि जिला पंचायत द्वारा उ**0**प्र**0** जिला पंचायत अधिनियम **1961** के अध्याय-**3** की धारा **33 (II**) एवं शासनादेश संख्या **1838/33-3-2015-03/2015** दिनांक **31.7.2015** की अनदेखी कर ग्राम पंचायतों के अन्दर कार्य कराये गये है जिससे डुप्लीकेसी की सम्भावनाये वनी रहती है। इस सम्बन्ध में इगिंत किये जाने पर अपर मुख्य अधिकारी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि जिला पंचायत की बैठक में पारित होने के पश्चात निर्धारित प्राधिकारी से कार्य योजना की स्वीकृति प्राप्त कर कार्य कराये गये है। उत्तर मान्य नही है क्योंकि अधिनियम एवं शासनादेशों के अनुसार ग्राम पंचायत के अन्दर कार्य कराने का अधिकार जिला पंचायत को नही है। अतः रु**0 9342975**.00 के अनिमियत व्यय के लिये श्रीमती रेखा यादव**,** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेखा यादव, जिला पंचायत के समस्त सदस्यगण**,** श्री राहुल सिंह अपर मुख्य अधिकारी**,** वित्तीय परामर्श दाता**,** अभियन्ता**,** अवर अभियन्ता एवं लेखाकार सामूहिक रूप से उत्तरदायी है। प्रकरण उत्तर प्रदेश शासन के संज्ञान में लाया जाता है।

आपत्ति सं0-5

प्रस्तर 4- जनपद में संचालित ईट भट्टों से संपत्ति एवं विभव कर की वसूली न किए जाने से राजस्व हानि धनराशि रू0 534000.00 ।

आयुक्त आगरा मण्डल आगरा की विज्ञप्ति सं0 सं0-4210/इक्कीस (4)/75-76 दिनांक 19.06.1992 एवं उत्तर प्रदेश सरकार पंचायती राज अनुभाग सं0-2568/**33/2-2001-69/78** लखनऊ दिनांक 25.07.2002 उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत अधिनियम 1961 (उ0प्र0 अधिनियम संख्या-33 सन् 1961) की धारा 123 से 128 के साथ पठित धारा 237 के द्वारा अनुमोदित ईट भट्टा, टाइल्स, खपरा, चूना तथा सुर्खी भट्ठियों को विनियमित करने सम्बन्धी उपविधियां स्वीकार की गयी थी। वर्तमान समय में उपविधियों के प्रभावी करने में अधिष्ठान एवं मूल्य सूचकांक पर हुई वृद्धि के ध्यान में रखते हुए स्वीकृत उपविधियों की उपविधि संख्या 06, 08 व 13 में संशोधन किया गया था। उपविधि सं0 8 के संशोधन उपरान्त प्रति चिमनी ईट भट्टा रू0 2000/- सं रू0 4050/- वार्षिक लाइसेंस शुल्क एवं नवीकरण शुल्क विभव एवं सम्पत्ति कर की वार्षिक दर रू0 6000/- निर्धारित की गयी थी।

ईट भट्टा विभव एवं सम्पतिकर पंजिका की जांच में पाया गया कि विकास खण्डवार ईट भट्टों की संशोधित दर रू0 6000/- प्रति ईट भट्टों की वार्षिक सी0पी0 टैक्स की वसूली किया जाना था।

कार्यालय जिला पंचायत, एटा द्वारा उपलब्ध कराये गये अभिलेखों के अनुसार निम्नलिखित विकास खण्डों में संचालित ईट भट्टों से सी0पी0 टैक्स की वसूली लम्बित है-

वर्ष 2021-22					
क्र0सं0	विकास खण्ड	संचालित ईट भट्टों की सं0	वसूले गये सी0पी0 टैक्स ईट भट्टों की संख्या	वसूली गई सी0पी0 टैक्स की कुल धनराशि	वसूली हेतु अवशेष सी0पी0 टैक्स की कुल धनराशि (प्रति ईट भट्टा रू0 6000/- में)
1.	अलीगंज	19	10	60000.00	54000.00
2.	जैथरा	13	08	48000.00	30000.00
3.	शीतलपुर	33	08	48000.00	150000.00
4.	सकीट	22	09	54000.00	78000.00
5.	नि0 कलां	26	11	66000.00	90000.00
6.	मरहरा	24	04	24000.00	120000.00
7.	जलेसर	9	07	42000.00	12000.00
	योग	146	57	342000.00	534000.00

उक्त विवरण से स्पष्ट है कि जिला पंचायत द्वारा उपविधि बनाने के बाद भी ईट भट्टों के मालिकों से सी0पी0 टैक्स के रूप में वर्ष 2021-22 में धनराशि रू0 534000.00 की वसूली लंम्बित है। अग्रेतर समीक्षा में पाया गया कि उक्त ईट भट्टों को चलाने के पूर्व इनके मालिकों द्वारा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से अनआपत्ति प्रमाण पत्र नहीं लिए गए हैं ।

लेखा परीक्षआ द्वारा जि0पं0 से वित्तीय वर्ष 2021-22 में सभी ईट भट्टों से संपत्ति एवं विभव कर न वसूले जाने के कारण के वारे में पूछे जाने पर जि0पं0 ने आंकणों एवं तथ्यों की पुष्टि करते हुए उत्तर में बताया कि विभव एवं संपत्ति कर की अवशेष वसूली हेतु कार्यालय से नोटिस भेजे जा रहे हैं। वसूली शीघ्र कर ली जायेगी। जि0 पं0 का उत्तर मान्य नहीं है। क्योकि जिं0 पं0 द्वारा ईट भट्टों से संम्पत्ति एवं विभव कर की वसूली हेतु उपविधि के अनुसार कोई कार्यवाही नही गई। तथा नोटिस भेजे जाने संमब्धी कोई भी साक्ष्य लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नही किया गया।

अतः जनपद में संचालित ईट भट्टा से संपत्ति एवं विभव कर की वसूली हेतु उ0प्र0 क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत अधिनियम 1961 (यथा संशोधित) की धारा-240 के अंतर्गत कार्यवाही अपेक्षित है।

उत्तरदायी अधिकारी –राहुल सिंह अपर मुख्य अधिकारी

उत्तरदायी कार्मिक- पटल प्रभारी

<u>आपत्ति सं0-6</u>

प्रस्तर 5- बिना तालाबों की संख्या सुनिश्चित किए वाटर- रीसाइक्लिंग (नाला निर्माण) पर रू 62232847.00 अनियमित व्यय

उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश संख्या 2020/**33-2021-3-33/1717** पंचायती राज अनुभाग 03- दिनांक 2021/**10/07** के अनुसार 15वॉ वित्त आयोग के अंतर्गत जिला पंचायतों को आबंटित अनुदान की धनराशि के उपभौग के सम्बन्ध में निम्न मार्ग दर्शक सिद्धांत का निर्धारण किया गया था। जिसके अंतर्गत बेसिक ग्रांट का हिस्सा 60 प्रतिशत, टाइड ग्रांट पेयजल 30 प्रतिशत, वर्षा जल संचयन वाटर, रीसाइक्लिंग एवं हिस्सा 30प्रतिशत, ओ0डी0एफ0 सस्टेनिविलिटी हेतु ग्रांट 40प्रतिशत एवं (अनटाइड ग्रांट के रूप में अनुमान्य की गयी है।

जिसमें टाइड ग्रांट के अंतर्गत निम्न पर अनुदान का व्यय किया जाना है।

टाइड ग्रांट

1- सपलाई ऑफ ड्रिंकिंग वाटर, रेन वाटर हार्वेस्टिंग एण्ड वाटर रिसाइकिलिंग एण्ड (ब) सैनिटेशन, मेन्टेन्नस ईफ ओडीएफ स्टेट्स एण्ड मैनेजमेन्ट एण्ड ट्रीटमेन्ट ऑफ हाउस होल्ड वेस्ट इन्क्यूडिंग प्लास्टिक वेस्ट, ह्यूमन एक्सेक्ट्रा, ग्रे वाटर एण्ड फिकल स्लज।

प्राप्त एवं व्यय किया गया है (लाख में)

वर्ष	अनुदान	टाइड	अनटाइड	योग	व्यय टाइड	व्यय अनटाइड	अवशेष
2021-22	581.40	650.20	434.27	1665.87	678.04	438.12	549.75

क्र0सं0	मद का नाम	कार्य की लम्बाई	धनराशि
1.	58 चुन्नापुरा में राजू के मकान से बम्बा तक नाला निर्माण कार्य लं0270 मी0	270 मी0	1249573
2.	72 बरथार ग्राम से खड़न्जा के किनारे निधौली रोड़ तक नाला निर्माण कार्य लं0 500 मी0	550 मी0	926449
3.	61 आसपुर सकीट रोड़ चौराहे से डी0 के0 पब्लिक स्कूल के सामने से नाले तक नाला निर्माण कार्य लं0 332 मी0	332 मी0	982851
4.	48 नगला माहिल में पानी की टंकी से तालाब तक नाला निर्माण कार्य लं0330 मी0	330 मी0	1569077
5.	47 गाजीपुर पाहर मार्ग पर औमपाल के मकान से आगरा रोड़ नाले तक नाला निर्माण लं0350 मी0	350 मी0	1638672
6.	50 नगरिया ताड़ के मुख्य तालाव से नाला मरहरा पिवारी मार्ग तक नाला निर्माण लं0 690 मी0	690 मी0	4948439
7.	51 फिरोजाबाद जलेसर मार्ग बदनपुर से नाले तक नाला निर्माण लं0 1000 मी0	1000 मी0	7239944
8.	54 पोंनड्री महादैव मन्दिर से मरघट तक नाला निरमाण कार्य लं0300 मी0	300 मी0	2879206

9.	56 ग्राम पंचायत बदावली के मजरा उमराउ नगर में रोहतन सिंह के घर से नाले तक नाला लं0140 मी0	140 मी0	1011056
10.	65 सिकरारी आगरा रोड़ के किनारे नाला निर्माण लं0 400 मी0	400 मी0	2887045
11.	64 नगला खाना अवागढ़ मुस्ताबाद रोड़ से नगला खाना संपर्क मार्ग के किनारे नाले तक नाला निर्माण	-	2409764
12.	67 भाड़ो नरवीर सिंह के घऱ से पुलिया तक नाला निर्माण लं0 324 मी0	324 मी0	1685379
13.	60 लालदन्डवारा शंकर आश्रम पर नाला निर्माण लं0 132 मी0	132 मी0	1433173
14.	59 नगला रनुआ विजय सिंह में बम्बा तक नाला निर्माण कार्या लं0 120 मी0	120 मी0	556821
15.	70 जितोरा भान ग्राम से तालाव तक नाला निर्माण कार्य	-	1089002
16.	46 शीतलपुर अलीगंज रोड़ से गंजडुडवारा रोड़ को जोड़ने वाले मार्ग के दोनो तरफ पुलिया तक नाला	-	2597101
17.	51. ग्राम अलमपुर रमेश्वर के माकन सी तालाब ताक नाला निर्माण (2020-21)	-	4441351
18.	46. हर्नावली रणवीर के घर से बंबा ताक नाला निर्माण)2020-21)	-	2023868
19.	68. ग्राम बाह्ता तलाब से बम्बा तक नाला निर्माण)2020-21)	-	1200998
20.	49. मिलावली क्रिपल सिंह के घर से ताक ताक नाला निर्माण)2020-21)	-	557256
21.	48 नगला सभल रविन्द्र के मकान से तालाव तक नाला निर्माण)2020-21)	-	591725
22.	57 बहादुरपुर विनैद के घऱ से पुरानी नाली तक नाला निर्माण कार्य)2020-21)	-	706047
23.	69 रनौसा से नाले तक नाला निर्माण)2020-21)	-	919115
24.	73 ग्राम मोजमपुर शंकरपाल की झोपड़ी से स्कुल वाले गड्डे तक नाला निर्माण क्रार्य)2020-21)	--	679295
25.	75 आगरा जलेसर रोड़ से पप्पू यादव के मकान से सिरसा नदी के बांध की ओर नाला निर्माण)2020-21)	-	3590176
26.	76. सहनऊआ के मझरा नगला इमलिया पिकेस के मकान से रामप्रकाश के खेत की पुलीया तक नाला निर्माण)2020-21)	-	962983
27.	72 ग्राम भूपालगड़ी सत्यप्रकाश के घर से नड़ वाले गड्डे तक नाला निर्माण)2020-21)	-	452629

28.	70 जलेसर देहात भंवर सिंह यादव के मकान वाईपास रोड़ जलेसर सागर तल के नाला)2020-21)	-	3192507
29.	42 नगला बच्चा गॉव के बाहर से पुलिया तक नाला निर्माण)2020-21)	-	1472961
30.	50 ग्राम कोयला सतेन्द्र के मकान से मचुआ बमबा तक नाला निर्माण)2020-21)	-	1210076
31.	43 जी0 टी0 रोड़ से अलीगंज से जोड़ने वाली सी0सी0 रोड़ की पुलिया से जी0टी0 रोड़ की क्रासिंग की और नाला निर्माण कार्य)2020-21)	-	2749554
32.	63 ग्राम पं0 गढ़ियाशिलम नगला दयाराम रोड़ के किनारो नाला निर्माण कार्य)2020-21)	-	1034939
33.	113-जरानी कलान गाव से जयपाल के खेट टीके खरनाजा एवं नाली निर्माण कर्या)2020-21)	-	393585
	योग	-	62232847

उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि वित्तीय वर्ष 2021-22 में अनटाइड ग्रांट रू0 62232847.00 से नाला निर्माण एवं अन्य निर्माण का कार्य रू0 5571153 कराये गये है।

प्राप्त अनुदान का विभिन्न मदों पर व्यय न करके मात्र एक मद नाला निर्माण पर अधिक धनराशि का व्यय किया गया है के सम्बन्ध में इंगित किए जाने पर इकाई द्वारा उत्तर में बताया गया कि नाला निर्माण कार्य ग्राम पंचायतों में प्रायं सभी नालों का निर्माण वर्षा जल संचयन हेतु कराया गया है उनका डिस्पोजल तालाबों में ही किया किया गया है उत्तर असंतोष जनक है क्योकि इकाई द्वारा कोई भी तालाबों की रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की और न ही निर्माण पत्रावलियों में कोई विवरण दर्शाया गया था जिससे स्पष्ट है कि बिना तालाबों की संख्या सुनिश्चित किए समस्त नाला निर्माण कराया गया है। अतः रू0 62232847.00 अनियमित व्यय किया गया है। प्रकरण संज्ञान में लाया जाता है।

उत्तरदायी अधिकारी –राहुल सिंह अपर मुख्य अधिकारी
उत्तरदायी कार्मिक- पटल प्रभारी

आपत्ति सं0-08

प्रस्तर 6 निर्माण सामग्रियों की प्रयोगशाला में जाँच की रिपोर्ट एवं क्वालिटी एसोरेन्स पंजिका का लेखा परीक्षा में प्रस्तुत न किया जाना।

मुख्य अभियन्ता लो0नि0 वि0 दिनांक 01.09.2020 के पत्र एवं मुख्य अभियन्ता ग्रामीण ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा उत्तर प्रदेश लखनऊ ने अपने पत्रांकः एम-118/ग्रा0अ0से0/सी0सी0 रोड़/अम्बे0 सेल/विशिष्टियॉ/ 2008-09 दिनांक 27.11.2008 द्वारा गुणवत्ता नियंत्रण के लिए व्यापक दिशा-निर्देश के अनुसार निर्माण कार्य के दौरान स्ट्रेन्थ ऑफ कंक्रीट **(**आईएस**:516)** की जांच हेतु प्रतिदिन न्यूनतम 6 क्यूब्स**(3** क्यूब्स फॉर **7** डेयस एण्ड **3** क्यूब्स फॉर **28** डेयस**)** प्रयोगशालाओं में भेजने का निर्देश दिया गया है।

उपरोक्त के अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा प्रयुक्त की जा रही निर्माण सामग्रियों की गुणवत्ता परीक्षण करने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया था कि निर्माण कार्यों को

गुणवत्ता परक ढंग से सम्पादित करने हेतु निर्माण सामग्रियों का निर्माण में प्रयोग होने से पूर्व परीक्षण करने तथा परीक्षण परिणामों को क्वालिटी एश्योरेंस रजिस्टर में अंकित किया जाए।

जिला पंचायत द्वारा वर्ष 2021-22 में कराये गये कार्यों के उपलब्ध कराए गए लेखा अभिलेखों की नमूना जांच में पाया गया कि जिला पंचायत में कार्यों के निर्माण में लोक निर्माण विभाग की विशिष्टियों का पालन किया जाता है। किन्तु विभाग द्वारा कराए जा रहे कार्यों में गुणवत्ता नियंत्रण एवं कन्टीजेन्सी मदों पर प्राकलन में प्रावधान ही नहीं किया गया है। जवकि इस प्रकार का प्रावधान करने से ही कार्य गुणवत्ता नियंत्रण सुनिश्चित की जा सकती है.कार्यों में प्रयुक्त सामग्रियों की गुणवत्ता परीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की गई है। कार्यों का विवरण निम्नवत है जिनमें गुणवत्ता नियंत्रण एवं कन्टीजेन्सी मदों हेतु प्राकलन में कोई प्रावधान नहीं किया गया है।

क्र0 सं0	**कार्य का प्रकार**	**निर्माण कार्य का नाम**	**व्यय धनराषि**
1.	नाला	58 चुन्नापुरा में राजू के मकान से बम्बा तक नाला निर्माण कार्य लं0270 मी0	1249573
2.	नाला	72 बरथार ग्राम से खड़न्जा के किनारे निधौली रोड़ तक नाला निर्माण कार्य लं0 500 मी0	926449
रायल्टी = 220226.30

खनिज मूल्य (5 x रायल्टी) = 1101131.50

वसूली योग्य धनराशि- = 1321357.80

लेखा परीक्षा में संपूर्ण प्रमाणक/पत्रावली प्रस्तुत न होने के कारण उक्त विवरण संपूर्ण नहीं है। वाजिव संपूर्ण रॉयल्टी का आगणन करते हुए दायित्व अवधारित किए जाने हेतु उच्चाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट किया जाता है। भुगतान के समय वैध रवन्ना एम0एम0-11/ प्रपत्र-सी न लिए जाने से दर्शित कृत कार्यों की निर्धारित गुणवत्ता युक्त होने में संदेह है। वास्तव में वैध रवन्ना प्रपत्र एम0एम0-11/ प्रपत्र- सी से ही दर्शित प्रयुक्त सामग्री के कार्य स्थल पर पहुंचने व प्रयोग होने की पुष्टि होती है।

अतः रॉयल्टी जमा न होने से शासकीय कोष को हुई क्षति पर रू 1321357.80 की वसूली अभियंता श्री मोहम्मद हारुन, लेखाकार श्री आंगनलाल, अपर मुख्य अधिकारी श्री जागन सिंह एवं तत्कालीन वित्त परामर्शदाता श्री त्रिभुवन लाल से कर शासकीय कोष में जमा कराया जाना अपेक्षित रहा। एम0बी0 बुकों से पूर्ण रॉयल्टी से क्षति का आंकलित कर दायित्व निर्धारण अपेक्षित रहा।

(जिला पंचायत पीलीभीत जनपद- पीलीभीत सा0आ0सं0-40)

प्रस्तर सं0- 9- व्यय प्रमाणक संख्या- 58, 59 व 62 दिनांक- 25.04.2018 के द्वारा क्रमशः रू 18007.00 रूपया 17582.00 एवं रू 61655.00 मैसर्स कृष्णा ट्रेडर्स एवं आदर्श प्रिंटिंग प्रेस तखान को भुगतान किया गया है। स्टेशनरी क्रय हेतु क्रय नियमावली के अनुसार कम से कम तीन पार्टियों

से कोटेशन आमंत्रित नहीं किया गया है जिससे संस्था हित में मूल्य स्पर्धा का लाभ नहीं लिया गया विवरण निम्न प्रकार है-

प्रमाणक सं0- 58/ दिनांक- 25.04.2018 / मैसर्स कृष्णा ट्रेडर्स

बिल नं0	दिनांक	विवरण	धनराशि
001/023	27.12.2016	स्टेशनरी क्रय	1312.00
001/022	26.11.2016	स्टेशनरी क्रय	1250.00
001/019	27.09.2016	स्टेशनरी क्रय	1610.00
001/014	26.08.2016	स्टेशनरी क्रय	1980.00
001/013	24.08.2016	स्टेशनरी क्रय	3855.00
001/012	23.08.2016	स्टेशनरी क्रय	3000.00
001/004	08.08.2016	स्टेशनरी क्रय	4500.00
		योग-	18007.00

प्रमाणक सं0- 59/ दिनांक- 25.04.2018 / मैसर्स कृष्णा ट्रेडर्स

बिल नं0	दिनांक	विवरण	धनराशि
001/043	18.07.17	स्टेशनरी क्रय	1242.00
001/42	29.06.17	स्टेशनरी क्रय	760.00
001/41	31.05.17	स्टेशनरी क्रय	950.00
001/40	03.05.17	स्टेशनरी क्रय	960.00
001/39	30.03.17	स्टेशनरी क्रय	1660.00
001/38	04.03.17	स्टेशनरी क्रय	1090.00
001/28	25.02.17	स्टेशनरी क्रय	3000.00
001/27	24.02.17	स्टेशनरी क्रय	4500.00
001/26	23.02.17	स्टेशनरी क्रय	1260.00
001/25	30.01.17	स्टेशनरी क्रय	1430.00
001/24	04.01.17	स्टेशनरी क्रय	730.00
		योग-	17582.00

प्रमाणक सं0- 62/ दिनांक- 25.04.2018 / मैसर्स आदर्श प्रिटिंग प्रेस तखान, पीलीभीत

बिल नं0	दिनांक	विवरण	धनराशि
001/001	12.04.17	स्टेशनरी क्रय	3700.00
001/004	18.04.17	स्टेशनरी क्रय	1530.00
001/001	19.04.17	स्टेशनरी क्रय	3660.00
001/010	24.04.17	स्टेशनरी क्रय	4725.00
001/014	26.04.17	स्टेशनरी क्रय	4725.00
001/018	26.04.17	स्टेशनरी क्रय	3450.00
001/022	10.05.17	स्टेशनरी क्रय	2415.00
001/0025	10.05.17	स्टेशनरी क्रय	4970.00
001/030	14.05.17	स्टेशनरी क्रय	3660.00
001/37	12.06.17	स्टेशनरी क्रय	3560.00
001/40	15.06.17	स्टेशनरी क्रय	4330.00

001/044	17.06.17	स्टेशनरी क्रय	4450.00
001/047	19.06.17	स्टेशनरी क्रय	4645.00
001/050	21.06.17	स्टेशनरी क्रय	4645.00
007/331	18.08.17	स्टेशनरी क्रय	4320.00
001/058	04.10.17	स्टेशनरी क्रय	2870.00
		योग-	61655.00

उक्त बिलों की जांच में पाया कि सभी बिल वित्तीय वर्ष 2016-17 एवं 2017-18 से संबंधित है जबकि भुगतान वित्तीय वर्ष 2018-19 में किया गया है। उक्त भुगतान यदि विगत वर्ष से संबंधित होता तो जिला पंचायत की वर्ष 2016-17 एवं 2017-18 के प्रगति आख्या के देनदारी में प्रदर्शित किया गया होता जो कि नहीं किया गया है, न ही क्रय नियमावली के अनुसार टेंडर/कोटेशन संबंधी पत्रावली लेखा परीक्षा में उपलब्ध रही। उक्त कार्य कलाप मात्र जिला पंचायत को क्षति पहुंचाने हेतु पार्टी से साठ गांठ कर भुगतान किया गया है। इस प्रकार उक्त भुगतान को विधिक नहीं की जा सकी। इस प्रकार उक्त दोषपूर्ण भुगतान के उत्तरदायी लेखाकार श्री अंगनलाल एवं अपर मुख्य अधिकारी श्री जागन सिंह से जांचोंपरांत रू 97244.00 की क्षतिपूर्ति करायी जानी अपेक्षित है।

(जिला पंचायत पीलीभीत जनपद- पीलीभीत सा0आ0सं0-41)

जनपद-शाहजहाँपुर

मण्डल - बरेली

वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष-2021-22

आवंटन वर्ष-2022-23

मण्डल का नाम-बरेली

जनपद-शाहजहाँपुर

जिला पंचायत से संबंधित आपत्तियाँ- जिला पंचायत शाहजहाँपुर

वर्ष-2012-13

प्रस्तर-01-अभिलेख अनुसार कुल नौकाघाटों की संख्या 10 दर्शित पायी गयी परन्तु वर्ष-2012-13 मे 02 नौकाघाट(अल्साह गेज घाट,बजीपुर घाट) की नीलामी की गई।

वर्ष-2012-13 में रू0 12000.00 की वसूली हुई जबकी प्रपत्र-01 में मात्र 8000.00 दर्शया जा रहा है। प्रपत्र -3 में वर्ष की मांग शून्य दर्शित है तथा बकाया 2.09 लाख दर्शित है तथा शेष बकाया 2.05 लाख दर्शया गाया है।

उक्त लेख से स्पष्ट है की त्रुटि पूर्ण लेखा किया जा रहा है तथा आकड़ों का खेल खेला जा रहा है। उक्त के संबंध में स्थिति स्पष्ट की जानी आपेक्षित है। यह भी स्पष्ट किया जाना अपेक्षित है कि बकाया की वसूली क्यों नहीं की जा रही है तथा बकाया वसूली हेतु क्या क्या कार्यवाही की गई। शेष नौकाघाटों की नीलामी क्यों नहीं की।

लेखापरीक्षा में नीलामी से संबंधित पत्रावली प्रस्तुत नहीं की गई जिससे नीलामी की वैधानिकता स्पष्ट न हो सकी। पत्रावली से पुष्टी करायी जाये व तत्कालीन पटल प्रभारी एवम् कर अधिकरी के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है। (सा0 आ0 सं0 04)

प्रस्तर-02- गत प्रतिवेदन अनुसार प्रपत्र-8 में वर्ष-2010-11 मे कृषि योग भूमि 55 एकड़ दर्शित है। वर्ष-2012-13 के प्रपत्र-8 में कृषि योग भूमि शून्य दर्शित है जबकि प्रपत्र-1 में कृषि एवं तरूपालन अंतर्गत आय रू.12.62 लाख दर्शित है तथा प्रपत्र-3 में बकाया शून्य दर्शित है

यह स्पष्ट किया जाना अपेक्षित है कि त्रुटिपूर्ण विवरण क्यों दर्शित की गई है। लेखापरीक्षा में कृषि योग भूमि मांग वसूली के अवलोकन में पाया गया की तहलीवार विवरण निम्नवत्त है-

नाम तहसील	मांग	गत बकाया	वसूली	वर्ष का बकाया
सदर	215000.00	7700.00	201000.00	21700.00
पुवांया	215500.00	220250.00	186500.00	249250.00
तिलहर	----------	40000.00	----------	40000.00
जलालाबाद	132000.00	----------	41000.00	91000.00
योग	562500.00	267950.00	428500.00	401950.00

पंजिका के अवलोकन में पाया गया कि-

(01) कृषि योग कितनी भूमि है अंकन नही किया गया।

(02) प्रति एकड़ न्यूनतम मूल्य निर्धारण नही की गई है।

(03) बकाया धन की वसूली हेतु कोई प्रयास नही किया गया।

(04) वर्ष की मांग क सापेक्ष बकाया क्यों पडी जिम्मेदार व्यकित के विरूद्ध कोई कार्यवाही नही की गई।

(05) उपलब्ध समस्त भूमि की नीलामी क्यों नही की गई।

नियमानुसार बकाया नहीं होनी चाहिए चूंकि

(क) भूमि नीलामी की राशि नीलामी की राशि नीलामी पूर्ण होने के तत्काल बाद सम्पूर्ण राशि जमा कराया जाना चाहिए।

(ख) सम्पूर्ण नीलामी राशि जमा होने के बाद ही अनुबंध करने के उपरान्त ही कब्जा किया जाना चाहिए। नियमानुसार कार्यवाहियाँ तत्समय पूर्ण कराए बगैर कब्जा लेने के कारण उक्त राशि अवरूद्ध हुई।

अत: उक्त बकाया धनराशि की वसूली तत्कालीन अपर मुख्य अधिकारी श्री सुशील कुमार गुप्त व पटल प्रभारी से दण्ड ब्याज सहित वसूली करते हुए प्रशासनिक कार्यवाही अपेक्षित है। साथ ही जिन कृषि भूमि की नीलामी नहीं की जा रही है उसके संबंध में जांच कर जिम्मेदार के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जानी अपेक्षित है।(सा0 आ0 सं0 05)

प्रस्तर-03- गत वर्ष जिस पर्यटन योजना के अन्तर्गत रू.7.54 लाख विगत वर्षों की भाँति यथावत अवशेष दर्शित था। परन्तु वर्ष 2012-13 में इसे न तो वर्ष के प्रारम्भ में उपलब्ध, न ही व्यय दर्शाया गया। प्रपत्र-4 (राजकीय अनुदानों एवं उपभोग का विवरण) में नहीं दर्शाया जाना स्पष्ट करता है कि रू. 7.54 लाख का उपभोग नहीं किया गया व धन का आहरण कर लिया गया तथा छिपाने के उद्देश्य से अंकन नहीं किया गया।

उक्त के संबंध में स्थिति स्पष्ट की जानी अपेक्षित है अन्यथा स्थिति में उत्तरदायी तत्कालीन अपर मुख्य अधिकारी श्री सुशील कुमार गुप्त व पटल प्रभारी से वसूली की जानी अपेक्षित है। (सा0आ0 सं0 09)

प्रस्तर-04- विभिन्न योजनाओं से प्राप्त धन को बैंक के विभिन्न खातों में रखने से वर्ष 2012-13 में निम्नानुसार ब्याज प्राप्त हुआ-

बी ओ बी ए सी न0-	003	राज्य वित्त	178989-
बी ओ बी ए सी न0-	14719	तेरहवां वित्त	348455-
बी यू जी बी ए सी न0-	7586	जिला निधि	255156-
बी यू जी बी ए सी न0-	2443	जिला निधि	315644-
		योग	1098244-

शासनादेश सं010/2015/ए-1-502/दस-2015-10(33) 2010 दिनांक-29.05.2015 व शासनादेश सं0 ए-1-122/दस-2012-10(33) 2010 दिनांक-21.03.2012 के अनुसार शासन द्वारा अवमुक्त धनराशियों पर प्राप्त ब्याज संस्था की आय न होकर राज्य सरकार की आय होगी जिसे राजकोष में जमा किया जाएगा। परंतु संस्था द्वारा राजकोष में जमा नहीं किया गया है जो तत्समय लागू शासनादेश का उल्लंघन है। उक्त के प्रति जिम्मेदार लेखाकार श्री लाखन एवं अपर मुख्य अधिकारी श्री सुशील कुमार गुप्त के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है। (सा0 आ0 सं0 11)

प्रस्तर-05- जिला पंचायत द्वारा निजी स्त्रोत से प्राप्त आय को जिला निधि खाते में रखकर वेतन भत्ते व अन्य प्रशासनिक खर्च किए जाने चाहिए। कम पड़ने की स्थिति में 25 प्रतिशत तक की धनराशि राज्य वित्त से ली जा सकती है। किंतु संस्था द्वारा जिला निधि खाते (जो संचालित होना बताया गया) इन खातों में पर्याप्त धनराशि उपलब्ध रहने के बावजूद भी निम्न विवरणानुसार धनराशि राज्य वित्त से वेतन के नाम पर व्यय की गई। राज्य वित्त से वेतन आदि के नाम पर किए गए व्यय की गई। राज्य वित्त से वेतन आदि के नाम पर किए गए व्यय शासनादेश के विरूद रहा।

जिला निधि खाता	उपलब्ध धन	राज्य वित्त से वेतन पर व्यय
बी.यू.जी.बी-ए/सी 7586	11362146.73	
बी.यू.जी.बी-ए/सी 2443	3404545.00	112.11 लाख
योग-	14766691.73	

उपरोक्त से स्पष्ट है कि जिला निधि खाते में धनराशि उपलब्ध थी तो वेतन आदि के नाम पर राज्य वित्त से ली गई धनराशि का औचित्य नहीं पाया गया। जिससे स्पष्ट है कि अपर मुख्य अधिकारी एवं प्रबंध कमेटी द्वारा मनमाने तरीके से शासनादेश के विरूद्ध कार्य किया गया। अत: राज्य वित्त से व्यय धनराशि अंकन रू0 112.11 लाख शासन के पक्ष में देयता सुनिश्चित किया जाए। उक्त के प्रति जिम्मेदार लेखाकार श्री लाखन एवं अपर मुख्य अधिकारी श्री सुशील कुमार गुप्त के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर-06- वर्ष 2011-12 से 2015-16 की विभाग को उपललब्ध कराई गई सूचनाओं से ज्ञात हुआ है कि संस्था द्वारा वर्ष आलोच्य में 10 बैंक खातों (मय कोषागार) का संचालन किया गया है तथा निर्माण कार्यों की सूची उपलब्ध कराई गई उसमें राज्यवित्त व तेरहवां वित्त अन्तर्गत कराए गए कार्य अंकित है तथा वेतन आदि पर व्यय दर्शाया गया है के अनुसार स्थिति निम्नवत है-

बैंक खाता संख्या	संचालितबैंक खातों/कोषागार से वर्ष 2012-13 में कुल आहरण	राज्य वित्त/तेरहवें वित्त से कराए गए कार्यों की कुल व्यय व वेतन व्यय	वेतन आदि पर कुल व्यय
10998697851	36.25	427.57 राज्य वित्त 398.50 तेरहवां वित्त 112.11 राज्य वित्त वेतन	94.98 लाख
41160103	45597275		
10470100015909	1057921		
44800101	8517679		
10470100014719	50107002		
56370100007586	9172228		
29	339		
32	339		
56800100002443	10161314		
	124614133.25	938.18 लाख	94.98 लाख
	1246.14 लाख		

इस प्रकार वर्ष 2012-13 में रू0 1246.14 लाख आहरण के सापेक्ष रू0 938.18 लाख निर्माण कार्य पर (सूची अनुसार) एवं रू 94.98 लाख वेतन आदि पर व्यय दर्शित है। इस प्रकार रू0 212.98 लाख आहरित धन कहाँ पर किस रूप में व्यय किया गया से संबंधित विवरण उपलब्ध करा कर स्थिति स्पष्ट की जाए। उक्त के प्रति जिम्मेदार लेखाकार श्री लाखन एवं अपर मुख्य अधिकारी श्री सुशील कुमार गुप्त के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि संस्था द्वारा जो सूची उपलब्ध कराई गई उसमें लगभग रू. 87.43 लाख के ऐसे कार्य हैं जिनके पते अस्पष्ट हैं।

(सा0 आ0 सं0 19)

प्रस्तर-07-लेखापरीक्षा में प्रस्तुत संस्था का चतुर्थ त्रैमास समीक्षा पुस्तिका के अनुसार राज्यवित्त एवं तेरहवें वित्त से प्राप्त अनुदान एवं उसके उपभोग की स्थिति निम्नवत रही-

(आँकड़े लाख रु में)

	01.04.2012 को प्रारम्भिक शेष	वर्ष में प्राप्त	वर्ष में उपभोग	वर्षान्त शेष
राज्य वित्त	308.03	711.24	370.88	648.39
तेरहवां वित्त	138.89	349.08	90.72	397.25
योग	446.92	1060.32	461.60	1045.64

दर्शित आय-व्यय की पुष्टि में अपेक्षित साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए गए। वर्ष आलोच्य में दर्शित उपभोग रू0 461.60 लाख का पुष्टि हेतु निर्माण कार्य से संबंधित पत्रावलियों की मांग की गई। बार-बार मांग के उपरान्त मात्र तीन कार्यों की पत्रावली प्रस्तुत की गई-

1.विकास खण्ड खुटार के ग्राम महेशपुरी में बंघा भुर्जी के मकान से राम औतार की चक्की तक 140 मी0 सी0 सी0 आरएस 475664.00

2.ग्राम भमौरा में तिराहे से सुधीर के मकान तक 200 मीटर सी0सी0/नाली आरएस 478858.00

3.ग्राम दिलावरपुर में पूर्व प्रधान भगवान के घर वाली गली तक 155 मी0 इन्टरलाकिंग कार्य रू.5,80,000.00

उपरोक्त दर्शित समस्त कार्य वर्ष 2011-12 से संबंधित थे जिनका भुगतान वर्ष 2011-12 व 2012-13 में हुआ। कार्य संख्या (1) की पत्रावली अपूर्ण पायी गई। निर्माण में प्रयुक्त हुई उप खनिजों संबंधित वैध रवन्ना नहीं पायी गई। कार्य प्रारम्भ से पूर्व की सर्वे रिपोर्ट नहीं थी। शपथ पत्र कार्य आदेश के पूर्व के पाये गए शपथ पत्र 02.08.2011 का जबकि कार्य स्वीकृत आदेश 15.10.2011 का था। उक्त कार्य पर हुए भुगतान के सापेक्ष की गई कटौती यथा-टी.डी.एस व्यापार कर,जमानत, लेवर सेस आदि की पुष्टि में जमा चालान उपलब्ध नहीं कराए गए। जमानत पूर्व में न लेकर बिल के भुगतान से कटौती की गई।

कार्य सं0 (2) से संबंधित पत्रावली से स्पष्ट है कि कार्य स्वीकृत होने से पूर्व ही करा ली गई। कार्य स्वीकृत प्रस्ताव सं0 7 से 24.12.2012 को दी गई जबकि दिनांक 27.09.2012 को चेक न0 0001448 से आरएस 611555 का भुगतान भी हो चुका था। एक ही कार्य की एमबी दो बार का गई लेखापरीक्षा में एमबी भी उपलब्ध नहीं करायी गयी। कार्य प्रारम्भ से पूर्व की गई सर्वे रिपोर्ट संलग्न नहीं पायी गई। निर्माण में प्रयुक्त हुई।

उप-खनिजों से संबंधित वैध रवन्ना नहीं पाया गया। भुगतान क समय की गई कटौतियों के जमा की पुष्टि में जमा चालान उपलब्ध नहीं कराया गया। कार्य पूर्ण होने के उपरान्त का फोटो नहीं संलग्न किया गया। जमानत के रूप में रखी गई एफ.डी.आर की फोटो प्रति/ आर0 डी0 आर0 पत्रावली में नहीं पाई गई।

कार्य संख्या (3) अवर अभियंता व अभियनता द्वारा तैयार किया गया। प्राक्कलन पर कार्य का नाम अंकित नहीं है तथा न ही प्रमाण-पत्र पर कार्य का नाम अंकित है। कार्य कहाँ से कहाँ तक स्पष्ट अंकित नहीं। भुगतान के सापेक्ष चेक न0 व दिनांक अंकित नहीं। कार्य क सर्वे रिपोर्ट नहीं। कार्य से संबंधित एम.बी प्रस्तुत नहीं की गई। उक्त कार्य हेतु किए गये दूतीयभुगतान आदेश पर एम.बी न0 आदि भी अंकित नहीं। जमानत की राशि वापसी प्रार्थन-पत्र में दिलावरपुर में पूर्व प्रधान 155 मी0 सी0सी0 व नाली कार्य पूर्ण होना अंकित पाया गया जबकि इन्टर लांकिग कार्य कराया गया था। अनुबंध पत्र पर रू.58000.00 अंकित जबकि स्टीमेट में कार्य की लागत रू. 5,80,000.00 है।

उपलब्ध पत्रावली में पाई गई अनियमित्ता स्वत: ही बयान करती हे कि कार्य संदिग्ध है। कार्य से संबंधित पत्रावलियाँ प्रस्तुत नहीं की गई।

उक्त के आलोक में स्पष्ट है कि जिला पंचायत द्वारा निर्माण कार्यों में प्राक्कलन (स्टीमेट) उप खनिज की मात्रा और श्रमांश आदि की गणना करते हुए मात्रा एवं मूल्य के क्रम में देय रायल्टी आदि का स्पष्ट आकलन करते हुए स्टीमेट अवर अभियंता/अभियन्ता से प्राप्त नहीं किया गय है। निर्माम कार्यों में प्रयुक्त हुई उप-खनिजों,मिट्टी,बालू,मोरंग आदि की आपूर्ति की पुष्टि में वैध रवन्ना नहीं पाया गया। उक्त खनिजों पर देय रॉयल्टी की पुष्टि मे टेजरी चालान की प्रमाणित प्रति भी नहीं पायी गई। यह तक की किसी भी पत्रावली में देय रॉय्लटी व रवन्ना के संबंध नोटसीट से लेकर कहीं भी कोई टिप्पणी/उल्लेख भी नही पाया गया जबकि इसको प्राप्त किये बिना ठेकेदारों को भुगतान नहीं दिया जाना था। लगभग समस्त निर्माण कार्य ग्राम पंचायतों के अन्दर सी0 सी0 रोड,इण्टरलाकिंग,नाली एवं लेपन कार्य है,जबकि जिला पंचायत द्वारा कम से कम दो क्षेत्र पंचायतों को लाभ पहुँचाने वाले कार्य भी कराये जाने थे।निर्माण कार्य पत्रावलियों में प्रोजेक्ट कम्पटीशन रिपोर्ट (पी.सी.आर) संलग्न नहीं पाये गये और न ही नोट शीट में कार्य समाप्त होने की कोई टिप्पणी ही पाई गई। जनपद में अन्य कार्यदायी संस्थाएं हैं य़था पी0 डब्लयू डी. आर. ई. एस गन्ना संघ, मण्डी समिति आदि। इन संस्थाओं स अनापत्ति नहीं प्राप्त की गई। ऐसे में यह भी पुष्ट नहीं किया जा सकता है कि दर्शित निर्माण कार्य जिला पंचायत द्वारा भी कराया गया है अथवा अन्य किसी कार्यदायी संस्था द्वारा।

अत: स्पष्ट है कि जिला पंचायत द्वारा किया गया व्यय नियमानुसार पुष्टित नहीं है तथा संस्था के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा शासन द्वारा समय-समय जारी किये गये शासनादेशों का उल्लंघन किया गया य़था शासनादेश संख्या।

1.शासनादेश सं0 594/77-52001-2002/77 टी.सी-1 दिनांक 02.02.2001
2.सं0 3891/77-5-2002-1(216)/93 दिनांक 5 अगस्त 2002
3.सं0 4020/77-5-2003-1(216)/93 12.08.2003
4.सं0 4951-(11)/77-5-06-506/06 दिनांक 05.10.2006
5. शासनादेश सं0 3385/86-2015-292/2015 दिनांक 15.10.2015
6. शासनादेश सं0 8307/33-2-2004-93 जी/2004 दिनांक 12.01.2005
7. शासनादेश सं0 866(1)/33-2-14 दिनांक 24.06.2014

उपरोक्त के आलोक में दर्शित निर्माण कार्य जिला पंचायत द्वारा कराए गए हैं, कार्य वास्तव में हुए भी हैं अथवा नहीं संदिग्ध हैं। अत: रू.461.60 लाख की वसूली जांचोपरान्त तत्कालीन पटल प्रभारी,अपरमुख्य अधिकारी श्री सुशील कुमार गुप्त,लेखाकार श्री लाखन,अभियंताश्री ओम प्रकाश मिश्र, अवर अभियंता श्री सतेन्द्र कुमार श्रीवास्तव व सज्जाद हुसैन एवं वित्तीय सलाहकार श्री राम विलास से दण्ड ब्याज सहित की जानी अपेक्षित है। शासनादेशों के विपरीत कार्यों के गलत चयन के लिए संस्था अध्यक्ष भी जिम्मेदार हैं।(सा0आ0सं0 20)

प्रस्तर-08- दिनांक 31.03.2013 को कैश बुक अनुसार निम्नानुसार जमा शेष अंकित किया गया जबकि उपलब्ध बैंक स्टेटमेंट के अनुसार स्थिति भिन्न पायी गई।

खाता सं0	कैशबुक में अंकन	बैंक स्टेटमेंट अनुसार	अंतर
एस.बी.आई.	440893.75	440929.75	(-) 36
बी.ओ.बी.	35472689.50	---------	(+) 35472689.50
ग्रामीण बैंक	15542218.36	---------	(+)15542218.86
युनाइटेड बैंक	10201.00	अप्राप्त	(+) 10201.00
एक्सिस बैंक	741726.00	अप्राप्त	(+) 741726.00
कोषागार	62923511.59	62923511.59	(-)
बी.ओ.बी.-003	-	2483492.00	(-) 2483492
बी.ओ.बी.-14719	-	811337.50	(-) 811337.50
बी.ओ.बी.-5909	-	782451.00	(-) 782451.00

बी.यू.जी.बी.-7586	-	11362146.73	(-)	11362146.73
बी.यू.जी.बी.-2443	-	3404545.00	(-)	3404545.00
बी.यू.जी.बी-0029	-	231489.00	(-)	231489.00
बी.यू.जी.बी-0032	-	481118.00	(-)	481118.00
बी.यू.जी.बी.-0032	-	62807.00	(-)	62807.00
	115131240.70	82983827.57		

उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि रू.32147413.13 अपुष्ट है। साथ ही युनाइटेड बैंक में जमा दर्शित रू.10201.00 एवं एक्सिस बैंक में जमा दर्शित रू.741726.00 भी अपुष्ट है।
जाँच में पाया गया है बी.ओ.बी अन्तर्गत दर्शित जमा में मुख्य अंतर है। इस तथ्य से इन्कार नहीं किया जा सकता है कि दर्शित जमा काल्पनिक है। अत: अपहृत/अपुष्ट जमा की वसूली तत्तकालीन जिम्मेदार लेखाकार श्री लाखन एवं अपर मुख्य अधिकारी श्री सुशील कुमार गुप्त से दण्ड ब्याज सहित की जानी अपेक्षित हैं।
(सा0आ0सं0 21)

वर्ष-2013-14

प्रस्तर-09-इकाई त्रैमासिक समीक्षा पुस्तिका चतुर्थ त्रैमास वर्ष 2013-14 के प्रपत्र-7 में कृषि योग्य भूमि शून्य दर्शायी गयी है जबकि दूसरी तरफ कृषि एवं परिपालन से वर्ष की कुल आय रू.5.47 (लाख) अंकित की गयी है तथा बकाया शून्य दर्शाया गया है (प्रपत्र)

लेखापरीक्षा में प्रस्तुत पंजिका के अनुसार कृषि-भूमि नीलामी से आय व बकाया का विवरण तहसीलवार निम्नवत रहा है-

क्र.स.	नाम तहसील	31.03.13 को बकाया	वर्ष की मांग	वर्ष में वसूली	31.03.2014को शेष
1.	सदर शाह0	24200.00	-------	----------	24200.00
2.	पुवांया	249250.00	524000.00	300000.00	473250.00
3.	जलालाबाद	91000.00	6000.00	6000.00	91000.00
4.	तिलहर	40000.00	---------	---------	40000.00
	योग	404450.00	530000.00	306000.00	628450.00

उपलब्ध विवरण के अनुसार बकायेदार निम्न लोग हैं-

क्र.स.	नाम बकायेदार	जमीन का विवरण	रकबा	बकाया राशि	ठेका अवधि जबका बकाया
1.	खजान सिंह पुत्र बजरंगी	उ0प्र0पा0 बरनई	2.35 एकड़	7700.00	2002-03
2.	अरविन्द कुमार पुत्र राजेन्द्र प्रसाद	उ0प्र0पा0 मिलिकिया	1.90 एकड़	2500.00	2013-16
3.	राकेश कुमार पुत्र बाबू सिंह	उ0प्र0पा0 गंधार	3.00 एकड़	14000.00	2012-15
4.	रामपाल सिंह पुत्र लालता बख्श	उ0प्र0पा0 जेबा	26.30 एकड़	40750.00	2000-03
5.	रणधीर सिंह पुत्र रामेश्वर	उ0प्र0पा0 जेबा	26.30 एकड़	5500.00	2003-06
6.	जोगेन्द्र सिंह पुत्र बैकुठ प्रसाद	उ0प्र0पा0 खुटार	26.30 एकड़	105000.00	2012-15
7.	अनंगपाल सिंह पुत्र इंद्र	उ0प्र0पा0 खुटार	4.00 एकड़	14000.00	2003-06

	विक्रम				
8.	गुरूचरन पुत्र इंदर सिंह	उ0प्र0पा0 देवकली	13.52 एकड़	2500.00	2002-05
9	श्री निवास पुत्र जागेश्वर	उ0प्र0पा0 देवकली	13.52 एकड़	10000.00	2005-08
10.	नरायन पुत्र बंधा	उ0प्र0पा0 देवकली	13.52 एकड़	20000.00	2010-13
11.	प्रदीप गुप्ता पुत्र वेद प्रकाश	उ0प्र0पा0 देवकली	13.52 एकड़	224000.00	2013-16
12.	सर्वेश पुत्र उमाशंकर	उ0प्र0पा0 हरिहरपुर	अंकन नहीं	18000.00	2000-03
13.	अनीश शर्मा पुत्र यदुनाथ	उ0प्र0पा0 खुटार	2.21 एकड़	30000.00	2009-12
14.	भृगराज सिंह पुत्र रिषीलाल	उ0प्र0पा0 कटौल	0.81 एकड़	3500.00	2012-15
15.	चरन सिंह यादव पुत्र अभिलास	उ0प्र0पा0 कुवेरपुर	1.20 एकड़	6000.00	2013-16 वसूल
16.	जयवीर सिंह पुत्र पहलवान सिंह	उ0प्र0पा0 परौर	11.485 एकड़	91000.00	2012-15
17.	चंद्रपाल सिंह पुत्र श्याम बिहारी	उ0प्र0पा0 कटरा	5.057 एकड़	40000.00	2000-03
	योग-			628450.00	

नियमानुसार:-

1.भूमि नीलमी की राशि नीलामी पूर्ण होने के तत्कालबाद सम्पूर्ण राशि जमा कराया जाना होता है।

2.सम्पूर्ण नीलामी राशि जमा होने के बाद ही अनुबंध करने के उपरांत ही कब्जा दिया जाता है।

नियमानुसार कार्यवाहियां तत्तसमय पूर्ण कराये बगैर कब्जा देने के कारण उक्त राशि अवरूद्ध हुई है। इकाई द्रारा अंतरिम आपत्तियों का पारिपालन तक नहीं किया गया है।

अत: उक्त बकाया राशि रू.628450.00 की वसूली तत्कालीन अपर मुख्य अधिकारी श्री सुशील कुमार गुप्त,पटल लिपिक/प्रभारी श्री अजीत अग्निहोत्री पर अवधारित करते हुए दण्ड ब्याज सहित वसूली करते हुए प्रशासनिक कार्यवाही अपेक्षित है। तत्कालीन वित्त नियंत्रक व अध्यक्ष की भूमिका की जांच अपेक्षित है।(आप0सं0-2)

प्रस्तर-10. वर्ष आलोच्य में कृषि योग्य मात्र तीन जमीनों की निम्नानुसार नीलामी की गयी है-

1-प्रा0पा0 कुबेरपुर-जमीन 1.20 एकड़ नीलामी राशि 6000.00 अवधि 1.5..13 से 30.4.16 नाम-चरन सिंह यादव पुत्र अविलाख।

2-उ0प्र0पा0 देवकली-जमीन 14.30 एकड़ नीलामी राशि 524000.00 नीलामी प्राप्तकर्ता-प्रदीप गुप्ता अवधि-01.05.13 से 30.04.16

3-प्रा0पा0 मिलकिया-जमीन 1.90 एकड़ नीलामी राशि 22500.00 नीलामी प्राप्तकर्ता-अरविंद कुमार मिश्र अवधि 1.5.13 से 30.4.16 उक्त नीलामी मे आपत्तिजनक रहा कि-

4.क्रमांक 1 में दर्शित भूमि का 30.4.16 तक का ठेका उक्त व्यकित चरन सिंह यादव के पास था। 30.04.13 तक बिना ठेका उठाएं उसी को खेती करने का अवसर अविधिक रूप से दिया गया।

पुन: बगैर नीलामी राशि जमा करायें बिना ठेका उक्त के ही नाम स्वीकृत किया गया तथा 1.5.11 से .4.13 तक की अवधि के लिए कोई कार्यवाही नहीं की गयी।

नीलामी धन विलम्ब से देने पर अनुबंध 22.5.14 को किया गया जो कि 1.5.13 से 30.4.16 तक की अवधि का था।

अनुबंध न होने के बावूजूद सतत् कृषि कार्य करते रहना स्वयं स्पष्ट करता है कि उक्त ठेका पूर्णतया सेटिंग का परिणाम है।

नियमानुसार प्रति एकड़ उपज के आधार पर न्यूनतम नीलामी राशि भी इसी कारण तय नहीं की गयी। मू0स0यो0 में न्यूनतम उपज के अनुसार उपज मूल्य आगणन व लागत (अधिकतम)हटाकर आंकलन करने में प्रतिवर्ष लाभ मु0 20160.00 होता है तो तीन वर्षों में 60480.00 होगा। जबकि दरें बढीं है।

इस प्रकार उक्त ठेका उठाने व समय स ठेका न उठाने के कारण जि0प0 को भारी हानि हुई है, जिसके लिए अपर मुख्य अधि0 लेखाकार श्री लाखन, वित्तीय परामर्शदाता श्री ओम प्रकाश श्रीवास्तव प्रमुख उत्तरदायी हैं। वी-क्रम सं0 2 पर अंकित उच्च प्रा0वि0 देवकली से समबद्ध कृषि योग्य भूमि 14.30 एकड़ की नीलामी कार्या पत्रांक सी-1014 दि. 07.02.13 के क्रम मे दि. 05.03.13 को की गयी ।

तथागत रूप से उपस्थित दर्शित मात्र तीन बोली दाताओं में श्री प्रदीप गुप्ता को रू. 524000.00 पर स्वीकृत हुई। 31.03.14 तक मात्र रू.300000.00 की जमा किये। उक्त के बावजूद उन्हें जमीन पर खेती करने दिया गया। इस प्रकार-

ए- बिना सम्पूर्ण राशि जमा कराये ही कृषि भूमि पर कब्जा कर तीन साल तक खेती करने दी गयी।
वी- स्टैम्प अदा न कर राजकोष को क्षति पहुंचयी गयी।

नियमानुसार नीलामी (न्यूनतम) मूल्य भी निर्धारण नहीं किया गया।

मू0स0यो0 में औसत उपज प्रति एकड़ 20 कु0 प्रति सीजन की आंकलन रू. 1400.00 न्यूनतम दर पर करने व 60 प्रतिशत लागत मानने पर तीन वर्ष का न्यूनतम लाभ रू. 960960.00 होगा जबकि दरें बढी है।

इस प्रकार अविधिक कार्यवाही कर इकाई का धन फंसाया गया व न्यूनतम नीलामी राशि निर्धारित न कर इकाई को तथा अनुबंध किये बगैर कब्जा देकर राजकीय कोष को स्टैम्प के रूप में 26200.00 क्षति पहुंचायी गयी है। जिसके लिए इकाई के अपर मुख्य अधिकारी श्री प्रदीप कुमार सक्सेना, वित्तीय परामर्शदाता श्री ओम प्रकाश सक्सेना, लेखाकार श्री लाखन प्रमुख उत्तरदायी हैं साथ ही कई प्रबंधन भी उत्तरदायी है। नियमानुसार उक्त अधिकारियो के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर-11- उ0प्र0वि गंधार से सम्बंध कृषि योग्य जमीन 1.20 हे0 1.5.12 से 30.04.15 तक की अवधि के लिए इकाई कार्यालय के पत्रांक-502 दि.22.08.12 से रू.14000.00 पर श्री राकेश कुमार सिंह को दी गयी थी। उक्त धन 31.03.14 तक बकाया रहा है जबकि जमीन पर राकेश कुमार द्वारा खेती की जाती रही है। नीलामी बिना जमानत राशि जमा कराये ही की गयी थी,क्योकि उक्त तक का समायोजन नहीं किया गया है।

उक्त अवधि (01.05.12 से 30.04.15) के पूर्व भी उक्त जमीन का ठेका राकेश कुमार के पास था। गांव के श्री सुनील कुमार पुत्र हरीराम न शिकायत की थी कि श्री राकेश कुमार द्वारा जि0प0 की उक्त जमीन पर लगे जामुन,शीशम व बबूल व यूकेलिप्टस के पेड़ अवैध रूप से कटवा लिये गये जिस पर इकाई कार्या0 पत्रांक 228/जि0प0/2010-11 दि0 03.07.2010 से श्री सत्येन्द्र श्रीवास्तव अवर अभियांता को जांच हेतु पत्र जारी किया गया।

उक्त पत्र में 20 यूकेलिपटस के वृक्ष काटने की जांच को कहा गया है।

उल्लेखनीय है कि शिकायती पत्र में जामुन,शीशम,बबूल व यूकेलिप्टस के पेड़ काटने का सन्दर्भ है, किन्तु जांच हेतु जारी पत्र में 20 यूकेलिप्टस के काटने की जांच हेतु लिखा जाना प्रकरण में मिली भगत को उजागर करता है।

जांच आदेश जारी करने के बाद आगे कोई कार्यवाही नहीं की गयी तथा प्रकरण दवा दिया गया।

शिकायतकर्ता श्री सुनीलकुमार न रू. 30000.00 पर ठेका लेने की सहमति भी दी, किन्तु उसे अवसर नहीं दिया गया और न ही श्री राकेश कुमार से नीलामी राशि जमा करायी।

31.03.2014 को इकाई की चतुर्थ त्रैमासिक समीक्षा पुस्तिका में इकाई के पास 2050 पेड़ होना अंकित किया गया है किन्तु उक्त पेड़ कहाँ कहाँ हैं एवं किस प्रजाति के कितने पेड़ है, का कोई विवरण नही है उक्त से स्वत: है कि भारी पैमाने पर गोल-माल कर अवैधानिक कार्य स्वहित मे किये जा रहे हैं।

यूकेलिप्टस के पेड़ लगाये जाते हैं। उक्त पेड़ कब लगवाये गये, अस्पष्ट है। अन्य पेड़ स्वय भी उग आते है।

शिकायती पत्र के बिन्दुओं में हेरीफेरी करना, जांच दबाना, नीलामी राशि जमा न कराना, कोई विधिक कार्यवाही न करना, अवैध वृक्ष कटान के सम्बंध में वन विभाग को सूचित न करना एवं एफ0आई0आर0 न कराना आदि अवैधानिक कृत्य इकाई के कार्यकारी अधि0 व प्रबंध के संरक्षण के बिना संभव नहीं है। अंतरिम आप0 का भी कोई जवाब न दिया जाना प्रकरण में संलिप्तता को ही प्रकट करता है।

ले0प0 के मौखिक संज्ञान में आया कि काफी पुराने 9-10 शीशम के पेड़ 5-6 पुराने जामुन के पेड़, 8-10 बबूल के पुराने पेड़ व 10-12 यूकोलिप्टस के पेड़ थे, जिनकी अवैध कटान की गयी है जांच पत्र में वन अधिकारी के अन्तर्गत अवैधानिक कृत्य स राकेश कुमार सिंह को अज्ञात कारणों से बचाने के लिये यूकेलिप्टस के पेड़ लिखा गया है।

उक्तानुसार अनुमानित कीमत रू. 600000.00 से700000.00 के मध्य होनी चाहिए। श्री राकेश कुमार को लाभ पहुंचाने में पटल प्रभारी श्री अजीत कुमार अपर मुख्य अधिकारी श्री प्रदीप कुमार सक्सेना, श्री सत्येनद्र कुमार श्रीवास्तव अवर अभियंता उत्तरदायी है। अत: औसत मूल्य रू. 650000.00 की वसूली दण्ड ब्याज सहित श्री अजीत कुमार पटल लिपिक, अवर अभियंता सतेन्द्र कुमार श्रीवास्तव व अपर मुख्य अधिकारी श्री प्रदीप कुमार सक्सेना से करते हुए प्रशासनिक कार्यवाही अपेक्षित रही। इकाई अध्यक्ष की भूमिका की भी जांच कर कार्यवाही अपेक्षित रही ।

प्रस्तर-12-ले0प0 मे विगत वर्षों में नीलामी की गयी कृषि योग्य भूमि की निम्न पत्रावलियां प्रस्तुत की गयी-

क्रसं0	नाम स्थान	सम्बद्ध	नीलामी तिथि	ऱाशि	प्रयुक्त स्टैम्प
1.	उ0प्रा0वि0 चित्तरपुर नवदियां (पंत्राक-सी-1485 दि0.13.03.12)	0.789 हे0	05.04.12	15000.00	100+10=110
2.	प्रा0पा0 नवलपुर चिंता (353/सम्पत्ति जि0प0 03.07.2012)	0.3 हे0	03.07.12	17500.00	100+10=110
3.	प्रा0पा0 बरनई	0.9 हे0	03.07.12	6000.00	100+10=110

उक्त में-

1.स्टैम्प डयूटी अनुबंध में मात्र रू. 100.00 ली गयी तथा रू 10 के स्टैम्प पर शपथ पत्र लिया गया है, जबकि नियमानुसार स्टैम्प 5 प्रतिशत की दर से रू. 38500.00 पर रू. 1925.00 के लिये जाने थे। इस प्रकार रू 1595.00 से शासकीय कोष को क्षति जान-बूझकर गयी है।

2- अप्रत्याशित रूप से भी नीलामी मे बोली लगाने वाले मात्र 3 ही लोग रहे हैं।

अत: रू 1925.00 की वसूली दण्ड ब्याज सहित तत्कालीन अपर मुख्य अधिकारी श्री सुशील कुमार गुप्ता व पटल सहायक श्री अजीत कुमार से करते हुए प्रशासनिक कार्यवाही अपेक्षित रही। साथ ही विगत समस्त भूमि नीलामी पंजिकाओं की जांचकर स्टैम्प कम लगाकर अनुबंध किये जाने पर शासकीय कोष को हुई क्षति का आकंलन कर तथा दायित्व निर्धारण कर दण्ड ब्याज सहित वसूली एवं प्रशासनिक कार्यवाही कर शासकीय कोष को हुई क्षति की पूर्ति की जानी अपेक्षित रही ।

प्रस्तर 13- इकाई की चतुर्थ त्रैमासिक समीक्षा पुस्तिका (2013-14) के प्रपत्र 3 में नौकाघाट से वर्ष आलोच्य मे कुल वसूली 0.16 (लाख) तथा बकाया राशि शून्य दर्शित करने के बाद बकायेदारों की संख्या 51 व आर.सी. के अंर्तगत राशि रू. 1.69 (लाख) दर्शित है। पंजिका की जांच में पाया गया कि 31.03.14 को कुल बकाया रू 276619 है जो काफी पुराना है। जिसकी वसूली के लिए वर्तमान पटल लिपिक द्वारा आर.सी. आदि की कार्यवाही की जा रही हैं। इस प्रकार विवरणी में त्रुटिपूर्ण व मनमानी पूर्वक काल्पनिक विवरण दर्शाया गया है।

कोई भी ठेका सम्पूर्ण राशि जमा करने के बाद दिया जाता है तत्कालीन अपर मुख्य अधिकारी व पटल लिपिक द्वारा नियम विरूद कार्य किये जाने के कारण उक्त बकाया पड़ा है।

अत: जांचोपरांत उक्त राशि रू 276619.00 की वसूली दण्ड ब्याज सहित तत्कालीन अपर मुख्य अधिकारी श्री सुशील कुमार गुप्त व पटल लिपिक (तत्काल) से करते हुए प्रशासनिक कार्यवाही अपेक्षित रही।

प्रस्तर-14- शासनादेश सं0 3891/77-5-200-1 (216) 93 दिनांक 05.08.2002 के अनुसार लेपन कार्य (सड़क निर्माण) के बिलों के भुगतान के पूर्व ठेकेदार से वैद्ध रवन्ना (एम-एम-11) लिया जाना अनिवार्य है। वैध रवन्ना (एम-एम-11) प्रस्तुत न होने पर शासनादेश से निर्धारित दरों के अनुसार बिलों से रायल्टी की कटौती कर शासकीय कोष में निर्धारित शीर्ष में धन जमा कराया जाना चाहिए।

लेखा परीक्षा में प्रस्तुत व्यय पत्रावलियों की जांच में पाया गया कि स्टोन आदि का प्रयोग सड़क निर्माण में ठेकेदारों द्वारा किये जाने के बाद भी वैध रवन्ना (एम-एम-11) प्रस्तुत नहीं किया गया तथा इकाई अधिकारियों ने भुगतान करते समय शासनादेशानुसार रायल्टी की कटौती न कर शासकीय कोष क्षति पहुंचायी है।

वस्तुत: स्टीमेंट बनाने में ही रायल्टी का शीर्षवार आवेदन करना था तथा पत्रावली प्रस्तुत करने में सहायक अभियन्ता/अवर अभियन्ता तथा पटल लिपिक का ही दायित्व था कि रायल्टी की कटौती कर भुगतान हेतु पत्रावलियां उच्च अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करते।

प्रयुक्त सामग्री का लेखापरीक्षा में उपलब्ध अभिलेखों (व्यय प्रमाणकों) के अनुसार विवरण इस प्रकार रहा है-

क्रसं.	कार्य का नाम	स्टोन ब्लास्ट 40-90	कोर सेण्ड	स्टोन ब्लास्ट 45-63	स्टोन ब्लास्ट 224-531	स्टोन डस्ट	स्टोन ग्रिट 1321	स्टोन ग्रिट 11-	स्टोन ग्रिट 2-36
1.	नेशनलहाइवेमहेश से फकीरे लालमजरा तक लेपन	210.20	-	127.90	102.30	19.42	23.02	11.50	7.66
2.	ढखना जटिया मेंलेपन	673.10	-	63.95	51.15	9.71	11.51	5.75	3.83
3.	जैतीपुर के ग्राम मुड़िया में लेपन	41	-	30.75	30.75	5.85	5.40	2.70	1.80
4.	खुटार के ग्राम तुलापुरमें लेपन	57.75	-	112.5	100	-	-	-	-
5.	जनकपुरमेंलेपन	911.25	113.40	562.50	418	71.20	33.75	16.87	11.25
6.	खुटार कुइयां मेंलेपन	243	150	150	120	-	-	-	-
7.	पनवाड़ी मार्ग से निमापुर मे लेपन	50	-	150	150	-	-	-	-
8.	खुटार के ग्राम बुझिया में लेपन	486	88.70	300	300	57	27	13.50	9.00
9.	देवकली मार्ग से नरायनपुर गंगा	367	102.06	337.50	306	42.70	20.75	10.12	6.75
10.	रघुनाथपुरसे रायपुरमें लेपन	235	42	148.10	147	27.72	26.07	13.20	8.80
11.	वीरमपुर में लेपन	3340.50	566.60	1725	1725	327.75	124.20	62	41.40

12.	**यावलखेड़मेंलेपन**	**128.85**	**24.50**	**79.92**	**79.12**	**16.93**	**16.04**	**8.02**	**5.34**
13.	**चंदपई में लेपन**	**375.52**	**69.50**	**230.26**	**230.26**	**43.74**	**20.72**	**10.35**	**6.98**
14.	**पहरानपुरमें लेपन**	**485.40**	**90.90**	**300**	**300**	**57**	**54**	**27**	**18**
15.	**मूड़ाखेड़ा में लेपन**	**620.90**	**115.90**	**385.76**	**385.76**	**73.28**	**34.72**	**17.36**	**11.57**
16.	**बुधवानापरौरमार्ग से गिरधरपुर में लेपन**	**-**	**-**	**26.10**	**42**	**8**	**23.10**	**23.10**	**15.80**
17.	**तिलहर स0 मा0 सेबंधागांव**	**106.50**	**-**	**90**	**90**	**17.10**	**16.20**	**8.10**	**7.20**
18.	**चिन्नौर पुवांया रोडसेगुलबड़ी कालोनीहोतेहुए चिन्नौरलेपन**	**138.79**	**33.29**	**85.81**	**85.81**	**-**	**-**	**-**	**-**
19.	**नगरिया बहाव (चिन्नौर) में डाक मरीकण II**	**81.73**	**-**	**50.62**	**50.62**	**-**	**-**	**-**	**-**
20.	**बिलग्राम हाइवें से गिरधारी नगर होते हुए अभी लोन तक 1st**	**235**	**-**	**150**	**147.60**	**14**	**-**	**-**	**-**
21.	**भरगवांपसगंवा रोडसे गैरिया मार्ग पर लेपन 1st**	**415.30**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**
22.	**सिधौली के ग्राम नगरिया में लेपन**	**151.87**	**26.25**	**85**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**
23.	**सिधौली के ग्राम सेदापुर में लेपन कार्य**	**121.50**	**22.68**	**75**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**
	योग	**9476.28**	**2136.08**	**5266.67**	**4871.37**	**791.40**	**436.59**	**229.57**	**155.30**

उक्त सामग्री पर शासनादेश के अनुसार रायल्टी निम्नानुसार वजिव होती है:-

1.स्टोन ब्लॉस्ट- 1961.32*50=980716

2.स्टोन ग्रिट- 821.38*102=83780.76

3.स्टोन डस्ट- 791.40*102=80722.80

4.कोर सैण्ड- 2136.08*33=70490.64

योग-**1215710.20**

लेखा परीक्षा में सम्पूर्ण प्रमाणक प्रस्तुत न होने के कारण उक्त विवरण सम्पूर्ण नहीं है। अंतरिम आय का भी पारिपालन नही किया गया है।

भुगतान के समय वैध रवन्ना (एमएम-11) न लिये जाने से दर्शित कृत कार्यों की निर्धारित गुणवत्तायुक्त होने में संदेह है। एम.वी की सत्यता भी उक्त के कारण पूर्णतया संदिग्ध। वास्तव में वैध रवन्ना (एमएम-11) से ही दर्शित प्रयुक्त सामग्री के कार्यस्थल पर पहुंचने व प्रयोग होने की पुष्टि होती है।

वाजिब सम्पूर्ण रायल्टी की आगणन करने हेतु दायित्व अवधारित किये जाने हेतु उच्च अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया जाता है।

अत: रायल्टी जमा न होने से शासकीय कोष को हुई क्षति रू. 1215710.20 की वसूली दण्ड ब्याज सहित श्री अनिल कुमार व्दिवेदी पटल लिपिक, श्री लाखन लेखाकार, श्री सुशील कुमार गुप्ता व श्री प्रदीप कुमार सक्सेना अपर मुख्य अधिकारी(कार्य अवधि के अनुसार) श्री ओम प्रकाश सक्सेना वित्तीय परामर्शदाता व सम्बंधित ए.ई. व जे. ई. पर अवधारित कर वसूली कर शासकीय कोष में जमा कराते हुए प्रशासनिक कार्यवाही अपेक्षित रही।

प्रस्तर-15-सिधौल-रक्शा मेन चौराहा परचारों ओर 200 मी0 सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य ठेकेदार श्री मुकेश सक्सेना द्वारा कराया गय जिसका भुगतान दि0. 13.08.13 को रू.754522.00 किया गया है।

ग्राम प्रधान की उक्त स्थल पर लगी 50000 ईटों के गायब करने की शिकायत पर अवर अभियंता द्वारा कुल क्षति 25 % के आधार पर मात्र रू. 10350.00 आंकलित की। पत्रावली में अंकन है कि आंकलित मूल्य रू. 10350.00 की कटौती ठेकेदार को आवंटित कार्य हथौड़ा बुर्जुग में स्टेडियम से गोपाल के मकान तक सी0सी0 रोड़ (टी.एफ.सी. का कार्य) से कर ली है।

उक्त से स्पष्ट है कि-

1.तत्कालीन अवर अभियंता ने बगैर स्थलीय सत्यापन किये स्टीमेंट बनाया व एम.वी. की है।

2.200 मी0 स्थल पर गणनानुसार कुल ईटें खडण्जे में 34800(200*3*58) प्रयोग होंगी तथा नाली भी बनी थी तो संख्या और अधिक होगी।

ठेकेदार द्वारा ईट प्रयोग कर लेने के बाद अवर अभियंता द्वारा 25 प्रतिशत मूल्य आंकलन का कोई आधार नहीं है।

3.गलत कार्य का चयन, बिना स्थलीय सर्वे के स्टीमेंट बनाने से शासकीय सम्पत्ति को क्षति पहुंचायी गई व ठेकेदार को लाभ।

4.यदि प्रधान द्वारा शिकायत न की जाती तो वास्तविक तथ्य छिप जाता व ठेकेदार लाभ ले लेता।

अंतरिम आप0 दि0 16.08.2017 का परिपालन नहीं किया गया और ग्राम पंचायत को धन नहीं दिया गया।

5.अवर अभियंता को कैसे पता चला कि हानि मात्र 25 % हुई। कब खडण्जा लगा था यह भी स्पष्ट नहीं है। स्टीमेट में तो कुछ दर्शित ही न था।

6.पत्रावली में **कीप्लान** सर्वे रिपोर्ट **क्रास** सेक्सन, फोटो आदि संलग्न नहीं है।

समय से कार्य पूरा न करने पर ठेकेदार को दिखावे के लिए अति अल्प दण्ड रू.1000.00 आरोपित किया गया है।

अत: खण्डजे पर पूर्व से लगी ईटों का मूल्य रू.191400.00 (दर रू. 5500.00 पर) की वसूली दण्ड ब्याज सहित ठेकेदार श्री मुकेश कुमार सक्सेना व अवर अभियंता श्री सतेंद्र कुमार श्रीवास्तव से करते हुए वसूला गया धन जिला पंचायत राज अधिकारी शाहजहाँपुर की संज्ञानता में लाते हुए ग्राम पंचायत के खाते में स्थानांतरित किया जाना अपेक्षित रहा।

उक्त से यह भी स्पष्ट है कि अभियंता/अवर अभियंताओं द्वारा स्टीमेट बिना स्थलीय सर्वे के काल्पनिक रूप से बनाये जाते हैं व एम.बी. की जाती हैं, जिसके लिए आवश्यक कार्यवाही हेतु विभागीय उच्च अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट किया जाता है। आश्चर्यजनक व अति गंभीर आपत्तिजनक तथ्य यह रहा कि कल्पित स्टीमेट की संज्ञानता के बाद भी अवर अभियंता के खिलाफ कोई कार्यवाही तक नहीं की गयी।(आप0सं013)

प्रस्तर-16-एस.एफ.सी. योजना से कराये गये निर्माण कार्यों की पत्रावलियों की जांच में पाया गया कि जिन ठेकेदार के टेण्डर स्वीकृत किये गये हैं उनसे योजना लागत के 0.72 प्रतिशत लागत के स्टैम्प पर अनुबंध

करने हेतु निर्देशित किये जाने के बावजूद अनुबंध मात्र रू. 100.00 मूल्य के स्टैम्प पर किया गया है। जिसमें अंकन है कि-

1.मान0 उच्चतम न्याय द्वारा यदि राज्य सरकार के पक्ष में निर्णय हो जाता है तो नियमानुसार स्टाम्प अदा कर दूंगा।

2.शासनादेश सं0 रा0वि0का0नि0 5-1712(एल) 11-2000-500 (डब्लू-29)2006 दि0. 02.05.2016 के अंर्तगत रू. 100/शुल्क अदा करना चाहता हूं।

विवादित इस सम्बंध में जब अंतरिम आप0 दि0. 26.08.2017 से वाछित स्पष्टीकरण का इकाई द्वारा कोई परिपालन नहीं किया गया।

जनपद का कोई ठेकेदार ने स्टैम्प की देयता के संबंध में किसी न्यायालय में याचिका प्रस्तुत नहीं की है और न ही किसी रूप में किसी भी न्यायालय मे पक्षकार है। अत: वह किसी भी रूप में स्टैंम्प से छूट पाने का हकदार नहीं है। अकिंत शासनादेशानुसार भी वह स्टैम्प से मुक्त किये जाने योग्य नहीं है।

सभी ठेकेदारों से मांग के अनुरूप स्टैम्प मूल्य पर ही अनुबंध किया जाना चाहिये थे। इकाई प्रबंधन ने स्टैम्प छूट में किसी भी प्रकार की छूट देने का कोई संकल्प कभी पारित ही नहीं किया।

पटल लिपिक, अभियंता एवं अपर मुख्य अधिकारी द्वारा स्टैम्प में ठेकेदारों को अनांधिकार छूट देकर शासकीय कोष को क्षति पहुंचायी है। इकाई कार्यालय को यह तक नहीं मालूम कि मा0 उच्चतम न्यायालय में कौन सा वाद चल रहा है तथा वाद संख्या क्या है, निर्णय की स्थिति क्या है।

वर्ष आलोच्य में एस.एफ.सी. योजना से कांट में नहर से सरनाम सिंह यादव के मकान तक 200 मी सी0सी0 रोड़ निर्माण कार्य की लागत रू. 7.55 (लाख) के 0.72 प्रतिशत की दर से अवधारित स्टैम्प मूल्य रू.5400.00 पर ठेकेदार गुप्ता बिलडर से अनुबंध किया गया है।

लेखापरीक्षा को मौखिक रूप से तेरहवे वित्त आयोग के धन से कराये गये कार्यों के पटल प्रभारी श्री अनिल कुमार द्विवेदी द्वारा बताया गया कि विगत कई वर्षों से यहां इसी तरह से रू 100.00 के स्टैम्प पर अनुबंध ठेकेदार से किया जाता है।

इस प्रकार इकाई द्वारा ठेकेदारों के अनियमित रूप से स्टैम्प में छूट देकर शासकीय कोष को क्षति पहुँचायी जा रही है। नियमानुसार मांग के अनुसार निर्धारित दर पर स्टैम्प पर अनुंबंध किया जाना था।

वर्ष आलोच्य में इकाई द्वारा कुल रू 162721715.00 से विभिन्न कार्य कराना दर्शाया जा रहा है। जिन पर कुल स्टैम्प मूल्य रू.1171596.00 अदा होने थे किन्तु कुल रू. 28500.00 के ही स्टैम्प प्रयोग किया गया है।

इस प्रकार रू. 1143096.00 की कम स्टैम्प लेकर राजकोष को पहुंचायी गयी है जो विगत वर्षों से सतत जारी है।

अत: रू.1143096.00 की वसूली अनाधिकार ठेकेदारों को छूट देने वाले पटल प्रभारी श्री दिनेश कुमार द्विवेदी श्री दिनेश वर्मा तकालीन अभि0 श्री ओ0पी0 मिश्र अपर मुख्य अधि0 श्री सुशील कुमार गुप्ता व श्री प्रदीप कुमार सस्सेना से दण्ड ब्याज सहित करते हुए धन राजकीय कोषागार में जमा कराते हुए प्रशासनिक कार्यवाही अपेक्षित रही। पदेन दायित्वों का सम्यक निर्वहन न करने के लिये तकालीन वित्तीय परामर्शदाता श्री ओम प्रकाश सक्सेना के विरूद्ध भी प्रशासनिक कार्यवाही हेतु उच्चाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट किया जाता है।

दूसरी तरफ विभिन्न मेलों के ठेकेदारों से अनुबंध ठेका मूल्य 0.81%, 0.826%, 0.84%, 0.802% आदि की दर से किये गये हैं। (आप0-14)

प्रस्तर-17- दिनांक 26.02.14 को चेक सं0 002245 से रू. 170021.00 का भुगतान (राज्य वि0 आयोग के धन से) एम. एस. ओग ट्रेडर्स को अध्यक्ष के कैम्प कार्यालय पर हुए व्ययों का किया गया है।

भुगतान प्रमाणक के साथ व्यय प्रमाणक संलग्न नही होने से व्यय की वास्तविकता की पुष्टि कराने हेतु दि0. 26.08.17 को जारी अंतरिम आप0 का इकाई द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया।

बिना व्यय प्रमाणकों के धन व्यय किया जाना धन का अपहरण है। अत: अपहरित धन रू.170021.00 की वसूली लेखाकार श्री लाखन व अपर मुख्य अधि0 श्री प्रदीप कुमार सक्सेना से दण्ड ब्याज सहित करते हुए प्रशासनिक कार्यावाही अपेक्षित रही। (आप0-15)

प्रस्तर-18- विभिन्न योजनाओं से प्राप्त धन को बैंकों के विभिन्न खातों में रखने से निम्नानुसार ब्याज प्राप्त हुआ है-

1.तृतीय राज्य वित्तय आयोग ए./सी.411601000000- 531100.00

2.तेरहवें वित्त आयोग ए.सी. 10470100014719 - 1002715.00

1533815.00

शासनादेश सं0-10/2025/ए-1-502/दस-2015-10 (33) 2010 दि0 29.05.2015 व शासनादेश सं0-ए-1-122/दस-2012-10 (33) 2010 दि0. 21.03.2012 के अनुसार शासन द्वारा अवमुक्त धनराशियों पर प्राप्त ब्याज संस्था की आय न होकर राज्य सरकार की आय होगी, जिसे राजकोष में जमा किया जायेगा।

इकाई द्वारा उक्त प्राप्त को अपनी आय में दर्शित किया गया है एवं राजकोष में जमा नहीं किया गया हैं. जो कि सर्वथा आपत्तिजनक रहा। उक्त के प्रति जिम्मेदार लेखाकार श्री लाखन एवं अपर मुख्य अधिकारी श्री सुशील कुमार गुप्त के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है।

शासनादेश के अनुसार रू.1533815.00 राजकोष में जमा किया जाना व उत्तरदायी लेखाकार श्री लाखन के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही किया जाना अपेक्षित रहा। (आप0-16)

प्रस्तर-19- मृत पशु शव हड्डी चमड़ा नीलामी पत्रावलियों की जांच में पाया गया कि विकास खण्ड खुटार, भावलखेड़ा,कलान,मदनापुर व जलालाबाद कुल-05 में नीलामी ही नहीं की गयी और न ही प्रयास किया गया।

जिन विकास खण्डों में नीलामी की गयी है उनका विवरण इस प्रकार रहा-

क्र.सं.	नाम वि0ख0	नीलामी/आवंटी	राशि	पत्रांक/ दिनांक
1.	मिर्जापुर	मृत पशु शव छेदन एवं उपयोग सह0समि0 जरीनपुर	46800.00	788/31.03.13
2.	खुदागंज	मृत पशु शव छेदन एवं उपयोग सह0समि0-अकबरी	160100.00	785/31.03.13
3.	ददरौल	मुन्ना पत्र रफीउल्ला इकनौरा	126500.00	800/31.3.13
4.	निगोही	मो0 अकील पुत्र शब्बीर खेड़ा	67000.00	786/31.3.13
5.	पुवांया	मृत पशुशव छेदन एवं उप0सह0समि0-बडागांव	67000.00	801/31.3.13
6.	सिधौली	मृत पशुशव छेदन एवं उप0सह0समि0-सिधौली	60500.00	787/31.3.13
7.	बण्डा	नदीम पुत्र सद्दीक मुरादियाकर	60500.00	/31.3.13
8.	जैतीपुर	लडड्न कुरैसी पुत्र छेदाबक्श दीनपर	77000.00	782/31.3.13
9.	तिलहर	आजाद कुरैसी पुत्र रियाज मिल्लीपुर	100000.00	783/31.3.13
10.	कांट	मृत पशुशव छेदन एवं उप0सह0समि0-नगरबरेण्डा	234500.00	780/31.3.13
योग-999900.00				

चतुर्थ त्रैमास 2013-14 की समीक्षा पुस्तिका में गत बकायागत 3.98 (लाख) व वर्ष का माग 2.30 लाख दर्शित की गयी है वर्ष आलोच्य में कोई नीलामी नहीं हुई ऐसी अवस्था में वर्ष की मांग का कोई औचित्य नहीं बनता है।

पत्रावलियों की जांच में पाया गया कि-

1.कथित दर्शित नीलामी वास्तव में कभी सार्वजनिक रूप से हुई ही नहीं क्योंकि नीलामी बोली राशि कभी खाते में जमा ही नहीं हुई एवं न ही कोई रसीद ही काटी गयी।

2.प्राय: गत ठेकेदारों को ही 10% बढाकर कथित नीलामी पश्चात ठेका दे दिया गया है।

3. सभी पत्रावलियां अपूर्ण पायी गयी। कुछ पत्रावलियां य़था निगोही, पुवांया बण्डा जैतीपुर तिलहर आदि में मात्र दो-दो ही कागज लगे पाये गये।

4. नीलामी का धन नीलामी के बाद कब एवं किस बैंक खाते में जमा हुआ आदि विवरण पटल प्रभारी द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया। कोई स्पष्ट लेखा तक नही रखा गया।

उक्त के अतिरिक्त शासनादेश सा0 682 बी/33-3-14(2)/84 दि. 10.031987 एवं शासनादेश सं0 2203/3-2-797-43 बी (8)/95 टी.सी. दि. 30.05.97 के अनुसार पशुसव पशु शव निस्तारण से हुई आय से 50% अंश ग्राम पंचायतों को भी अंतिरित नहीं किया गया।

पांच विकास खण्डों में नीलामी न कर इकाई को आर्थिक क्षति पहुंचायी गयी। जो कि कई लाखों की होगी तथ विधि अनुसार नीलामी न करने से प्रतिस्पर्धा के फलस्वरूप इकाई को संभावित अधिक आय से महरूम होना पड़ा है। जिसके लिये प्रमुख उत्तरदायी पटल प्रभारी लिपिक श्री अनिल कुमार द्विवेदी हैं।

अत: जांचोपरांत आवश्यक वसूली नीलामी न कर इकाई को क्षति पहुंचाने, पंचायतों को अंश न देने के प्रति श्री अनिल कुमार द्विवेदी पटल प्रभारी लिपिक व अपर मुख्य अधि0 श्री सुशील कुमार गुप्ता एवं श्री प्रदीप कुमार सक्सेना के विरूद्ध प्रशासनिक कार्यवाही अपेक्षित रही। सम्यक कार्यवाही समय से न करने के कारण तत्काल वित्तीय परामर्शदाता श्री ओम प्रकाश सक्सेना के विरूद भी प्रशासनिक कार्यवाही अपेक्षित रही। (आप0-17)

प्रस्तर-20- चतुर्थ त्रैमासिक समीक्षा पुस्तिका 2013-14 के अनुसार सम्पति एवं विभवकर शीर्ष में निम्नानुसार विवरण दर्शित है-(लाख)

		कर पंजिकाओं के अनुसार
1.4.13 को गत बकाया -	98.23	108-205449
वर्ष की कुल मांग -	32.85	27-95150
वर्ष मे वसूली-	13.88	14-83114
वर्षान्त में बकाया-	117.25	122-18985

कर मांग वसूली पंजिका की जांच में पाया गया कि भारी मात्रा में विगत वर्षों में की गई कर वसूली को आलोच्य वर्ष की वसूली में अंकित किय गया है, जिसका योग रू 140700.00 होता है। विकास खंडवार कर संबंधी विवरण इस प्रकार रहा-(पंजिका के अनुसार)

क्र.स.	**नाम विकास खण्ड**	**गत बकाया**	**वर्ष की मांग**	**वसूली**	**अग्रिम वसूली**	**बकाया**
1.	कलान	599412.45	10000	6100	18100	6033312.45
2.	जलालबाद	506408.02	145600	50185.98	3400	601822.04
3.	खुदागंज	584068.67	28300	23300	9700	589068.67
4.	ददरौल	491014.55	292400	125566.19	------	607848.36
5.	निगोही	117283.75	3000	3200	----	117083.75
6.	जैतीपुर	525495.06	41000	-------	5800	566495.06
7.	मिर्जापुर	608159.63	78600	66957.24	8700	619802.39
8.	पुवांया	991366.51	303800	164245	2100	1130921.51
9.	खुटार	1423959.71	349400	89345.11	700	1784014.60
10.	बण्डा	982838.73	485400	291640.62	400	1176598.11
11.	सिधौली	1465607.15	268300	117940.96	3650	1615966.19
12.	भावलखेड़ा	1183204.84	584400	418143.22	-----	1349461.62
13.	तिलहर	617923.84	-------	--------	-------	617923.84

14.	मदनापुर	219822.81	95400	68400	-------	246822.81
15.	कांठ	553984.22	99150	61290.48	-------	591843.74

उक्त विवरण से स्पष्ट है कि-

1.विकास खण्ड तिलहर के कर निरीक्षक द्वारा न तो कोई मांग लगायी गयी और न ही काई वसूली ही की गयी। बिना कार्य के वर्षपर्यन्त वेतन लिया गया। जो कि अनियमित रहा।

2.विकास खण्ड निगोही में मात्र रू.300.00 मांग लगायी व रू 3200.00 वसूली की स्पष्ट है की स्पष्ट है कि नियमानुसार न तो मांग लगायी गयी और न ही वसूली बिना कार्य किये वर्षपर्यन्त वेतन लिया गया जो कि अनियमति रहा।

3.विकास खण्ड कलान में न तो नियमानुसार मांग लगायी और न ही वसूली की गयी बिना कार्य के वेतन प्राप्त किया गया जो कि अनियमति रहा।

4-वि०ख० खुदागंज, जैतीपुर, कांठ व मिर्जापुर में नियमानुसार सभी पात्रों पर कर की मांग नहीं लगायी गयी और न ही वसूली की गयी। जैतीपुर में भी वसूली नहीं की।

5-बकाया वसूली का प्रयास किसी स्तर से नहीं किया गया और न ही पर्याप्त विधिक कार्यवाहियां ही की गयी है।

लेखा परीक्षा में यह भी पाया गया कि इकाई के टैक्स अधिकारी द्वारा विकास खण्डों में टैक्स के पात्र दुकानों/भवनों/भठठों आदि की कोई प्रमाणित सूची नहीं रखी और न ही टैक्स अवधारण की जांच ही की। यही नहीं इकाई के किसी भी अधिकारी ने टैक्स अवधारण व वसूली की कर्मी कोई समीक्षा भी नहीं की। इसके अतिरिक्त उच्चाधिकारियों को भ्रामक आंकडे प्रस्तुत कर भ्रमित किया गया, जबकि इकाई की आय का प्रमुख स्त्रोत कर ही हैं।

अतः भ्रामक आंकड़े प्रस्तुत करने एवं बकाया कर रू0 12218985.14 जान बूझकर वसूली न करने का प्रकरण उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाया जाता है।यदि बकाया वसूली नहीं होती तो उक्त का दायित्व सम्बंधित क्षेत्र के कर संग्रहकर्ताओं, कर अधिकारी एवं अपर मुख्य अधिकारी से करते हुए प्रशासनिक कार्यवाही अपेक्षित रही। (आप0-18)

प्रस्तर-21-इकाई की चतुर्थ त्रैमास की समीक्षा पुस्तिका के अनुसार सम्पत्ति से आय दुकान व भवन किराये का विवरण निम्नवत् किया गया है-

गत बकाया- 26.44 (लाख)

कुल मांग- 45.00 (लाख)

कुल वसूली- 51.50 (लाख)

वर्षान्त में बकाया- 19.94 (लाख)

ले0प0 में प्रस्तुत पंजिका के अनुसार वास्तविक स्थिति निम्नवत पायी गयी-

नाम तहसील	गत बकाया	वर्ष की मांग	कुल वसूली	बकाया
सदर	296549.00	132718.00	41443.00	379869.00
जलालाबाद	586413.00	235441.00	223017.00	548245.00
पुवांया	556507.00	401051.00	203222.00	793056.00
तिलहर	172002.00	187439.00	58089.00	301829.00
योग	1611471.00	956649.00	525771.00	2023002.00

इस प्रकार गत बकाया रू0 10.33 तथा कुल भांग रू० 35.43 (लाख) व कुल वसूली रू0 46.24 (लाख) अधिक दर्शाया गया। वर्ष में बकाया 0.29 लाख कम दर्शया गया।

लेखा परीक्षा द्वारा यह जानकारी मांगने की दर्शित वसूली रू0 51.50 (लाख) कहां व किस बैंक खाते में जमा किये गये, स्पष्ट नहीं किया गया।

उक्त के सम्बंध में किराया अनुबंध व आवंटन पत्रावलियां लिखित रूप से मांगने की दर्शित वसूली रू0 51.50 (लाख) कहां व किस बैंक खाते में जमा किये गये, स्पष्ट नहीं किया गया।

उक्त के सम्बंध में किराया अनुबंध व आवंटन पत्रावलियां लिखित रूप से मांगने पर भी पटल लिपिक श्री अनिल कुमार द्विवेदी द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया। अपर मुख्य अधिकारी के निर्देशों के बावजूद श्री अनिल कुमार द्विवेदी द्वारा संगत पत्रायलियां प्रस्तुत नहीं की गयी पंजिका की जांच में पाया गया -

1-भूखण्ड/दुकान/भवन आवंटन पूर्ण।। नियम विरूद्ध किया गया।

2- स्वयं श्री अनिल कुमार द्विवेदी ने चिनौर में अनियमित आवंटन करवाया व आसपास के अन्य आवंटियों से जमीन खरीद कर काबिज हो गये।

इसके अतिरिक्त श्री लाखन, श्री हना सईद खां, श्री श्याम लाल आदि ढेरों कर्मचारियों को भूखण्ड/दुकानें व आवासों का अनियमित रूप से आवंटन किया गया तथा अति अल्प किराया निर्धार किया। प्रीमियम तक नही लिया गया।

जिला पंचायत के डाक बंगला एवं अन्य आवास का आवंटन सम्पूर्ण विधि व्यवस्था के विपरीत जनप्रतिनिधियों एवं प्राइवेट व्यक्तियों को आवंटित किये गये।

4-भूखण्ड/आवास एवं दुकानों के आवंटन में नियमानुसार विधिक प्रक्रिया जानबूझकर पूर्ण नहीं की गयी, जिसका मूल उद्देश्य यह था कि कथित आवंटी प्रकरण कोर्ट ले जाकर पूर्णतया काबिज हो सके।

5-जिला पंचायत कार्यालय में अशोक कुमार पुत्र बनवारी को कैण्टीन हेतु जगह 20.7. 98 को आवंटित की गयी थी जिस पर रू0 63500/- किराया बकाया है। अशोक कुमार ने कोर्ट में केस दायर कर रखा है। पहले कैण्टीन कार्यालय प्रांगड़ में थी। मुकदमें के दौरान ही जिला पंचायत के गेट के पास पक्की दुकान बनाकर उसके वहां दुकान दे दी गयी। वाद अभी भी चल रहा है।

6-ऐसा भी पाया गया कि इकाई प्रबंध द्वारा दुकानें व भूमि आवंटन का प्रस्ताव पारित किया गया है किन्तु पाया गया कि उक्त का आवंटन पहले ही हो चुका था। उदाहरण स्वरूप इकाई प्रबंध कमेटी ने अपनी बैठक दि० 24.8.13 के प्रस्ताव सं0-5 से पुवायां अस्पताल में दुकाने व भूमि के आवंटन करने का संकल्प पारित किया गया। जबकि दुकान/मूखण्ड आवंटन पंजिका के अनुसार वहां आवंटन 11.9.2012 व 15.7.13 को ही 6 लोगों को 10 वर्ष के लिये किया जा चुका था।

7-जू0ह0 निगोही की जमीन से अतिक्रमण की रिपोर्ट प्राप्त होना प्रबंध कमेटी की बैठक दि० 24.08.13 के प्रस्ताव में अंकन है, किन्तु आगे कार्यवाही शून्य रही। जलालाबाद में नल वाली गली की जमीन की यही स्थिति है।

8-लेखा परीक्षा के संज्ञान में मौखिक रूप से आया कि इकाई की ढेरों दुकानें इकाई कर्मचारियों ने अपने रिश्तेदारों आदि के नाम पर ले रखी हैं तथा उसकी कोई बिकी कर रहा है तो काई किराये पर दे रखा है।

इकाई प्रबंध कमेटी की बैठक दिनांक 24.8.13 के प्रस्ताव सं० 5 (4) सें नी अंकन है कि-कुछ दुकानों को मूल आवंटियों ने किराये पर दे रखी हैं। सभी से रू० 15000-25000/- प्रीमियम जमा कराने व 25% किराया बढ़ाने का संकल्प पारित करने के बावजूद कोई कार्यवाही करा पाने में प्रबंध निष्फल रहा है। ?

9-इकाई कर्मचारियों एवं प्राइवेट व्यक्तियों ने इकाई के गोदामों/भवनों / गेस्ट हाउस पर कब्जे कर रखें हैं, किन्तु खाली कराने की कोई कार्यवाही नहीं की गयी।

10- इकाई कर्मचारी के सेवानिवृत्ति के बाद भी उनके कब्जे से इकाई अपना भवन खाली कराने में असमर्थ रहा है। उदा० श्री लाखन लेखाकर आदि।

11- आवंटन पंजिका की जांच में पाया गया कि दो-चार आवंटियों को छोड़कर कभी किसी आवंटी का रिनीवल नहीं किया गया जबकि आवंटन 5 से 10 वर्ष का हुआ था।

12- किराया भी बढ़ाने का प्रयास अधिकांश आवंटियों का नहीं किया गया।

13- पंजिका की जांच में यह भी पाया गया कि किराया वाजिब करने के बाद काटा गया है।

14-पंजिका में काफी कटिंग एवं उपरि किया गया एवं काफी कमांक रिक्त छोडे गये हैं।

15- बकाया किराये वसूली के कभी भी परिणामदायक प्रयास नहीं किया गया। जहां भी कोई विधिक कार्यवाही की गयी वही पर सम्यक औपचारिकताएँ पूर्ण न होने के कारण तथा लचर पैरवी के कारण विवादित स्थिति उत्पन्न हुई एवं आवंटी को राहत मिली।

16- इकाई के जितने भी कर्मचारियों को भूमि/भवन का आवंटन किया गया उनसे कभी भी भूमि / भवन खाली नहीं कराया जा सका।

17-, लेखा परीक्षा में ऐसा कोई अभिलेख प्रस्तुत नहीं किया गया जिससे यह स्पष्ट हो सके कि दुकानो/भवनों / भूखण्डों वः। आवंटन विधि अनुरूप किया गया हो

उपरोक्त अंकित विवरणों से स्पष्ट है कि पूर्णरूपेण विधि विरुद्ध दुकानों/भूखण्डों/भवनों का आवंटन किया गया। कथित आवंटन में पारदर्शिता का पूर्ण अभाव रहा। लेखा परीक्षा से पत्रावलियां छिपाये रखने का मूल उद्देश्य वास्तविकता तथ्य प्रकाश में आने से रोकने के अतिरिक्त कुछ न था। इकाई के अध्यक्षों की भूमिका भी उक्त में पूर्णतया संदिग्ध रही। संलिप्तता के कारण किसी अध्यक्ष एवं अपर मुख्य अधिकारी ने पटल प्रभारी श्री अनिल कुमार द्विवेदी से उक्त पटल को हटाने का प्रयास तक नहीं किया।

उक्त विवरण से यह भी स्पष्ट है कि अधिसंख्य आवंटन आवंटन न होकर बिक्री किया जाता रहा है। इसी कारण आवंटन के समय गारण्टी के रूप में धन एफ०डी० के रूप में नहीं जमा कराया गया है।

इस प्रकार इकाई की पचासों करोड़ मूल्य की जमीनों को विवादित करवायागया है। जांचोपरांत आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित रही। नियमानुसार आवंटन का समय पूर्ण चुके आवंटियों से दुकान/भवन/भूखण्ड खाली करवाकर नये सिरे से आवंटन किया जाना चाहिए तथा यदि उसी आधटी का रिन्यूवल किया जाना हो तो स्पष्ट अनुबंध, गारण्टी के रूप में एफ०डी०आर० व वर्तमान बाजार दर पर किराया अवधारण किया जाना चाहिए।

गलत आवंटन करने, अतिअल्प किराया निर्धारण करने, वसूली न करने एवं विवादित स्थिति उत्पन्न होने के लिए प्रमुख रूप से पटल प्रभारी श्री अनिल कुमार द्विवेदी, तत्कालीन अपर मुख्य अधिकारी श्री सुशील कुमार गुप्त, इकाई अध्यक्ष जिम्मेदार हैं। सम्यक कार्यवाही न करने के कारण कार्यरत रहे वित्तीय परामर्शदाता श्री ओम प्रकाश सक्सेना भी उत्तरदायी हैं।

उक्त के प्रति प्रशासनिक कार्यवाही अपेक्षित रही। (आप-19)

प्रस्तर-22-दिनांक 09.01.2014 को चेक नं0 9120011 को रू0 47500/- का भुगतान अभियंता जिला पंचायत को निम्न खरीदे गये सामानों का किया गया हैः-

1-25 नग यूकेलिप्टस पेड---

व 25 नग बांस मूल्य-35000.00

2- 50 मीटर कपड़ा रू०.9500.00

3-10 ड्रेस रिजेक्टड आर्मी रु० 3000.00

47500.00

प्रयोग के बाद उक्त स्टाक की प्रविष्टि स्टाक रजि० में नहीं पाते हुये जारी अंतरिम आप० दिनांक 22.04.2017 का परिपालन इकाई द्वारा नहीं किया गया। पेड़ व बांस खरीद का प्रमाणक नियमानुसार न होकर सादे कागज पर है। पेड़ों की दुलाई व कटाई का कोई प्रमाणक नहीं है। कहां प्रयोग हुआ स्पष्ट नहीं है। प्रयोग के बाद उक्त सामग्री स्टाक में भी नही पायी गयी। कि फर्जी खरीद दर्शाकर धन का अपहरण किया गया है।

अतः अपहरित राशि रू0 47500/- की वसूली अभियंता श्री ओ०पी० निश्र एवं अपर मुख्य अधिकारी श्री प्रदीप कुमार सक्सेना से दण्ड व्याज सहित करते हुये प्रशासनिक कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर-23-दिनांक 04.09.13 को चेक नं0 879376 से रू0 57755/- का भुगतान अपर मुख्य अधिकारी के नाम से आहरित किया गया है जिसमें शर्मा बिल्डिंग वर्क्स से मेलो में गेट बनवायी का व्यय रू0 48740/- भी है।

मेला समाप्ति के 7 माह भुगतान नगद करने के सम्बंध में दिनांक 22.04.2017 को जारी अंतरिम आपत्ति का परिपालन नहीं किया गया।

मेला की व्यवस्था हेतु टेण्डर के माध्यम से ठेका दिया गया था, जिसमें गेट बनवायी भी शामिल था। अतः अतिरिक्त से स्वयं इकाई द्वारा गेट बनवाने की कोई आवश्यकता न थी। साथ ही फर्म/दुकान को एकाउन्ट पेई चेक से भुगतान न कर नगद भुगतान करना स्वयं अनियमितता को स्पष्ट करता है। स्पष्ट है कि फर्जी बिल बनाकर एवं भुगतान दर्शाकर धन का अपहरण किया गया है।

अतः अपहरित रू० 48740/- की वसूली दण्ड व्याज सहित अपर मुख्य अधिकारी श्री प्रदीप कुमार सक्सेना, लेखाकार श्री लाखन से करते हुये प्रशासनिक कार्यवाही अपेक्षित रही। (आप०-23)

प्रस्तर-24-दिनांक 24.04.2018 को चेक नं0 34367 से रू0 36268 का भुगतान एडवोकेट श्री सुभाष चंद्र श्रीवास्तव को किया गया है। संलग्न पत्र में अंकन है कि-जि०प० के पत्राक 1195/अधि०जि०प०/2012-13 दिनांक 30.03.13 के कम में मात्रः-

1- पूर्व बकाया बिलो का 50 प्रतिशत-31135.00
न्याय शुल्क- 5133.00
योग- 36268.00

लेखापरीक्षा द्वारा दिनांक 15.06.2017 को अंतरिम आप० जारी कर कथित पूर्व बकाया बिलों व अंकित पत्र की माग की गयी, किन्तु द्वारा कोई बिल आदि प्रस्तुत नहीं किये गये यहां तक कि यह भी स्पष्ट नहीं किया गया कि किन वादो से सम्बन्धित उक्त भुगतान है। नियमानुसार यदि कोई बकाया बिल थे तो सम्पूर्ण बकाया की भाग बिल के साथ की जाती है। 50 प्रतिशत मांग का कोई औचित्य ही न था।

स्वतः स्पष्ट है कि अज्ञात कारणों से अनियमित रूप से भुगतान किया गया। अतः दुरुपयोगित धन रू0 36268/- की वसूली दण्ड व्याज सहित लेखाकार श्री लाखन व अपर मुख्य अधिकारी श्री सुशील कुमार गुप्ता से करते हुये प्रशासनिक कार्यवाही अपेक्षित रही।

प्रस्तर-25-चतुर्थ त्रैमासिक समीक्षा पुस्तिका के अनुसार सांसद/विधायक निधि से आय-व्यय शून्य है। जबकि दिनाक 23.10.2013 को विधायक निधि रू० 405000/- प्राप्त हुए है, जिसे खाता सं-56370200000029 में जमा किया गया है। उक्त खाते में प्रा० शेष 01.04.13 का रू0 231376/- व 31.03.14 को शेष रू0 636150/- (कटौती 226/-) रहे हैं। वर्ष दौरान कोई धन प्रयोग नही हुआ तथा प्रारम्भिक शेष में दर्शित राशि किस शीर्ष की थी, अस्पष्ट रहा। श्री अनिल कुमार द्विवेदी लिपिक / पटल प्रभात्री द्वारा उपलब्ध करायी गयी निर्माण कार्य पंचिका के अनुसार कांट के ग्राम मरई में 100 मीटर सी०सी० रोड़ निर्माण कार्य रू0 682500/- की लागत से कराने का ठेका श्री मनीष अग्रवाल को सौंपा गया था।

उक्त में दिनांक 13.01.14 को रू0 400000.00 मनीष अग्रवाल को भुगतान किया गया। वर्षान्त तक कार्य अपूर्ण रहा है। संगत निर्माण कार्य पत्रावली व रनिग एम०बी० श्री अनिल कुमार द्विवेदी पटल प्रभारी द्वारा प्रस्तुत नहीं की गयी।

विधायक निधि से प्राप्त धन बैंक खाते में शेष था तथा शीर्ष परिवर्तन का अधिकार किसी को नहीं था। पावली मांग के बावजूद लेखापरीक्षा में प्रस्तुत नहीं की गयी। कार्य भी अपूर्ण है।

अतः सुस्पष्ट है कि धन का अपहरण किया गया है । अतः रू0 400000.00 की वसूली मनीष अग्रवाल से न होंने पर उक्त धन की वसूली श्री अनिल कुमार द्विवेदी पटल अपर मुख्य अधिकारी श्री प्रदीप कुमार सक्सेना से करते हुये प्रशासनिक कार्यवाही अपेक्षित है।

तत्कालीन वित्तीय परामर्शदाता श्री ओमप्रकाश सक्सेना, अवर अभियंता / अभियंता व इकाई अध्यक्ष की भूमिका की भी जांच कर प्रभावी विधिक कार्यवाही अपेक्षित रही। (आप0सं027)

प्रस्तर-26-दिनांक 31.03.2014 को बैंक आफ बडौदा के खाता संख्या 145 में काफी समय से पर्यटन निधि का घन रू0 481005/- अवशेष पड़ा हुआ है। नियमानुसार धन का उपयोग न हो पाने की दशा में अवशेष धन शासन को वापस कर दिया जाना चाहिये था।

इस प्रकार पर्यटन निधि शीर्ष में उक्त धन अनियमित रूप से इकाई द्वारा रोके रखा गया है।

विभागीय उच्चाधिकारियों एवं इकाई प्रबंध का ध्यान नियमानुसार धन वापसी हेतु आकृष्ट किया जाता है व उक्त के प्रति जिम्मेदार लेखाकार श्री लाखन एवं अपर मुख्य अधिकारी श्री सुशील कुमार गुप्त के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है । (आप0स0-31)

प्रस्तर-27-लेखापरीक्षा में माह जुलाई 13 व दिसम्बर 2013 के प्रमाणक प्रस्तुत न थे। लेखापरीक्षा के मौखिक संज्ञान में जाया गया कि तत्कालीन लेखाकार श्री लाखन ने चार्ज नहीं दिया था। अलमारी खोलने पर उक्त प्रमाणक प्राप्त न होने के कारण लेखापरीक्षा में प्रस्तुत नहीं किये जा पर रहे है।

उक्त माहों में योजनागत व्ययो क सम्बन्ध में लेखापरीक्षा में एस०एफ०सी० व टी०एफ०सी० शीर्ष में समग्र रूप से टिप्पणी अंकित की जा चुकी है तथा वेतन आदि का भुगतान कर्मचारियों के खाते में हुआ है, जिससे पुष्टि होती है। अवशेष निम्न व्यय अप्रमाणित रहे। प्रमाणक न होने से लेखापरीक्षा द्वरा निम्न व्ययों को अपहरण की श्रेणी में विभागीय नियमानुसार वर्गीकृत किया जा रहा है। विवरण इस प्रकार रहाः-

माह जुलाई:-	वाहन पर व्यय	34000.00
	तेल पर व्यय-	22282.00
	वकील की फीस-	7700.00
	जमानत वापसी-	374400.00
	अन्य व्यय-	10950.00
	प्रिटिंग आदि पर-	40000.00
माह-दिसम्बर 2013:-		
	विभिन्न समाचार पत्रों पर-	
	विज्ञापन में-	19934.00
	वाहन किराया-	17000.00
	तेल व्यय-	12367.00
	वकील फीस-	19200.00
	टी०ए०-	4054.00
	अन्य व्यय-	2000.00
	जमानत-	389400.00
	योग-	953287.00

उक्त माहो में उक्त व्ययो की पुष्टि करानी अपेक्षित है। विपरीत स्थिति में उक्त धन रू0 953287/- का दायित्त्व लेखाकार श्री लाखन व तत्कालीन अपर मुख्य अधिकारी श्री सुशील कुमार गुप्ता एवं श्री प्रदीप कुमार सक्सेना पर अवधारित कर वसूली करते हुये नियमानुसार प्रशासनिक कार्यवाही अपेक्षित रही।

(आप0-37)

प्रस्तर-28-ईकाई प्रबंधक कमेटी के सदस्यों को निम्न विवरणानुसार बैठक भत्ता का भुगतान किया जाना दर्शित है। नगद धन प्राप्ति की पुष्टि हेतु अंतरिम लेखापरीक्षा आपत्ति दिनांक 05.05.2013 के वावजूद धन प्राप्ति रसीद प्रस्तुत नहीं की गयी।

चेक से भुगतान श्री शैलेन्द्र सिंह नाजिर ने प्राप्त किया है। धन प्राप्ति की रसीद प्रस्तुत न करने से स्वतःस्पष्ट है कि धन का अपहरण किया गया है। कार्यवाही पंजिका में भी उपस्थिति सदस्यों के हस्ताक्षर नहीं बनवाये गये है।

अतः अपहरित धन रू० 36300/- की वसूली श्री शैलेन्द्र सिंह नाजिर से करते हुये उक्त के प्रति नाजिर, लेखाकार श्री लाखन एवं अपर मुख्य अधिकारी श्री प्रदीप कुमार सक्सेना के विरूद्ध प्रशासनिक कार्यवाही अपेक्षित रही।

1-वा०नं०- 29 दिनांक 21.10.2013 चेक नं0 10 879399-11700.00(37-एक्स-300)

2-वा०नं०- दिनांक 25.01.2014 चेक नं० 887923-12000.00(40-एक्स-300)

3-वा०नं०- 16 दिनांक 04.05.2013 -12600.00 (42×300)योग- 36300.00

(आप038)

प्रस्तर-29-इकाई के भरतपुर गोदाम पंजिका के अनुसार 31.03.2014 को निम्न सामाग्रीस्टाक में थीः-

क्रं.सं.	नाम सामग्री	वर्ष में क्रय	31.03.2014 को शेष
1.	फील्ड ऑफिसर काबुल पाल टेण्ट	----	30 नग
2.	शामियानां	----	09 नग
3.	दरियां	----	25 नग
4.	कुर्सी	----	06 नग
5.	तिरपाल	----	03 नग
6.	बाल्टी	----	10 नग
7.	नल	100	250 नग
8.	कनात	----	-------
9.	वाच टावर	03	03
10.	तालो	10	10

उक्त सामान के रहते विभिन्न गेला में टेण्ट हाउस सामान को किराया पर लिया गया है। लेखापरीक्षा में प्रस्तुत अभिलेखों के अनुसार इकाई गोदान में मौजूद उक्त सामान की ढुलाई करनायी पर धन व्यय किये जाने के बाद भी टेण्ट हाउस के सामान को किराये पर लिया जाना दर्शाया गया।

पर्याप्त मात्रा में टेण्ट हाउस का सामान गोदाम में रहते किराये पर टेण्ट हाउस का सामान किराये पर लिये जाने है कि भरतपुर गोदाम से मेला तक कोई औचित्य न था। उल्लेखनीय यह भी सामान ढुलाई का भुगतान ठेकेदार ने ही प्राप्त किया है। स्पष्ट है कि टेण्ट किराये का फर्जी बिल, एम०बी० व स्टीमेट बनाकर इकाई के जिम्मेदार अधिकारियों ने ठेकेदार से मिलकर धन का अपहरण किया गया है।

मेला रमनगरिया ढाईघाट के कार्य पर सामान ढुलाई दर्शित नही है, किन्तु पर्याप्त सामान गोदाम में रहते उक्त का प्रयोग न किया जाना भी मिलीभगत का परिणाम ही है।

उल्लेखनीय यह भी है कि काफी समय से सिविल कान्ट्रेक्टर श्री मनीष अग्रवाल को ही मेले के ठेके दिये जाते रहे है जो कि टेण्ट हाउस एवं बिजली कार्य के ठेकेदार भी नहीं है।

पत्रावलियों की जांच में यह भी पाया गया कि मात्र तीन ठेकेदारों ने ही टेण्डर डाले है, जो कि सेटिंग करके ठेका उठाने को ही स्पष्ट करता है।

विवरण इस प्रकार रहाः-

चेक नं0 882007 दिनांक 16.12.2013 को अन्य व्ययों के साथ रू0 38000 (टैक्स रू0 851+ 3749) का भुगतान ठेकेदार श्री मनीष अग्रवाल को भरतपुर गोदाम से मेला स्थल तक सामान ढुलाई भांडा का भुगतान किया गया है।

टेण्ट हाउस के सामान किराये का भुगतान श्री मनीष अग्रवाल ठेकेदार को निम्नवत किया गया-

1- मेला रमनगरिया ढाई घाट में-

वा०नं0-64 दिनांक 13.03.2014 चेक नं0-521564- 220610.00

2- मेला कार्तिक-

चेक नं० 882007 दिनांक 16.12.2013- 119575.00

कुल व्यय- 340185.00

वा०नं०-58 दिनांक 11.03.2014 चेक नं० 526720 से सामान पैकिंग पर 2 श्रमिकों को 20 दिन की मजदूर भुगतान रू० 7000/- से भी यही स्पष्ट होता है कि गोदाम में मौजूद टैण्ट हाउस के सामान का प्रयोग हुआ है। 20 दिनों तक पैंकिग कार्य चलते संभव नहीं है। टेण्ट लगवायी एवं उखडवायी दोनो कार्यों पर उक्त यथासंभव है। किसी कार्य के फोटोग्राफ भी नहीं है। स्पष्ट है कि गोदाम में मजूद टेण्ट हाउस के सामान का प्रयोग किया गया किन्तु किराये पर लेना दर्शया गया है। इसके लिये फर्जी एम०बी० भी बनायी गयी है।

अतः अपहरित राशि रू० 340185 की वसूली श्री मनीष अग्रवाल ठेकेदार से दण्ड ब्याज सहित न हो पाने पर उक्त धन रू0 340185/ की वसूली श्री प्रदीप कुमार सक्सेना अपर मुख्य अधिकारी, अमियता श्री ओ०पी० मिश्रा एवं अवर अभियंता श्री सत्येन्द्र कुमार श्रीवास्तव से करते हुये प्रशासनिक कार्यवाही अपेक्षित रही। उक्त में वित्तीय परामर्शदात्ता व इकाई अध्यक्षा की भी भूमिका की जांचकर दायित्व निर्धारण अपेक्षित रहा। (आप0सा039)

प्रस्तर-30-आलोच्य वर्ष में 13वें वित्त आयोग की प्रथम किस्त के रूप में कुल रुपए 19723106.00 प्राप्त हुए हैं जिसका उपभोग सड़क निर्माण, सीसी रोड निर्माण, खड़ंजा निर्माण के कार्यों पर किया गया है ।

पंचायती राज अनु0-03 उत्तर प्रदेश शासन के पत्रांक 2566/33-3/2010-142/ दि0 23-12-2010 के प्रस्तर 2(2) के अनुसार 13वें वित्त आयोग द्वारा प्रदत्त निधि की प्रथम किस्त से स्वच्छता सुविधाएँ तथा सभी के लिए पेयजल आपूर्ति हेतु पुरानी जलापूर्ति योजनाओं का पुनर्वास व नवीन योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाना था ।

इस प्रकार 13वें वित्त आयोग से प्राप्त प्रथम किस्त का उपभोग शासनादेश के विपरीत किया जाना अनियमित रहा

अतः जांचोपरांत उक्त अनियमित व्यय रु0 19723106.00 की वसूली अपर मुख्य अधिकारी श्री सुशील कुमार गुप्ता व प्रदीप कुमार सक्सेना, तत्कालीन वित्तीय परामर्शदाता श्री ओम प्रकाश सक्सेना व इकाई अध्यक्ष से करते हुए प्रशासनिक कार्यवाही अपेक्षित रही ।

वर्ष-2014-15

प्रस्तर-31-इकाई द्वारा शासनादेशों के विपरीत राज्य वित्त आयोग एवं तेरहवे वित्त आयोग से प्राप्त धन को एफ़ डी आर में विनियोजित कर रखा गया एवं व्याज कमाया गया। शासनादेश सं0-10/2015/ए1/502/दस-2015-10(33)/2010 दि० 29.05. 2015 में शासनादेश सं०- ए1/22/1-2012-10(33)/2010 दि० 21/3/12 अनुसार उक्त पर अर्जित ब्याज संस्था की आय न होकर राज्य सरकार की आय होगी जिसे निर्धारित शीर्ष में कोषागार में जमा किया जायेगा। किन्तु इकाई द्वारा अर्जित ब्याज कोषागार में जमा नहीं किया गया है। जो कि गंभीर आपत्ति का विषय है। अर्जित ब्याज शासकीय कोष में जमा करते हुए, धन को एफ़ डी आर में विनियोजित करने का औचित्य स्पष्ट किया जाना अपेक्षित रहा। विवरण निम्नवत् है-

(एफ़ डी आर ले०प० में प्रस्तुत न थे)

क० सं०	एफ़ डी आर **बनवाने की तिथि**	**राशि जिसकी** एफ़ डी आर **बनी**	**परिपक्वता तिथि**	**प्राप्त धन**	**अर्जित ब्याज**	**अन्य विवरण**

1	15.10.11	10000000.00	30.12.11	10123288.00	123288.00	तेरहवां वित्त आयोग
2	15.10.11	10000000.00	18.04.12	10425982.00	425982.00	तेरहवां वित्त आयोग
3	30.12.11	10123288.00	27.02.12	10260535.00	137247.00	तेरहवां वित्त आयोग
4	28.12.12	18000000.00	01.10.14	20131732.00	2131732.00	तेरहवां वित्त आयोग
5	03.01.12	13000000.00	04.04.12	13225336.00	225336.00	राज्य वित्त आयोग
6	09.04.12	13279393.00	11.05.12	13374997.00	95604.00	राज्य वित्त आयोग
7	11.05.12	13374997.00	11.07.12	13555888.00	180891.00	राज्य वित्त आयोग
8	11.07.12	12500000.00	05.10.12	13715913.00	1215913.00	राज्य वित्त आयोग
9	05.10.12	13500000.00	01.10.14	15385642.00	1885642.00	राज्य वित्त आयोग
				योग	**6421635.00**	

प्रस्तर-32-चतुर्थ त्रैमासिक समीक्षा पुस्तिका में वर्ष आलोच्य में कृषि एवं तरूपालन से कुल आय रू0 5.01 (लाख) दर्शित है। जबकि कृषि योग्य नीलामी पंजिका में मांग एवं वसूली तथा बकाया का विवरण निम्नवत दर्शित है-

तहसील	**2014-15 की मांग**	**गत बकाया**	**वसूली मांग**	**बकाया वसूली**	**शेष**
सदर	9000.00	23700.00	9000.00	16000.00	7700.00
पुवाया	222000.00	473250.00	222000.00	203000.00	270250.00
तिलहर	92000.00	4000.00	92000.00	-	40000.00
जलालावाद	410000.00	-	410000.00	-	-
योग	**733000.00**	**536950.00**	**733000.00**	**219000.00**	**317950.00**

वर्ष आलोच्य में मात्र 04 कृषि योग्य जमीनों की नीलामी हुई है। जिनका विवरण निम्नवत् है

जमीन विवरण	**रकबा**	**नीलामी वर्ष**	**नीलामी प्राप्तकर्ता**	**नीलामी राशि**	**वसूली विवरण**	
प्रा०पा० जमुका	0.773 हे०	2014-17	वीरपाल सिंह	9000	04-06-14	9000
उ०प्र०पा०ल कमानपुर बहेडा	2.00 एकड़	2014-17	सुवेग सिंह	32000	08-05-14 12-06-14	25000 7000
प्रा०पा० नाहिल	1.75 एकड़	2014-17	सुदीप तिवारी	10000	25-08-14	10000
उ०प्रा०पा० परोर	1.17 हे०	2014-17	सत्यवीर सिंह	73000	04-06-14 16-07-14	30000 43000
			योग	**124000**		**124000**

उक्त के अतिरिक्त उ०प्रा०पा० समधना की 5.073 हेक्टेयर जमीन जिसकी नीलामी 2013-14 में हुई थी का धन रू0 11500/- दि० 25.08.14 को प्राप्त हुआ है।

इस प्रकार उक्त वसूली मात्र रु० 135500/- ही हुई है। स्वतः स्पष्ट है कि इकाई द्वारा फर्जी आय दर्शायी जा रही है।

नीलामी पत्रावलियों की जांच में पाया गया कि

1- नीलामी में मात्र 3 ही बोलीदाता रहे हैं।

2- नीलामी हेतु बोली की निर्धारित जमा जमानत राशि जमा होने का कोई साक्ष्य नहीं है।

3- इकाई द्वारा न्यूनतम नीलामी राशि का निर्धारण नहीं किया गया।

प्रा०पा० परोर की 1.117 हेक्टेयर जमीन की नीलामी राशि रू0 73000/-रही है जबकि इससे 4 1/2 गुना जमीन उ०प्रा०पा० समधना की नीलामी राशि मात्र रू० 92000/- रही है। नियमत 4 1/2 गुना लगभग रू0 328500/- तो होना ही था।

उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि इकाई द्वारा फर्जी व कल्पित आंकड़े मात्र उच्चाधिकारियों को भ्रमित करने तथा चहेतों को फर्जी / काल्पनिक नीलामी दर्शाकर दूषित स्वार्थपूर्ति कर जमीनें अति अल्प राशि पर तीन वर्षों के लिए दी गयी हैं।

कृषि विभाग के अनुसार प्रति एकड़ औसत उत्पादन धान व गेहूं का 17.50 कु० तथा औसत दर रू0 1500/- के आधार पर तीन वर्षों में कुल रू0 3326400/- का धान व गेहूं का उत्पादन होगा अधिकतम 40% उत्पादन व्यय घटाने पर लाभ रू0 1995840/-होगा। पुवाली व भूसा अलग है। इस प्रकार न्यूनतम नीलामी राशि कम से कम रू० 997920/- होना चाहिए जबकि मात्र रू0 216000/- में नीलामी की गयी है। इस प्रकार न्यूनतम हानि रू0 781920/- की हुई है। गर्मी की फसल या गन्ने की फसल लेने पर हानि और अधिक होगी। अतः रू०-781920/- की वसूली जांचोपरांत अनिल कुमार द्विवेदी पटल लिपिक, अपर मुख्य अधिकारी श्री प्रदीप कुमार सक्सेना से करते हुए प्रशासनिक कार्यगाही अपेक्षित रहीं इकाई अध्यक्षा श्रीमती नीतू सिंह की भूमिका की जाँचकर कार्यवाही अपेक्षित रही। (अप०-11)

प्रस्तर-33-वर्ष आलेच्य में जिला पंचायत द्वारा राज्य वित्त आयोग तथा तेरहवे वित्ता आयोग के धन को बैंक खातों में रखकर निम्नानुसार ब्याज कमाया गया हैः-

राज्य वित्त आयोग 2438846.00

तेरहवें विरा आयोग - 2022023.00

योग- 4460869.00

शासनादेश सं० ए1-122/दस-2012-10(33)/2010 दि० 21.03.2012 के, अनुसार उक्त ब्याज से आय संस्था की न होकर राज्य सरकार की आय है। अतः उक्त धन शासकीय कोष में जमा किया जाना था । किन्तु इकाई द्वारा उसको निजहित में प्रयोग किया गया है। जो कि गम्भीर आपत्ति का विषय है एवं वित्तीय अनियमितता है।

अतः ब्याज से हुई आय रू०. 4460860/- को शासकीय कोष में जमा करते हुए उत्तरदाई अपर मुख्य अधिकारी श्री प्रदीप कुमार सक्सेना, लेखाकार श्री लाखन व वित्तीय परामर्शदाता श्री ओम प्रकाश श्रीवास्तव के खिलाफ आवश्यक प्रशासनिक कार्ययाही अपेक्षित रही। एफ डी पर प्राप्त ब्याज रु 6421035/- भी उक्त में शामिल कर जमा कर दिया जाना चाहिए।

(आप०-12)

प्रस्तर-34- आलेच्य वर्ष में मिट्टी पर रॉयल्टी का धन रू0 1772619/- शासकीय कोष में जमा किया गया है। बिलों की जांच में पाया गया कि मिट्टी पर वाजिब रॉयल्टी का भुगतान पहले ठेकेदार को करना इकाई द्वारा दर्शाया जाता है तथा बाद में उक्त की कटौती ठेकेदारों के बिलों से दर्शायी जाती है। टेण्डर आमंत्रण में जबकि ऐसा कुछ नहीं होता है। नियमानुसार यदि ठेकेदार द्वारा मिट्टी कहीं से खरीदी गयी होती तो रॉयल्टी की रसीद

प्रस्तुत की जानी थी।इस प्रकार रु0 1772619/- से ठेकेदारों को लाभ पहुँचाया गया तथा रु० 1772619/- से इकाई को हानि पहुँचाई गयी है।

अत्त- रू0 1772619/- की वसूली ठेकेदारों से न हो पाने पर उक्त की वसूली अभियंता श्री ओम प्रकाश मिश्र, श्री मनोज शर्मा, अवर अभियंता श्री प्रदीप कुमार सक्सेना अपर मुख्य अधि० श्री प्रदीप कुमार सक्सेना से अपेक्षित है। (आ0-13)

प्रस्तर-35- वर्ष आलोच्य में सेस के रूप में रू0 2092132 अदा किया गया है। बिलों की जांच में पाया गया कि ठेकेदारो के बिलों में इकाई द्वारा पहले वाजिब सेस जोड़ा गया एवं बाद में उसी धन की कटौती दिखायी गयी है।। जवकि नियमानुसार सेसो का दायित्व ठेकेदार का था न कि इकाई का क्योंकि टैण्डर में उक्त के संबंध मे ऐसी कोई व्यवस्था न थी।इस प्रकार रू0 2092132 से ठेकेदारों को लाभ पहुँचाया गया तथा इकाई को रू0 2092132 की क्षति हुई है।

अतः रू0 2092132 की वसूली ठेकेदारों से न हो पाने पर उक्त की वसूली अभियता श्री ओम प्रकाश मिश्र, अवर अभि० श्री मनोज शर्मा व अपर मुख्य अधि० श्री प्रदीप कुमार सक्सेना से अपेक्षित है। नियमानुसार प्रशासनिक कार्यवाही भी अपेक्षित रही। (आप० 14)

प्रस्तर-36-इकाई कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों के वेतन से निम्न विवरण के अनुसार भविष्य निधि की कटौती की जा रही है-

क्र०सं०	**नाम कर्मचारी**	**भ०नि० कटौती**	**क्र०सं०**	**नाम कर्मचारी**	**भ०नि० कटौती**
1	श्री रामचंद्र	1300	15	श्री अतुल कुमार	800
2	श्री हरिश्चंद	1400	16	श्री ओम प्रकाश मिश्र	1000
3	श्री तुलसीराम	2000	17	श्री अनिल द्विवेदी	1400
4	श्री रजनीश	800	18	श्री असगर खा	1100
5	श्री अतुल कुमार श्रीवा०	1000	19	श्री गुच्छन खां	1000
6	श्री सोहनलाल	900	20	श्री राजाराम	1000
7	श्री सुरेश कुमार	900	21	श्री समयपाल	1400
8	श्री किशन लाल	700	22	श्री हसन सईद खां	1400
9	श्री जयप्रकाश	1000	23	श्री कृष्ण कुमार तिवारी	1000
10	श्री नरेन्द्र कुमार	1900	24	श्रीमती मनोरमा सिंह	900
11	श्री कमलेश चंद	1000	25	श्री आशारानी	1000
12	श्री रामकुमार	1500			
13	श्री महेन्द्र प्रसाद	1000			
14	श्री राजपाल	800			
				योग	**29000**

ले0प0 में पाया गया कि भविष्य नि० को कटौती के धन का विनियोजन नियमानुसार न कर करपोरेशन बैंक में कर्मचारियों के खुले बचत खाते में धन जमा किया जा रहा है।

जबकि नियमानुसार शासन द्वारा अनुमन्य पी०पी०एफ०, भविष्य निधि ट्रस्ट या शारान द्वारा अधिसूचित अन्य प्रकार से भविष्य नि० की कटौती का धन जमा किया जाना था। किन्तु नियमों की पूर्ण जानकारी के बावजूद नियमानुसार कार्यवाही नहीं की गयी।

उक्त के कारण कर्मचारियों को ब्याज की हानि हुई है तथा आयकर विवरणी भरने में छूट भी प्राप्त करने में असमर्थ रहा है। आयकर गणना अभिलेख ले०प० में प्रस्तुत न होने से तत्तसंबंधी टिप्पणी न की जा सकी।

इकाई कार्यालय में यह प्रक्रिया विगत काफी वर्षों से यथावत चली आ रही है।

पी०एफ० आदि खातों पर चकवृद्धि ब्याज अनुमन्य होता है। जबकि बचत खातों पर सामान्य अतिअल्प ब्याज दर देय होती है। अंतरिम आप० के बाद भी नियमानुसार कार्यवाही नहीं हुई।
इस प्रकार इकाई प्रबंधन एवं उच्चाधिकारियों द्वारा कर्मचारियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। अतः वर्ष आलोच्य में जमा किया गया धन रू० 348000/- पूर्णतया दुर्विनियोजित रहा है।

इकाई कर्मचारियों/अधि० के भविष्य निधि खाते अनियमित रूप से बैंक में बचत खाते में खोलने तथा कर्मचारियों को शासन द्वारा अनुमन्य भविष्य निधि पर चकवृद्धि ब्याज न मिलकर बचत खाते की दर पर सामान्य ब्याज मिलने से हुई क्षति का आंकलन खाते खुलने के समय से कर उत्तरदायी तत्कालीन अपर मुख्य अधिकारियों एवं वर्तमान अपर मु० अधि० श्री प्रदीप कुमार सक्सेना, इकाई अध्यक्ष व वित्तीय सलाहकार/परामर्शदाता से वसूली कर सम्बंधित कर्मचारियों के खातों में जमा किया जाना अपेक्षित रहा। साथ ही जो कर्मचारी सेवानिवृत्त हो चुके हों उन्हें भुगतान किया जाना चाहिऐ। इसके अतिरिक्त कर्मचारियों के भविष्य निधि के खाते नियमानुसार शासकीय व्यवस्थानुसार खोले जाने अपेक्षित रहे।(आप० 16)

प्रस्तर-37-वर्ष आलोच्य 2014-15 की चतुर्थ त्रैमासिक समीक्षा पुस्तिका में सम्पत्ति एवं विभव कर शीर्षान्तगत विवरण निम्नवत दर्शित है- (लाख में)

वर्ष की मांग-32.85

गत वर्ष की बकाया-98.28

वर्ष में वसूली-

अ-मांग की-15.24

ब-बकाया की-3.50

31.03.15 को कुल बकाया 112.39 जबकि विगत वर्ष 2013-14 में 31.03.14 को बकाया रु 117.25 (लाख) दर्शित था। इस प्रकार दर्शित बकाया रु० 18.97 (लाख) से कम दर्शाया जा रहा है।

अब दर्शित बकाया में-

1-10 वर्षों से अधिक के बकाया-39.00

2-अपलेखन योग्य-20.01

3-आर०सी० के अंर्तगत-41.35

दर्शित है। उक्त का आधार कुछ नहीं हैं। काल्पनिक विवरण हैं।

विभव एवं सम्पत्ति कर की मांग एवं उगाही पंजिका व प्रस्तावित कर सूची पंजिका की जांच में पाया गया कि जिन करदाताओं द्वारा केस फाइनल नहीं करायें हैं, उन पर दसों वर्षों से कर बकाया होते हुए भी बकाया में नहीं दर्शाया जा रहा है। इकाई कर्मचारी एवं प्रबंध भी इस प्रति उदासीन है। उक्त के कारण दर्शित बकाया वास्तविक नहीं है। उक्त' के कारण इकाई की भारी राशि डूबने की ओर है। इकाई कर्मचारी कर वसूली के प्रति पूर्णतया उदासीन है। नियमानुसार कार्यवाही हेतु विभागीय अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट किया जाता है व उक्त के प्रति जिम्मेदार लेखाकार श्री लाखन एवं अपर मुख्य अधिकारी श्री सुशील कुमार गुप्त के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है । कुछ उदा०-

नाग बकायेदार	**वि०ख०**	**कुल बकाया**	**वर्ष का विवरण**
सर्राफा / मनोज कुमार	पुवांया	10000.00	2008-9 से 2014-15
जनरल स्टोर/ओमकार	पुवांया	4500.00	2012-12 से 2014-15
जूता चप्पल / जहीर	पुवांया	4800.00	2010-11 से 2014-15
मिठाई की दुकानें / सुंदरलाल	पुवांया	11600.00	1998-99 से 2014-15
मिठाई की दुकानें / सिंहराज	पुवांया	9800.00	2005-06 से 2014-15
मेडिकल स्टोर/रंजीत कुमार	पुवांया	9100.00	2008-09 से 2014-15
जनरल स्टोर/संतोष कुमार	पुवांया	8600.00	1998-99 से 2014-15
पालेसर/राम रामऔतार	पुवांया	12300.00	2002-03 से 2014-15

किराना/नन्हें	पुवांया	10800.00	2002-03 से 2014-15
गल्ला/आढ़त / प्रमोद कुमार	बण्डा	11600.00	1998-99 से 2014-15
गल्ला / मेवाराम	बण्डा	11600.00	1998-99 से 2014-15
पालेशर / रामविलास	बण्डा	12000.00	2004-05 से 2014-15
पालेशर/ सोनू	बण्डा	6800.00	2007-08 से 2014-15
किराना/ गंगा राम	बण्डा	6400.00	2007-08 से 2014-15

प्रस्तर-38-माघ मेला रामनगरिया घाट का ठेका प्रथागत रूप से श्री मनीष अग्रवाल को दिया गया।

प्रभा0सं0 115 दि० 24.02.2015 से रू0 18000/- चेक से भुगतान श्री मनीश अग्रवाल को किया गया है जबकि मुख्य द्वार गांधी चौक का फ्लेक्सी कराने का कार्य में० डी०एस० प्रिन्टर्स द्वारा कराना लिखा गया है। फर्म का बिल भी संलग्न नहीं है। यदि मे० डी०एस० प्रिंन्टर्स द्वारा उक्त कार्य किया गया है तो फर्म को भुगतान न कर श्री मनीष अग्रवाल को भुगतान नहीं किया जा सकता था। श्री मनीष अग्रवाल को सम्पूर्ण कार्यों का ठेका दिया गया था। अतः अलग से व्यय का कोई औचित्य न था। अनियमित भुगतान फर्जीवाड़े को ही स्पष्ट करता है।

अतः अपहरित धन रू0 18000/- की वसूली अपर मुख्य अधि० श्री प्रदीप कुमार सक्सेना व लेखाकार श्री लाखन से दण्ड व्याज सहित करते हुऐ प्रशासनिक कार्यवाही अपेक्षित रही। इकाई अध्यक्ष का भी दायित्व अवधारण अपेक्षित रहा। (आप० 21)

प्रस्तर-39-दिनांक 31.3.15 को रू0 8325/- का भुगतान अधिवक्ता श्री सुभाष चंद्र श्रीवास्तव को किया गया है। प्रमाण पत्र के साथ विल संलग्न नहीं हैं। जिससे यह स्पष्ट नहीं हो सका कि किन केसों की पैरवी के लिये उक्त भुगतान किया गया है। बिना प्रमाणक के भुगतान अनियमित रहा। अतः जांचोंपरांत रू0 8325/-की वसूली अपर मु०अधि० श्री प्रदीप कुमार श्रीवास्तव व लेखाकार श्री लाखन से करते हुए प्रशासनिक कार्यवाही अपेक्षित रही। (आप० 22)

प्रस्तर-40-वर्ष आलोच्य में मेला/प्रदर्शनी पर चतुर्थ त्रैमासिक समीक्षा पुस्तिका के अनुसार कुल व्यय रु० 15.89 (लाख) दर्शित है, जबकि आय रु० 17.80 (लाख) दर्शित की गयी है। क्लासीफाइड पंजिका अपूर्ण पायी गयी। ले०प० में मांग के बावजूद मेला/प्रदर्शनी से सम्बंधित पत्रावलियां प्रस्तुत नहीं की गयीं, जिससे दर्शित व्यय की पुष्टि न की जा सकी। प्रथागत रूप से ठेका श्री मनीष अग्रवाल को ही दिया जाना, अनियमितता की ही पुष्टि करता है।

मांग के बावजूद मेलों के ठेके संवधी पत्रावलियां प्रस्तुत न करना वित्तीय अनियमितता को ही स्पष्ट करता है। संगत अभिलेखों के अभाव में दर्शित व्यय कुल रु० 15.89 (लाख) को ले0प0, द्वारा अनियमित आंकलित किया जा रहा है।

अतः जांचोपरांत रू0 15.89 (लाख) की वसूली अपर मुख्य अधि० श्री प्रदीप कुमार सक्सेना, पटल लिपिक व इकाई अभियंता श्री ओम प्रकाश मिश्र से करते हुए नियमानुसार प्रशासनिक कार्यवाही अपेक्षित रही। (आप० 23)

प्रस्तर-41-कसरक मुख्य मार्ग से राकेश के मकान तक इण्टरलाकिंग कार्य का भुगतान चंक नं0 202520 से दि.21.08.14 को रू0 624851/- का भुगतान ठेकेदार श्री रामचंद्र को किया गया है।

प्रमाणक में उक्त मार्ग पर पूर्व में लगे खडण्जे का मूल्य रू0 10462-(2250 एक्स 4620) आंकलित कर ठेकेदार के बिल से कटौती की गयी है।

उक्त मार्ग पर लगभग 28710 ईट माप के अनुसार लगी थीं जिनका मूल्य रू0 130000 होता है। इस प्रकार रू0 10462 मूल्य आंकलन त्रुटिपूर्ण रहा। लगे खडण्जे को उखाड़ने के सम्बंध में ग्राम पंचायतों से अनापत्ति भी नहीं ली गयी। इस प्रकार जान बूझकर शासकीय सम्पत्ति को क्षति पहुँचायी गयी कार्य का चयन भी नियम विरूद्ध रहा है।

ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के लिये ईटों का अतिअल्प मूल्य आंकलित किया गया है तथा ग्राम पंचायत की परिसम्पत्ति (ईट मूल्य) का अपहरण किया गया है एवं रू0 10462 को स्वहित में स्वयं अपने पास (इकाई के खाते में) रख लिया गया है।

अतः दुरूपयोगित धन रू0 624851/- तथा अपहरित धन रू0 119538/-(ईट मूल्य) की वसूली अपर मुख्य अधि० श्री प्रदीप कुमार सक्सेना, अवर अभि० श्री मनोज शर्मा, अभियंता श्री ओम प्रकाश मिश्र व इकाई अध्यक्षा श्रीमती नीतू सिंह (गलत कार्य का चयन करने के लिये) से दण्ड ब्याज सहित करते हुए प्रशासनिक कार्यवाही अपेक्षित रही साथ ही ईट मूल्य ग्राम पंचायत के खाते में स्थानांतरित किया जाना अपेक्षित रहा।(आप० 24)

प्रस्तर-42-जिला पंचायतों को अपनी निजी पूंजी में वृद्धि कर अपनी आर्थिक स्थिति सुदृढ करने के लिए निर्धारित राजस्व वसूली शत-प्रतिशत की जानी चाहिए। ले०प० में पाया गया कि इकाई प्रबंध एवं कर्मचारी इस तरफ पूर्णतया उदासीन है। राज्य वित्त आयोग से प्राप्त धन से वेतन आदि प्राप्त किया जाता है। अनियमित रूप से ब्याज का भी उपभोग किया गया है।

इकाई की शराब की दुकानों से प्राप्त शुल्क की पत्रावली की जांच में पाया, गया कि इकाई द्वारा अपने कार्यालय पत्रांक 160/ला०/जि०प०/2013-14 दि० 29.05.2014 से 214 दुकानों से रू० 6000/- की दर से विभव कर की मांग की गयी। किन्तु वसूली रू0 2000/- की दर से की गयी। इस प्रकार कुल हानि रु0 856000/- पहुंचायी गयी है।

उक्त हानि पहुंचाने के लिये कोई तर्क संगत तथ्य इकाई द्वारा नहीं दिया गया है।

अतः रू0 856000/- की वसूली इकाई के कर निरीक्षण अधिकारी श्री रामपाल शास्त्री (प्रभारी) श्री प्रदीप कुमार सक्सेना अपर मुख्य अधिकारी से करते हुये प्रशासनिक कार्यवाही अपेक्षित रही। (आप० 25)

प्रस्तर-43-शासनादेश सं0 3891/77-5-200-1 (216)93 दि० 05.08.2002 के अनुसार बिलों के भुगतान के पूर्व ठेकेदारों से वैध रवन्ना (एम.एम.-11) लिया जाना अनिवार्य है। वैध रवन्ना न होने की स्थिति में शासन द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार बिलों से रायल्टी की कटौती कर शासकीय कोष में जमा किया जाना अनिवार्यता है।

लेखा परीक्षा में लिखित व मौखिक रूप से कई बार निर्माण कार्य पत्रावलियों की मांग किये जाने के बाद भी पत्रावलियां प्रस्तुत नहीं की गयी। ले०प० में प्रस्तुत बिलों के अनुसार निम्नवत सामग्री क्रय की गयी हैः-

	मात्रा	**रायल्टी दर**	**वाजिब रायल्टी**
स्टोन बैलास्ट	25635-38 घन मी^{3}.	50	1281769
स्टोन ग्रिट	19542-52 घन मी^{3}.	102	1993337-04
स्टोन डस्ट	1058-29 घन मी^{3}.	102	107945-58
फाइन सैण्ड	3435-46 घन मी^{3}.	33	113370-18
फाइन सैण्ड	2448-59 घन मी^{3}.	33	80803-47
		योग	**3577225-27**

ले0प0 पत्रावलियां प्रस्तुत न होने से उक्त विवरण पूर्ण नहीं है। बिलों के भुगतान के समय वैध रवन्ना (एम.एम.-11) न लिये जाने से कृत कार्यो की निर्धारित गुणवत्तायुक्त होने में संदेह है। एम०वी० की स्थिति भी उक्त से संदिग्ध है। वास्तव में वैध रवन्ना (एम.एम.-11) से ही वास्तविक मात्रा में खरीद की पुष्टि होती है एवं कार्यस्थल में पहुँचने व प्रयोग की पुष्टि होती है।

निर्माण कार्य की पत्रावलियों को लेखा परीक्षा में छिपाने से और भी स्पष्ट हो जाता है कि कराए गए दर्शित कार्य, अधोमानक है तथा या तो कराए ही नहीं गएं व कल्पित एम. बी. तैयार की गयी है।

अतः रॉयल्टी न जमा होने से शासकीय, कोष को. जानबूझकर पहुँचायी गयी क्षति रु० 3577225-27 की वसूली दण्ड ब्याज सहित पटल प्रभारी श्री अनिल कुमार द्विवेदी व श्री दिनेश, लेखाकार श्री लाखन, अभियंता श्री ओम प्रकाश मिश्र, अवर अभियंता श्री मनोज शर्मा, अपर मुख्य अधिकारी श्री प्रदीप कुमार

सक्सेना से करते हुए प्रशासनिक कार्यवाही अपेक्षित रही। दायित्वों का सम्यक् निर्वहन न करने के सम्बंध में वित्तीय सलाहकार श्री ओम प्रकाश सक्सेन के विरूद्ध भी नियमानुसार कार्यवाही अपेक्षित रही। एम. बी. प्रस्तुत न होने से स्पष्ट व पूर्ण गणना संभव न हो सकी। जाँचोंपरान्त कार्यवाहीं अपेक्षित रही। (आपत्ति सं)-26)

प्रस्तर-44-गत वर्षानुसार पाया गया कि वर्ष आलेच्य में भी. ठेकेदारों से अनुबंध नियमानुसार कुल लागत के 0.72 प्रतिशत के मूल्य के स्टाम्प पर न कर मात्र रू0 100/- के, स्टाम्प पर लिया गया है। रू0 100 के स्टैम्प के साथ गत वर्षानुसार ही एक शपथ पत्र भी लिया गया है जिसमें अकन है कि-

क -मान० उच्चतम न्यायालय द्वारा यदि राजय सरकार के पक्ष में निर्णय दिया जाता है तो नियमानुसार स्टैम्प अदा कर दूँगा।

ख- शासनादेश सं०रा०का०नि० 5-1712. (1) 11-2000-500 (डब्ल्यू-29) 2006 दि० 02.05.2006 के अन्तर्गत रू0 100/ शुल्क अदा करना चाहता हूँ।

जनपद का कोई ठेकेदार स्टैम्प संबंधी किसी केस का उच्च न्यायालय में पक्षकार नहीं है. और न ही इकाई के अधिकारियों की ही किसी केस के संबंध में जानकारी है। यह भी ज्ञात हुआ कि अन्य विभागों में नियमानुसार ही मूल्य के स्टैम्प पर अनुबंध हो रहे है। अंकित शासनादेशानुसार स्टैम्प पर छूट नहीं दी जा सकती है।

वर्ष आलेच्य में कुल रू0 2327-19 (लाख) धन निर्माण कार्यों पर व्यय किया गया है। अतः वाजिब स्टाम्प रू0 1675577- के लिए जाने थे जबकि लिये मात्र 23600/- के है। इस प्रकार रू० 1651977/- से शासकीय कोष की क्षति हुई है। उक्त हानि इकाई के अधिकारियों की ठेकेदारों से दुरभिसंधि का परिणाम है विडम्बना यह है, कि ठेकेदारों को अनुबंध करने के लिए 0-72 प्रतिशत मूल्य के स्टैम्प पर करने के निर्देश दिए गए हैं। सुस्पष्ट अधिकारी स्वयं जानते हैं। वाजिब स्टाम्प किस मूल्य का होना चाहिए एवं यदि कोई केस या परिणाम राज्य सरकार के पक्ष में आ चुका है

अतः रु० 1651977/- की वसूली अनाधिकार ठेकेदारों को छूट देने वाले पटल प्रभारी श्री अनिल कुमार द्विवेदी व श्री दिनेश वर्मा, अभियंता श्री ओम प्रकाश मिश्रा व अपर मुख्य अधि० श्री प्रदीप कुमार सक्सेना से दण्ड, ब्याज सहित करते हुए धन राजकीय कोषागार में जमा कराते हुए प्रशासनिक कार्यवाही अपेक्षित रही। पदेन दायित्वों का सम्यक निर्वहन न करने के लिए तत्कालीन वित्तीय परामर्शदाता श्री ओमप्रकाश सक्सेना के विरूद्ध भी प्रशासनिक कार्यवाही अपेक्षित रही। (अप० 27)

प्रस्तर-45-वर्ष आलेच्य में तेरहवें वित्त आयोग की प्रथम क़िस्त के रूप में रू0 11958069/- प्राप्त हुए हैं. जिसका उपभोग सड़क निर्माण, सी०सी० रोड' निर्माण, खड़ज़ा निर्माण के कार्यों पर किया गया है।

उ०प्र० शासन के पंचायती राज अनुभाग-3 के द्वारा जारी शासनादेश सं0 2566/33-3/2010-142/दि० 23.12.2010 के प्रस्तर 2 (2) के अनुसार तेरहवें वित्त आयोग द्वारा प्रदत्त निधि की प्रथम किस्त से स्वच्छता सुविधाएं तथा सभी के लिए पेयजल आपूर्ति हेतु पुरानी जलापूर्ति योजनाओं का पुर्वयास व नवीन योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाना था।

इस प्रकार तेरहवें वित्त आयोग से प्राप्त प्रथम किस्त, का उपभोग शासनादेश के विपरीत किया जाना अनियमित रहा।

अतः जाँचोंपरान्त उक्त अनियमितिता के लिए अपर मुख्य अधिकारी श्री प्रदीप कुमार सक्सेना व इकाई अध्यक्षा श्रीमती नीतू सिंह व वित्त परामर्शदाता श्री ओम प्रकाश सक्सेना से करते हुए प्रशासनिक कार्यवाही अपेक्षित है। (आप० 44)

प्रस्तर-46-वाउचर नं-40 दि० 08.09:2014 से चेक नं0 002561 से 70000/- का भुगतान श्री मनीष अग्रवाल की रा०वि०आ० के धन से ढाईघाट में पक्के मार्ग से. गंगा जी के तट पर कांवरियों के आवागमन हेतु कच्चा मार्ग निर्माण का किया गया है। कार्य की माप अवर अभि० श्री सत्येन्द्र श्रीवास्तव द्वारा दि० 18.07.2014. को किया जाना दर्शित है।

पाया गया किं तत्स्मय कोई कांवर यात्रा या मेला न था और न ही जिला प्रशासन द्वारा जिला पंचायत को ऐसा कोई निर्देश ही दिया था। वर्षा काल में मार्ग कच्चा निर्माण का कोई औचित्य ही नहीं है। इसके अतिरिक्त कार्य की पत्रावली ले0प0 से छिपायी गई हैं, मांग पर भी प्रस्तुत नहीं की गयी। बिल के साथ मिट्टी खरीद की रायल्टी (एम.एम.-11) की रसीद भी नहीं है। उपरोक्त बिन्दुओं से स्पष्ट है कि मिल जुलकर धन का अपहरण किया गया है। रा०वि० आयोग के धन से कच्चा कार्य अनुमन्य ही नहीं है।

अतः अपहरित धन रू0 70000/- की वसूली दण्ड ब्याज सहित अपर मु०अधि० श्री प्रदीप कुमार सक्सेना अपर अभि० श्री सत्येन्द्र श्रीवास्तव से करते हुए प्रशासनिक कार्यवाही अपेक्षित रही। इकाई अध्यक्ष की भूमिका की भी जांच अपेक्षित रही। (आप० 29)

प्रस्तर-47-प्रमाणक सं० 53 दि0 25.08.14 से चेक सं0-526738 से इकाई अध्यक्ष एवं कार्यालय जनरेटर के लिए खरीदे गये डीजल मूल्य का भुगतान किया गया है। जिसका विवरण निम्न प्रकार है:-

वाहन में:-

रसीद नं०	बिल दि०	तेल डलवाने की तिथि	मात्रा	दर
1420	04-07-14	2/7 - 3/7	26+40=66	63.00
1421	07-07-14	6/7	47	63.00
1422	14-07-14	13/7	51	63.00
1423	17-07-14	16/7	49	63.00
1424	24-07-14	23/7	51	63.00
1425	29-07-14	28/7	43	63.00
1426	31-07-14	30/7	52	63.00
			359	**मूल्य-22652.90**

जनरेटर हेतु-

रसीद नं0	तेल डलवाने की तिथि	मात्रा	दर
1427	1/7	10	63-10
	4/7	20	63-10
	5/7	20	63-10
	10/7	15	63-10
	11/7	10	63-10
		75	**मूल्य-4732.50**

उक्त में रसीद नं0 1420 दि० 31.07.14 को निर्गत है जबकि 1427 दि० 12 07.14 को निर्गत है। जो संभव नहीं है। उक्त से स्वतः स्पष्ट है कि फर्जी बिल एवं रसीदें बनायी गयी हैं। उक्त को समायोजित करने के लिए फर्जी अभिलेख बनाये गये हैं।

अतः अपहरित धन के रू0 27385.40 की वसूली अपर मुख्य अधि० श्री प्रदीप कुमार सक्सेना एवं संगत पटल लिपिक से करते हुए प्रशासनिक कार्यवाही अपेक्षित रही साथ ही फर्म के 'विरूद्ध फर्जी बिल बनाने के प्रति भी कार्यवाही की जानी चाहिए। (आप० 30)

वर्ष- 2015- 16

प्रस्तर-48-आलोच्य वर्ष 15- 16 में राज्य वित्त आयोग एवं तेरहवें वित्त आयोग से प्राप्त अनुदानों से कराये गये कार्यों की अधिकांश पत्रावलियां एवं माप पुस्तिका लेखा परीक्षा में उपलब्ध नहीं कराया गया कतिपय पत्रावलियों के अवलोकन से तथा व्यय प्रमाणकों की जांच में निम्न कमियां प्रकाश में आयीः-

(1) उ०प्र० पंचायती राज अनुभाग-2 से जारी शासनादेश सं० 830/33.02.2004-93 जी०/2004 दि० 12.01.2005 के चयन सम्बन्धीजारी मार्गदर्शन सिद्धातों के विपरीत अधिकांश कार्य गांव के अन्दर करवाये गये है। ऐसा प्रतीत होता है कि व्यक्ति विशेष का लाभ / सुविधा प्रदान करने वाले कार्य करवाये गये है।
(2) कार्य का चयन जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा किया गया है, जो कि शासनादेश संख्या 8307/33-2-2004-93 जी0/2004 दि० 12.01.2005 प्रस्तर 4 के विपरीत रहा उसके कारण शासन की मंशा लोकतांत्रित व पारदर्शी भ्रष्टाचार मुफ्त का उलंघन हुआ है। उक्त के कारण स्वेच्छाचारिता एवं एकाधिकार को बढावा मिला एवं परिणामस्वरूप अनियमितायें हुई।
(3) उ०प्र० शासन के शासनादेश सं0 2566/33-3/2010-142/2010 लखनऊ दि० 23.12.2010 के प्रस्तर 2(1) के अनुसार तेरहवें वित्त आयोग द्वारा प्रदत्त निधि के प्रथम किस्त के धन से स्वेच्छता सुविधायें सनी के लिए पेय जल आपूर्ति हेतु पुरानी जलपूर्ति योजनाओं का पुर्नवास, सालिड लिक्विड वेस्ट मैनेजमेन्ट, स्ट्रीट लाइंट आदि नागरिक सुविधाओं के रखरखाव / अनुरक्षण व पर व्यय किया जायगा। इसके अतिरिक्त प्रस्तर-2(2) के अनुसार आवंटित धनराशि से स्वच्छता सुविधायें तथा सभी के लिए पेयजल आपूर्ति हेतु पुरानी योजनाओं का पुर्नवास एवं नवीन योजनाओं का कियान्वयन किया जाना था। किन्तु इकाई अध्यक्ष द्वारा मात्र सडक निर्माण सी०सी०रोड निर्माण, खडंजा निर्माण एवं इण्टरलॉकिंग मार्ग निर्माण आदि कार्य करवाये गये है, इस प्रकार कराये गये कार्य शासनदेश के अनुरूप नहीं रहें।
(4) राज्य वित्त आयोग से प्राप्त धन का उपयोग शासनादेश सं0-1719/33-3/2010-48/2007 दि० 30.09.2010 के अनुसार नहीं किया गया है।
(5) जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा कब और किस आधार पर कार्य योजना बनाई कब अपर मुख्य अधिकारी व अभियन्ता ने कार्ययोजना स्वीकृत की अदि अस्पष्ट रहा।
(6) अवर अभियन्ता को कब स्टीमेट बनाने के आदेश दिये गयेनव स्थलीय सत्यापन व माप की गयी आदि अस्पष्ट रहा।
(7) कराये गये कार्यों के चयन के पूर्व ग्राम पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों मण्डी समिति तथा गन्ना विभाग आदि से अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं लिया गया है।
(8)सी०सी०रोड की क्यूब टेस्ट रिपोर्ट नहीं ली गयी है, जिसे गुणवत्ता संदिग्ध रही।
(9) इण्टरलॉकिंग रोड निर्माण के कम्प्रहेन्सिव स्ट्रेन्थ रिपोर्ट नहीं ली गयी है, जिससे उन कार्यों की गुणवत्ता अप्रमाणित रही निम्न व अधोमानके गुणवत्ता की इण्टरलॉकिंग ईंट प्रयोग किए जाने की सूचना प्राप्त हुयी है।
(10) रायल्टी की रसीद नहीं ली गयी है, रवन्ना (एम.एम.-11) लिया जाना था।
(11) टेण्डर प्रक्रिया दूषित रही। समस्त कार्यों के मात्र तीन ही टैण्डर प्राप्त थे जिससे स्पष्ट है कि सेटिंग की गयी है।
उपरोक्त अंकित बिन्दुओं से पूर्णतया तथा स्पष्ट है कि राज्य वित्त आयोग से प्रयुक्त धन रू० 1597.46 लाख एवं तेहरवें वित्त आयोग से प्राप्त धन 454.52 लाख, कुल 2051.98 लाख का पूर्णतया दुरूपयोग एवं अनियमितता की गयी है।

अतः उक्त धन का जाचोपरांत अपर मुख्य अधिकारी श्री प्रदीप कुमार सक्सेना, अभियंता श्री राकेश कुमार वर्मा अवर अभियंता श्री मनोज शर्मा लेखाकार श्री लाखन तथा जिला पंचायत अध्यक्ष पर पर दायित्व का निर्धारण किया जाना अपेक्षित रहा। साथ ही दायित्वों का निर्वाहन न करने के कारण तत्कालीन वित्तीय परार्मशदाता श्री राधेश्याम गुप्ता एवं श्री संतोष कुमार गुप्ता पर आवश्यक कार्यवाही करते हुए उच्च स्तरीय जांच एवं भौतिक सत्यापन आपेक्षित रहा।

प्रस्तर-49-दिनांक 24.09.2015 को वाउचर संख्या-91 से रूपया 871909.00 का भुगतान किया गया जिसमें रूपये 19531.00 टी०डी०एस०, 34876.00 रूपये वैट, 31593.00 रू० लेवर सेस 1000.00 अर्थ दण्ड तथा 784909.00 रूपये ठेकेदार को दिया गया जिसमें रायल्टी नहीं काटकर जमा की गयी। इस कार्य में ठेकेदार द्वारा 2379.68 घन मीटर मिट्टी खरीद की गयी थी। जिस पर 14 रू0 प्रति मी० की दर पर मिट्टी रायल्टी

2379.18×14 = 33316 रू० होता है। रायल्टी का भुगतान श्री मुकेश सक्सेना को कर दिया गया। इसकी वसूली की जिम्मेदारी वर्तमान प्रशासन की है। अन्यथा की स्थिति में तत्कालीन लेखाकार श्री लाखन एवं अपर मुख्य अधिकारी श्री प्रदीप कमार सक्सेना से वसूल किया जाना अपेक्षित है तथा वित्तीय परामर्शदाता पर भी आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है ।

प्रस्तर-50-ठेकेदारों के बिलों से उपखनिजों की रायल्टी की वूसली नहीं की गयी है। प्रमुख सचिव उ०प्र० शासन के पत्रांक 3891/77-5/ (216) 93 दि० 05.08.2002 के अनुसार उपखनिजों पर नियमानुसार रायल्टी का भुगतान वैध रवन्ना (एम०एम०-11) के आधार पर ही परिवहन किया जाय। निर्माण फाईलो में वैध रवन्ना एवं रायल्टी जमा के प्रमाण स्वरूप ट्रेजरी चालान का प्रमाणित प्रति नहीं लगी थी। निर्माण फाइल_एवं पेमेन्टशीट के आधार पर निम्न विवरण अनुसार उपखनिजों की आपूर्ति की रायल्टी निर्धारित की जाती है

वर्ष	क्र.सं	उपखनिजों के नाम	मात्रा धन मी0	दर/धन मी0	धनराशि(रूपये में)
15-16	1. 2. 3.	मोरंग बालू आदि स्टोन व्लॉस्ट स्टोन ग्रिट	12144.07 9089.50 3142.82	33 प्रति घनमी 50 प्रति घनमी 102 प्रति घनमी	400754.00 454475.00 320567.00
		योग--			1175796.00

क्र.सं.	**नाम ठेकेदार**	**धनराशि-**
1.	गुप्ता बिल्डर्स	6072.00
2.	भूपेन्द्र सिंह	62541.00
3.	मलक हवीवुर्रमान	20818.00
4.	इवरत वली	19251.00
5.	राम कुमार	1853.00
6.	राम चन्द्र सिंह	345220.00
7.	आनन्द देव मिश्र	21063.00
8.	खान कांस्ट्रक्शन	7151.00
9.	मुकेश कुमार सक्सेना	97688.00
10.	विमलेश कुमार	10848.00
11.	सरनाम सिंह	3454.00
12.	अजीत कुमार सिंह	967.00
13.	सन्तोष कुमार सिंह	98873.00
14.	मनोज वर्मा	15662.00
15.	अशोक कुमार	5211.00
16.	अनिल दत त्रिपाठी	4891.00
17.	अली कांस्ट्रक्शन	11177.00
18.	आर0के0 कांस्ट्रक्शन	3768.00
19.	बाला जी कांस्ट्रक्शन	7941.00
20.	वैण्णों कांस्ट्रक्शन	3032.00
21.	पंकज गुप्ता	6630.00
22.	मनीष अग्रवाल	59059.00
23.	शिव कांस्ट्रक्शन	5249.00
24.	ओम साई कम्पनी	2530.00

25.	प्रदीप चतुर्वेदी	7068.00
26.	प्रताप सिंह	1420.00
27.	कृण्णा कांस्ट्रक्शन	146804.00
28.	जय सिंह	81677.00
29.	न्यू राज कांस्ट्रक्शन	5351.00
30.	सुल्तान एशोसियेट	48299.00
31.	श्री कांस्ट्रक्शन	8559.00
32.	छविनाथ सिंह	870.00
33.	श्रीमती शीला देवी	1182.00
34.	शम्मन लाल	4629.00
35.	रमाकान्त बाजपेयी	2652.00
36.	कन्हैया कांस्ट्रक्शन	2967.00
37.	ब्रिजेश गुप्ता	27698.00
38.	अशेखर सिंह	2894.00
39.	अजय मिश्र	3210.00
40.	अजीफुद्दीन	3830.00
41.	मिथिलेख कुमार सिंह	823.00
42.	मनीष कालरा	1625.00
43.	अशवनी कुमार	3489.00
	योग	**1175796.00**

उपरोक्त ठेकेदारों से रू0 1175796.00 रायल्टी का राजस्व जमा कराया जाय। जिसकी जिम्मेदारी तत्कालीन लेखाकार श्री लाखन विपिन चन्द्र पन्त, अवर अभियन्ता मनोज शर्मा, अभियन्ता राजेश कुमार वर्मा तथा अपर मुख्य अधिकारी श्री प्रदीप कुमार सक्सेना की है। वित्तीय परामर्शदाता की भूमिका भी सही नही पायी गयी। उक्त अधिकारियो के प्रति आवश्यक कार्यवाही की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर-51-आलोच्य वर्ष में मिट्टी पर रायल्टी का धन 1136349.00 शासकीय कोष में जमा किया गया है। बिलों की जांच में पाया गया कि मिट्टी पर वाजिव रायल्टी का भुगतान पहले ठेकेदार को करना इकाई द्वारा दर्शाया गया है। तथा बाद में उक्त की कटौती ठेकेदार के बिलों से दर्शायी जाती है। टेण्डर आमान्त्रण में ऐसे कुछ नहीं होता है। नियमानुसार यदि ठेकेदार द्वारा मिट्टी कही से खरीदी जाती है तो रायल्टी का रसीद प्रस्तुत की जाती थी।

इस प्रकार ठेकेदार को मिट्टी खरीद से लाभ पहुंचाया गया है तथा संस्था को रायल्टी के धन रू० 1136349.00 से हानि पहुंचायी गयी है। अतः रू0 1136349.00 की वसूली अभियन्ता श्री राजेश कुमार वर्मा, अवर अभिन्ता श्री मनोज शर्मा, तथा अपर मुख्य अधिकारी श्री प्रदीप कुमार सक्सेना एवं लेखाकार श्री लाखन से की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर-52-आलोच्य वर्ष में सेस के रूप में रू0 1721278.00 जमा किया गया है। बिलों की जांच में पाया गया कि ठेकेदारो के बिलों में इकाई द्वारा पहले वाजिव सेस जोडा गया एवं बाद में उसी धन की कटौती कर जमा किया गया है। जबकि नियमानुसार सेस का दायित्व ठेकेदार का था न कि इकाई का क्योकि टेण्डर में उक्त के संबंध में कोई व्यवस्था नहीं थी। इस प्रकार रू0 1721278.00 से ठेकेदारो को लाभ पहुंचाया गया तथा इकाई को उतने से हानि हुई है।

अतः रू0 1721278.00 की वसूली ठेकेदारों से न हो पाने पर उक्त की वसूली अभियन्ता श्री राजेश कुमार वर्मा अवर अभियन्ता श्री मनोज शर्मा तथा अपर मुख्य अधिकारी श्री प्रदीप कुमार सक्सेना से की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर-53-आलोच्य वर्ष में मार्च के 2016 में रू0 4000000.00 सीधे आयकर विभाग द्वारा पेनाल्टी काट ली गयी है दिखाया गया है। किससें इस प्रकार की गलती हुई जिससे यह धनराशि सीधे काटी गयी। लेखाकार श्री लाखन के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही की जानी अपेक्षित है। उक्त धनराशि का समायोजन किस प्रकार किया गया जिसका स्पष्टी कारण अपेक्षित है।

प्रस्तर-54-दिनांक 02.09.15 को वा० स० (23) से सुल्तान एशोसियट द्वारा लालपुर खुटार में इण्टरलॉकिंग कार्य कराया गया जिसकी लागत रू0 702040.00 आयी जिसमें लेवर सेस 1 प्रतिशत रू0 6951 जोडा गया था। बाद में विवरण बनाते समय लेवर सेस विवरण में केवल रू0 695 रखा गया। अन्तर की राशि रू० 6256 सुल्तान एशोसियेट के चेक में जोड कर चेक काट दिया गया। इस प्रकार लेवर सेस रू0 6256 कम जमा कर ठेकेदार को लाभ पहुंचाया गया इसकी वसूली तत्कालीन लेखाकार श्री लाखन ,अवर अभियन्ता श्री मनोज शर्मा, अभियन्ता श्री राजेश वर्मा, अपर मुख्य अधिकारी श्री प्रदीप कुमार सक्सेना से की जानी अपेक्षित हैं व वित्तीय परामर्शदाता श्री संतोष कुमार गुप्ता की भूमिका भी संदिग्ध है, इन पर भी आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर-55-आलोच्य वर्ष 15-16 में जनवरी 2016 से मिट्टी की रायल्टी की दर 14 रूपये प्रतिधन मी० से बढ़कार 30 रूपये प्रतिधन मीटर कर दी गयी परन्तु जनवरी 16 व फरवरी 16 में पूर्व दर पर ही रायल्टी जमा करायी जाती रही थी जिससे निम्न विवरण अनुसार रायल्टी राजस्व की क्षति पहुंचायी गयी-

क्रं.सं.	**वा0सं0/दिनांक**	**रॉयल्टी जमा 14 रू प्रति धन मी. की दर से**	**30 रू प्रति धन मी. की दर से रॉयल्टी**	**अन्तर**
1.	81/23/01/16	1268.00	2717.00	1449.00
2.	82/29/01/16	1221.00	2616.00	1395.00
3.	83/29/01/16	1245.00	2775.00	1480.00
4.	84/29/01/16	1123.00	2406.00	1283.00
5.	85/29/01/16	1091.00	2338.00	1247.00
6.	86/29/01/16	1142.00	2447.00	1305.00
7.	87/29/01/16	998.00	2138.00	1140.00
8.	88/29/01/16	6460.00	13842.00	7383.00
9.	21/02/02/16	2459.00	5269.00	2810.00
10.	22/02/02/16	351.00	752.00	401.00
11.	23/02/02/16	1812.00	3883.00	2071.00
12.	24/02/02/16	1473.00	3156.00	1683.00
13.	25/02/02/16	1632.00	3497.00	1865.00
14.	27/23/02/16	2573.00	5513.00	2940.00
योग		**24898.00**	**53350.00**	**28452.00**

उपरोक्त विवरण अनुसार रू0 28452:00 की रायल्टी कम जमा की गयी है, इतनी धनराशि से ठेकेदारों को भुगतान अधिक कर दिया गया है, इसकी वसूली तत्कालीन लेखाकार श्री लाखन, अवर अभियन्ता श्री मनोज शर्मा, अभियन्ता श्री राजेश कुमार वर्मा तथा अपर मुख्य अधिकारी श्री प्रदीप कुमार सक्सेना की जानी अपेक्षित है। वित्तीय परामर्शदाता श्री सन्तोष कुमार गुप्ता पर भी विधिक कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर-56- आलोच्य वर्ष 15-16 की चतुर्थ त्रैमासिक पुस्तिका के प्रपत्र-3 में सम्पत्ति एवं विभवकर प्रारम्भिक अवशेष दिनांक 01.04.15 को रू0 110.50 लाख अंकित है, परन्तु गत वर्ष का अन्तिम अवशेष दिनांक 31.03.15 का रू0 112.39 लाख था इस प्रकार रू0 1.89 लाख से बकाया कम कर दिया गया है जो गम्भीर

आपत्ति का विषय है। रूपया 1.89 लाख बकाया वसूल कर उसका अपहरण कर लिया गया है जिसकी वसूली कर निरीक्षक अनु० मु० लिपिक कर, लेखाकार तथा अपर मुख्य अधिकारी श्री प्रदीप कुमार सक्सेना से की जानी अपेक्षित है। वित्तीय परामर्शदाता पर भी आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर-57- दिनांक 31.03.15 को मृत पशु शव निस्तारण मद में प्रपत्र के अनुसार बकाया अवशेष रू0 4.59 था। परन्तु आलोच्य वर्ष के प्रारम्भिक अवशेष में यह धनराशि रू0 3.48 लाख अंकित की गयी है। इस प्रकार रू0 1.11 लाख की वसूली न जमा कर उसका अपहरण कर लिया गया है। इसकी वसूली तत्कालीन सम्बन्धित कर निरीक्षक, अनु०मु० लिपिक कर, लेखाकार एवं अपर मुख्य अधिकारी श्री प्रदीप कुमार सक्सेना से की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर-58- दिनांक 31.03.15 को दुकान व भवन किराया का अवशेष रू0 61.04 लाख गत वर्ष के प्रपत्र-3 में अंकित था। आलोच्य वर्ष का प्रारम्भिक अवशेष दि० 01.04.15 को यह बकाया रू0 19.94 लाख अंकित किया गया इस प्रकार रू0 41.10 लाख किराया कम अंकित किया गया। रू0 41.10 लाख किराया वसूल कर अपहरण तत्कालीन कर निरीक्षक, अनु० मु० लिपिक कर, लेखाकार एवं अपर मुख्य अधिकारी द्वारा किया गया है। इसकी वसूली उक्त से की जानी अपेक्षित है एवम वित्तीय परामर्शदाता पर भी आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर-59- दिनांक 31.03.15 को नौका घाट का बकाया रू0 2.25 लाख गत वर्ष के प्रपत्र-3 में अंकित था। जिसे आलोच्य वर्ष में शून्य कर दिया गया। इसे वसूल कर इसका अपहरण कर लिया गया है। इसकी वसूली तत्कालीन कर निरीक्षक अनु० मु० लिपिक कर लेखाकार एवं अपर मुख्य अधिकारी से की जानी चाहिए। वित्तीय परामर्शदाता पर आवश्यक कार्यवाही की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर-60- शासनादेश संख्या-3891/77:5-200-1(216)93 दिनांक-05.08.2002 के अनुसार लेपन कार्य (सड़क निर्माण) एवं अन्य कार्यों के बिलों के भुगतान से पूर्व वैध रवन्ना (एम् एम्-11) लिया जाना अपरिहार्य है । वैध रवन्ना प्रस्तुत न होने पर शासनादेश से निर्धारित दरों पर रॉयल्टी की कटौती बिलों से कर शासकीय कोष में जमा कराना चाहिए । लेखा परीक्षा में प्रस्तुत पत्रावलियों की जांच में पाया गया की विभिन्न कार्यों पर स्टोन, मौरंग, बालू आदि का प्रयोग ठेकेदारों द्वारा किए जाने के बाद भी वैध रवन्ना (एम् एम्-11) के बगैर बिना रॉयल्टी की कटौती किए ही ठेकेदारों के बिलों का भुगतान किया गया है। इस प्रकार जानबूझकर शासकीय कोष को क्षति पहुंचाई गई है । वस्तुत: एस्टीमेट बनाने में ही रॉयल्टी का सामग्रीवार/शीर्षवार आगणन करना चाहिए था तथा पत्रावली प्रस्तुत करने में सहायक अभियंता/ अवर अभियंता तथा पटल लिपिक का ही दायित्व था की रॉयल्टी की कटौती कर भुगतान हेतु पत्रावलियां उच्च अधिकारी के समक्ष भुगतान हेतु प्रस्तुत करें।

लेखा परीक्षा द्वारा उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर निम्नवत रॉयल्टी का आगमन किया जाता है-

स्टोन ब्लास्ट - 29035.80×50 = 1451790.00

स्टोन प्रिंट - 1653.45×102 = 168651.90

स्टोन डस्ट - 1978.50×102 = 201807.00

कोर सैंड - 805340.20×33 = 176226.60

योग- 1998475.50

कुल वाजिब संपूर्ण रॉयल्टी का आगणन तकनीकी अभियंता, सहायक अभियंता/ अवर अभियंता से करवाया जाना चाहिए। वैध रवन्ना (एम् एम्-11) से ही ठेकेदार द्वारा कार्य हेतु सामग्री खरीद की पुष्टि होती है ।

अतः रॉयल्टी जमा न होने से शासकीय कोष को हुई क्षति रुपए- 1998475.50 की वसूली दंड ब्याज सहित पटल लिपिक अनिल कुमार द्विवेदी व दिनेश वर्मा, वित्तीय परामर्शदाता श्री अमरेशपाल, संबंधी सहायक अभियंता व अवर अभियंता तथा श्री शिशुपाल सिंह यादव अपर मुख्य अधिकारी से करते हुए प्रशासनिक कार्यवाही अपेक्षित रही।

प्रस्तर-61-वित्तीय वर्ष-2017-18 में विधायक निधि का धन रुपए- 23.12 लाख प्राप्त हुआ है, जिसका उपभोग 31.03.2018 तक नहीं किया गया है ।

विधायक/सांसद निधि से धन किसी कार्य विशेष के लिए प्राप्त होता है। विधायक निधि से प्राप्त धन किस /किन कार्यों के लिए प्राप्त हुआ का विवरण लेखा परीक्षा में प्रस्तुत न होने से तत्संबंधी तथ्य अज्ञात रहे। प्राप्त धन का उपभोग उसी वित्तीय वर्ष में प्राथमिकता के आधार पर ना कर धन खाते में जमा कर रखे रहना आपत्तिजनक रहा । नियमानुसार कार्यवाही अपेक्षित है ।

प्रस्तर-62- मेला माघ

दिनांक-23.02.2018 को मेला ढाई घाट संबंधी निम्न व्यय किए गए हैं-

वाउचर नंबर-138- मयूर इंटरप्राइजेज काबुल पाल टेंट आपूर्ति - 680355.00

वाउचर नंबर- 139 मयूर इंटरप्राइजेज समियाना, स्विस कॉटेज, कनात, दरी आदि- 941148.00

1621503.00

वाउचर नंबर-30 दिनांक-23.03.2018 विमलेश कुमार मेला ढाई घाट मार्ग निर्माण - 300000.00

वाउचर नंबर-31 दिनांक-23.03.2018 लाइट व्यवस्था - 190000.00

वाउचर नंबर-33 विमलेश कुमार मेला स्थल टेंट की आपूर्ति पर किराया - 200000.00

वाउचर नंबर-106 दिनांक-17.02.2018 इकबाल अली खान सड़के मरम्मत- 47892.00

कुल व्यय- 2359395.00

उक्त मेले के प्रवेशद्वार की नीलामी से हुई आय नीलामी पाने वाली ममता को चेक नंबर-521485 दिनांक-20.01.2018 को रुपए- 63200.00 जिलाधिकारी शाहजहांपुर द्वारा अवैध पाते हुए वापस करवा दिया था। जिलाधिकारी शाहजहांपुर द्वारा उक्त मेला फर्रुखाबाद जनपद के क्षेत्र अंतर्गत होने के कारण उक्त नीलामी निरस्त की गई थी। ऐसी स्थिति में मेला के नाम पर किया गया व्यय गलत व अवैधानिक है।लेखा परीक्षा में उक्त की पत्रावली भी प्रस्तुत न थी। अंत जांचोंपरांत दर्शित व्यय रुपया- 2359315.00 की वसूली प्रचलित दंड ब्याज सहित भुगतान स्वीकृत कर्ता श्री शिशुपाल सिंह यादव, अपर मुख्य अधिकारी से करते हुए प्रशासनिक कार्यवाही अपेक्षित रही।

प्रस्तर-63- रोकड़ बही में 31.05.2016 की मासिक बंदी के विवरण में रुपए 4000000.00 आयकर विभाग द्वारा बैंक खाते से सीधे काटे जाने का विवरण अंकित है तथा 30.06.2016 को निम्नवत आयकर विभाग द्वारा बैंक खातों से आयकर की कटौती किए जाने का विवरण अंकित किया गया है-

बैंक ऑफ़ बड़ोदा राज्य वित्त आयोग - 4000000.00

बैंक ऑफ़ बड़ोदा 13वां वित्त आयोग - 7000000.00

कुल- 11000000.00

उक्त के संबंध में इकाई द्वारा बताया गया कि विगत वर्षों में ठेकेदारों के बिलों से की गई आयकर की कटौती के धन को गलत शीर्ष में जमा किए जाने के कारण आयकर विभाग द्वारा उक्त कटौती की गई है। अपने कथन की पुष्टि में इकाई द्वारा संतुष्टि परक साक्ष्य लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किया गया ।अभी तक उक्त धन की वापसी भी नहीं हुई है। धन वापस न होने से ब्याज के रूप में भी इकाई को सतत क्षति हो रही है।

वाजिब आयकर की कटौती करने एवं सही शीर्ष में जमा कराने का दायित्व इकाई के अपर मुख्य अधिकारी व लेखाकार का होता है। इकाई के वित्तीय परामर्शदाता का भी दायित्व सतत निरीक्षण व पर्यवेक्षण का है। उक्त में किसी के द्वारा अपने दायित्वों का सम्यक निर्वहन नहीं किया गया।

अतः आयकर विभाग द्वारा कटौती किए गए धन रुपए- 11000000.00 पर हो रही ब्याज की हानि का दायित्व तत्कालीन अपर मुख्य अधिकारी श्री शिशुपाल सिंह यादव, लेखाकार श्री लाखन पर अवधारित कर

वसूल किया जाना अपेक्षित रहा तथा संपूर्ण राशि जब तक वापस नहीं होती उस समय तक उक्त राशि रुपए- 11000000.00 पर ब्याज उक्त दोनों से ब्याज की भी वसूली की जाए।

करते हुए विभागीय कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है। स्पष्टीकरण प्राप्त न होने की दशा में व्याज सहित वसूली किया जाना अपेक्षित है। ***(मूल आपत्ति सं0-12)***

<u>प्रस्तर संख्या- 11</u> लेखा परीक्षा वर्ष 2021-22 के व्यय प्रमाणकों की जाचं में पाया गया कि व्यय प्रमाणक सं0 16 दिनांक 01-02-2022 द्वारा रू0 11450.00 का भुगतान चेक सं0 533558 द्वारा किया गया है जिसके सापेक्ष लेखा परीक्षा में प्रस्तुत व्यय प्रमाणक सादे पन्ने का पाया गया संलग्न व्यय प्रमाणक के अनुसार उक्त भुगतान जिला पंचायत कार्यालय में सबमर्सिबल पम्प कार्य के बावत किया गया है। समुचित व्यय प्रमाणक व स्वीकृति के अभाव में उक्त व्यय अनियमित रहा। जिस हेतु अपर मुख्य अधिकारी श्री राजेश कुमार मालवीय व लेखाकार श्री राजपति मौर्या का दायित्व निर्धारण (उत्तर प्रदेश जिला पंचायत तथा क्षेत्र पंचायत बजट तथा सामान्य लेखा नियमावली 1965 के नियम संख्या 176 के अंतर्गत) करते हुए विभागीय कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है। स्पष्टीकरण प्राप्त न होने की दशा में व्याज सहित वसूली किया जाना अपेक्षित है।

<u>प्रस्तर संख्या-</u><u>12</u> लेखा परीक्षा में प्रस्तुत व्यय प्रमाणकों की जांच में पाया गया कि व्यय प्रमाणक सं0 328 दिनांक 22-02-22 द्वारा श्रावस्ती टाइम्स को रू0 37500.00 का भुगतान किया गया है जिसके सापेक्ष श्रावस्ती टाईम्स द्वारा प्रस्तुत बिल सं0 474 / 06.01.2022 पर अपरलेखन पाया गया है। प्रस्तुत बिल में विज्ञापन की माप लम्बाई / चौडाई व दर की पुष्टि नहीं की जा सकी। शासन के निर्देशों के अनुसार सभी निविदा सूचनाओं को केवल निदेशक सूचना एंव जनसम्पर्क विभाग के माध्यम से ही प्रकाशित कराया जाना था जिसके लिये भुगतान भी सूचना विभाग से सत्यापन के उपरान्त ही किया जाना था। जिसका परिपालन नहीं किया गया। भुगतान के सापेक्ष प्रस्तुत बिल में समाचार पत्र की प्रति भी संलग्न नहीं रही। लेखा परीक्षा में यह भी पाया गया कि उक्त समाचार पत्र डी0ए0वी0पी0 के पैनल पर रजिस्टर्ड नहीं पाया गया जिससे समाचार पत्र की सरकुलेशन संख्या की जानकारी लेखा परीक्षा में नहीं हो सकी। इस प्रकार संस्था द्वारा रू0 37500.00 का अनियमित भुगतान किया गया है जिस हेतु अपर मुख्य अधिकारी श्री राजेश कुमार मालवीय व लेखाकार श्री राजपति मौर्याका दायित्व निर्धारण (उत्तर प्रदेश जिला पंचायत तथा क्षेत्र पंचायत बजट तथा सामान्य लेखा नियमावली 1965 के नियम संख्या 176 के अंतर्गत) करते हुए विभागीय कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है। स्पष्टीकरण प्राप्त न होने की दशा में व्याज सहित वसूली किया जाना अपेक्षित है।

<u>प्रस्तर संख्या- 13</u> उत्तर प्रदेश जिला पंचायत अधिरोपड (निर्धारण तथा सम्पत्ति एवं विभव कर का संग्रहरण 1994 नियम) नियमों के अंतर्गत लेखा परीक्षा में प्रस्तुत सम्पत्ति व विभव कर रजिस्टर की जांच में पाया निम्न लिखित ईट भठठो से सम्पत्ति व विभव कर की वसूली करते हुये रजिस्टर में लेखा नहीं किया गया था संस्था द्वारा अवगत कराया गया कि सम्पत्ति व विभव कर रजिस्टर पर ईट भठठों से वसूली का विवरण अपूर्ण है जो आपत्ति जनक रहा।

सम्पत्ति व विभव कर की वसूली न किये जाने से रू0 6000.00 प्रति भठठा की दर से रू0 48000.00 की क्षति की गयी है। जिस हेतु कर अधिकारी गौरव वाजपेयी व पटल सहायक सौरभ शुक्ला उत्तरदायी है। तत्कालीन कर अधिकारी का दायित्व निर्धारण (उत्तर प्रदेश जिला पंचायत तथा क्षेत्र पंचायत बजट तथा सामान्य लेखा नियमावली 1965 के नियम संख्या 176 के अंतर्गत) करते हुए विभागीय कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है। स्पष्टीकरण प्राप्त न होने की दशा में व्याज सहित वसूली किया जाना अपेक्षित है।

<u>प्रस्तर संख्या-14</u> विकास खण्ड तुलसीपुर में ग्राम पंचायत ललिया रोड के दक्षिणी महाराजगंज बेला मार्ग से रामस्वरूप पुरवा की ओर अनुरक्षण कार्य से सम्बन्धित पत्रावली की जांच में पाया गया कि कार्य के सापेक्ष कुल 06 निविदायें प्राप्त हुयी जिसके सापेक्ष चार्ट के अनुसार सबसे कम दर के आधार पर श्री रामगोपाल वर्मा आर0 जी0 कान्ट्रक्सन ठेकेदार को रू0 735920.00 का ठेका स्वीकृत किया गया था। 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि 16000.00 यू0टी0आर0 से जमा है। ठेकेदार को 8 प्रतिशत धरोहर राशि एवं 1.25 प्रतिशत स्टाम पेपर जमा करने हेतु कार्यक्रय के पत्र सं0 228 / 19.12.2020 द्वारा सूचित किया गया था। किन्तु ठेकेदार द्वारा उक्त कार्य की असमर्थता व्यक्त करते हुए निविदा वापस लेने का अनुरोध किया गया जिस पर टेन्डर को नियमानुसार निरस्त किया जाना था,एवं आर0जी0 कान्सटक्सन के विरूद्ध ब्लैक लिस्टिंग की कार्यवाही एवं रजिस्ट्रेशन निरस्त किया जाना चाहिए था। पुन निविदा कराने के स्थान पर द्वितीय निविदादाता श्री विलाल अहमद को ही ठेका प्रदान कर दिया गया,जो नियमों के विरूद्ध रहा। इस प्रकार ठेकेदार श्री बिलाल अहमद द्वारा उक्त कार्य को रू0 782000.00 में पूर्ण किया गया इस प्रकार रू0 46080.00 का अधिक भुगतान किया गया। साथ ही ठेकेदार की जमानत राशि रू0 16000.00 का भुगतान कर संस्था को कुल रू0 62080.00 की क्षति पहुचायी गयी है। जिस हेतु तत्कालीन अपर मुख्य अधिकारी राजेश कुमार मालवीय व तत्कालीन अध्यक्ष श्रीमती रमावती जिम्मेदार है।

जनपद-गोण्डा **मण्डल-देवीपटन**

प्रारूप 02

ज़िला पंचायत गोंडा

प्रस्तर संख्या- 01

विभिन्न विभागों को आवंटित भवन के किराया पावने का विवरण निम्नलिखित है।

क्रमांक	कार्यालय /व्यक्ति	01.04.2021 को किराया अवशेष	वर्ष की मांग	योग	कुल वसूली	अवशेष
1	बी0 एस0 ए0 गोंडा	100103.00	2388.00	102491.00	0.00	102491.00
2	प्रधानाचार्य राजकीय बलिका इ0 कालेज	67626.00	2808.00	70434.00	0.00	70434.00
3	प्रबंधक आदर्श विद्या आदर्श विद्या समिति, नवाबगंज	4314.00	8328.00	129:42.00	0.00	12942.00
4	बी0 एस0 ए0 गोंडा	350467.00	8712.00	359179.00	0.00	359179.00

5 अर्जुन प्रसाद तिवारी	15345.00	1500.00	16845.00	0.00	16845.00
6वीरेन्द्र	5441.00	1704.00	7145.00	0.00	7145.00
	543296.00	25740.00	569036.00	0.00	569036.00

शासनादेश सं0-3689/33-3-217 जी0/96 पंचायतीराज अनुभाग-3, दिनांक 09.07.1996 के बिन्दु (च) में स्पष्ट प्रावधान है कि निर्धारित अवधि में आवास/ निरीक्षण गृह खाली न किए जाने पर मानक किराया का चार गुना या बाजार मूल्य किराया का दूना, जो भी अधिक हो आवंटियों से वसूल किया जाना था। उपरोक्त वर्णित किराएदारों से वसूली नहीं हो रही है, न तो उनके विरूद्व आवास खाली कराए जाने हेतु कोई कार्यवाही की जा रही है। इस कारण संस्था को रू0 569036.00 की क्षति उठानी पड़ रही है। रू0 543296.00 की आपत्ति वर्ष 2020-2021 के लेखा परीक्षा प्रतिवेदन में इंगित की जा चुकी है। संस्था द्वारा बताया गया कि न्यायालय में मुकदमा चल रहा है। इस प्रकार संस्था द्वारा रू0 25740.00 की वर्ष की वसूली न करने के कारण संस्था को रू0 25740.00 आर्थिक क्षति हुई है। अतः उ0 प्र0 जिला पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत (बजट तथा सामान्य लेखा) नियमावली 1965 के नियम 179 के उपनियम (2) के (क) से (ड.) तक के अन्तर्गत रू0 25740.00 अनियमित रहा। जिसके लिए अपर मुख्य अधिकारी श्री राजेश कुमार चौधरी एवं तत्कालीन कर अधिकारी उत्तरदायी हैं। इनके विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या- 02

जिला पंचायत गोंडा के विभिन्न विकास खण्डों में स्थित ईंट भटठों के सम्पत्ति एवं विभव कर रजिस्टर की जांच में पाया गया कि जिला पंचायत के राजस्व निरीक्षकों/सहायक राजस्व निरीक्षकों/कर समाहर्ताओं द्वारा अपने - अपने विकास खण्डों में स्थित ईंट भटठों से सम्पत्ति एवं विभव कर के बकाए की वसूली नहीं की जा रही है। कर लिपिक द्वारा जो रजिस्टर तैयार किया गया है उसमें कुछ फर्मों में पिछले बकाए के विवरण को नहीं दर्शाया जा रहा है। प्रशासनिक अधिकारी द्वारा भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिला पंचायत गोंडा के विभिन्न विकास खण्डों में स्थिर्त इंट भटठों पर 31.03.2021 को बकाया, वर्ष की मांग, वर्ष की वसूली एवं वर्षान्त में अवशेष का विवरण निम्नलिखित है।

क्रमांक	विकास खण्ड का नाम	वि0 ख0 में स्थित ईंट भटठाकी सं0	31.03.2021 को बकाया	वर्ष की माँग	योग	वर्ष की वसूली	अवशेष
1	छपिया	37	396000.00	202000.00	598000.00	190000.00	408000.00
2	बभनजोत	28	306000.00	168000.00	474000.00	76000.00	398000.00
3	इंटियाथोंक	14	150000.00	84000.00	234000.00	42000.00	192000.00
4	रूपई डीह	17	84000.00	102000.00	186000.00	48000.00	138000.00
5	मुजेहना	36	456000.00	216000.00	672000.00	82000.00	590000.00

6	कटरा बाजार	20	348000.00	120000.00	468000.00	72000.00	396000.00
7	हलधरमउ	16	96000.00	96000.00	192000.00	42000.00	150000.00
8	झंझरी	34	296000.00	202000.00	498000.00	96000.00	402000.00
9	पडरी कृपाल	9	42000.00	54000.00	96000.00	48000.00	48000.00
10	मनकापुर	15	208000.00	90000.00	298000.00	226000.00	72000.00
11	नवाबगंज	2	22000.00	6000.00	28000.00	0.00	28000.00
12	तरबगंज	5	68000.00	30000.00	98000.00	18000.00	80000.00
13	वजीरगंज	11	124000.00	66000.00	190000.00	106000.00	84000.00
14	करनैलगंज	9	0.00	54000.00	54000.00	54000.00	0.00
15	परसपुर	19	78000.00	114000.00	192000.00	78000.00	114000.00
16	बेलसर	21	234000.00	126000.00	360000.00	90000.00	270000.00
योग		293	2880000.00	1758000.00	4638000.00	1268000.00	3370000.00

उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि करनैलगंज विकास खण्ड को छोड.कर शेष विकास खण्डों के सम्पत्ति एवं विभव कर के बकाया की वसूली नहीं की जा रही है। विकास खण्ड छपिया, मुजेहना ,बभनजोत, इटियाथोंक, झंझरी, बेलसर, कटराबाजार इत्यादि में कुछ फर्मों से वसूली 6 वर्ष से अधिक का बकाया है। इससे स्पष्ट है कि सम्पत्ति एवं विभव कर के बकाया की वसूली नहीं की जा रही है। अतः आंकड़ों से स्पष्ट है जो वर्ष की मांग लगी है उसकी भी वसूली नहीं हो पा रही है। जबकि पिछला बकाया ही 2880000.00 है। लेखा परीक्षा प्रतिवेदनवर्ष 2020-21 में रू0 1722000.00 की अनियमितता की आपत्ति की जा चुकी है। इस प्रकार रू0 3370000.00 -रू0 1722000.00 अर्थात रू0 1648000.00 की धनराशि की वसूली फर्म मालिकों से न कर संस्था को रु0 1648000.00 की क्षति पहुँचाई गयी। जो उ0 प्र0 जिला पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत (बजट तथा सामान्य लेखा) नियमावली 1965 के नियम 179 के उप नियम (2) के (क) से (ड़) तक के अन्तर्गत रु0 1648000.00 अनियमित रहा। जिसके लिए अपर मुख्य अधिकारी श्री राजेश कुमार चैधरी एवं तत्कालीन कर अधिकारी उत्तरदायी हैं। इनके विरुद्ध समुचित प्रशासनिक एवं वैधानिक कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या- 03

कार्यालय अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत गोण्डा के ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य कर रहे मोबाईल टावरों को नियंत्रित करने हेतु सं0-2493/एल0बी0ए0 (उप दरों/(संशोधन-2013, उ0 प्र0 क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायत अधिनियम,1961 की धारा 239 (2) के अन्तर्गत दिनांक 04.09.2013 को उपविधि में संशोधन किया गया था। इस संबंध में टावरों को नियंत्रित करने एव संशोधित दरों को लागू करने हेतु सं0-2990/एल0बी0 एस0/ उप विधि/2014 दिनांक 31.05.2014 द्वारा प्रकाशन किया गया था। मोबाईल टावरों को नियंत्रित करने हेतु उपविधि के बिन्दु सं0 08 के अनुसार प्रत्येक टावर प्रोपराईटर को रु0 25000.00 प्रतिवर्ष

लाइसेंस शुल्क का भुगतान किए जाने के पश्चात ही जिला पंचायत के परिधिगत मोबाईल टावर लगाए जाने की स्वीकृति प्राप्त होनी थी। उ0 प्र0 क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायत अधिनियम 1961 यथा संशोधित 1994 की धारा 240 में निहित प्रावधानों के अनुरुप उपविधि का उल्लंधन करनें एवं न्यायालय द्वारा दोष सिद्व होने पर जिला पंचायत द्वारा रु0 1000.00 का अर्थदण्ड लगाया जाना था।तथा प्रथम दोष सिद्व होने पर प्रत्येक दिन के लिए रु0 50.00 का अर्थदण्ड लगाया जाना था, एवं अर्थदण्ड जमा न किए जाने की स्थिति में तीन माह के कारावास का भी प्रावधान था।जिला पंचायत गोण्डा द्वारा ,जिला पंचायत के परिधिगत स्थापित टावरों की सूची एवं अपने स्तर से सर्वे कराकर सूचना भी एकत्र नहीं की गयी है। इस संबंध में भारतीय दूर संचार निगम लि0 पत्रांक डी-0जी0 एम ओ)0पी0) /आडिट/21-22 दिनांक 09.11.2021 द्वारा प्राप्त विवरण के आधार पर माह फरवरी 2013 तक ग्रामीण अंचलों में 83 टावर स्थापित किए गए थे। इस प्रकार वर्ष 2021-20212 में लाइसेंस शुल्क के संबंध में लागू उपविधि के अनुसार 83 टावरों से रु0 25000.00 प्रति टावर की दर से रु0 2075000.00 वसूल किया जाना चाहिए था। जो उ0 प्र0 जिला पंचायत एवं क्षेत्र पंचाय (बजट तथा सामान्य लेखा) नियमावली 1965 के नियम 179 के उप नियम 2) के (क) से (ड़) तक के अन्तर्गत रु0 2075000..00 अनियमित रहा। जिसके लिए अपर मुख्य अधिकारी श्री राजेश कुमार चैधरी एवं तत्कालीन कर अधिकारी उत्तरदायी है। इनके विरुद्ध समुचित प्रशासनिक एवं वैधानिक कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या- 04

जिला पंचायत गोण्डा का भवन दुकान के रूप में किराए पर आवंटित है। आवास दुकान एवं भूखण्ड रजिस्टर की जाँच में पाया गया कि वर्ष में मांग एवं वसूली का रजिस्टर तैयार किया गया है। दिनांक 31.03.22 को दुकानों पर किराया का बकाया रहा, जिसको अगले वित्तीय वर्ष में जमा किया गया है। किन्तु कतिपय दुकानदारों द्वारा किराया की धनराशि जमा नहीं की जा रही है। जिसका विवरण निम्नवत रहा-

क्र.सं.	दुकानदार का नाम	31.03.2022 को बकाया किराया	वर्ष की मांग	योग	वर्ष की वसूली	अवशेष
	मलवीय नगर बोर्डिंग हाउस					
1	श्री मसूद आलम	35949.00	5628.00	41577.00	0.00	41577.00
2	श्री मसूद आलम	126684.00	14076.00	140760.00	0.00	140760.00
3	श्री जमीलुर्रहमान	13971.00	4476.00	18447.00	0.00	18447.00
	योग	176604.00	24180.00	200784.00	0.00	200784.00
	आवास सराय तरबगंज					
1	श्री अर्जुन प्रसाद तिवारी	10494.00	1500.00	12494.00	0.00	12494.00

2 श्री राम लखन पुत्र श्री द्वारिका प्रसाद	33807.00	1416.00	35223.00	0.00	35223.00
योग	44301.00	2916.00	47217.00	0.00	47217.00

जिला पंचायत दुकान बहराइच रोड

9 श्री शब्बीर खा	9672.00	18300.00	27972.00	0.00	27972.00
योग	9672.00	18300.00	27972.00	0.00	27972.00
कुल योग	230577.00	45396.00	275973.00	0.00	275973.00

उपरोक्त आँकड़ों से स्पष्ट है कि 31.03.2021 को बकाया किराया रु0 230577.00 था, वर्ष की मांग रु0 45396.00 सहित कुल मांग रु0 275973.00 थी। वर्ष में कोई वसूली नहीं हुई है। इससे स्पष्ट है कि जिला पंचायत द्वारा दुकानों के किराया वसूली हेतु ठोस एवं सक्रिय प्रयास नहीं किया जा रहा है। जिससे संस्था को वर्ष 2021-2022 में रु0 45396.00 के राजस्व की क्षति हुई है। उ0 प्र0 जिला पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत (बजट तथा सामान्य लेखा) नियमावली 1965 के नियम 179 के उप नियम (2) के (क) से (ड़) तक के अन्तर्गत रु0 45396.00 अनियमित रहा। जिसके लिए अपर मुख्य अधिकारी श्री राजेश कुमार चैधरी एवं तत्कालीन कर अधिकारी उत्तरदायी हैं। इनके विरुद्ध समुचित प्रशासनिक एवं वैधानिक कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या- 05

समय ठेके का सार तत्व है। ठेकेदार टेन्डर में विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर निर्माण कार्य पूर्ण करेगा। इस अवधि की गणना कार्यादेश के दिनांक से की जाएगी। जिला पंचायत ,गोण्डा की निर्माण पत्रावलियों की जाॅच में पाया गया कि वर्ष 2021-2022 की परियोजनाएं समय से पूर्ण नहीं हुई। उ0 प्र0 क्षेत्र पंचायत एव जिला पंचायत निर्माण कार्य नियमावली 1984 के अध्याय- 2 के खण्ड- ग के अनुसार निर्माण कार्य समय से पूरा न होने पर ठेकेदार प्रतिकर/विलम्ब के लिए प्रतिकर के रुप में ऐसी धनराशि का भुगतान करेगा, जो सम्पुर्ण निर्माण कार्य की अनुमानित लागत के 1 प्रतिशत के बराबर होगी। प्रतिबन्ध यह है कि इस खण्ड के उपबन्धों के अधीन भुगतान की जाने वाली प्रतिकर की सम्पूर्ण धनराशि टेण्डर में दर्शित निर्माण कार्य की अनुमानित लागत के दस प्रतिशत से अधिक नहीं होगी। संस्था द्वारा ठेकेदार के बिलों से 1 प्रतिशत की कटौती न कर नाम मात्र की कटौती की गयी है। और ठेकेदारों को जो समय वृद्वि दी गयी है उसका उचित कारण नहीं दर्शाया गया है। ठेकेदारों को समय वृद्वि प्राकृतिक आपदा,अतिवृष्टि आदि परिस्थितियों में दी जाती है। जबकि ऐसी कोई परिस्थिति नहीं थी। विवरण निम्नलिखित है।

क्रमांक	परियोजना का नाम	प्रारम्भ तिथि	समाप्ति तिथि	कार्य की लागत	1प्रतिशत अर्थ दंड	वास्तविक अर्थदण्ड	अन्तर

1. गोंडा पी0डी0 बंधा मुख्य मार्ग से हनुमंत नगर बाजार में नाला निर्माण

08.01.22	18.11.22	94.04	94040.00	2500.00	91540.00

2. बेलसर बाजार में नाला निर्माण

08.01.22	30.01.23	191.62	191620.00	3000.00	188620.00
		योग	286660.00	5500.00	280160.00

उपरोक्त से स्पष्ट है कि ठेकेदारों से नाम मात्र का जुर्माना वसूल कर संस्था को रु0 280160.00 की क्षति पहुंचायी गयी है। उ0 प्र0 जिला पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत (बजट तथा सामान्य लेखा) नियमावली 1965 के नियम 179 के उप नियम (2) के (क) से (ड़) तक के अन्तर्गत रु0 280160.00 दुरुपयोति रहा। जिसके लिए अपर मुख्य अधिकारी श्री राजेश कुमार चौधरी एवं अभियन्ता श्री अभय सिंह उत्तरदायी हैं। इनके विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या- 06

पंचायती राज संस्थओ को राज्य वित्त आयोग से प्राप्त हाने वाली धनराशि के उपभोग संम्बंधी शासनादेश सं0-1838 / 33-3-2015- 03 /2015 दिनांक 31 जुलाई 2015 के प्रस्तर-3 द्वारा निर्देशित किया गया था कि जिला पंचायतें विभिन्न अनुदानों के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि को एक से अधिक ग्राम पंचायतो को लाभान्वित करने वाले कार्यों को ही सम्पादित कराएगी। ऐसे आदेश इसलिए निर्गत किए गए थे क्याकि ग्राम पंचायतों एवं क्षेत्र पंचायतों को भी भारत सरकार एवं राज्य सरकार अनुदान प्रश्नगत कार्यो को कराए जाने हेतु प्राप्त होते है, से प्रश्नगत कार्यों को कराए जाने जाएगा। क्षेत्र पंचायत एवं जिलापंचायत अधिनियम 1961 यथा संशोधित 1994 की धारा 33 -2 में वांछित रोड रजिस्टर जिसमें दो या दो से अधिक गाँवो को जोड.ने वाली सड.क अथवा जनपद सड़क के रूप में नक्शे सहित वर्गाकरण हो को ही बनाए जाने की अनुमति है। वित्तीय वर्ष 2021.2022 में निम्नलिखित कार्य ग्राम पंचायत के भीतर हा कराए गए है।

क्रमांक	विकास खण्ड	निर्माण कार्य का नाम	स्वीकत लागत लाख रू0 में	लम्बाई मी0 में	कार्यादेश का दिनांक	ब्यय धनराशि लाख रू0 में
1	छपिया	ग्राम पंचायत चारू में राम अजोरे के दुकान से सतीश श्री वास्तव के घर वाले मार्ग पर सी0 सी0 रोड	21.61	300	08.01.22	21.61
2	तरबगंज	ग्राम पंचायत रामपुर टेगरुहा में पाम्डेय पुरवा से फकीरन पुरवा मोड तक खडंजा कार्य।	16.00	700	08.01.22	16.00
3	बभनजोत	ग्राम पंचायत देवरिया मद्दो के मजरे पूरे सीर में रामलाल यादव केघर से तुलसीराम यादव केघर वाले मार्ग पर सी0 सी0 कार्य।	12.13	140	08.01.22	12.13
4	झंझरी	ग्राम पंचायत दौलतपुर में पक्की सड.क से जगदम्बा प्रसाद मिश्रा के घर होते हुए राजेश मिश्रा के घर तक सी0सी0 कार्य।	12.58	181	08.01.22	12.58
5	झंझरी	ग्राम पंचायत बनघुसरा मैंलड्डन के दुकान से आनन्द सिंह के दुकान वाले मार्ग पर नरम्मत कार्य।	18.31	470	08.01.22	18.31
6	करनैलगंज	ग्राम पंचायत हीरापुर कमियार में पाण्डेय पुरवा से हीरापुर कमियार की तरफ लेपन मरम्मत कार्य।	21.58	760	08.01.22	21.58
			102.21	2551		102.21

शासनादेश के उद्देश्यों कि कतिपय ग्राम पंचायतों के अन्दर जिला पंचायतों द्वारा निर्माण कार्य कराया गया है जो अनुचित है तथा अधिकांश कार्यों में अनियमितता एवं डुप्लीकेशी की संभावना विद्यमान रहती है। उपरोक्त कराए जाने वाले निर्माण कार्यो में अनियमितता एवं डुप्लीकेशी रोकने हेतु कोई सर्वे या जाँच रिपोर्ट भी प्रस्तुत नहीं की गयी। अतः उपरोक्त शासनादेश का पालन न कर एवं एक ही ग्राम पंचायत के अन्तर्गत कार्य कराकर रु0 102.21 लाख की अनियमितता जिला पंचायत गोण्डा द्वारा की गयी है। जिसके लिए अपर मुख्य अधिकारी श्री राजेश कुमार चौधरी एवं अभियन्ता श्री अभय सिंह उत्तरदायी है। इनके विरुद्ध समुचित प्रशासनिक एवं वैधानिक कार्यवाही अपेक्षित है।

जनपद-श्रावस्ती मण्डल- देवीपटन

प्रारूप-2

वार्षिक प्रतिवेदन (जिला पंचायत), वर्ष 2021-22

जिला पंचायत - श्रावस्ती **जनपद - श्रावस्ती**

प्रस्तर - 1

आलोच्य वर्ष 2021-22 में सम्पत्ति एवं विभवकर रजिस्टर के अनुसार विकास खण्डवार कुल मांग, वसूली एवं बकाया की स्थिति निम्न प्रकार रही:-

क्र0सं0	विकास खण्ड	गत वर्ष के बकाया	वर्ष की मांग	वर्ष में कुल वसूली	अवशेष/हानि की धनराशि
1	हरिहरपुर रानी	69136.00	410250.00	411559.00	67827.00
2	सिरसिया	217594.00	470552.00	478352.00	209794.00
3	इकौना	394701.00	212188.00	212188.00	394701.00
4	जमुनहा	137488.00	302393.00	306721.00	133160.00
5	गिलौला	326490.00	353008.00	357296.00	322202.00
		1145409.00	1748391.00	1766116.00	1127684.00

उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि बकाया एवं मांग की कुल धनराशि रू0 2893800.00 के सापेक्ष वर्ष में कुल वसूली 1766116.00 ही हुई। जिससे संस्था को रू0 1127684.00 की हानि सम्पत्ति एवं विभवकर की वसूली न कर पाने के कारण पहुचाई गयी। जिला पंचायत में सम्पत्ति एवं विभवकर के अभिलेखों का रख-रखाव संतोषजनक नहीं है। वसूली में शिथिलता के लिए सम्बन्धित कर्मचारियों पर उचित कार्यवाही करके वसूली बढाई जानी अपेक्षित है। प्रपत्र 3 में वर्ष की मांग 25 लाख दर्शायी गयी है। जबकि रजिस्टर में 17.48 लाख दर्शित है। अतः समीक्षा पुस्तिका में काल्पनिक रूप से बढाकर दर्शाया जाना लापरवाही का द्योतक है। अतः रु.1127684.00 विगत वर्षों की बकाया धनराशि वसूल न होने की स्थिति में/इंगित कार्यवाही नहीं करने से संस्था को आर्थिक क्षति हुई है ,जिसके लिए पटल सहायक श्री योगेन्द्र यादव एवं सुरेश चन्द्र राव तथा तत्कालीन अपर मुख्य अधिकारी श्री कान्त दूबे एवं श्री सुभाष चन्द्र भारतीय उत्तरदायी है, जो उ० प्र० जिला पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत (बजट एवं सामान्य)नियमावली 1965के नियम 179(2)डी के अन्तर्गत अधिभार योग्य है। अत: रू० 1127684.00 की वसूली ब्याज सहित उपरोक्त उत्तरदायी व्यक्ति-पटल सहायक श्री योगेन्द्र यादव एवं श्री सुरेश चन्द्र राव तथा तत्कालीन अपर मुख्य अधिकारी श्री कान्त दूबे एवं श्री सुभाष चन्द्र भारतीय से की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर - 2

आलोच्य वर्ष 2021-22 के तहबाजारी बकायेदार रजिस्टर की जांच से ज्ञात हुआ कि दिनांक 31.03.2022 के विगत वर्षो का बकया का विवरण इस प्रकार है:-

वर्ष की मांग	बकाया	वसूली	अवशेष
-	113100	0.13	1.00

उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि रू0 113100 जिला पंचायत श्रावस्ती का विगत वर्षो से बकाया चला आ रहा है। इसका तात्पर्य यह है कि संस्था द्वारा इसकी वसूली हेतु कोई ठोस प्रयास नही किया गया। जिससे उक्त धनराषि संस्था की डंप पडी हुई है। जिसकी वसूली हेतु विभागीय उच्चाधिकारियों का ध्यान इस ओर

विशेष रूप से आकृष्ट किया जाता है। अतः रु.1.00 लाख विगत वर्षों की बकाया धनराशि वसूल न होने की स्थिति में/इंगित कार्यवाही नहीं करने से संस्था को आर्थिक क्षति हुई है ,जिसके लिए पटल सहायक सुरेश चन्द्र राव तथा तत्कालीन अपर मुख्य अधिकारी श्री कान्त दूबे एवं श्री सुभाष चन्द्र भारतीय उत्तरदायी है जो उ० प्र० जिला पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत (बजट एवं सामान्य) नियमावली 1965 के नियम 179(2)डी के अन्तर्गत अधिभार योग्य है। अत: रू० 1.00 लाख की वसूली ब्याज सहित उपरोक्त उत्तरदायी व्यक्ति पटल सहयक श्री सुरेश चन्द्र राव तथा तत्कालीन अपर मुख्य अधिकारी श्री कान्त दूबे एवं श्री सुभाष चन्द्र भारतीय से की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर - 3

कार्यदायी संस्था जिला पंचायत श्रावस्ती वर्ष 2021-22 के काजी हाऊस/पौण्ड से सम्बन्धित अभिलेखों की जॉच में पाया गया कि दिनांक 31.03.2022 को विकास खण्डवार स्थिति निम्न प्रकार रही:-

क्र0सं0	विकास खण्ड	गत वर्ष के बकाया	वर्ष की मांग	वर्ष में कुल वसूली	अवशेष/हानि की धनराशि
1	जमुनहा	138335	51000	51000	138335
2	सिरसिया	48650	5600	5600	48650
3	इकौना	3000	-	-	3000
4	गिलौला	87850	-	-	87850
5	हरिहरपुर रानी	158915	-	-	158915
		436750	56600	56600	436750

उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि जो धनराशि वसूल हुई उसी धनराशि को डिमांड के रूप में दर्शाया गया है। विगत वर्ष की बकाया धनराशि ज्यों का त्यों बनी हुई है। जिसकी वसूली हेतु संस्था द्वारा कोई ठोस प्रयास किये जाने की पुष्टि प्रस्तुत अभिलेखों से नही हो सकी। फलतः कुल रू0 436750 संस्था का बकाया है, जिससे भारी आर्थिक क्षति हो रही है। जिसकी वसूली हेतु ठोस कार्यवाही की जानी अपेक्षित है। अतः रु.436750.00 विगत वर्षों की बकाया धनराशि वसूल न होने की स्थिति में/इंगित कार्यवाही नहीं करने से संस्था को आर्थिक क्षति हुई है ,जिसके लिए पटल सहायक श्री योगेन्द्र यादव तथा तत्कालीन अपर मुख्य अधिकारी श्री कान्त दूबे एवं श्री सुभाष चन्द्र भारतीय उत्तरदायी है जो उ० प्र० जिला पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत (बजट एवं सामान्य)नियमावली 1965के नियम 179(2)डी के अन्तर्गत अधिभार योग्य है। अत: रू० 436750.00 की वसूली ब्याज सहित उपरोक्त उत्तरदायी व्यक्ति पटल सहायक श्री योगेन्द्र यादव तथा तत्कालीन अपर मुख्य अधिकारी श्री कान्त दूबे एवं श्री सुभाष चन्द्र भारतीय से की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर - 4

कार्यदायी संस्था जिला पंचायत श्रावस्ती की वर्ष 2021-22 पशु शव निस्तारण अभिलेखों की जॉच में मांग एवं बकाया के सापेक्ष वसूली बहुत ही कम हुई। विवरण इस प्रकार है:-

क्र0सं0	विकास खण्ड	गत वर्ष के बकाया	वर्ष की मांग	वर्ष में कुल वसूली	अवशेष/हानि की धनराशि
1	सिरसिया	175400	13500	72500	116400
2	जमुनहा	14000	-	-	14000
3	इकौना	24960	9000	9400	24560
4	गिलौला	52325	-	6575	45750

5	हरिहरपुर रानी	68200	-	-	68200
		334885	22500	88475	268910

उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि बकाया एवं मांग के सापेक्ष मात्र रू० 88475.00 की ही वसूली हुई है, जो संस्था के हित में नहीं है। इससे निजी स्रोत की आय में कमी हो रही है। इससे स्पष्ट है कि जिला पंचायत प्रबन्ध तंत्र द्वारा वसूली हेतु कोई ठीक प्रयास नहीं किया जा रहा है।अत: रू० 268910.00 विगत वर्षों की बकाया धनराशि वसूल न होने की स्थिति में/इंगित कार्यवाही नहीं करने से संस्था को आर्थिक क्षति हुई है, जिसके लिए पटल सहायक श्री योगेन्द्र यादव तथा तत्कालीन अपर मुख्य अधिकारी श्री कान्त दूबे एवं सुभाष चन्द्र भारतीय उत्तरदायी हैं। जो उ०प्र० जिला पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत (बजट एवं सामान्य) नियमावली 1965 के नियम 179(2) डी के अन्तर्गत अधिभार योग्य है। अत: रू० 268910.00 की वसूली ब्याज सहित उपरोक्त उत्तरदायी व्यक्ति पटल सहायक श्री योगेन्द्र यादव तथा तत्कालीन अपर मुख्य अधिकारी श्री कान्त दूबे एवं श्री सुभाष चन्द्र भारतीय से की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर - 5

भवन दुकान का किराया रजिस्टर एवं पत्रावली की जॉच में पाया गया कि विकास खण्ड वार दुकानों के किराया की वसूली वर्ष में बहुत कम रही। जिसकी वसूली हेतु कोई ठोस प्रयास किये जाने की भी पुष्टि नहीं हो सकी। विवरण इस प्रकार है:-

क्र0 सं0	विकास खण्ड	बाजार का नाम	गत वर्ष की बकाया	गत वर्ष की मांग	वर्ष में कुल वसूली	अवशेष/हानि की धनराशि	अधिक
1	सिरसिया	सिरसिया	139359	178860	171480	146739	-
2	गिलौला	गिलौला	697528	131880	168060	661348	-
3	इकौना बाजार	इकौना	14000	74836	71700	18200	1064
4	जमुनहां	जमुनहां बाजार	66658	150900	156090	65378	3910
5	जमुनहां	हरदत्तनगर	150635	92160	85770	157025	-
6	जमुनहां	नासिरगंज	35160	76115	61925	49350	-
7	इकौना	पुरानाऔषधालय	-	9420	9420	-	-
8	गिलौला	चेतिया मुरार	2507	-	-	2507	-
9	हरिहरपुररानी	खरगौरामोड	-	86400	79200	7200	-
10	हरिहरपुररानी	खरगौरामोड	-	47400	47400	-	-
11	हरिहरपुररानी	खरगौरामोड	13875	27750	41625	-	-
			1119722	875721	892670	1102773	4974

उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि मांग एवं बकाया के सापेक्ष वसूली वर्ष में 08.93 लाख रही। वसूली हेतु पत्राचार एवं कोई ठोस प्रयास किये जाने की पुष्टि प्रस्तुत अभिलेखों से नही की जा सकी। यह सम्बन्धित कर्मचारी एवं अधिकारी की घोर लापरवाही का द्योतक है। अतः रु. 1102773.00 विगत वर्षों की बकाया धनराशि वसूल न होने की स्थिति में/इंगित कार्यवाही नहीं करने से संस्था को आर्थिक क्षति हुई है, जिसके लिए पटल सहायक श्री रोशन लाल सरोज तथा तत्कालीन अपर मुख्य अधिकारी श्री कान्त दूबे एवं श्री सुभाष चन्द्र भारतीय उत्तरदायी हैं। जो उ०प्र० जिला पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत (बजट एवं सामान्य) नियमावली 1965 के नियम 179(2) डी के अन्तर्गत अधिभार योग्य है। अत: रू० 1102773.00 की वसूली ब्याज सहित उपरोक्त उत्तरदायी व्यक्ति पटल सहायक श्री रोशन लाल सरोज तथा तत्कालीन अपर मुख्य अधिकारी श्री कान्त दूबे एवं श्री सुभाष चन्द्र भारतीय से की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर - 6

शासनादेश सं0 8307/33-2-2004-93 जी0/2004 दिनांक 12.01.2005 एवं उसी क्रम में शासनादेश सं0 866/33-2-14-93 जी0/2004 दिनांक 24.06.2014 द्वारा त्रिस्तरीय पंचायतों में कराये जाने वाले निर्माण कार्य का विभाजन किया गया है। जिला पंचायत को बडे कार्यो एक क्षेत्र पंचायत से दूसरे क्षेत्र पंचायत को जोडने हेतु निर्धारित किया गया है। जिससे एक दूसरे के कार्य क्षेत्र में दखल न किया जाय तथा कार्य की पुनरावृत्ति (एक ही कार्य दो संस्थाओं द्वारा किया जाना) न हो सके। ज्यादातर कार्य ग्राम पंचायत के अन्दर कराया गया है तथा ग्राम पंचायत से अनापत्ति प्रमाण-पत्र भी नही लिया गया है। ग्राम पंचायत में कराये गये कार्यो का विवरण इस प्रकार है:-

1	ग्राम पंचातय अमवा में मजरा कोडरी में शोभाराम के खेत तक खडंजा	69278
2	धूमबोझी दुर्गापुर में खडंजा निर्माण	267900
3	हसनापुर ऊँचे गॉव तक खंडजा निर्माण	220287
4	ग्राम पंचायत गोडारी में खंडजा निर्माण	787010
5	भगवानपुर में पावर हाऊस के पास से पालसिंह के खेत तक खंडजा	435525
6	ग्राम पंचायत दिकौली में मजरा मियां गाँव से सिपाही लाल के खेत तक खडंजा	718423
7	ग्राम पंचायत मोहनीपुर में सहजराम यादव के घर तक खंडजा	985744
योग: -		3484167

इस प्रकार उक्त कार्य ग्राम पंचायत में कराना दर्शाकर रू० 3484167.00 का व्यय किया गया है जो उक्त शासनादेश एवं निमयो का उल्लंघन है। तथा संस्था द्वारा अनियमितता किया जाना दर्शाता है जो उ० प्र० जिला पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत (बजट एवं सामान्य)नियमावली 1965 के नियम 179(2)(क)से (ड) के अंतर्गत अधिभार योग्य है जिसके लिए अपर मुख्य अधिकारी श्री कान्त दूबे एवं तत्कालीन अभियंता श्री संदीप श्रीवास्तव उत्तरदायी है। जिसकी वसूली व्याज सहित किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर - 7

आलोच्य वर्ष 2021-22 में जिला पंचायत श्रावस्ती द्वारा संचालित काजी हाऊस/गौशाला में मवेशियों के चारे-भूसे के रूप में कुल रू० 1127700.00 का भुगतान दर्शाया गया है, किन्तु व्यय की पुष्टि में सम्बन्धित मुख्य अभिलेख एवं प्रमाणक व पत्रावली प्रस्तुत नही रही। भुगतान की अप्रमाणिकता को सिद्ध करने के लिए निम्न आपत्तियॉ प्रकाश में आयी उसका निदान कराया जाना आवश्यक है:-

1- मवेशियों के चारा-भूसा खरीद के प्रमाणक प्रस्तुत नहीं किये गए।

2- मवेशियो की प्रमाणित सूची अप्राप्त रही।

3- मवेशियों का स्टाक रजिस्टर अर्थात लाइव स्टाक रजिस्टर अप्राप्त रहा।

4- मवेशियो को दिये गये आहार की दैनिक आहार पंजिका प्रस्तुत नहीं रही।

5- काजी हाउसों/गौशालाओं के किये गये निरीक्षण के सम्बन्ध में पंजिका के अभाव में कोई जानकारी नही हो सकी।

6- पशुओं की टैगिंग सम्बन्धी पत्रावली अप्राप्त रही। जिससे तत्संबंधी कोई जानकारी नहीं हो सकी।

इस प्रकार उपरोक्त आधार पर रु० 1127700.00 चारा-भूसा खरीद के प्रमाणक एवं अन्य विवरण के अभाव में व्यय की पुष्टि नहीं की जा सकी । व्यय प्रमाणकों के अभाव में व्यय दर्शाकर धन का अपहरण किया गया है जो उ० प्र० जिला पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत (बजट एवं सामान्य) नियमावली 1965 के नियम 179(2)(क)से (ड) के अंतर्गत अधिभार योग्य है, जिसके लिए अपर मुख्य अधिकारी श्री कान्त दूबे एवं श्री सुभाष चन्द्र भारतीय तथा श्री सूरज सहायक कर निरीक्षक, श्री पंकज सिंह कर निरीक्षक तथा श्री लवलेश कुमार

कर निरीक्षक उत्तरदायी हैं। अत: रु.1127700.00 की वसूली ब्याज सहित उत्तरदायी व्यक्तियों से दायित्व का निर्धारण करते हुए की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर - 8

आलोच्य वर्ष 2021-22 में यू०पी० 32 एल०एन०-3482 नम्बर की गाडी जो राधेश्याम सिंह पुत्र राम प्रताप सिंह सरोजनी नगर लखनऊ के नाम की है, उस पर कुल रू० 750 प्रतिदिन के हिसाब से 358 दिवस हेतु वर्ष में रू० 268500.00 का कुल भुगतान किया गया है। जिसकी पत्रावली जॉचने पर ज्ञात हुआ कि अपर मुख्य अधिकारी द्वारा 700 प्रतिदिन की दर से स्वीकृति दी गयी थी। अतः रू० 50.00 की दर से 358 दिन का रु.17900.00 का अधिक भुगतान करके धन का अपहरण/दुरुपयोग किया गया है, जिसके लिए अपर मुख्य अधिकारी श्री कान्त दूबे उत्तरदायी हैं, जो उ० प्र० जिला पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत (बजट एवं सामान्य)नियमावली 1965 के नियम 179(2)(क)से (ङ) के अंतर्गत अधिभार योग्य है। जिसके लिए अपर मुख्य अधिकारी श्री कान्त दूबे उत्तरदायी हैं। अत: रु० 17900.00 की वसूली ब्याज सहित अपर मुख्य अधिकारी श्री कान्त दूबे से की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर - 9

जिला पंचायत श्रावस्ती में वर्ष 2021-22 की लेखा परीक्षा में अनुदान रजिस्टर की जॉच में पाया गया कि 15वां वित्त आयोग अनुदान टाइड में निम्न विवरणानुसार रू० 5445127.00 का व्यय दर्शित है।

1	विकास खण्ड गिलौला के ग्राम पंचायत रायपुर विलैला के मजरा रैमुनिया मे औरैया नाला तक नाला निर्माण	रू० 2234485.00
2	विकास खण्ड सिरसिया के ग्राम पंचायत पिपरह का जोगा गॉव में उमर के खेत के पास नाला निर्माण	रू० 1842854.00
3	विकास खण्ड इकौना में ग्राम पंचायत बीरपुर खैरहनिया में जिला पंचायत काजी हाउस से बसहवा तालाब तक नाला निर्माण	रू० 1367788.00

उपरोक्त के सम्बन्ध में केन्द्रीय वित्त आयोग द्वारा टाइड फण्ड अनुदान के उपभोग के सम्बन्ध में विस्तृत दिशा-निर्देश पूर्व में जारी किये गये है जिससे स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है। टाइड फण्ड को जिसमें पेयजल तथा स्वच्छता पर प्रत्येक पर 50 प्रतिशत की धनराशि व्यय की जायेगी। पेयजल जिसमें प्रत्येक घर में नल से जल आपूर्ति जल संचयन एवं जल का पुनचक्रण से सम्बन्धित कार्य योजना तैयार की जायेगी तथा स्वच्छता के अन्तर्गत ओ०डी०एफ० की स्थिति का रख रखाव, प्लास्टिक अपशिष्ट, मानव मल कीचड सहित घरेलू कचरे का निस्तारण आदि है। इसके अतिरिक्त स्कूल आंगनबाडी केन्द्र आदिवासी आवासीय विद्यालयों स्वास्थ्य केन्द्रों पंचायत भवनों साप्ताहिक बाजार/हाट मेला ग्राउण्ड बस स्टैण्ड खेल के मैदान/परिसर आदि स्थनों पर पीने योग्य पानी की आपूर्ति एवं स्वच्छता सेवा का प्रावधान है। अतः स्पष्ट है कि दिए गये निर्देशो के विपरीत कार्य योजना बनाकर धन का दुरुपयोग किया गया है जो नियमों के अवहेलना की गंभीर अनियमितता को दर्शाता है जो उ० प्र० जिला पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत (बजट एवं सामान्य)नियमावली 1965 के नियम 179(2)(क)से (ङ) के अंतर्गत अधिभार योग्य है जिसके लिए अपर मुख्य अधिकारी श्री कान्त दूबे,अभियंता श्री संदीप श्रीवास्तव एवं लेखाकार श्री शैलेन्द्र प्रताप सिंह उत्तरदायी है, अतः रू0 5445127.00 की वसूली व्याज सहित की जानी अपेक्षित है।

जनपद- देवरिया **मण्डल - गोरखपुर**

प्रारूप - 02

वार्षिक प्रतिवेदन-2021-2022

जिला पंचायत के अनिस्तारित आपत्तियों का विवरणः-

जिला पंचायत देवरिया के वर्ष 2021-22 की लेखा परीक्षा में अपहरण दुरूपयोग एवं गम्भीर अनियमितता के प्रकरण निम्नवत है:-

प्रस्तर संख्या-01- दिनांक 27-7-2021 को भुगतान प्रमाणक संख्या 112 द्वारा राज्य वित्त योजना की धनराशि से जिला पंचायत देवरिया कार्यालय हेतु इन्वर्टर ;एसी. क्रय किया गया है |जेम पोर्टल के माध्यम से कुल रु० 356017.00 की सामग्री क्रय की गयी है |उक्त के सम्बन्ध में निम्नलिखित आपतियां है |

(अ) उक्त सामग्री क्रय जिला निधि की धनराशि से किया जाना चाहिए जबकि नियमविरुद्ध राज्य वित्त की धनराशि से किया गया है ;जिसकी स्वीकृति मंडलायुक्त महोदय से नही ली गयी है |

(ब) स्टॉक पंजिका प्रस्तुत कर पुष्टि नही करायी गयी है |

(स)नियमानुसार बिल की धनराशि पर टी.डी.एस. 2% रु० 7120.00 तथा जी.एस.टी.2% रु० 7120.00 कुल धनराशि रु० 14240.00 की कटौती नही करके केन्द्रीय राजस्व एवं राजकीय राजस्व की क्षति पहुचायी गयी है| उक्त के लिए अपर मुख्य अधिकारी श्री प्रमोद कुमार सिंह तथा लेखाकार श्री परमात्मा सिंह उत्तरदायी है | आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है |

(सामान्य आपति संख्या -31)

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता
00.00	**0**0.00	**14240.00**

प्रस्तर संख्या-02- दिनांक 27-07-2021को भुगतान प्रमाणक संख्या 113 द्वारा जेम पोर्टल के माध्यम से सामग्री क्रय हेतु रु० 484099.00 का भुगतान रोकडवही में दर्शित है| उक्त के सम्बन्ध में निम्नलिखित आपतियां है:-

(अ) सामग्री क्रय (कुर्शी, डबल बेड आदि) जिला निधि की धनराशि से किया जाना चाहिए, जबकि उक्त सामग्री राज्य वित्त योजना की धनराशि से किया गया है,(अ) जिसकी स्वीकृति सक्षम अधिकारी से नही ली गयी है|

(ब)सामग्री क्रय की प्रविष्टी स्टॉक बुक में कर ली गयी है;उक्त की पुष्टि में स्टॉक बुक अप्राप्त रहा |

(स) बिल की धनराशि पर टी. डी.एस. दर 2 % 9682.00 तथा जी.एस.टी. दर 2 % 9682.00 कुल धनराशि रु० 19364.00 की कटौती नही करके केन्द्रीय करों तथा राजकीय राजस्व की क्षति पहुचायी गयी है, जिसके लिए अपर मुख्य अधिकारी श्री प्रमोद कुमार सिंह

तथा लेखाकार श्री परमात्मा सिंह उत्तरदायी है|आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है |**(सामान्य आपति संख्या -32)**

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता
00.00	00.**00**	**19364.00**

<u>प्रस्तर संख्या-03-</u> दिनांक 12-10-2021 को भुगतान प्रमाणक संख्या 68 द्वारा 65300.00 का भुगतान देवी एसोसिएट 1 लखना यू०आर०एफ० भाटपाररानी;देवरिया को किया गया रोकड़वही में दर्शित है | इस सम्बन्ध में निम्नलिखित आपतियां है |

(1) उक्त भुगतान सोफासेट क्रय हेतु किया गया है|उक्त सामग्री क्रय की स्वीकृति सक्षम अधिकारी से नहीं ली गयी है |

(2) उक्त सामान की प्रविष्टी स्टॉक बुक में नहीं की गयी है |

(3) प्रस्तुत बिल पर 2% की दर से टी. डी. एस.कटौती रु० 1306.00 तथा जी.एस.टी. दर 2% रु० 1306.00 कुल धनराशि रु० 2612.00 नहीं की गयी है | इस प्रकार रु० 2612.00 केन्द्रीय राजस्व एवं राजकीय राजस्व की क्षति पहुचायी गयी है | उक्त के लिए अपर मुख्य अधिकारी श्री ज्ञानधन सिंह तथा लेखाकार श्री परमात्मा सिंह उत्तरदायी है| आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है | **(सामान्य आपति संख्या -31)**

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता
00.00	00.**00**	**2612.00**

<u>प्रस्तर संख्या-04-</u> दिनांक29--06-2021 तथा 07-07-2021 को क्रमशः भुगतान प्रमाणक संख्या 74एवं 43 द्वारा क्रमशः धनराशि रु. 500000.00 एवं 440000.00 कुल धनराशि रु.940000.00 अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग (विद्युत्/यांत्रिक खण्ड) गोरखपुर ट्रान्सफर किया गया रोकडवही में दर्शित है|उक्त धनराशि जिला निधि से ट्रान्सफर किया गया है; जिला निधि की धनराशि कर्मचरियों के वेतन एवं भत्ते के लिए भी प्रयाप्त नही है|जिला पंचायत देवरिया के कर्मचारियों के वेतन एवं भत्ते हेतु आलोच्य वर्ष में राज्य वित्त योजना से धनराशि ट्रान्सफर किया गया है | अभियंता लोक निर्माण विभाग (विद्युत्/यांत्रिक खण्ड) गोरखपुर से उक्त धनराशि की प्राप्ति रसीद भी अप्राप्त रहा | पत्रावली भी अप्रस्तुत रहा |उक्त के लिए अपर मुख्य अधिकारी श्री प्रमोद कुमार सिंह तथा लेखाकार श्री परमात्मा सिंह उत्तरदायी है| आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है | **(सामान्य आपति संख्या -31)**

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता
00.00	**940000.00**	**00.00**

<u>प्रस्तर संख्या-05-</u> दिनांक 08-07-2021 को भुगतान प्रमाणक संख्या 62 द्वारा रु. 9500.00 का भुगतान शिव कृपा इलेक्ट्रॉनिक्स कोतवाली रोड देवरिया को किया गया कोषवही में दर्शित है | कैम्प कार्यालय देवरिया में आर. ओ. लगाने हेतु उक्त भुगतान किया गया है |जिला पंचायत देवरिया की स्वामित्व की उक्त संस्था नही है| अत: रु. 9500.00 दुरुपयोगित है जिसके लिए अपर मुख्य अधिकारी श्री प्रमोद कुमार सिंह तथा लेखाकार श्री परमात्मा सिंह उत्तरदायी है | आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है | **(सामान्य आपति संख्या - 31)**

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता
00.00	**9500.00**	**00.00**

<u>प्रस्तर संख्या-06-</u> दिनांक 25-05-2021 को भुगतान प्रमाणक संख्या 91 द्वारा 120 ड्रम (2400 मै० टन) विटूमीन इमल्सन की आपूर्ति हेतु मेसर्स वी. आई. पी.इन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड इस्पातनगर कानपूर को रु.717600.00 का भुगतान किया गया है |उक्त धनराशि पर दर 2 %से टी.डी.एस. रु० 14352.00 तथा जी.एस.टी. दर 2% से रु० 14352.00 कुल धनराशि रु० 28704.00 की कटौती नहीं करके राजकीय राजस्व की क्षति पहुचायी गयी है | उक्त के लिए अपर मुख्य अधिकारी श्री प्रमोद कुमार सिंह तथा लेखाकार श्री परमात्मा सिंह उत्तरदायी है | यहाँ यह भी उल्लेखनीय है की खाली ड्रम की बिक्री से कोई आय नहीं दर्शायी गयी है | अतः 120 खाली ड्रम का मूल्य दर 300.00 से रु० 36000.00 की वसूली संबधित अवर अभियंता एवं जिला अभियंता से अपेक्षित है | **(सामान्य आपति संख्या -31)**

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता
36000.00	00**.00**	**28704.00**

<u>प्रस्तर संख्या-07-</u> दिनांक 17-09-2021 को भुगतान प्रमाणक संख्या 73 द्वारा 8070.00का भुगतान रोकड़वही में विविध सामग्री क्रय हेतु किया गया दर्शित है | नियमानुसार उक्त सामग्री जेम पोर्टल से क्रय किया जाना चाहिए | उक्त सामान क्रय की पुष्टि में स्टॉक बुक अप्राप्त रहा |स्टॉक रजिस्टर प्रस्तुत कर पटल सहायक से पुष्टि करायी जानी अपेक्षित है |

(सामान्य आपत्ति संख्या -31)

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता
00.00	**00.00**	**8070.00**

<u>प्रस्तर संख्या-08-</u> दिनांक 28-01-2022 को भुगतान प्रमाणक संख्या170 द्वारा कुर्सी; मेज; आदि क्रय हेतु रु० 271999.00 का भुगतान रोकड़वही में दर्शित है |उक्त भुगतान पर दर 2%से टी.डी.एस. रु० 5440.00 तथा जी.एसटी. दर 2% से रु० 5440.00 कुल

धनराशि रु० 10880.00 कटौती नहीं करके राजकीय राजस्व की क्षति पहुचायी गयी है | अत: रु० 10880.00 की वसूली संबंधित फर्म से अपेक्षित है | उक्त के लिए अपर मुख्य अधिकारी श्री ज्ञानधन सिंह तथा लेखाकार श्री परमात्मा सिंह उत्तरदायी है |

(सामान्य आपति संख्या -31)

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता
00.00	00.**00**	**10880.00**

<u>प्रस्तर संख्या-09-</u> दिनांक 12-10-2021 को भुगतान प्रमाणक संख्या 69 द्वारा विभिन्न सामग्री क्रय हेतुरु.834300.00 का भुगतान रोकड़वही में दर्शित है |उक्त भुगतान पर/2%से टी. डी. एस.रु. 16686.00 तथा जी.एस.टी. दर 2% से रु० 16686.00 कुल धनराशि रु० 33372.00 कटौती नहीं करके केन्द्रीय करो तथा राजकीय राजस्व की क्षति पहुचायी गयी है| अत: रु० 33372.00 की वसूली संबंधित फर्म से अपेक्षित है | उक्त के लिए अपर मुख्य अधिकारी श्री ज्ञानधन सिंह तथा लेखाकार श्री परमात्मा सिंह उत्तरदायी है |

(सामान्य आपति संख्या -31)

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता
00.00	00.**00**	**33372.00**

<u>प्रस्तर संख्या-10-</u> स्टॉक पंजिका वी. जी. 10 मैक्सफाल्ट की जाँच में पाया गया की पृष्ट संख्या 14 पर प्रारम्भिक शेष वी. जी. 10,7.91 मैट्रिक टन दर्शित है | दिनांक 11-06-2021 को अभिनव इन्टरप्राइजेज को बैंकुंठपुर में धर्मेन्द्र पटेल के घर तक लेपन कार्य हेतु 2.07 मैट्रिक टन वी.जी. 10 ख़ारिज होने के उपरांत अवशेष वी. जी. 10 , 5.84 मैट्रिक टन दर्शित होना चाहिए| जबकि अवशेष वी. जी. 10, 4.84 मैट्रिक टन दर्शित है | इस प्रकार 1.00 मैट्रिक टन वीजी 10 कम दर्शाकर स्टॉक का अपहरण किया गया है | अत: 1 मैट्रिक टन वीजी -10 का मूल्य रु० 44364.00 की वसूली अवर अभियंता एवं सहायक अभियंता जिला पंचायत श्रीमती सुकृति मिश्रा से अपेक्षित है| **(सामान्य आपति संख्या - 31)**

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता
44364.00	**00.00**	**00.00**

<u>प्रस्तर संख्या-11-</u> दिनांक 12-06-2021 को 0.41 मैट्रिक टन वीजी-10 बिना कार्य में प्रयुक्त हुए ही स्टॉक रजिस्टर से ख़ारिज कर दिया गया है | अत: 0.41 मैट्रिक टन वीजी -10 का

मूल्य रु० 18189.00 की वसूली अवर अभियंता एवं सहायक अभियंता श्रीमती सुकृति मिश्रा से अपेक्षित है|

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता
18189.00	00.00	00.00

प्रस्तर संख्या-12- दिनांक 17-05-2021 को भुगतान प्रमाणक संख्या 75 द्वारा रु० 36113.00 का भुगतान डीजल क्रय हेतु किया गया रोकड़वही में दर्शित है |उक्त डीजल क्रय विभागीय जनरेटर हेतु किया गया है |जेनरेटर की लोग बुक लेखा परीक्षा में अप्रस्तुत रहा|अंत: उक्त व्यय की पुष्टि नहीं की जा सकी | लागबुक प्रस्तुत कर पटल सहायक से जाँच करायी जानी अपेक्षित है |

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता
00.00	36113.00	0.00

प्रस्तर संख्या-13- दिनांक 14-02-2022 को भुगतान प्रमाणक संख्या 42 द्वारा मेसर्स श्रीनाथ को निर्माण कार्य भेडापाकड में तपनारायण पाण्डेय के घर से हरिजन बस्ती तक सी.सी.रोड कार्य हेतु रु.896000.00 का भुगतान रोकड़वही में दर्शित है | बिल की जाँच में पाया गया की रोड स्लैब हेतु 74.52 वर्ग मीटर हेतु दर 9369.10 से कुल रु० 712426.36 दर्शित है | जबकि गणनानुसार रु० 698185.33 होता है | इस प्रकार वास्तविक धनराशि को काट कर तथा 712426.36 दर्शाकर धनराशि रु.14241.00 का ज्यादा भुगतान किया गया है | अत: रु० 14241.00 की वसूली मेसर्स श्रीनाथ से अपेक्षित है |

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता
00.00	14241.00	00.00

प्रस्तर संख्या-14- दिनांक 28-01-2022 को भुगतान प्रमाणक संख्या 176 द्वारा रु.2850.00 का भुगतान रोकड़वही में दर्शित है ;उक्त भुगतान फ़ोटोस्टेट हेतु आर.आर .फोटोकापियर्स को किया गया है|जिला पंचायत देवरिया में फोटोस्टेट मशीन होते हुए बाहर से फ़ोटोस्टेट कराकर गम्भीर अनियमितता की गयी है |उक्त के लिए अपर मुख्य अधिकारी श्री ज्ञानधन सिंह तथा लेखाकार श्री परमात्मा सिंह उत्तरदायी है| आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है |

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता
00.00	00.00	2850.00

प्रस्तर संख्या-15- दिनांक 22-03-2022 को भुगतान प्रमाणक संख्या 110 द्वारा आवास संख्या -39 के मरम्मत कार्य पर अंतिम भुगतान के रूप में 46880.00 का भुगतान रोकड़वही में दर्शित है |बिल की धनराशि रु.39000.00 दर्शित है|जिसपर 12 % जी.एस.टी.

जोड़कर रु. 46880.00 का भुगतान किया गया है;जबकि भुगतान 43680.00 किया जाना चाहिए | इस प्रकार रु 3200.00 का ज्यादा भुगतान किया गया है |अत: रु.3200.00 की वसूली ठीकेदार श्री हेमंत कुमार शाही से अपेक्षित है|

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता
00.00	00.00	3200.00

<u>प्रस्तर संख्या-16-</u> दिनांक 30-03-2022 को भुगतान प्रमाणक संख्या 160 द्वारा स्टेशनरी क्रय हेतु प्रशांत एजेन्शी देवरिया को बिल संख्या 106 दिनांक 14-12-2021 तथा बिल संख्या 110 दिनांक 22-12-2021 हेतु रु.83726.00 का भुगतान रोकड़वही में दर्शित है |सम्बन्धित बिल की धनराशि पर दर 2%से टी. डी.एस रु.1675.00 तथा जी. एस. टी.दर 2 % से रु.1675.00 कुल धनराशि रु.3350 .00 की कटौती नहीं करके केंद्रीय करो तथा राजकीय राजस्व की क्षति पहुचायी गयी है | अंत: प्रशांत एजेंशी देवरिया से रु.3350.00 की वसूली कर सम्बन्धित शीर्ष में जमा किया जाना अपेक्षित है|

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता
00.00	0**0.00**	3350.00

<u>प्रस्तर संख्या-17-</u> दिनांक 08-12-2021 को भुगतान प्रमाणक संख्या 33 द्वारा वी.वी प्रिंटर्स एंड स्टेशनर्स देवरिया को रु०34425.00 का भुगतान रोकड़वही में दर्शित है | उक्त के सम्बन्ध में निम्नलिखित आपतियां है|

(1) स्टेशनरी क्रय की प्रविष्टी स्टॉक बुक में नही की गयी है |

(2) भुगतान की गयी धनराशि पर 2 % की दर से टी.डी. एस. रु.689.00 तथा जी.एस.टी.दर 2% से 689.00 कुल धनराशि रु.1378.00 की कटौती नही की गयी है |

इस प्रकार कुल धनराशि रु.1378.00 की कटौती नहीं करके केंद्रीय करो तथा राजकीय राजस्व की क्षति पहुचायी गयी है | अंत: वी.वी.प्रिंटर्स एंड स्टेशनर्स देवरिया से रु.1378.00 की वसूली कर सम्बन्धित शीर्ष में जमा किया जाना अपेक्षित है|

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता
00.00	00.00	1378.00

<u>प्रस्तर संख्या-18-</u> शासनादेश संख्या 8307/33-2-04-93 जी /2004 दिनांक 12-01-2015 के अनुसार जिला पंचायते प्राप्त अनुदान से दो या दो से अधिक क्षेत्र पंचायतों को जोरने वाली परियोजनाओ पर कार्य कराएगी जिसके विपरीत जिला पंचायत देवरिया द्वारा ग्राम पंचायतों में लोगों के घर को सड़क से जोरने वाले कार्य को कराया गया है जो शासनदेश का उल्लंघन है | विवरण निम्न प्रकार रहा -

क्रमांक	कार्य का नाम	स्वीकृत धनराशि
1	ग्राम चूरिया में सी.सी. मरम्मत कार्य ।	8.2 लाख
2	प्राथमिक विद्यालय सोनबरसा से भूपेन्द्र यादव के घर तक सी.सी. कार्य ।	6.48 लाख
3	मिसरौली गुन्नी टोला पर स्थित खड़ंजे से उत्तर ग्राम कौलाराय के टोले की ओर मिट्टी एवं खड़ंजा कार्य ।	8.34 लाख
4	ग्राम समोगर टोला चकिया में इन्टरलॉकइंग के आगे रामनवल प्रजापति के घर की ओर मिट्टी/ खड़ंजा कार्य ।	1.77 लाख
5	समोगर में अवशेष सी.सी. मरम्मत कार्य ।	1.81 लाख
6	ग्राम सभा गौरकोठी के चौबेटोला में नहरपुलिया से प्रेम चौबे के घर की ओर सी.सी. कार्य ।	4.35 लाख
7	ग्राम सभा बहोर धनौतो में पिच मार्ग से दक्षिण पंचायत भवन होते हुए रामानुज मणि के घर के पीछे होते हुए पिच मार्ग की ओर सी.सी. कार्य ।	13.66 लाख
8	ग्राम साण्डा में जोगिया संपर्क मार्ग से उद्भव सिंह के दरवाजे तक सी.सी. कार्य ।	9.95 लाख
9	ग्राम बोरिया अनंत में केदार पल के घर के पास खड़ंजे से अनिरुद्ध राव के घर के पीछे तक मिट्टी/ खड़ंजा कार्य ।	7.39 लाख
10	ग्राम सभा हरपुर में अवशेष सी.सी. कार्य ।	2.58 लाख
11	ग्राम पांडेपुर में सी.सी. मरम्मत कार्य ।	5.82 लाख
12	मदरापाली में अवशेष लेपन मरम्मत कार्य ।	18.92 लाख
13	ग्राम सभा कुसम्हा में पिच रोड से गाँव की ओर सी.सी. कार्य ।	8.85 लाख
14	ग्राम सभा चरियाव बुजुर्ग में शिवमंदिर से वशिष्ठ राव के दरवाजे की ओर सी.सी. कार्य ।	8.95 लाख
15	ग्राम केवटलिया में विनोद पासवान के घर से में रोड तक सी.सी. कार्य ।	7.75 लाख
	योग:-	**114.82 लाख**

इस प्रकार जिला पंचायत देवरिया द्वारा ग्राम पंचायतों में कार्य कराकर अनियमितता कर शासनदेश का उल्लंघन किया गया है जिसके लिए अपर मुख्य अधिकारी श्री प्रमोद कुमार सिंह एवं श्री ज्ञानधन सिंह उत्तरदायी है । आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है ।

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता
00.00	**00.00**	**11482000.00**

<u>प्रस्तर संख्या-19-</u> निम्न विवरणानुसार माह अप्रैल 2021 एवं मई 2021 में प्रशांत एजेंसी सिवल लाइंस रोड देवरिया से स्टेशनरी क्रय किया गया रोकर बही में दर्शित है :-

क्रमांक	प्रमाणक सं0 एवं तिथि	बिल सं0	तिथि	विवरण	धनराशि
1	19/ 03-04-2021	57	26.02.2021	आदेयता प्रमाण पत्र, आवेदन पत्र, फाइल कवर	49960
2	19/ 03-04-2021	56	24.02.2021	आदेयता प्रमाण पत्र, आवेदन पत्र, फाइल कवर	49960
3	17/07-05-2021	55	22.02.2021	आदेयता प्रमाण पत्र, आवेदन पत्र, फाइल कवर	49960
4	1.	59	01.03.2021	आदेयता प्रमाण पत्र, आवेदन पत्र, फाइल कवर	49960
					199840

10 दिनों के अंतराल में रु0 199840 की स्टेशनेरी क्रय की गई है | उक्त के संबंध में निम्नलिखित आपत्तिया है

1. निविदा आमंत्रित कर उक्त स्टेशनेरी की खरीद नहीं की गई है; जिससे संस्था को आर्थिक क्षति हुई है |
2. मांग पत्र अप्रस्तुत रहा; जिससे यह स्पष्ट नहीं हो सका कि कितने आदेयता प्रमाण पत्र तथा कितने आवेदन पत्र एवं फाइल कवर की आवश्यकता थी |
3. भुगतान एकसाथ नहीं करके वित्तीय नियमों की अवहेलना की गई है |

श्रोत पर आयकर कटौती एवं जीएसटी की कटौती न करके केन्द्रीय करो तथा राजकीय राजस्व की क्षति पहुचाई गई है टी.डी.एस मद में रु0 3997 तथा जीएसटी मद में रु0 3997 की कटौती की जानी आपेक्षित है | उक्त के लिए अपर मुख्य अधिकारी श्री प्रमोद कुमार सिंह एवं लेखाकार श्री परमात्मा सिंह उत्तरदायी है | आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है |

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता
<u>00.00</u>	00.**00**	**7994.00**

<u>प्रस्तर संख्या-20-</u> निम्न विवरणानुसार विभिन्न तिथियों में प्रशात एजेंसी देवरिया से स्टेशनेरी क्रय किया गया रोकर बही में दर्शित है :-

क्रमांक	प्रमाणक सं0 एवं तिथि	बिल सं0	तिथि	विवरण	धनराशि
1	57/08-07-2021	76	02.06.2021	लिफाफा छोटा टिप एवं आखयाये रजिस्टर	12224.64
2		85	14.06.2021	रजिस्टर साधारण, रेंट रजिस्टर, वही रजिस्टर, फैन्सी रजिस्टर	10781.76
3		73	28.05.2021	पी.एल.आर. रजिस्टर, डिमांड रजिस्टर	68700.00
					91706.40

1-उपरोक्त के संबंध में निम्नलिखित आपतियां है :-

2-निविदा आमंत्रित कर उक्त स्टेशनेरी की खरीद नहीं की गई है; जिससे संस्था को आर्थिक क्षति हुई है |

3-बजट के अनुसार सामग्री क्रय नहीं गया है |

4-वित्तीय वर्ष में 2.50 लाख से ज्यादा स्टेशनेरी एक ही फर्म से की गई है; परंतु टी.डी.एस 2% तथा जीएसटी 2% बिलों से कटौती नहीं गई है | बिलों पर क्रमश 1834 रु0 टी.डी.एस एवं 1834 रु0 जीएसटी कुल कटौती रु0 3668 नहीं करके राजकीय राजस्व की क्षति पहुचाई गई है जिसके लिए अपर मुख्य अधिकारी श्री ज्ञानधन सिंह एवं लेखाकार श्री परमात्मा सिंह उत्तरदायी है | आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है |

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता
00.00	00.**00**	**3668.00**

<u>प्रस्तर संख्या-21-</u> रेंट रजिस्टर वर्ष 2021-22 की जांच में पाया गया है की दिनांक 31-03-2022 को रु० 11112149.29 रेंट की वसूली बकाया दर्शित है | विवरण निमन्वत है;-

क्र0	विवरण	मांग	बकाया	कुल मांग	वसूली	छूट	अवशेष
1	कार्यालय परिषद	2475006	2788625.91	5263631.91	2502033	25773	2735825.91
2	पुराना जिला पंचायत हाता	1288726	2013300.13	3302026.13	1541226	12172	1748628.13
3	पुराना ट्रेनिग स्कूल	753870	1177283.40	1931153.40	1054296	13736	863121.40

4	पुराना डाक बंगला	1646076	3680361.85	5326437.85	1571247	14767	3740423.85
5	मालवीय रोड	1927752	2231063	4158815	2075690	58975	2024150
	योग	**8091430**	**11890634.29**	**19982064.29**	**8744492.00**	**129443**	**11112149.29**

अतः रु0 11112149.29 बकाया रेंट की वसूली शीघ्र कार्य अधिकारी श्री प्रमोद कुमार सिंह से की जानी अपेक्षित है|

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता
00.00	**00.00**	**11112149.29**

<u>प्रस्तर संख्या-22-</u> मुख्यालय रेंट रजिस्टर जिला पंचायत देवरिया वर्ष 2021-22 की जांच में पाया गया है की निम्नलिखित किरायेदारों से कोई वसूली /(अत्यंत न्यून की गयी है) नही की गई है |

क्रमांक	नाम किरायेदार	चालू मांग	बकाया	कुल मांग	वसूली	अवशेष
1	रामेश्वर सिंह	19272	20557	39829	-	39829
2	शिवदास त्रिपाठी	-	93279	93279	-	93279
3	भास्कर उपध्याय	-	8398	8398	-	8398
4	राजकुमार	4596	29542	34138	-	34138
5	छँगुर प्रसाद	3312	16587	19899	-	19899
6	रीजेनल मैनेजर सहारा इंडिया	130500	148918	279418	-	279418
7	अधीक्षक डाक घर	22872	158947	181819	-	181819
8	सहायक डाक अधीक्षक	-	54877	54877	-	54877
9	रविप्रकाश सिंह	34920	189373	224293	38460	185833
10	कृष्ण विहारी श्रीवास्तव	-	692	692	-	692
11	श्रीमती अंजू राव	24216	24216	48432	-	48432
12	राजेश्वर पांडे	-	1010	1010	-	1010
13	राजकिशोर यादव	780	-	780	-	780
14	आनंद सिंह यादव	13788	87026	100814	19225	81589
15	नरेंद्र द्विवेदी	-	1298	1298	-	1298

16	जयचंद्र	-	2808	2808	-	2808
17	श्रीमती रत्ना पांडे	-	56154	56154	-	56154
18	शिव प्रताप सिंह	-	26280	26280	-	26280
19	हरि प्रसाद वर्मा	-	1038.25	1038.25	-	1038.25
20	केशरी प्रसाद पांडे	-	1089.55	1089.55	-	1089.55
21	संजय मिश्रा	-	70115	70115	-	70115
22	राम लक्षन	-	1252	1252	-	1252
23	श्रीमती विमला देवी	-	1368.05	1368.05	-	1368.05
24	सहारा इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय	18300	10004	28304	-	28304
25	सहारा इंडिया	2976	4152	7128	-	7128
26	सहायक प्रबंधक भारतीय खाद्य निगम	-	100320	100320	-	100320
27	शशिभूषण सिंह	1716	18640	20356	-	20356
28	शेषनाथ त्रिपाठी	2412	20919	23331	-	23331
29	अनिल शर्मा	6792	16189	22981	-	22981
30	मुकेश कुमार	14016	78596	92612	-	92612
31	मथुरा प्रसाद	8556	-	8556	-	8556
32	सुदामा	6792	43366	52158	-	52158
33	संदीप तिवारी	56340	263326	319666	-	319666
34	रामलाल गुप्ता	2592	1080	3672	-	3672
35	अब्दुल हसन	4668	30022	34690	-	34690
36	मुंशी अंसारी	4392	27818	32210	-	32210
37	शकील अहमद	3888	14368	18256	-	18256
38	कौशल किशोर सिंह	15672	57417	73089	-	73089
39	राजेश सिंह	29976	-	29976	14238	15738
40	काशीनाथ दुबे	4200	4200	8400	-	8400
41	रामनरेश कुशवाहा	2772	20457	23229	-	23229
		ए 142 क्रमांक 14101 से 14200	2-4-21 एवं 3-4-21	33000	66 रसीदें
		ए 220 क्रमांक 21901 से 22000	2-4-21 एवं 3-4-21	49500	
		ए 142 क्रमांक 5901 से 6000	2-4-21	49500	
			योग	221900	
19	गायत्री शाही	80 एवं 81	2-4-21	19700	
20	सन्तोष कुमार गौतम	16501 से 16600	2-4-21	44500	89 रसीदें
		301 से 400	27-3-21	3400	34 रसीदें
			योग	47900	
			कुल योग	2466700	

उक्त से स्पष्ट है कि दिनांक 2-4-21 को आदेश निर्गत है तब तक रसीदें काटी जा चुकी थीं एवं 1-4-21 तथा 27-3-21 की भी कटी रसीदों की धनराशि जमा नहीं की गयी है| साथ ही बिना नाम, दिनांक की भी रसीदें काटी गयी हैं| इस प्रकार धनराशि कुल रु० 2466700.00 वसूल कर दुरुपयोगित कर ली गयी है| जिसके प्रति अपर मुख्य अधिकारी एवं तम्बन्धित पटल सहायक उत्तरदायी हैं जिनसे सम्बन्धित धनराशि ब्याज सहित जमा कराया जाना अपेक्षित है|

प्रस्तर संख्या 11-

आलोच्य वर्ष 21-22 में अपर मुख्य अधिकारी के लाग बुक की जाँच में निम्न कमियां/त्रुटियाँ पायी गयीं जो आपत्तिजनक एवं वसूली योग्य रहीं| विवरण निम्नवत है-

क्र0सं0	**दिनांक**	**स्थान, यात्रा कहां से कहां तक**	**यात्रा का उद्देश्य**	**कुल दूरी**	**अधिक दर्शित दूरी**
1	27.09.21	गोरखपुर कार्यालय से लखनऊ, लखनऊ से वापस कार्यालय गोरखपुर	लखनऊ बैठक हेतु	550 किमी	45 किमी
2	08.12.21	कार्यालय से लखनऊ व लखनऊ स्थानीय वापस कार्यालय गोरखपुर	उद्देश्य अंकित नही	610 किमी	60 किमी
3	19.12.21	कार्यालय से लखनऊ व लखनऊ स्थानीय वापस कार्यालय गोरखपुर	उद्देश्य अंकित नही	645 किमी	95 किमी
4	26.01.22	कार्यालय से लखनऊ व लखनऊ स्थानीय वापस कार्यालय गोरखपुर	T.S. हेतु	550 किमी	45 किमी
				योग-	**200 किमी**

उक्तानुसार लागबुक में क्रमांक 2 एवं 3 पर अंकित यात्राओं का उद्देश्य अंकित नही है तथा गोरखपुर से लखनऊ की दूरी एवं आना जाना अधिकतम 550 किमी है (जैसा कि क्रमांक 1 पर अंकित है) । इस प्रकार 200 किमी दूरी अधिक दर्शित है। लागबुक के अनुसार 09 किमी प्रति लीटर ईंधन खपत दर्शायी गयी है। इस प्रकार (200/9=) 22.23 लीटर डीजल औसत दर रु0 85 प्रति लीटर की दर से कुल रु0 1890 अधिक दर्शाया गया है जिसके प्रति अपर मुख्य अधिकारी श्री अशोक कुमार सिंह उत्तरदायी रहे जिनसे धनराशि की वसूली ब्याज सहित अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या 12-

प्रपत्र 5 के अवलोकन से यह तथ्य प्रकाश में आया कि वास्तविक धनराशि से कम धनराशि जिला निधि/कोष बही में जमाकर धनराशि का अपहरण कर लिया गया है जिसकी वसूली सम्बन्धित से की जानी अपेक्षित है| विवरण निम्नवत है-

क्र०सं०	नाम कर समाहर्ता	रसीद संख्या	वास्तविक	जमा की गयी	कम जमा

			धनराशि	धनराशि	
1	दयाशंकर यादव	35982 से 36000	26220	25210	1010
2	विजय कुमार साहनी	59326 से 59340	44685	43730	955
3	पंचदेव चतुर्वेदी	40750 से 40766	19285	18730	555
4	अनिरुद्ध प्रसाद शर्मा	47901 से 47919	48220	42820	5400
5	राजेश कुमार सिंह	14101 से 14139	51175	46870	4305
6	राजीव शुक्ला	38828 से 38833	54077	47190	6887
				योग	19112

प्रस्तर संख्या 13-

शासनादेश संख्या 1/2017-सी०ए०/400/10/2017- मित०/1/2014 दिनांक 24/02/2017 के अनुसार राजकीय वाहन के उपयोग हेतु प्रतिमाह कर के लिए 1000 तथा जीप के लिए 800 की धनराशि राजकीय कोष में जमा की जाएगी किन्तु जिला पंचायत द्वारा उक्त शासनादेश का उल्लंघन किया गया है| श्री अशोक कुमार सिंह अपर मुख्य अधिकारी दिनांक 01.07.2017 से संस्था पर कार्यरत हैं अत :1000x57 माह(=रु0 57000) ब्याज सहित अपर मुख्य अधिकारी श्री अशोक कुमार सिंह से जमा कराकर राजकीय कोषागार में जमा किया जाना अपेक्षित है| संस्था का यह कथन कि सरकारी वाहन निजी प्रयोग में नहीं किया जाता है केवल सरकारी कार्यों में प्रयोग होता है एवं कटौती के सम्बन्ध में पंचायती राज विभाग से कोई भी आदेश/निर्देश प्राप्त नहीं है| इसलिए कटौती नहीं की जा सकती है| उत्तर मान्य नहीं है|अद्यतन भी कटौती नही की जा रही है, कटौती की जानी अपेक्षित है|

जनपद - कुशीनगर मण्डल - गोरखपुर

परिशिष्ट 'क'

जिला पंचायत

जनपद का नाम - कुशीनगर **मण्डल का नाम- गोरखपुर**

जिला पंचायत-कुशीनगर **जनपद-कुशीनगर**

प्रस्तर- 1

जिला पंचायत द्वारा निर्मित दुकानों के किराया के विवरण से स्पष्ट है कुल मांग रुपया 10356543 के सापेक्ष रुपया 1482522 की वसूली हुई जो सिर्फ 14.31% है दुकानों का किराया मांग व वसूली का विवरण संस्था द्वारा उपलब्ध कराये गये पत्रावली व किराया उपरोक्त विवरणानुसार लेखा परीक्षा वर्ष 2021-22 में दुकानों से किराया के कुल मांग रुपया 10356543 के सापेक्ष वसूली रुपया 1482522 हुई है बकाया रुपया 8874021था इस प्रकार

आलोच्य वर्ष 2021-22 का कुल किराया बकाया रू0 8874021 था । इसके लिए अपर मुख्य अधिकारी श्री विन्ध्याचल सिंह कुशवाहा तथा कर अधिकारी श्री धर्मेन्द्र कुमार संयुक्त रूप से जिम्मेदार है।अ.जिला पंचायतों से जिन दुकानदारों को दुकानें किराये पर आवंटित की गयी थी उनको निर्धारित किराये का भुगतान किया जाना था। किराये को प्रत्येक तीन वर्ष में 25 प्रतिशत वृद्धि के साथ संशोधित किया जाना था। लेखापरीक्षा में पाया गया कि वसूली में शिथिलता के कारण, जिला पंचायतों के स्वयं की दुकानों के किराये की वसूली नहीं हुयी थी। संबंधित पर आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है

रजिस्टर के अनुसार निम्नवत् है:-					
क्रम सं	वर्ष की मांग	पिछला बकाया	कुल मांग	वसूली	अवशेष
1	464698	356606	821304	323569	497735
2	561935	993604	1555539	185506	1370033
3	736741	4064005	4800746	77377	4723369
4	131543	659913	791456	50040	741416
5	1037550	1349948	2387498	846030	1541468
योग	2932467	7424076	10356543	1482522	8874021

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता	योग
0	0	8874021	8874021

जिला पंचायत-कुशीनगर **जनपद-कुशीनगर**
प्रस्तर- 2

वर्ष 2021-22 में जिला पंचायत अध्यक्ष,कुशीनगर तथा अपर मुख्य अधिकारी द्वारा वाहन संख्या क्रमशः यूपी57एटी011 दिनांक 15-12-2018 से मई 2021 तक यूपी57एटी4900 दिनांक 22-05-2021 से वर्तमान समय तक तथा यूपी57एटी7656 दिनांक 22-05-2021 से वर्तमान समय तक उपयोग किया जा रहा है निम्नलिखित आपतिया पायी गयी ---क. उक्त हेतु टेंडर प्रक्रिया के द्वारा क्रमशःआर्यन ब्रिक फील्ड, पिपराजटानपुर को दर रुपया 30000 प्रति माह तथा खान ट्रेवल्स,फाजिलनगर/स्टार इंटरप्राइजेज को दर रुपया 27000 प्रति माह ठेका दिया गया परन्तु टेंडर पत्रावली के अध्ययन से स्पष्ट रूप से गंभीर अनियमितता प्रकट होता है क्योकि आर्यन ब्रिक फील्ड ईट तथा पेबर्स ब्लॉक का निर्माण कर सकता है परन्तु वाहन चालने हेतु संबिदा नही कर सकता ,बाद में उक्त फर्म का नाम उज्जवल एसोसिएट रख दिया गया जिसका जी एस टी एन o 09बीएक्सएफपीएस7491एन2जेडडी है।. खान ट्रेवल्स जिनका जी एस टी एन 09बीएटीपीके8438जी1जेडआई है उन्हें दिनांक 15-12-2018 से मई 2021 तक वाहन चलवाने हेतु संबिदा दिया गया परन्तु उक्त फर्म का जी एस टी एन इनवैलिड है। स्पष्ट रूप से गंभीर अनियमितता कर अनुबन्ध दिया गया जिसके लिए अपर मुख्य अधिकारी तथा तत्कालीन लेखाकार जिम्मेवार है। स्टार इंटरप्राइजेज जिसका जी एस

टी एन 09बीएचयूपीए9587क्यू1जेडजेड को दिनांक 22-05-2021 से वर्तमान समय तक वाहन चलवाने हेतु संबिदा दिया गया उक्त फर्म के जी एस टी एन के जाँच से स्पष्ट है फर्म वर्क कॉन्ट्रैक्ट करा सकता है परन्तु वाहन चालने हेतु संबिदा नही कर सकता अतः समस्त टेंडर प्रक्रिया में मनमानी कर उक्त फर्मो को ठेका दिया गया है। ख. फर्म द्वारा टेंडर के समय गलत जी एस टी एन या फर्जी जी एस टी एन दे कर संविदा प्राप्त करने में सम्बद्ध अधिकारियों की संलिप्तता प्रदर्शित होती है।आलोच्य वर्ष में कुल रुपया 678300 व्यय हुआ अतः सम्पूर्ण व्यय अनियमित है । जिसके लिए श्री विन्ध्याचल सिंह कुशवाहा अपर मुख्य अधिकारी तथा श्री अभय सिंह तथा भीम सिंह लेखाकार जिम्मेवार है. संबंधित पर आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है.

क्र.सं.	दिनांक	गाड़ी नं0	किराया लिया गया
1	मई 2021तक, दिनांक22-05-2021से वर्तमान समय तक	यूपी57एटी 0011/4900दर रुपया 30000प्रति माह	357000
2	दिनांक 22-05-2021से वर्तमान समय तक	यूपी57एएन7656 दर रुपया27000प्रतिमाह	321300
योग			678300

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता	योग
0	0	678300	678300

जिला पंचायत-कुशीनगर **जनपद-कुशीनगर**

प्रस्तर- 3

पंचम राज्य वित्त के अंतर्गत रघुनाथपुर पिच मार्ग से लखिमा में वंशराज सिंह के तरफ सी सी कार्य में इस कार्य हेतु लगाये गए रॉयल्टी के पेपर्स के जाँच में पाया गया कि कुल गिट्टी 220 घन मी तथा 86 घन०मी, मोरम 306 घन०मी एम एम-11/फॉर्म-3c के पेपर इनवैलिड था क्योकि ट्रक से यह सामग्री किसी दूसरे जिले में भेजा गया ।अतः 306*6*160=रुपया 293760 की वसूली ठेकेदार से किया जाना अपेक्षित है ।परन्तु ठेकेदार से मिलीभगत तथा कूटरचना कर यह भुगतान किया गया अतः अध्यक्ष श्री विनय प्रकाश,श्रीमती सावित्री / जयसवाल लिए जिसके,विन्ध्याचल सिंह कुशवाहा अपर मुख्य अधिकारी ,सुनील प्रताप सिंह जे०ई०जिम्मेवार है। संबंधित पर आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता	योग
0	0	293760	293760

जिला पंचायत-कुशीनगर **जनपद-कुशीनगर**

प्रस्तर -4

वर्ष 2021-22 में व्यय प्रमाणको की जाँच में पाया गया कि प्रकीर्ण विधि व्यय के अंतर्गत जिला पंचायत कुशीनगर के वादों के निस्तारण हेतु हाई कोर्ट तथा जिला न्यायालय में गत वर्ष 2020-21 में विभिन्न तिथियों में कुल रुपया 100580.00 का भुगतान किया गया है ।जबकि आयकर अधिनियम की धारा 194(सी)के अनुसार रुपया 30000 या उससे ऊपर के विधिक सेवा के भुगतान पर 2% टीडीएस की कटौती किया जाना अपेक्षित है लेकिन जिला पंचायत द्वारा उक्त कटौती न कर जिला पंचायत को रुपया 2012.00 की हानि पहुंचाई गयी है ।जिसके लिए अपर मुख्य अधिकारी विन्ध्याचल सिंह कुशवाहा तथा लेखाकार श्री अभय सिंह तथा भीम सिंह जिम्मेदार है । संबंधित पर आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता	योग
0	0	2012	2012

जिला पंचायत- कुशीनगर

जनपद-कुशीनगर

प्रस्तर- 5

आलोच्य वर्ष 2021-22 में संस्था द्वारा किराये की गाड़ी एवं ईंधन पर किये गये व्ययों का विवरण निम्नवत् रहाः-

क्र.सं.	दिनांक	गाड़ी नं0	माह	डीजल/ पेट्रोल पर व्यय	कुल व्यय
1		यूपी57एटी0011/4900		142895	142895
2		यूपी57एएन7656		200058	200058
योग				342953	342953

उपरोक्त विवरणानुसार ईधन मद में रू0 342953.00 व्यय किया जाना कोषबही में दर्शित रहा। उक्त व्यय की पुष्टि में वाहन करारनामा, लागबुक, तथा सम्बन्धित पत्रावली लेखा परीक्षा में उपलब्ध रहा।परन्तु मूवमेन्ट रजिस्टर से सम्बन्धित पत्रावली लेखा परीक्षा में अनुपलब्ध रहा।जिससे उक्त व्यय की पुष्टि नहीं की जा सकी अतःकुल रु 342953.00 की अनियमितता की गई । जो गम्भीर वित्तीय अनियमितता का परिचायक है। इसके लिए अपर मुख्य अधिकारी, विन्ध्याचल सिंह कुशवाहा लेखाकार श्री भीम सिंह तथा अभय सिंह एवं वित्तीय परामर्शदाता श्री बृजलाल संयुक्त रूप से जिम्मेदार है। संबंधित पर आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता	योग
0	0	342953	342953

जिला पंचायत-कुशीनगर **जनपद-कुशीनगर**
प्रस्तर- 6

शासनादेश सं0-04/866/33-2-14-93जी0/2004टी0सी0 पंचायती राज अनुभाग-2 दिनांक 24.6.2014 तथा शासनादेश संख्या 1838/33-3-2015-03/2015 दिनांक 31.7.2015 जिसके अनुसार जिला पंचायतें प्राप्त विभिन्न अनुदानों से दो या दो से अधिक क्षेत्र पंचायतों को लाभान्वित करने वाले कार्य सम्पादित करेगी का पालन नहीं किया गया है। अधिकांश कार्य या तो एक ग्राम पंचायत से दूसरे ग्राम पंचायत या एकही ग्राम पंचायत के भीतर स्थित है। जो अनियमितता है।जिसके लिए अध्यक्ष श्री विनय प्रकाश अध्यक्षा श्रीमती सावित्री जयसवाल तथा अपर मुख्य अधिकारी श्री विन्ध्याचल कुशवाहा जिम्मेवार है . संबंधित पर आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है

क्योकि राज्य वित्त (चतुर्थ/ पंचम तथा 15 वा वित्त) के गाइडलाइन्स के अनुरूप ही कार्ययोजना का निर्माण किया जाना चाहिए। विवरण निम्न रहा।

क्रमांक	कार्य का नाम	लागत	कुल व्यय
1	धर्मपुर बुजूर्ग सम्पर्क मार्ग का पिच मरम्मत	3466400	3445120
2	महुअवा प्रा०वि०के पास से महुअवा जाने वाली मार्ग पर सी०सी०	998368	990864
3	पटहेरवा में योगेन्द्र श्रीवास्तव के घर से जि०प० जानेवाली मार्ग पर सी०सी०	999488	974400
4	मधुरिया में प्रा०वि० से मधुरिया गाँव के तरफ सी०सी०	997136	997024
5	लाला गुरवलिया में नगेन्द्रयादव के घर के पास पुराने सी०सी०रोड	996128	995904
6	भटहीबुजूर्ग नहर के पास गया गोंड के घोटठा के पास पुलिया	430528	430304
7	ग्राम सभा बरहज छठ घाट पर सी०सी०	345128	341488
8	भटहीखुर्द अलाउद्दीन के घर से नूर अंसारी के घोटठा तक सी०सी०	994000	993104
9	झनकौल में पीच रोड से हनुमान मंदिर के तरफ सी०सी०	741776	741664
10	गजरा काली मन्दिर के तरफ सी०सी०	980000	978880
11	बेलवा सुदामा पिच मार्ग से बेलवा गाँव के तरफ सी०सी०	920640	918400

12	नारायणपुर प्रा०वि० से पिच रोड तरफ सी०सी०	815360	812000
13	लक्ष्मीपुर मेन पिच रोड से रिलायंस टावर के तरफ सी०सी०	907200	906080
14	बडहरा पिच मार्ग से बडहरा मार्ग के तरफ सी०सी०	898240	897120
15	भटही पिच मार्ग से भटही शिव मन्दिर के तरफ सी०सी०	481600	480480
16	महुआडीह पिच मार्ग से महुआडीह लौंगरापुर प्रा वि० तरफ सी०सी०	729120	728560
17	परसौनी पडरी पिच मार्ग से पडरी गोदाम टोला के तरफ सी०सी०	871360	870240
18	बरवा महादेव टोला झुगिया पट्टी से बरवा बाजार के तरफ सी०सी०	844480	844480
19	पडरी पिच मार्ग से पडरी गाँव तक सी०सी०	700000	698880
20	रामघाट से रामजानकी मंदिर के तरफ सी०सी०	529760	529200
21	पकनहा में रोड से गाँव जानेवाली मार्ग पर सी सी	999040	995676
22	पकहा में छठी माई के स्थान से मेन पिच तक सी०सी०	994560	993440
23	खिरिया में सी०सी०रोड से बबलू के घर के तरफ सी०सी०	945280	944720
24	खिरिया में इ०ला०से मनेजर साहब के घर के तरफ सी०सी०	959840	958720
25	महुअवाखुर्द पिच रोड से इन्द्रजीत प्रसाद के घर तक सी०सी०	995680	995568
26	ग्राम सभा मोहनपुर में रामायण यादव के घर से भट्टे तरफ खडंजा	646240	643104
27	बलियवा में रामईश्वर के खेत से ड्रेन जानेवाली मार्ग तक खडंजा	997920	997136
28	पकड़ी में छठ घाट पर सी सी	2704576	2702560
29	असनाटोला हनुमानगढ़ी से हनुमान मंदिर के तरफ सी सी	1321600	1318240
30	महुई ई०ला० से महई प्रा०वि०के तरफ सी सी	1787520	1784160
31	गुनई छपरा पिच मार्ग से गुनई छपरा गाँव के तरफ सी सी	1416800	1414560

32	परसौनी बुजूर्ग में पिच रोड मौर्या बस्ती से गाँव की तरफ सी०सी०	999040	999480
33	अमवादीगर बाजार टोला में मेन पिच से मौर्य बस्ती तक सी०सी०	995456	994224
34	ग्राम सभा असना बड़े टोले इ०ला० से चौराहे तक सी०सी० कार्य	999499	996800
35	महुअवा बुजूर्ग में सुरेश वर्मा के घर से हरगोविन्द के घोट्ठा	468944	468384
36	धुनवलिया में गोरख यादव घोट्ठा से कुर्मी टोला जानेवाले मार्ग सीसी	996800	996576
37	धर्मपुरबुजूर्ग में पुराने इ०ला० के आगे छठ स्थान होकर सी सी	999040	997920
38	किन्नरपट्टी बाजार में मंदिर के चारो तरफ सी सी कार्य	999040	998480
39	बढवलिया खुर्द में सा०सह०समि० से सलाउद्दीन के घर तक सी०सी०	999040	996128
40	लोहेपार में रामजियावन के घर से मेन रोड के तरफ सी०सी०	954240	950880
41	लक्ष्मीपुर पिच से मुन्ना प्रधान के घर के तरफ सी०सी०	583520	582400
42	रामपुर भाठ गैस एजेंसी से जयप्रकाश के घर के तरफ सी०सी०	997920	987056
43	कोटवा में पंचायत भवन से बनवारी यादव के घर के तरफ सी०सी०	999040	997360
44	कोइन्दी गोसाईपट्टी में अवशेष सी०सी०	499520	498064
45	दोमाड कोठी बांका गिरी के घर से दुर्गा मंदिर तक सी०सी०	999040	995792
46	मठिया आलम में सी०सी०	999040	998368
47	घिनहुआ में सी०सी०	924000	922320
48	फरदहा टोला में नहर की पटरी खडंजा/	672000	667520
49	माघी मठिया में सी०सी०	999040	997920
50	राजपुर पुराने इ०ला० से गाँव के तरफ सी०सी०	999040	995904

51	जंगल विसूनपूरा में पिच से गाँव के तरफ सी०सी०	997920	992320
52	ठाढ़ीमार में पिच से से गाँव के तरफ सी०सी०	995680	990080
	योग		51346052

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता	योग
0	0	51346052	51346052

जिला पंचायत-कुशीनगर **जनपद-कुशीनगर**
प्रस्तर- 7

पन्द्रहवे वित्त के अंतर्गत अनटाइड मद साखोपार में एन०एच०-28बी से ब्रजेश जायसवाल के घर होते हुए अवधेश सिंह के घर से विजय पटेल के घर तक सम्पर्क मार्ग की कुल लागत रुपया (12%जी०एस०टी सहित) 3707200.00 है ।इस पर निम्नलिखित आपत्तियां पायी है - अ. इस कार्य हेतु दिनांक 16-11-2020 को निविदा आमंत्रित की गयी जिसमे तीन ठीकेदार (क्रमशःनीरज कुमार सिंह ने टेंडर प्रपत्र रुपया 3808.00 दिनांक 11-11-2020 परन्तु जमानत की धनराशि से सम्बंधित प्रपत्र नहीं पाया गया आई पी एड्रेस 103.82.82.199/दिनांक 15-11-2020 पाया गया ,फ्रेंड्स कंस्ट्रक्शन ने टेंडर प्रपत्र रुपया 3808.00 दिनांक 11-11-2020 जमानत की धनराशि रुपया 66500.00 पाया गया आई पी एड्रेस 103.82.82.199/दिनांक 15-11-2020 पाया गया तथा योगेन्द्र सिंह ने टेंडर प्रपत्र रुपया 3808.00 दिनांक 11-11-2020 परन्तु जमानत की धनराशि से सम्बंधित प्रपत्र नहीं पाया गया आई पी एड्रेस 103.82.82.199/दिनांक 15-11-2020 पाया गया) ने निविदा प्राप्त करने हेतु टेण्डर डाला है.दिनांक 21-11-2020 को ई-टेंडरिंग प्रोक्योरमेंट के तहत फ्रेंड्स कंस्ट्रक्शन की सबसे कम बोली पाई गई, जिसे माननीय अध्यक्ष ने दिनांक 23-12-2020 को टेंडर की स्वीकृति प्रदान किया गया परन्तु पत्रावली जाँच पर पता चला कि इन तीनों निविदाकर्ताओं के आई पी एड्रेस 103.82.82.199/दिनांक 15-11-2020 समान पाया गया है इसका अर्थ है कि एक ही कम्पूटर से तीनों निविदाकर्ताओं के अभिलेख अपलोड किया गया।स्पष्ट रूप से मिलीभगत तथा कूटरचना करके एक ही कम्पूटर से तीनों निविदाकर्ताओं के अभिलेख अपलोड कर पारदर्शिता भंग कर गंभीर अनियमितता की गयी जिसके लिए अध्यक्ष श्री विनय प्रकाश ,विन्ध्याचल सिंह कुशवाहा अपर मुख्य अधिकारी ,वित्तीय परामर्शदाता श्री बृजलाल तथा अभियंता कर्ण सिंह जिम्मेवार है। सी. इस कार्य के अनुबन्ध के अनुसार कार्य दिनांक 11-

01-2021 से 31-3-2021 तक किया जाना है।इस कार्य का एमबी जे०ई०महेश सिंह ने किया इस कार्य में बहुत ज्यादा विलम्ब किया गया फिर भी उक्त ठीकेदार पर कोई दंडात्मक कार्यवाही न कर उसे कार्य करने दिया गया जो विभागीय अधिकारीयों की ठीकेदार से संलिप्तता प्रदर्शित करता है ठीकेदार द्वारा समयावधि दिनांक 31-10-2021 तक बढाने की मांग की गयी जबकि उक्त तिथि तक रुपया 3125920.00 का भुगतान कर दिया गया। स्पष्ट रूप से गंभीर अनियमितता की गया है।डी. इस कार्य हेतु रुपया 58475.00 रॉयल्टी लिया जाना है जबकि रुपया 24860.00 जमा किया गया रुपया 33615.00 की वसूली अपर मुख्य अधिकारी तथा लेखाकार से किया जाना अपेक्षित है।ई .इसके अतिरिक्त इस कार्य में 519 घन०मी मिटटी सड़क के किनारे पटरी पर उपभोग किया गया जिस पर रुपया 44716.00 व्यय हुआ परन्तु त्रिस्तरीय फोटो के अनुपस्थिति में उक्त व्यय की पुष्टि न हो सकी इसकी वसूली जे०ई०महेश सिंह विन्ध्याचल सिंह कुशवाहा अपर मुख्य अधिकारी तथा वित्तीय परामर्शदाता श्री बृजलाल से किया जाना अपेक्षित है। संबंधित पर आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता	योग
0	0	3204251	3204251

जिला पंचायत-कुशीनगर **जनपद-कुशीनगर**
प्रस्तर-8

आलोच्य वर्ष 2021-22 में पन्द्रहवा वित्त में टाइड मद के अंतर्गत सेवरही के विद्यालयों में मल्टीपल हैण्डवाश यूनिट की स्थापना पर कुल रुपया 898398.00 व्यय हुआ है

1. दिनांक 21-01-2022 रुपया 122259 31 विद्यालयों में
2. दिनांक 21-01-2022 रुपया 101209 31 विद्यालयों में
3. दिनांक 21-01-2022 रुपया 133348 45 विद्यालयों में
4. दिनांक 21-01-2022 रुपया 211385 45 विद्यालयों में
5. दिनांक 08-02-2022 रुपया 189291 46 विद्यालयों में
6. दिनांक 08-02-2022 रुपया 97811 46 विद्यालयों में
7. दिनांक 08-02-2022 रुपया 43095 14 विद्यालयों में

इस पर निम्नलिखित आपत्तियां है - ए. सरकारी दर सूची लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नही की गयी जिससे क्रय दर की पुष्टि नही की जा सकी पुष्टि कराया जाना अपेक्षित है। बी. इंस्टालेशन प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना चाहिए जो नही पाया गया। सी.

कार्यस्थल/विद्यालयों के नाम इत्यादि की सूची विवरण सहित संलग्न करके नही रखा गया है । डी. उपभोग प्रमाण पत्र प्रस्तुत नही किया गया जो अपेक्षित था । ई. त्रिस्तरीय फोटो/जिओटैग प्रस्तुत नही रहा ।पुष्टि ना होने के कारण संबंधित भुगतान अनियमित रहा ।जिसके लिए अध्यक्ष श्रीमती सावित्री जयसवाल ,विन्ध्याचल सिंह कुशवाहा अपर मुख्य अधिकारी ,महेश सिंह/सुनील प्रताप सिंह जे०ई०जिम्मेवार है। संबंधित पर आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता	योग
0	0	898398	898398

जिला पंचायत-कुशीनगर **जनपद-कुशीनगर**
प्रस्तर-9

चतुर्थ राज्य वित्त के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य जो वर्ष 2019-20 के कार्ययोजना में था परन्तु ये कार्य आलोच्य वर्ष में भी अपूर्ण पाए गए ये कार्य सरकार के लिए अलाभकारी हो गए हैं ।तथा संबधित अधिकारी इस विलम्ब के लिए जिम्मेवार है क्योकि चतुर्थ राज्य वित्त के समयावधि के समाप्ति के पश्चात तथा पंचम वित्त के आने के बाद ये कार्य अब भी अपूर्ण है तो यह जिला पंचायत के अध्यक्ष, अपर मुख्य अधिकरी तथा अभियंताओं के द्वारा लापरवाही का नतीजा है। विलम्ब के कारण ठीकेदारों पर कोई कड़ा कदम नहीं लिया जाता अपितु अर्थदण्ड के नाम पर रुपया 1000/2000 वसूला जाता है तथा कार्य के व्यय तथा गुणवत्ता पर भी असर होता है स्पष्ट रूप से कार्य न करा कर सरकारी धन रुपया 10560368.00 का दुरुपयोग किया गया है ।जिसके लिए जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती सावित्री देवी तथा अपर मुख्य अधिकारी श्री विन्ध्याचल कुशवाहा जिम्मेवार है। आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है अन्यथा के स्थिति में स्पष्टीकरण अपेक्षित है।

क्रमांक	कार्य का नाम	लागत	2021-2022 व्यय तक
1	फाजिलनगर में जौरा गोविन्द टोला हनुमानगंज पुलिया के पास से पूरब रामऔतार के पकडी से पूर्व यू०पी०एस० के तरफ पिच निर्माण	1163680	885920
2	फाजिलनगर में भलुही में पिच रोड पेट्रोल पंप से गाँव की तरफ जाने वाली मार्ग पर सी सी	1309280	791840
3	बेलवनिया पिच से जू०हा०स्कूल होते कोडरा मार्ग के तरफ पिच	1919680	1317120
4	कसया मधवापुर में प्रकाश चौबे के घर से	2520000	1172640

	माताकोट स्थान पर पिच		
5	बघौच फाजिलनगर मुख्या मार्ग से प्रा० वि०	3045280	2721600
6	रहसु में संजय सिंह के खेत से मठियाटोला पिच तक पुराने इंटरलॉकिंग से आगे पिच	4655840	3187520
7	मंगरुआ पिच मार्ग से मंगरुआ सिवान के तरफ नाली निर्माण	1896496	483728
		16510256	10560368

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता	योग
0	10560368	0	10560368

जिला पंचायत-कुशीनगर **जनपद-कुशीनगर**
प्रस्तर-10

संस्था द्वारा निजी स्रोतों से आय से सम्बन्धित रजिस्टर (विभव कर) विकास खण्डवार मांग-वसूली रजिस्टर तैयार किया गया है। किन्तु यह रजिस्टर केवल तीन-तीन वर्षों हेतु अलग-अलग तैयार किये गये है। किन्तु किसी भी वर्ष के पिछला बकाया की धनराशि को वर्ष की मांग के साथ सम्मिलित नहीं किया गया है और न ही बकाया के सापेक्ष वसूली दर्शित है। अर्थात संस्था द्वारा मात्र वर्ष की मांग के सापेक्ष वसूली की धनराशि को ही संस्था को आय की धनराशि में सम्मिलित किया जा रहा है तथा बकाया को धनराशि के विलुप्त कर वर्ष-प्रतिवर्ष संस्था को व्यापक क्षति पहुंचायी जा रही है। उक्त पंजिका में मदवार योग भी अंकित नहीं है। अर्थात वर्षालोच्य में कुल कितनी मांग लगायी गयी व उसके सापेक्ष की गयी कुल वसूली की धनराशि मांग के अभाव में स्पष्ट नहीं है। इससे पूर्णतया स्पष्ट है कि संस्था द्वारा निजी स्रोत को आय के सापेक्ष वसूली एवं अवशेष की स्थिति भ्रामक एवं अधूरी रखकर व्यापक अनियमितता की जा रही है। यह भी स्पष्ट नहीं है कि जिला पंचायत क्षेत्रान्तर्गत मदवार कितनी इकाइयां स्थित है और समस्त इकाइयों के सापेक्ष मांग लगायी गयी अथवा नहीं। उपरोक्त की समीक्षा से (विभव कर मांग-वसूली रजिस्टर के अवलोकन से) यह भी स्पष्ट हुआ कि मात्र 30 प्रतिशत इकाइयों से वसूली आयी है। अर्थात 70 प्रतिशत इकाइयों से मांग की धनराशि वसूल न कर और न ही बकाये में दर्शित कर संस्था को आर्थिक क्षति की गयी है। इससे स्पष्ट है कि संस्था के अधिकारी/ कर्मचारी वसूली के प्रति सम्यक् सचेष्ट नहीं है तथा न ही बकाया की वसूली के सम्बन्ध में कोई कार्यवाही लेखा परीक्षा में परिलक्षित हुई। इस सम्बन्ध में विभागीय अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट करते हुए विगत वर्षों से मांग वसूली एवं बकाया की स्थिति अंकित कराकर बकाया को वास्तविक धनराशि प्रदर्शित करते हुए उनकी वसूली के प्रति सम्यक् कार्यवाही करने की अपेक्षा की जाती है।लेखा परीक्षा में

लेखा परीक्षा गणनानुसार कतिपय विकास खण्डों के वर्ष 2021-22 की कुल विभव कर की मांग तथा उसके सापेक्ष वसूली तथा दिनांक 31.03.2022 को बकाया का विवरण निम्नवत् रहा:-

क्रम सं	विकास खण्ड का नाम	वर्ष की मांग	गत वर्ष का बकाया	कुल योग	वसूली	शेष
1	कसया	54000	2087374.62	2141374.62	96000	2045374.62
2	हाटा	54300	1492350	1546650	54300	1492350
3	खड्डा	105900	767900	873800	137300	736500
4	बिसुनपुरा	43200	614243	657443	79350	578093
5	तमकुही	336000	1452518	1788518	456900	1331618
6	रामकोला	180000	1074127	1254127	273700	980427
7	सुकरौली	108000	2650100	2758100	108000	2650100
8	नेबुआनौरंगिया	190500	1103274	1293774	190500	1103274
9	सेवरही	135200	2048304	2183504	160400	2023104
10	कप्तानगंज	308100	1464200	1772300	308100	1464200
11	फाजिलनगर	246300	2488744	2735044	292100	2442944
12	पड़रौना	312000	3846736.97	4158736.97	531150	3627586.97
13	दुदही	56700	1341160	1397860	49800	1348060
14	मोतीचक	243600	1796600	2040200	243600	1796600
		2373800	24227631.59	26601431.59	2981200	23620231.59

उपरोक्त विवरणानुसार रू0 26601431.59 की वसूली न करने के कारण संस्था की व्यापक आर्थिक क्षति हुई है। इसके लिए अपर मुख्य अधिकारी श्री विन्ध्याचल कुशवाहा एवं कर अधिकारी श्री धर्मेन्द्र कुमार एवं सम्बंधित विकास खण्ड के राजस्व निरीक्षक संयुक्त रूप से जिम्मेदार है संबंधित पर आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता	योग
0	0	23620231.59	23620231.59

प्रस्तर-11

भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकारों के रोजगार एवं सेवा शर्तों को विनियमित करने और उनको सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कल्याण के उपाय उपलब्ध कराने के लिये, उत्तर प्रदेश सरकार

ने शासकीय अधिसूचना द्वारा उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड का गठन किया उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा यह आदेश नवंबर 2009 भी जारी किया गया था कि नियोक्ता द्वारा निर्माण कार्य लागत का एक प्रतिशत की दर से उपकर काटा जाये निर्माण कार्य में लगे सभी विभागों को ठेकेदारों के देयकों से निर्धारित दर पर उपकर काटना आवश्यक था एवं उसे बोर्ड को डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से ऐसी कटौती के 30 दिन के अन्दर प्रेषित करना था । जिला पंचायत, के अभिलेखों के जांच में पाया गया की ठेकेदारों के माध्यम से विभिन्न निर्माण कार्य कराये गये थे एवं उनको ₹568906281.00 का भुगतान किया जबकि आलोच्य वर्ष में कुल रुपया 5057390.00 लेबर सेस काटा गया था । यह पाया गया कि ठेकेदार के देयकों से एक प्रतिशत की कटौती नहीं की गयी थी । प्राक्कलनों में ऐसा कोई प्रावधान न होने के कारण रू. 631673.00 उपकर की कम कटौती की गयी ।जिसके लिए अपर मुख्य अधिकारी श्री विन्ध्याचल सिंह कुशवाहा, बृजलाल वितीय परामर्शदाता तथा लेखाकार भीम सिंह जिम्मेवार है जिससे उक्त जमा राजकीय राजस्व की पुष्टि न हो सकी।अलग शीर्ष बनाया जाना चाहिए था जो आपत्तिजनक रहा। व्याज सहित वसूली के साथ संबंधित पर आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता	योग
0	0	631673	631673

प्रस्तर-12

केन्द्रीय वित्त के अंतर्गत (अनटाईड)सुकरौली में मिश्रौली वृन्दावन पिच मार्ग मोहनापुर पिच मार्ग के तरफ लेपन कार्य का लागत (रुपया 3985290+12%जी०एस०टी 478234)=4463000 था इस कार्य का क्षेत्रफल 704*3.75*.075 *.45*.125= इस कार्य की एमबी जे०ई०सुनील सिंह द्वारा किया गया।निम्नलिखित आपत्तियां प्रकाश में आयी-(क). पत्रावली में 7 ठीकेदार द्वारा टेण्डर प्रक्रिया में भाग लेना दिखाया गया परन्तु सिर्फ दो ठीकेदार के संबंधित पत्रावली मानक के अनुसार पाए गए जबकि अन्य ठीकेदारो की पत्रावली आधी -अधूरी लगी है,टेण्डर प्रक्रिया में घोर अनियमितता की गयी क्योकि में० कैलासी देवी द्वरा हॉटमिक्स प्लांट हेतु रुपया 400000 प्रति माह भाडा की संबिदा रंजीत सिंह से गयी जो संबिदा मूल्य के दसवां भाग है ।इसके अतिरिक्त किरण जयसवाल/राजकुमार द्वारा हैसियत प्रमाण पत्र लगाया गया है जबकि इनके द्वारा टेण्डर प्रपत्र फॉर्म-5 नहीं लिया गया है ।मनीष सिंह प्रेम इंटरप्राइजेज तथा महावीर ईट उद्योग द्वारा भी इस टेंडर प्रक्रिया में भाग लेना दिखाया गया है परन्तु पत्रावली में संबंधित कोई भी अभिलेख नहीं लगा है। माँ अम्बे कंस्ट्रक्शन की बोली ऊँची होने के कारण उनकी निविदा को निरस्त कर दिया गया इस कार्य

का ठेका श्री कंस्ट्रक्शन(जितेन्द्र प्रताप सिंह) को दिया गया तथा ठीकेदार द्वारा जमानत का 10%तथा सम्बद्ध धनराशि जमा कर दिया।(ख). परन्तु लेपन कार्य हेतु बिटुमिन तथा इमल्शन क्रय से संबंधित अभिलेख पत्रावली में नहीं रहा जिससे व्यय की पुष्टि नही हो सकी ।लेपन कार्य बिना बिटुमिन तथा इमल्शन के नहीं हो सकता।(ग). इसके अतिरिक्त निर्माण हेतु 574 घन मी० सैंड स्टोन/ बलास्ट(गिट्टी)की आपूर्ति किया जाना था परन्तु पत्रावली में एम एम-11/फार्म-3सी से संबंधित सिर्फ एक इंटर स्टेट ट्रांजिट पास नंबर 2111453441 दिनांक 14-3-2022से 24.5घन मी०पहाड़ी (मध्य प्रदेश)से महाराजगंज आपूर्ति पाया गया।(नियमानुसार संबंधित ठेकेदार द्वारा एम एम-11/ फॉर्म -3सी अपने हस्ताक्षरोपरांत ही विभाग में प्रस्तुत किया जाएगा। ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत एम एम-11/ फॉर्म 3सी पर संबंधित अवर अभियंता से यह प्रमाण पत्र ले लिया जाए कि अमुक एम एम11 /फॉर्म 3सी उसी कार्य से संबंधित हैं तथा ठेकेदार से प्राप्त एम एम-11 औरफार्म -3सी की ऑथैंटिसिटी के सत्यापन की जिम्मेवारी संबंधित सहायक अभियंता की होगी। सहायक अभियंता से पारित बीजक में संलग्न एम एम-11 और फॉर्म-3सी और उपरोक्तानुसार कार्यवाही के उपरांत पीएसी, प्रखंडीय लेखा अधिकारी तथा अधिशासी अभियंता द्वारा भुगतान की कार्यवाही नियमानुसार की जाएगी। एम एम -11 और फॉर्म-3सी का बिना सत्यापन तथा फर्जी एम एम-11 /फॉर्म- 3सी या डुप्लीकेट एम एम-11/फार्म- 3सीके आधार पर ठेकेदार को भुगतान करने पर परिलक्षित शासकीय क्षति के लिए संबंधित सहायक अभियंता, पीएसी, प्रखंड लेखाधिकारी बराबर के जिम्मेदार होंगे।)जबकि संलग्न रॉयल्टीप्रपत्र के अनुसार 574.929 घन मी० की आपूर्ति किया गया अतः भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय उत्तर प्रदेश द्वारा सब डिवीज़न लेवल रिपोर्ट गलत/फर्जी है अतः 574*160*6=रुपया 551040 की वसूली सम्बद्ध ठीकेदार से किया जाना अपेक्षित है क्योकि नियमविरुद्ध उक्त रॉयल्टी प्रपत्र को सही ठहरा कर सरकार को हानि पहुचाई गयी जिसके लिए अध्यक्ष श्री विनय प्रकाश/श्रीमती सावित्री जयसवाल ,विन्ध्याचल सिंह कुशवाहा अपर मुख्य अधिकारी,वित्तीय परामर्शदाता श्री बृजलाल तथा सुनील प्रतापसिंह जे०ई०जिम्मेवार है।(घ).यह कार्य अनुबन्ध के अनुसार दिनांक 31-3-2021 तक पूर्ण किया जाना था लेकिन यह कार्य दिनांक 31-3-2022 तक पूर्ण कियागया परन्तु ठीकेदार द्वारा कार्य पूर्ण करने के लिए समयावधि बढाने हेतु कोई भी पत्र नहीं लिखा गया न ही जिला पंचायत द्वारा कार्य में विलम्ब से सम्बंधित कोई नोटिस ही दिया गया इसकी जानकारी (दिनांक 6-4-2022 को रुपया 1300320.00 का भुगतान किये जाने पर) मिली जिसमे रुपया 2000.00 अर्थदण्ड वसूला गया था ।जबकि यह लागत के 1% होना चाहिए परन्तु माननीय अध्यक्षा के विवेकाधिकार द्वारा इसे कम कर दिया गया स्पष्ट रूप से मिलीभगत तथा कूटरचना कर रुपया 3958080.00 का भुगतान कर व्यय में गंभीर अनियमितता की गयी है ब्याज सहित वसूली किया जाना अपेक्षित है।(च). जे० ई०द्वारा कार्य सम्बन्धी कोई आख्या भी नहीं दिया गया । संबंधित पर आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है

प्रस्तर-13

अहिरौली मेन रोड से बेन्दुआर बाजार होते हुए जी०एस० वर्ल्ड स्कूल के तरफ सी सी कार्य की कुल लागत रु 2022720 थी जिसके संबंध मे निम्नलिखित आपत्तियां प्रकाश में आयी -

(अ)एम बी तथा कॉनजमसन ऑफ़ मटेरियल के अनुसार/रॉयल्टी चार्ट के पेपर के अनुसार दर्शित है--

उपखनिज के नाम	बिल ऑफ़ क्वांटिटी	वैलिड क्वांटिटी	इनवैलिड क्वांटिटी
सैंड स्टोन / क्वार्टजाइट बलास्ट (गिट्टी)	94.13	100	120
ग्रेनाइट/डोलोस्टोन गिट्टी	42.53	90	36
मोरंग	42.53	48	138
	179.19	238	294

जबकि पत्रावली में एम एम-11/फॉर्म-3c से संबंधित प्रपत्र तथा सिर्फ 3 गाड़ियों के ट्रांजिटपास नंबर 31412107090044000 15,31382107990110002 11, 31622003157 200257 पाए गए जिसके अनुसार 42.53 घनमी मोरम के सापेक्ष 48 घन मी मोरुम तथा 42.53 घन मी ग्रेनाइट डोलोस्टोन बलास्ट (गिट्टी) के सापेक्ष 20 घन मी गिट्टी आपूर्ति किया गया जबकि बिल ऑफ़ क्वांटिटी के अनुसार 94.13 घन मी सैंड स्टोन / क्वार्टजाइट बलास्ट (गिट्टी) के सापेक्ष शून्य आपूर्ति रही। स्पस्ट रूप से बिना सामग्री के निर्माण किया गया।

(ख) संलग्न रॉयल्टी प्रपत्र के अनुसार 179.19 घन मी० की आपूर्ति किया जाना था जबकि पत्रावली में संलग्न रॉयल्टी प्रपत्र के अनुसार 238 घनमी वैलिड क्वांटिटी आपूर्ति पाया गया तथा 294 घनमी इनवैलिड क्वांटिटी पाया गया अतः भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय उत्तर प्रदेश द्वारा सब डिवीज़न लेवल रिपोर्ट गलत/फर्जी है। नियमविरुद्ध उक्त रॉयल्टी प्रपत्र को सही ठहरा सरकार को हानि पहुचाई गयी जिसके लिए अध्यक्ष श्री विनय प्रकाश/श्रीमती सावित्री जयसवाल ,विन्ध्याचल सिंह कुशवाहा अपर मुख्य अधिकारी ,वित्तीय परामर्शदाता श्री बृजलाल तथा सुनील प्रताप सिंह जे०ई०जिम्मेवार है।अतः परियोजना पर व्यय किया गया कुल रुपया 2022720.00 अनियमित रहा जिसकी वसूली सम्बद्ध ठीकेदार से किया जाना अपेक्षित है ।

(ग) अनुबन्ध पत्र के अनुसार कार्य दिनांक 31-3-2021 तक पूर्ण किया जाना था लेकिन यह कार्य दिनांक 31-3-2021 तक अपूर्ण रहा ठीकेदार द्वारा कार्य पूर्ण करने के लिए समयावधि बढाने हेतु कोई भी पत्र नहीं लिखा गया न ही जिला पंचायत द्वारा कार्य में विलम्ब से सम्बंधित कोई नोटिस ही दिया गया ।इस

सम्बन्ध में लेखा परीक्षा में यह तथ्य तब प्रकाश में आया जब जिला पंचायत द्वारा दिनांक 18-09-202 को रुपया 219520.00 का भुगतान किये जाने के सापेक्ष रुपया 1000 अर्थदण्ड वसूला किया गया ।उल्लेखनीय है कि जे० ई० द्वारा कार्य सम्बन्धी कोई आख्या नहीं दिया । स्पष्ट है कि व्यय में गंभीर अनियमितता की गयी है तथा आपसी मिलीभगत तथा कूटरचना कर रुपया 219520.00 का भुगतान किया गया है जिसके लिए अध्यक्ष श्रीमती सावित्री जयसवाल ,विन्ध्याचल सिंह कुशवाहा अपर मुख्य अधिकारी ,वित्तीय परामर्शदाता श्री बृजलाल तथा सुनील प्रताप सिंह जे०ई०जिम्मेवार है। जिसकी वसूली ब्याज सहित सम्बंधित पक्षों से बराबर-बराबर किया जाना अपेक्षित है । संबंधित पर आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है

प्रस्तर-14

चतुर्थ राज्य वित्त के अंतर्गत सपहा रजवाबर मार्ग पिच से मैनपुर दीनापट्टी पिच मार्ग तक पिच कार्य की लागत रुपया (जी एस टी 12%सहित) 1893000 है ।इस कार्य की लम्बाई 297 मी० है तथा इस कार्य की तकनीकि स्वीकृति दिनांक 16-12-2019 को दिया गया । इस कार्य का एम० बी० जे०ई० श्री महेश सिंह द्वारा बनाया गया है। इस कार्य से सम्बंधित निम्नलिखित आपतिया है --

(अ) इस कार्य हेतु दिनांक 15-10-2020 को निविदा खोली गयी जिसमे तीन ठीकेदार क्रमशः योगेन्द्र सिंह ,ईश्वरी प्रसाद मिश्र तथा ज्ञानेंद्र कुमार यादव ने टेंडर प्रक्रिया में भाग लिया ,परन्तु पत्रावली की जाँच में पाया गया कि योगेन्द्र सिंह तथा ईश्वरी प्रसाद मिश्र द्वारा ई-टेंडरिंग में निविदाकर्ताओं के आई पी एड्रेस से संबंधित पत्रावली नहीं पाई गई जबकि ज्ञानेन्द्र कुमार यादव जिनका आई पी एड्रेस 103.82.80.91 दिनांक 14-10-2020 पाया गया,को कार्य का अनुबन्ध दिया गया तथा माननीय अध्यक्ष द्वारा दिनांक 28-10-2020 को यह अनुबन्ध स्वीकार किया गया स्पष्ट रूप से टेंडर प्रक्रिया में गंभीर अनियमितता किया गया है इसके लिए अध्यक्ष श्री विनय प्रकाश ,विन्ध्याचल सिंह कुशवाहा अपर मुख्य अधिकारी ,वित्तीय परामर्शदाता श्री बृजलाल तथा अभियंता कर्ण सिंह जिम्मेवार है।

(ब)इस कार्य के पत्रावली में ईश्वरी प्रसाद मिश्र द्वारा लेबर सेस जमा करना दिखाया गया है जो अमान्य है क्योंकि इस कार्य का अनुबन्ध ज्ञानेन्द्र कुमार यादव को दिया गया था ।

(स)इस कार्य को दिनांक 31.07.2021 तक पूर्ण किया जाना था परन्तु कार्य में विलम्ब होने के कारण जिला पंचायत द्वारा ठीकेदार को दिनांक 27-01-2021 तथा अन्य तिथियों में नोटिस दिया गया एवं कार्य पूर्ण कराये जाने की अवधि दिनांक 31-12-2021 तक बढ़ा दी

गयी ,परन्तु ठेकेदार द्वारा पुनः दिनांक 31-07-2022 तक समयावधि बढाने हेतु बार बार आवेदन गया जबकि इस दौरान जिला पंचायत द्वारा न ही कोई नोटिस नही दिया गया न ही ठीकेदार को ब्लैक लिस्ट ही किया गया ,इसके अतिरिक्त विलम्ब होने के कारण अर्थदण्ड के रूप में मात्र रुपया 2000 की वसूली की गयी जो नियमानुसार भुगतान के धनराशि के 1% होना चाहिए परन्तु माननीय अध्यक्षा के विवेकाधिकार के अनुसार इस धनराशि को कम करके वसूला गया।स्पष्ट रूप से जे०ई० महेश सिंह द्वारा आख्या देने के कारण तथा मिलीभगत करके सम्पूर्ण धनराशि रुपया 1892688.00 का भुगतान किया गया जिसके लिए सम्बद्ध अधिकारी गण तथा अध्यक्ष श्री विनयप्रकाश/अध्यक्षाश्रीमती सावित्री जिम्मेवार है।इस प्रकार उपरोक्त विवरण से स्पस्ट है कि चतुर्थ राज्य वित्त के अंतर्गत सपहा राज्वावल मार्ग पिच से मैंनपुर दीनपटी मार्ग पर कुल रुपया 1892688.00 भुगतान पर गंभीर अनियमितता बरती गयी है जिसके अध्यक्ष विनय प्रकाश तथा सावित्री जयसवाल अपर मुख्य अधिकारी विन्ध्याचल सिंह कुशवाहा वित्तीय परामर्शदाता श्री बृजलाल जेई महेश सिंह जिम्मेवार है. संबंधित पर आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता	योग
0	0	1892688.00	1892688.00

प्रस्तर-15

माघी कोठिलवा सम्पर्क मार्ग से प्रा०विद्यालय बलुआ धुमनगर होते हुए माघी कोठिलवा अरनहवा सम्पर्क मार्ग तक लेपन कार्य की कुल लागत रुपया (12%जी एस टी सहित)13161495 है इस पर निम्नलिखित आपत्तियां पायी है -

(क)इ-टेंडरिंग प्रोक्योरमेंट प्रक्रिया में अंकित इंटरप्राइजेज,मुरारी इंटरप्राइजेज तथा स्टार इंटरप्राइजेज द्वारा भाग लेना दिखाया गया जबकि पत्रावली में 4 ठेकेदारों की पत्रावली पाया गया जिसमे मुरारी इंटरप्राइजेज तथा सदाशिवमणि त्रिपाठी से सम्बंधित कोई अभिलेख नहीं पाया गया न ही जमानत की धनराशि और सत्यंकार धनराशि ही जमा कराया गया । जबकि पत्रावली में श्री इंटरप्राइजेज द्वारा टैंडर जमानत की धनराशि और सत्यंकार धनराशि जमा कराया गया ।परन्तु इ-टेंडरिंग प्रक्रिया का उलंघन कर अंकित एंटरप्राइजेज को ठेका देकर गंभीर अनियमितता की गयी है जिसके लिए अपर मुख्य अधिकारी श्री विन्ध्याचल सिंह कुशवाहा,अभियंता श्री कर्ण सिंह तथा वित्तीय परामर्शदाता श्री ब्रजलाल जिम्मेवार है ।

(ख) पत्रांक 653 दिनांक 4-6-2022 को कार्य में अनियमितता को लेकर सुचना के अधिकार के अंतर्गत जानकारी भी मांगी गयी।

(ग) इस कार्य का एमबी जे०ई०विनोद कुमार द्वारा किया गया इस कार्य में बहुत ज्यादा विलम्ब किया गया फिर भी उक्त ठीकेदार पर कोई दंडात्मक कार्यवाही न कर उसे कार्य करने दिया गया जो विभागीय अधिकारीयों की ठीकेदार से संलिप्तता दर्शित

करता है क्योकि यह कार्य दिनांक 31-3-2021 को समाप्त करना था जबकि विभिन्न कारणोंवश ठीकेदार को बार-बार समयावधि बढाई गयी अंतिम बार समयावधि 15-6-2022 को बढाया किया। अर्थदण्ड के नाम पर नोमिनल अर्थदण्ड रुपया 2000/1000 लगाया गया है जबकि नियमानुसार पेमेंट का 1%अर्थदण्ड वसूला जाना चाहिए परन्तु माननीय अध्यक्ष द्वारा विवेकाधिकार का इस्तेमाल कर रुपया 2000/1000 कर दिया जाता है जो सम्बद्ध ठीकेदार से संलिप्तता दर्शाता है।

(घ) इस कार्य हेतु बिटुमिन तथा इमल्शन क्रय/आपूर्ति(रुपया 1869850.00) ठीकेदार को न करके दुसरे को देकर गंभीर अनियमितता किया गया क्योकि इमल्शन की आपूर्ति प्राइवेट एजेंसी जी०आर० इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड हरदोई द्वारा संजीव कुमार यादव को किया गया जबकि बिटुमिन की आपूर्ति भारत सरकार के उपक्रम इंडियन आयल कारपोरेशन,मथुरा द्वारा संजीव कुमार यादव को किया गया।स्पस्ट रूप ये सामग्री की आपूर्ति भारत सरकार के उपक्रम से न करके प्राइवेट एजेंसी से कर नियमविरुद्ध कार्य किया गया इसके अतिरिक्त सामग्री की आपूर्ति दुसरे ठीकेदार को कर गंभीर अनियमितता किया गया।

(ड) कार्य के एमबी/ कॉनजमसन ऑफ़ मटेरियल के अनुसार कुल गिट्टी 1996 घन मी का इस्तेमाल किया जाना था जिसके सापेक्ष संलग्न रॉयल्टी प्रपत्र के जाँच में 113 ट्रांजिट पास नंबर पाए गए परन्तु एम एम-11/फॉर्म-3सी के अनुसार 144 प्रपत्र पाए गये जबकि 2707.05 घन मी गिट्टी मात्रा की आपूर्ति की गयी । स्पष्ट है कि नियमविरुद्ध उक्त रॉयल्टी प्रपत्र तथा उपरोक्त कारणों(मिलीभगत तथा कूटरचना कर सारे भुगतान किया गया है) से सरकार को हानि पहुचाई गयी जिसके लिए अध्यक्ष श्री विनय प्रकाश/श्रीमती सावित्री जयसवाल ,विन्ध्याचल सिंह कुशवाहा अपर मुख्य अधिकारी ,वित्तीय परामर्शदाता श्री बृजलाल तथा कर्ण सिंह तथा विनोद कुमार जे०ई०जिम्मेवार है।अतः कुल रुपया 13161495 की वसूली सम्बद्ध ठीकेदार से किया जाना अपेक्षित है ।

(च)त्रिस्तरीय फोटोग्राफी कार्य के सापेक्ष जिओटैग असंबद्ध पाया गया क्योकि दो फोटो दिनांक 15-7-21 तथा 13-9-21 का है इसमें प्रारम्भिक तौर पर सड़क की पहचान तथा उस पर गिट्टी डालना दर्शित है परन्तु एम एम-11/फॉर्म-3सी के अनुसार तीन तिहाई से अधिक सामग्री की आपूर्ति वर्ष 2022 में की गयी जबकि अभिलेख के अनुसार बिटुमिन तथा इमल्शन क्रय/आपूर्ति दिनांक 5-5-2022 के पश्चात की गयी है जबकि कार्य के सापेक्ष कुल रुपया 9823520 का भुगतान कर गम्भीर अनियमितता की गयी है संबंधित पर आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है (दो अन्य फोटो दिनांक 15-6-22 का लिया गया जिसमे पिच रोड का फोटो दर्शित है)।

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता	योग
0	0	13161495.00	13161495.00

प्रस्तर-16

पंद्रहवा वित्त के अंतर्गत सुकरौली से पिपरा हुमेल पिच मार्ग से देवतहा पीच के तरफ लेपन कार्य की लागत रुपया 2605000.00 है निम्नलिखित आपत्तियां प्रकाश में आयी।

(क).इस टेण्डर प्रक्रिया में तीन निविदाएँ प्राप्त हुई माँ अम्बे कंस्ट्रक्शन ,मनीष सिंह तथा प्रेम इंटरप्राइजेज ने भाग लिया परन्तु पत्रावली के जाँच में पाया गया कि टेण्डर प्रक्रिया में सम्बंधित अभिलेख नहीं लगाये गए है जबकि प्रेम इंटरप्राइजेज द्वारा कोई भी अभिलेख प्रस्तुत नहीं रहा स्पष्ट रूप से टेंडर प्रक्रिया में मनमानी किया गया है कार्य का ठेका मनीष सिंह को दिया गया।

(ख).टेंडर प्रक्रिया दिनांक 23-12-2020 को अध्यक्ष द्वारा स्वीकार किया गया तथा दिनांक 4-1-2021 को ठीकेदार को सूचित किया गया।प्राप्त पत्रावली के अनुसार दिनांक 8-11-2020को बिटुमिन तथा इमल्शन एच पी सी एल भटिंडा से क्रय किया गया जबकि (शासनादेश के अनुसार बिटुमिन तथा इमल्शन सरकारी उपक्रम मथुरा या हल्दिया से क्रय किया जाना अपेक्षित है क्योकि ये दोनों रीफाइनरी की दुरी कार्यक्षेत्र से नजदीक है)इस प्रकार सामग्री का क्रय ठेकेदार द्वारा ठेका प्राप्त करने के पहले ही कर लिया गया जो मान्य नहीं है ।इसके अतिरिक्तदिनांक 8-11-2020 को एच पी सी एल भटिंडा से बिटुमिन तथा इमल्शन संजीव कुमार यादव द्वारा क्रय कर ठीकेदार मनीष सिंह को दिया गया जो अनुमन्य नहीं है क्योकि बिटुमिन तथा इमल्शन आपूर्ति सम्बद्ध ठीकेदार को ही आपूर्ति किया जाना है।

(ग)अनुबन्ध के अनुसार यह कार्य दिनांक 31-3-2021 तक पूर्ण किया जाना था लेकिन यह कार्य दिनांक 31-3-2022 तक पूर्ण किया गया परन्तु ठीकेदार द्वारा कार्य पूर्ण करने के लिए समयावधि बढाने हेतु कोई भी पत्र नहीं लिखा गया न ही जिला पंचायत द्वारा कार्य में विलम्ब से सम्बंधित कोई नोटिस नही दिया गया,जे०ई०द्वारा कार्य सम्बन्धी कोई आख्या भी नहीं दिया है ।जबकि रुपया 2000 अर्थदण्ड वसूला गया, स्पस्ट रूप से ठेकेदार से मिलीभगत तथा कूटरचना कर रुपया 2476320 का भुगतान कर गंभीर अनियमितता की गयी है जिसकी वसूली ब्याज सहित किया जाना अपेक्षित है।

(घ)इस कार्य हेतु लगाये गए रॉयल्टी के पेपर्स के जाँच में पाया गया कि 130 घन मी डोलोस्टोन से एम एम-11/फॉर्म-3सी के पेपर इनवैलिड था अतः 130*6*160=रुपया 124800 की वसूली ठेकेदार से किया जाना अपेक्षित है जिसके सापेक्ष मात्र रुपया 91200 की वसूली की गयी है शेष रुपया 33600 की रॉयल्टी की वसूली नहीं किया गया है जिसके लिये अध्यक्ष श्री विनय प्रकाश/श्रीमती सावित्री जयसवाल ,विन्ध्याचल सिंह कुशवाहा अपर मुख्य अधिकारी ,वित्तीय परामर्शदाता श्री

बृजलाल तथा सुनील प्रताप सिंह जे०ई०जिम्मेवार है । संबंधित पर आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है

प्रस्तर-17

आलोच्य वर्ष 2021-22 के अंतर्गत पन्द्रहवा वित्त में टाइड मद के अंतर्गत 69 पेय जल की व्यवस्था हेतु सोलर पंपो की स्थापना की कुल लागत रुपया(12%जी एस टी सहित)27588960 था कुछ पत्रावली के जाँच में पाया गया कि ये सारे टेण्डर विन्दु देवी ,जागृति इंटरप्राइजेज,राजेश वर्मा ,ओम साईंकंस्ट्रक्शन,वर्मा ग्लोबल को दिया गया. सम्बंधित कार्य के पत्रावली के जाँच में पाया गया कि टेण्डर प्रक्रिया में भारी अनियमितता पाई गयी क्योकि निविदा कब आमंत्रित की गयी कब स्वीकार किया गयी कम्पेरेटिव चार्ट में कोई तिथि अंकित नहीं रहा न ही किसी अधिकारियों के हस्ताक्षर/तिथि अंकित रहा , टेंडर पत्रावली के अवलोकन से स्पष्ट है टेंडर दिनांक 18-12-2020 को स्वीकार किया गया परन्तु ठीकेदार को संबिदा हेतु करीब 3 से 9 माह बाद सुचना दी गयी जो गंभीर अनियमितता का द्योतक है।एमबी तथा कॉनजमसन ऑफ़ मटेरियल के अनुसार प्रत्येक सोलर पंप के स्थापना हेतु मोरम 4.8 घनमी तथा 4.39 घनमी गिट्टी आपूर्ति किया जाना था परन्तु एम एम-11/फॉर्म-3सी से सम्बंधित कोई अभिलेख नहीं पाया गया अर्थात निर्माण सामग्री की आपूर्ति नहीं किया गया अतः 69*4.8 घन०मी मोरम =331.2 घन०मी मोरम (कुल देय रायल्टी = 331*2*160*6=317952) तथा 69*4.39=302.91 घनमी गिट्टी(कुल देय रायल्टी =302.91*160*6=290793.60)अतः कुल रॉयल्टी रुपया317952+290793.60=608745.60 की वसूली किया जाना अपेक्षित है सभी सम्बद्ध ठीकेदारों से ये वसूली किया जाना अपेक्षित है परन्तु जे० ई० द्वारा कार्य सम्बन्धी आख्या देने के कारण तथा मिलीभगत कूटरचना कर भुगतान किया गया है।

(ख)अनुबन्ध के अनुसार कार्य दिनांक 31-3-2021 तक पूर्ण किया जाना था लेकिन यह कार्य दिनांक 31-3-2021 तक अपूर्ण रहा परन्तु ठीकेदार द्वारा कार्य पूर्ण करने के लिए समयावधि बढाने हेतु कोई भी पत्र नहीं लिखा गया न ही जिला पंचायत द्वारा कार्य में विलम्ब से सम्बंधित कोई नोटिस ही दिया गया और न ही जे० ई० द्वारा कार्य सम्बन्धी कोई आख्या ही दिया ।इसकी जानकारी तब मिली जब कार्य का भुगतान किया गया जिसमे अर्थदण्ड भी वसूला नहीं गया , स्पस्ट रूप से मिलीभगत तथा कूटरचना कर भुगतान कर कार्य में गंभीर अनियमितता की गयी है । जिसके लिए अध्यक्ष श्रीमती सावित्री जयसवाल ,विन्ध्याचल सिंह कुशवाहा अपर मुख्य अधिकारी ,महेश सिंह/सुनील प्रताप सिंह जे०ई०जिम्मेवार है।जिसकी वसूली ब्याज सहित किया जाना अपेक्षित है।

(ग)कार्य के सापेक्ष त्रिस्तरीय फोटो उपलब्ध नहीं रहा न ही इन कार्यों में सबमर्सिबल/सोलर पैनल स्थापना सम्बन्धी कोई भी फोटो/प्रमाणक ही संलग्न पाया गया जिससे कार्य तथा व्यय की पुष्टि किया जाना संभव नहीं है।आलोच्य वर्ष में प्रत्येक कार्य का जियोटैग कराया नहीं कराया गया है जिससे वास्तविक रूप से कृत कार्य की पुष्टि की जा सके। समस्त कार्य की उच्चस्तरीय समिति द्वारा जाँच किया जाना अपेक्षित है संबंधित पर आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है

प्रस्तर-18

1. आलोच्य वर्ष 2021-22 के अंतर्गत पन्द्रहवा वित्त में टाइड मद के अंतर्गत पडरौनामें पिपराजटामपुर में पोखरे पर पेय जल की व्यवस्था हेतु सोलर पंप की स्थापना कार्य की लागत रुपया (12%जी एस टी सहित) 399840.00 जिसमे सिविल कार्य हेतु रुपया 107148,सबमर्सिबल पर रुपया 80000,सोलर पैनल पर रुपया 55000 तथा अन्य इंस्टालेशन/ट्रांसपोर्ट पर रुपया 114852.00 अनुमानित था।निम्नलिखित आपत्तियां प्रकाश में आयी---

   (क)टेण्डर प्रक्रिया में भारी अनियमितता पाई गयी क्योकि निविदा कब आमंत्रित की गयी कब स्वीकार किया गयी इसका विवरण कम्पेरेटिव चार्ट में को अंकित नहीं है, न ही किसी अधिकारी के हस्ताक्षर/तिथि अंकित है । टेंडर प्रपत्र का क्रय एक ही साथ बहुत सारे कार्यों का पाया गया किसी कार्य विशेष का नहीं जो गलत है । 2% सत्यंकार राशि एक साथ बहुत सारे कार्यों में समायोजित किया गया है जो टेंडर पत्रावली के अवलोकन से स्पस्ट है । टेंडर दिनांक 18-12-2020 को स्वीकार किया गया परन्तु ठीकेदार श्रीमती विन्दु देवी को पत्रांक 09 दिनांक 10-08-2021 को संबिदा हेतु करीब 9 माह बाद सुचना दी गयी जो गंभीरअनियमितता का द्योतक है।

   (ख)अनुबन्ध के अनुसार कार्य 11-11-2021 तक किया जाना था परन्तु प्राप्त जिओटैग के अनुसार कार्य दिनांक 25-02-22 को समाप्त हुआ , यहाँ फोटो किसी दुसरे कार्य झंगुआ में सोलर पंप की स्थापना का लगा हुआ पाया गया।कार्य में सबमर्सिबल/सोलर पैनल स्थापना सम्बन्धी कोई भी फोटो/प्रमाणक नही पाया गया जिससे व्यय की पुष्टि नहीं हो पाई।

   (ग) कॉनजमसन ऑफ़ मटेरियल के अनुसार प्रत्येक सोलर पंप के स्थापना हेतु मोरम 4.8घन०मी तथा 4.39 घन०मी गिट्टी आपूर्ति किया जाना था परन्तु एम एम-11/फॉर्म-3c से सम्बंधित कोई अभिलेख नहीं पाया गया अर्थात निर्माण हेतु सामग्री की आपूर्ति नहीं किया गया परन्तु रॉयल्टी रुपया 1422 वसूला गया ।जबकि 4.8*6*150=4320,4.39*6*160=4214 कुल रुपया 8534 की वसूली किया जाना चाहिए अतः रुपया 8534-1422=रुपया 7112 की वसूली किया जाना अपेक्षित है।अतः कम वसूली कर सरकार को क्षति पहुचाई गई इसके अतिरिक्त नियमविरुद्ध उक्त रॉयल्टी

प्रपत्र को सही ठहरा सरकार को हानि पहुचाई गयी जिसके लिए अध्यक्ष श्रीमती सावित्री जयसवाल ,विन्ध्याचल सिंह कुशवाहा अपर मुख्य अधिकारी ,महेश सिंह जे०ई०जिम्मेवार है।

(घ)अनुबन्ध के अनुसार कार्य दिनांक 10-11-2021 तक पूर्ण किया जाना था लेकिन यह कार्य उक्त तिथि तक अपूर्ण रहा परन्तु ठीकेदार द्वारा कार्य पूर्ण करने के लिए समयावधि बढाने हेतु कोई भी पत्र नहीं लिखा गया न ही जिला पंचायत द्वारा कार्य में विलम्ब से सम्बंधित कोई नोटिस ही दिया गया इसकी जानकारी तब मिली जब कार्य का भुगतान रुपया 398720,दिनांक 9-3-22 को किया गया जिसमे अर्थदण्ड रुपया 1000 वसूला गया ,जबकि जे० ई० द्वारा कार्य सम्बन्धी कोई आख्या भी नहीं दिया गया । स्पष्ट रूप से मिलीभगत तथा कूटरचना कर भुगतान किया गया इस गंभीर अनियमितता लिए अध्यक्ष श्रीमती सावित्री जयसवाल ,विन्ध्याचल सिंह कुशवाहा अपर मुख्य अधिकारी ,महेश सिंह जे०ई० संयुक्त रूप से जिम्मेवार है।जिसकी वसूली ब्याज सहित किया जाना अपेक्षित है । संबंधित पर आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है

प्रस्तर-19

आलोच्य वर्ष 2021-22 में पन्द्रहवा वित्त में टाइड मद के अंतर्गत जलपा माई स्थान पर शौचालय निर्माण की कुल लागत रुपया (12% जी एस टी सहित) 999040.00 (जिसमे सिविल कंस्ट्रक्शन पर रुपया 711401,बिजलीफिटिंग पर रुपया 86415 तथा प्लंबिंग पर रुपया 94061)था। जे०ई० श्री महेश सिंह द्वारा एमबी किया गया।इस कार्य के एमबी/ कॉनजमसन ऑफ़ मटेरियल के अनुसार मोरम 35.92 घन०मी,गिट्टी 38.90 घन०मी का इस्तेमाल किया जाना था परन्तु पत्रावली में संलग्न रॉयल्टी प्रपत्र के जाँच में ट्रांजिट पास नंबर 31412107021216438 तथा 314121070221216401 से 43 घन०मी वैलिड क्वांटिटी आपूर्ति पाया गया जबकि पत्रावली में भिन्न ट्रांजिट पास नंबर (--7700462 दिनांक 19-12-20 जो टेंडर स्वीकार/कार्य प्रारंभ से पहले का था ,--6400216 दिनांक 29-07-21)पाया गया । नियमविरुद्ध उक्त रॉयल्टी प्रपत्र को सही ठहरा सरकार को हानि पहुचाई गयी ।अतः 43 घनमी मोरम की आपूर्ति संदिग्ध रहा 43*150*6=रुपया 38700 की वसूली सम्बद्ध ठीकेदार से किया जाना अपेक्षित है क्योकि बिना मोरम के कोई भी कार्य नही किया जा सकता जबकि बिजली फिटिंग तथा पानी के समुचित व्यवस्था से सम्बंधित कोई भी प्रमाणक प्रस्तुत नही रहा । कार्य के सापेक्ष त्रिस्तरीय फोटो उपलब्ध नहीं रहा जिससे कार्य तथा व्यय की पुष्टि किया जाना संभव नहीं है।कार्य के प्रत्येक स्तर पर जियोटैग कराया नहीं कराया गया है जिससे वास्तविक रूप से कृत कार्य की पुष्टि की जा सके।

स्पष्ट रूप से रुपया 977648 के व्यय की पुष्टि नहीं की जा सकी। अतः उक्त धनराशि की वसूली सम्बद्ध ठीकेदार तथा अन्य **(अध्यक्ष श्रीमती सावित्री जयसवाल ,विन्ध्याचल सिंह कुशवाहा अपर मुख्य अधिकारी ,वित्तीय परामर्शदाता श्री बृजलाल तथा महेश सिंह जे०ई०जिम्मेवार स्पष्ट रूप से मिलीभगत तथा कूटरचना कर भुगतान किया गया है) से किया जाना अपेक्षित है** । संबंधित पर आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है

प्रस्तर-20 बिसुनपुरा मंशाछापर में सूर्यनगर सम्पर्क इन्द्रजीत चौक से अकबरपुर मार्ग पर पिच निर्माण कार्य की लागत रुपया (12%जी एस टी सहित)7911680 है इस पर निम्नलिखित आपत्तियां पायी है -

(क)इस कार्य पर तीन टेंडर डाले गए इस कार्य का ठेका ज्ञानेन्द्र कुमार यादव को दिया गया जिसे माननीय अध्यक्ष द्वारा दिनांक 23-12-2020 को स्वीकार किया गया (इसके अतिरिक्त ठीकेदार द्वारा हॉटमिक्स प्लांट हेतु संजीव कुमार यादव से करार किया गया) तथा अनुबन्ध के अनुसार कार्य दिनांक 23-3-2021 को समाप्त किया जाना था ।इस कार्य का एमबी जे०ई०विनोद कुमार द्वारा किया गया ।इस कार्य में बहुत ज्यादा विलम्ब किया गया फिर भी उक्त ठीकेदार पर कोई दंडात्मक कार्यवाही न कर उसे कार्य करने दिया गया जो विभागीय अधिकारीयों की ठीकेदार से संलिप्तता दर्शित करता है जिसे अंततः अपर मुख्य अधिकारी द्वारा जे०ई० के आख्या पर ध्यान देते हुए दिनांक 3-6-2022 तक बढाया गया।

